# छावनी परिषदों की
# वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट
# (2014—2015)

सत्यमेव जयते

**भारत सरकार**

**रक्षा मंत्रालय**

**रक्षा सम्पदा महानिदेशालय**

# प्राक्कथन

छावनी बोर्डों की संरचना, निर्वाचित और मनोनीत सदस्यों के साथ, लोकतंत्र के लिए सतत प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करती है। संविधान निर्माताओं द्वारा छावनियों को जारी रखने की आवश्यकता को मान्यता दी गई थी और इस विषय को संविधान की संघ सूची में प्रविष्टि 3 के रूप में रखा गया था। छावनियां सैनिकों के आवास और प्रशिक्षण के लिए स्थापित अनूठे संस्थान हैं जिसमें सिविलियनों के साथ सामंजस्य और सह-अस्तित्व होता है। छावनी बोर्ड भारत में छावनियों के प्रशासन के लिए छावनी अधिनियम, 2006 (पहले छावनी अधिनियम, 1924) के तहत शामिल नगर निकाय हैं। देश में 62 छावनी बोर्ड हैं।

2. इन बोर्डों की वर्ष 2014-15 की वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट छावनी अधिनियम, 2006 की धारा 50 के तहत प्रस्तुत की जाती है। इसे रक्षा संपदा महानिदेशालय द्वारा संकलित व प्रकाशित किया गया है।

3. सीमित बजटीय संसाधनों के भीतर छावनियों के लोगों की बढ़ती उम्मीदों को पूरा करना अत्यंत कठिन कार्य है। छावनियों के नगर निगम प्रशासन के लिए उत्तरदायी होने के कारण छावनी बोर्डों को अपने निवासियों को नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता होती है। भूमि और निर्माण के उपयोग के प्रतिबंधात्मक प्रकृति का होने के कारण संपत्ति कर आदि जैसे स्थानीय कर छावनियों में स्थिर हैं। छावनियों में स्थित इमारतों में से अधिकांश सरकार की हैं जिन पर कर नहीं लगाया जा सकता है। इसके अलावा सरकारी संपत्तियों पर लगाए गए सेवा शुल्क की वैधानिक मांग को भी पूरा नहीं किया जाता। सेवा शुल्क के खाते में बकाया बढ़ता जाता है। राज्य सरकारें छावनी बोर्डों के साथ अपनी शुद्ध राजस्व आय को शेयर नहीं करती हैं। अतः उपलब्ध धनराशि के साथ लोगों की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं के बीच संतुलन बनाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है।

4. वित्तीय बाधाओं के बावजूद, छावनियाँ कुशल सेवाओं और बेहतर रखरखाव के साथ शहरों में हरित पट्टी (लंग स्पेस) बनी हुई हैं। वर्ष 2014-15 के दौरान, अपने बजटीय घाटे को पूरा करने के लिए 47 छावनी बोर्डों को साधारण-अनुदान के रूप में 301.32 करोड़ रुपये की सहायता दी गई थी। इसके अलावा, विभिन्न ढांचागत परियोजनाओं को शुरू करने के लिए 5 छावनी बोर्डों को पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए 30.11 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया। बोर्डों ने केंद्र प्रायोजित योजनाओं, राज्य सरकारों की शुद्ध राजस्व आय के शेयर और सांसदों/ विधायकों के स्थानीय क्षेत्र विकास निधि आदि के तहत धन के वैकल्पिक स्रोतों का उपयोग करने के लिए अपने प्रयासों को जारी रखा।

5. 61 छावनी बोर्डों के चुनाव 11.01.2015 और 17.01.2015 को कराए गए। मतदाता सूचियों में 13,38,573 मतदाता थे जिनमें से 7,98,853 व्यक्तियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और 60 छावनी बोर्डों के लिए 397 सदस्य चुने गए। निर्वाचित सदस्यों में से एक तिहाई महिलाएं हैं। पचमढ़ी छावनी बोर्ड के चुनाव के परिणाम एक कोर्ट केस के कारण अधिसूचित नहीं किए गए और इसके फेर फार की अवधि को 05.06.2016 तक बढ़ा दिया गया है। खासयोल छावनी बोर्ड के चुनाव नहीं कराए गए और इसके फेर फार की अवधि को 05.06.2016 तक बढ़ा दिया गया।

6. छावनी बोर्ड 88 अस्पताल और औषधालय चलाते हैं जिनमें वर्ष के दौरान 20,26,200 रोगियों का ओपीडी अंतरंग रोगियों के रूप में इलाज किया गया। उपलब्ध सेवाओं में प्रसूति कक्ष, मामूली सर्जरी ऑपरेशन थिएटर, नैदानिक सेवाएं, एक्स-रे सुविधाएं, एम्बुलेंस आदि शामिल है। बोर्ड 205 स्कूल भी चलाते हैं जिनमें लगभग 53,000 छात्र हैं। सभी सह-शिक्षा स्कूलों में लड़कियों और लड़कों के लिए अलग शौचालय की व्यवस्था की गई। उपलब्ध सेवाओं में कंप्यूटर शिक्षा, छात्रवृतियां, नि:शुल्क पुस्तकें और वर्दी, खेलकूद एवं सांस्कृतिक समारोह आदि शामिल हैं। बोर्ड 45 व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र और विशेष रूप से अपंग बच्चों के लिए 27 केंद्र भी चलाता है। सभी छावनियों ने 'स्वच्छ भारत' के कार्यक्रमों में भाग लिया और इसे कार्यान्वित किया।

7. "समाधान" - सभी 62 छावनी बोर्डों में एक ऑन-लाइन जन शिकायत निवारण प्रणाली लागू की गई है ताकि वे अपने प्रशासन को जनता के लिए और अधिक संवेदनशील बना सकें। "सुविधा" - एक सॉफ्टवेयर है जिसे सेवा मामलों पर कर्मचारियों के लिए प्रासंगिक जानकारी देने के लिए सभी बोर्डों में स्थापित किया गया है।

8. सरकार के ई-गवर्नेंस कार्यक्रम की दिशा में छावनी बोर्ड लगातार अपनी कार्यालय प्रक्रियाओं को स्वचालित कर रहे हैं। महत्वपूर्ण रिकार्डों की स्कैनिंग और डिजिटलीकरण, विशेष रूप से भू-अभिलेखों और रिकार्डों की इनवेंटरी का कार्य 62 छावनी बोर्डों में पूरा हो चुका है। भू-रिकार्डों के कम्प्यूटरीकरण के लिए रक्षा भूमि सॉफ्टवेयर सभी छावनी बोर्डों में स्थापित किया गया है। अधिकांश छावनी बोर्ड वेबसाइटों को गतिशील और जीवंत बनाए रखते हैं। सभी छावनी बोर्डों ने ई-निविदा प्रक्रिया को अपना लिया है।

9. रक्षा संपदा दिवस, 2014 के अवसर पर विशेष रूप से अपंग बच्चों के केंद्र, भूमि रिकार्ड, रक्षा भूमि सर्वेक्षण, छावनी बोर्ड के स्कूलों की कार्यप्रणाली और स्वच्छ छावनी-स्वस्थ छावनी के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए चयनित अधिकारियों और कर्मचारियों को रक्षा मंत्री के पुरस्कार भी दिए गए।

10. छावनी प्रशासन में शामिल सभी एजेंसियों द्वारा छावनियों को विकास की प्रक्रिया में आगे ले जाने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं। बोर्डों द्वारा प्रदान की जा रही नागरिक सुविधाओं का उन्नयन करके छावनियों के निवासियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए छावनी बोर्डों ने वर्ष के दौरान जोरदार प्रयास किए गए।

(सुंदरी सुब्रमनियम पुजारी)
महानिदेशक, रक्षा संपदा

# <u>flgkoykdu</u>

1- n'k e 62 Nkofu;k g tk 19 jkT;k e fLFkr gA Nkouh ckM lkfof/kd :lk l xfBr LFkkuh; fudk; g ftue inu rFkk ukfer lnL;k d vfrfjDr fuokfpr lnL; Hkh gkr gA luk dk ,d vf/kdkjh] LV'ku dek.Mj Nkouh ckM dk inu v/;{k gkrk gA ckM d dk;dkjh dk;k d fu"iknu d fy, iR;d Nkouh e Hkkjrh; j{kk link lok ¼vkb Mh b ,l½ d ,d vf/kdkjh dk e[; vf/k'kklh vf/kdkjh d :lk e fu;Dr fd;k tkrk gA e[; vf/k'kklh vf/kdkjh] ckM d lnL; lfpo d :lk e Hkh dk; djrk gA

2- Nkouh ckMk dk xBu Nkouh vf/kfu;e] 2006 d mic/kk d vrxr fd;k x;k gA ; j{kk e=ky;] Hkkjr ljdkj d i'kklfud fu;=.k e dk; djr gA Nkouh vf/kfu;e] 2006 dh /kkjk 50 e ;g iko/kku g fd iR;d ckM o"k dh lekfIr d rjr ckn viuh deku d tujy vQlj dekfMx&bu&phQ d ek/;e l dUnh; ljdkj dk Nkouh ckM d i'kklu d lc/k e ,d fjikV iLrr djxkA rnulkj 2014&15 dh fjikV iLrr gA

3- lcf/kr luk deku d tujy vQlj dekfMx&bu&phQ viuh&viuh dekuk e fLFkr Nkofu;k d i'kklu d fy, lk;o{kd vf/kdkjh d :lk e dk; djr gA luk d iR;d deku d fy, Hkkjrh; j{kk link lok d vf/kdkjh dk i/kku fun'kd] j{kk link d in ij fu;Dr fd;k tkrk g tk tujy vQlj dekfMx&bu&phQ dk lykgdkj gku d lkFk&lkFk egkfun'kd] j{kk link] j{kk e=ky; d ifr Hkh tokcng gA

4- iR;d Nkouh d LFkkiuk o"k] mldh tul[;k] oxhdj.k vkj dUnh; ljdkj }kjk lgk;rk vunku d :lk e nh xb foRrh; lgk;rk dk n'kku okyk ey vkdM ifjf'k"V & I e fn, x, gA o"k 2014&15 d nkjku Nkouh ckMk }kjk vk;kftr cBdk dh l[;k dk n'kku okyh rkfydk ifjf'k"V & II e nh xb gA Nkouh ckMk dh vk; vkj 0;; dk fooj.k de'k% ifjf'k"V & III vkj IV e fn;k x;k gA Nkouh ckMk }kjk pyk, tk jg Ldyk] vLirkyk vkj vk"k/kky;k l lcf/kr vkdM ifjf'k"V & V e fn, x, gA

# fo’k;&lwph

fo’k; oLrq
ikDdFku I
flgkoyksdu II
Nkouh ifj’kn dh okf’kZd fjiksVZ


| Øe la[;k | Nkouh ifj’kn dk uke | deku | jkT; | i`"B la[;k |
|---|---|---|---|---|
| 1 | vkxjk | e/; | mÙkj izns”k | 1 |
| 2 | vgenkckn | nf{k.k | xqtjkr | 6 |
| 3 | vgenuxj | nf{k.k | egkjk"V | 11 |
| 4 | vtesj | nf{k.k | jktLFkku | 15 |
| 5 | bykgkckn | e/; | mÙkj izns”k | 19 |
| 6 | vYekMk | e/; | mÙkjk[k.M | 24 |
| 7 | vEckyk | if”pe | gfj;k.kk | 27 |
| 8 | ver̀lj | if”pe | iatkc | 31 |
| 9 | vkSjaxkckn | nf{k.k | egkjk"V | 34 |
| 10 | cchuk | nf{k.k | mÙkj izns”k | 39 |
| 11 | ckn‘kehckx | mÙkj | tEew ,oa d”ehj | 44 |
| 12 | cdyksg | if”pe | fgekpy izns”k | 48 |
| 13 | cjsyh | e/; | mÙkj izns”k | 52 |
| 14 | cjdiqj | iwoZ | if”pe caxky | 56 |
| 15 | cyxke | nf{k.k | dukZVd | 60 |
| 16 | dUuwj | nf{k.k | djy | 65 |
| 17 | pdjkrk | e/; | mÙkjk[k.M | 68 |
| 18 | DyeSV Vkmu | e/; | mÙkjk[k.M | 72 |
| 19 | nx”kkbZ | if”pe | fgekpy izns”k | 76 |
| 20 | Myglkslh | if”pe | fgekpy izns”k | 80 |
| 21 | nkukiqj | e/; | fcgkj | 84 |
| 22 | ngjknwu | e/; | mÙkjk[k.M | 88 |
| 23 | ngjkM | nf{k.k | egkjk"V | 92 |
| 24 | fnYyh | if”pe | fnYyh | 97 |
| 25 | noykyh | nf{k.k | egkjk"V | 104 |
| 26 | Qrsgx<+ | e/; | mÙkj izns”k | 110 |
| 27 | Qrsgx<+ | e/; | mÙkj izns”k | 114 |
| 28 | fQjkstiqj | if”pe | iatkc | 118 |
| 29 | tcyiqj | e/; | e/; izns”k | 122 |
| 30 | tkyU/kj | if”pe | iatkc | 127 |
| 31 | tykigkM | iwoZ | if”pe caxky | 132 |
| 32 | tEew | if”pe | tEew ,oa d”ehj | 136 |
| 33 | >kalh | nf{k.k | mÙkj izns”k | 140 |
| 34 | trksx | if”pe | fgekpy izns”k | 145 |
| 35 | dkeBh | nf{k.k | egkjk"V | 149 |
| 36 | dkuiqj | e/; | mÙkj izns”k | 153 |
| 37 | dlkSyh | if”pe | fgekpy izns”k | 158 |
| 38 | [kkl;ksy | if”pe | fgekpy izns”k | 164 |
| 39 | fdjdh | nf{k.k | egkjk"V | 168 |
| 40 | yS.loMkmu | e/; | mÙkjk[k.M | 173 |

| Øe lŒ | Nkouh ifj'kn dk uke | deku | jkT; | i"B lŒ |
|---|---|---|---|---|
| 41 | y lMku | e/; | mÙkjk[k.M | 176 |
| 42 | yckx | io | if"pe cxky | 181 |
| 43 | y[kuÅ | e/; | mÙkj in"k | 185 |
| 44 | eFkjk | e/; | mÙkj in"k | 189 |
| 45 | ejB | e/; | mÙkj in"k | 193 |
| 46 | eg | e/; | e/; in"k | 197 |
| 47 | ekjkj | nf{k.k | e/; in"k | 202 |
| 48 | uuhrky | e/; | mÙkjk[k.M | 206 |
| 49 | u lhjkckn | nf{k.k | jktLFkku | 210 |
| 50 | ipe<h | e/; | e/; in"k | 214 |
| 51 | i.k | nf{k.k | egkjk"V | 218 |
| 52 | jkex< | e/; | >kj[k.M | 224 |
| 53 | jkuh[kr | e/; | mÙkjk[k.M | 228 |
| 54 | :Mdh | e/; | mÙkjk[k.M | 232 |
| 55 | lkxj | nf{k.k | e/; in"k | 236 |
| 56 | f ldUnjkckn | nf{k.k | ryxuk | 241 |
| 57 | "kkg tgkij | e/; | mÙkj in"k | 245 |
| 58 | f"kykx | io | e?kky; | 249 |
| 59 | lV Fkke l ekmV | nf{k.k | rfeyukM | 254 |
| 60 | lckFk | if"pe | fgekpy in"k | 260 |
| 61 | okjk.k lh | e/; | mÙkj in"k | 265 |
| 62 | ofyxVu | nf{k.k | rfeyukM | 269 |


ifjf"k'V


Nkofu;k d ey vkdM ifjf"k'V&I

o'k 2014&2015 e Nkouh ifj'kn dh cBdk dh l[;k ifjf"k'V&II

o'k 2014&2015 dk okf'kd lefdr y[kk ¼vk;½ ifjf"k'V&III

o'k 2014&2015 dk okf'kd lefdr y[kk ¼O;;½ ifjf"k'V&IV

Nkouh ifj'knk }kjk vujf{kr Ldy] vLirky ,o vk'k/kky; ifjf"k'V&V

# आगरा

**1. बोर्ड का गठन**

आगरा छावनी श्रेणी I की छावनी है। इसके बोर्ड में 08 निर्वाचित सदस्यों सहित 16 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर जे.एस. नन्दा, सेमे,** | **01.04.2014 से 24.07.2014** |
| | **ब्रिगेडियर विकास सैनी, सेमे, विसेमे** | **25.07.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्रीमति सोनम यंगडोल** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए और इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

छावनी बोर्ड ने वर्ष 2014-15 में राज्य सरकार विभाग एवं केन्द्र सरकार विभाग (एएसआई, एडीआरडीई) से सेवा प्रभार के रूप में 4.41 करोड़ रूपये और शक्ति नगर कॉलोनी से 40 लाख रूपये वसूल किए। छावनी बोर्ड ने छावनी क्षेत्र में होर्डिंग लगाने हेतु 2 साल के लिए ठेका दिया।

**(ii) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी की कर दरों की तुलना**

छावनी में करों की दरें निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के समान हैं।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में सम्पत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

11.56%

**4. जलापूर्ति**

बोर्ड के पास 11 ट्यूबवेल, 5 ओवरहेड टैंक तथा 4 भूमिगत टैंक हैं। भंडारण क्षमता 14 लाख लीटर है। जल आपूर्ति का स्रोत जल संस्थान तथा बोर्ड के ट्यूबवेल हैं। इन स्रोतों से प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता 90 लीटर प्रतिदिन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 2,17,43,080/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 59,30,160/- रूपये |

| | | |
|---|---|---|
| (ग) | नालियां | 1,97,979/- रूपये |
| (घ) | जलापूर्ति | 66,56,474/- रूपये |
| (च) | सामान | 11,98,990/- रूपये |
| (छ) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 13,92,743/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड 01 हाई स्कूल, 01 जूनियर हाई स्कूल तथा 05 प्राइमरी स्कूल चलाता है जिनमें 1402 छात्र पढ़ते हैं। बोर्ड में प्ले ग्रुप से कक्षा तीन तक का रेनबो पब्लिक स्कूल (अंग्रेजी माध्यम) शुरू किया गया है।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

छावनी बोर्ड द्वारा प्रत्येक स्कूल में स्कूल प्रबंधन समिति गठित की गई है और समिति की बैठकें नियमित रूप से हुई।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

वर्ष के दौरान अंग्रेजी बोलने, बेसिक कम्प्यूटर कोर्स और अंग्रेजी आशुलिपि कोर्स के व्यावसायिक प्रशिक्षण चलाए गए।

**(iv) शिक्षा का विकास**

कक्षा 1 से आठ तक के छात्रों को निःशुल्क पुस्तकें प्रदान की गई। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा छात्रवृति प्रदान की गई।

**(v) शिक्षा के विकास के लिए कोई अन्य पहल**

हाई स्कूल एवं प्राथमिक स्कूल में कम्प्यूटर शिक्षा प्रदान की गई। सदर स्थित छावनी बोर्ड स्कूल में महिलाओं के लिए एक प्रारंभिक शिक्षा केंद्र (साक्षरता मिशन) भी चलाया जाता है।

**7. बच्चों के लिए विशेष उपाय**

**विशेष रूप से अशक्त बच्चे**

विशेष रूप से अशक्त बच्चों के लिए विशेष "चिराग" स्कूल चलाया गया। चिराग को विशेष रूप से अशक्त बच्चों के सर्वश्रेष्ठ स्कूल के लिए वर्ष 2014 का रक्षा मंत्री पुरस्कार दिया गया।

**8. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी में सफाई का स्तर सन्तोषजनक रहा।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

छावनी बोर्ड ने छावनी क्षेत्र में पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगा रखा है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

बोर्ड ने सिविल क्षेत्रों में घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित करना शुरू किया है।

**(iv) वृक्षारोपण**

वर्ष के दौरान 502 पेड़ लगाए गए तथा उनमें से 60 प्रतिशत बचे रहे।

**(v) अन्य पहल**

पर्यटकों को आगरा की ओर आकर्षित करने के लिए जिला प्रशासन तथा पर्यटन विभाग के सहयोग से सदर बाजार में उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन विभाग के 15 दिनों के वार्षिक मेले, ताज महोत्सव, का आयोजन किया गया।

**9. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

बोर्ड के वर्तमान छावनी सामान्य अस्पताल में पैथोलॉजिकल प्रयोगशाला, एक एक्सरे मशीन तथा लेबर रूम संचालित है। इसमें एक क्रियाशील प्रतिरक्षण केन्द्र तथा एक सामान्य वार्ड है। वर्ष के दौरान 40,224 बहिरंग तथा 1127 अन्तरंग रोगियों का इलाज किया गया। 4399 बच्चों को विभिन्न संक्रामक बीमारियों से प्रतिरक्षित किया गया। इस अस्पताल में एक धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा संचालित एक नेत्र केन्द्र तथा तपेदिक रोगियों के लिए राज्य सरकार की सहायता से एक डॉट केन्द्र भी चलाया जा रहा है।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

छावनी क्षेत्र के 589 वरिष्ठ नागरिकों को वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य कार्ड दिये गये।

**(iii) किशोरी क्लिनिक**

किशोरी लड़कियों की स्वास्थ्य जांच के लिए प्रत्येक मंगलवार तथा शुक्रवार को नियमित रूप से विशेष ओ पी डी चलाई जाती है तथा उन्हें दवाई देने के साथ-साथ मूलभूत स्वास्थय संबंधी समस्याओं के बारे में शिक्षित किया जाता है।

**(iv) जननी सुरक्षा योजना**

जननी सुरक्षा योजना शुरू की गई है तथा प्रत्येक मरीज को प्रसव के उपरान्त देखभाल के लिए प्रत्येक प्रसव पर 1000 रू0 दिए जाते हैं।

**(v) एचआईवी जांच सुविधा**

रोगियों को जिला अस्पताल में रेफर किया जाता है। एचआईवी किट मुहैया कराई जाती है तथा आईसीटीसी जिला अस्पताल, आगरा के अन्तर्गत जांच की जाती है।

**(vi) विशेष चिकित्सा शिविर**

वर्ष के दौरान छावनी सामान्य अस्पताल में पेंशनर चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया।

**(vii) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

छावनी बोर्ड कर्मचारियों और उनके आश्रितों को उपचार, स्वास्थ्य जांच तथा गुणवत्ता दवाइयां प्रदान की जाती हैं। सभी आधुनिक उपकरणों युक्त एक फिजियोथेरेपी की यूनिट खोली गई।

**10. सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

नई पेंशन योजना लागू की गई है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

आम जनता के लिए ''समाधान'' जन शिकायत प्रणाली और कर्मचारियों के लिए "सुविधा" शिकायत निवारण प्रणाली क्रियाशील है।

**(iii) खातों की लेखापरीक्षा**

सितम्बर, 2014 तक के खातों की लेखापरीक्षा की गई।

**(iv) जनहित में कोई अन्य पहल**

छावनी बोर्ड सरदार पटेल उद्‌यान में एक सार्वजनिक पुस्तकालय का भी संचालन करता है जिसमें समाचार-पत्रों तथा पत्रिकाओं की व्यवस्था की जाती है।

**11. भूमि रिकार्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्‌योगिकी अनुभाग का सृजन**

सूचना प्रौद्‌योगिकी अनुभाग स्थापित किया गया है। एक सर्वर रूम बनाया गया है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

डाटा को रक्षा भूमि 4.0 वर्जन में लोड किया गया है।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

कार्यालय की सभी फाइलों को दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली (डीएमएस) सॉफ्टवेयर में अपलोड कर दिया गया है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

कर्मचारियों के वेतन बिलों को कम्प्यूटरीकृत किया गया है। छावनी बोर्ड आगरा के सभी अनुभागों को कम्प्यूटर दिए गए हैं तथा उन्हें इण्टरनेट सुविधा के साथ मुख्य सर्वर से जोड़ा गया है।

**(v) कार्यालय रिकार्ड का अंकीकरण**

गुणवत्ता की जांच प्रगति पर है।

**12. बाजार**

बोर्ड के पास 8 बाजार हैं जिनमें 322 दुकानें हैं।

**13. अग्निशमन**

आवश्यकता पड़ने पर शहर अग्निशमन सेवा की सेवाएं ली जाती हैं।

**14. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 1067 जन्म तथा 308 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# अहमदाबाद

**1. बोर्ड का गठन**

अहमदाबाद छावनी श्रेणी II की छावनी है। इसके बोर्ड में 6 निर्वाचित सदस्यों सहित 13 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर आर. रवि** | **01.04.2014 से 10.06.2014** |
| | **कर्नल जेड एम अनवर** | **11.06.2014 से 22.08.2014** |
| | **ब्रिगेडियर संजय नन्द** | **23.08.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री श्रेयस पटेल** | **01.04.2014 से 21.07.2014** |
| | **श्री विकास कुमार** | **21.07.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए और इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए। 07 वार्डों में से 01 वार्ड (वार्ड संख्या VII) के चुनाव को एक वैध रूप से नामित प्रत्याशी की मृत्यु के कारण प्रत्यादेशित किया गया। छावनी बोर्ड चुनाव में पहली बार ईवीएम का प्रयोग किया गया।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

वर्ष 2012-13 से 2014-15 तक का त्रैवार्षिक मूल्यांकन किया गया जिसके परिणामस्वरूप वार्षिक राजस्व में 32 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सेना सफाई प्रभार और संपत्ति मूल्यांकन से 33,53,858/-रूपये की बकाया राशि वसूल की गई।

**(ii) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

छावनी बोर्ड सम्पत्ति कर की गणना सम्पत्ति के वार्षिक दर मूल्य के आधार पर करता है जबकि निकटवर्ती अहमदाबाद नगर निगम ने सम्पत्ति पर सामान्य कर शुरू किया है जो कुर्सी क्षेत्रफल फार्मूला, भवन स्थिति तथा भवन के घटकों इत्यादि पर आधारित है। सम्पत्ति कर तथा अन्य करों की दरें भी एकसमान नहीं हैं।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में सम्पत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

55.41%

**4. जलापूर्ति**

बोर्ड, अहमदाबाद नगर निगम से थोक में जल प्राप्त करता है। जल का वितरण बोर्ड की अपनी ढांचागत व्यवस्था (उपरी टैंकों और जमीनी हौदी) के जरिए किया जाता है। इसके अतिरिक्त बोर्ड के पास 3 बोरवेल हैं। प्रति व्यक्ति जल की आपूर्ति 170 लीटर प्रतिदिन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए :

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 12,48,755/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 51,98,772/- रूपये |
| (ग) | नालियाँ | 3,99,322/- रूपये |
| (घ) | जलापूर्ति | 8,98,311/- रूपये |
| (च) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 89,50,216/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

छावनी बोर्ड के पास आठवीं स्तर तक का एक गुजराती माध्यम स्कूल, कक्षा दसवीं तक का एक हाई स्कूल तथा जूनियर केजी से कक्षा पांच तक का एक अंग्रेजी माध्यम स्कूल है।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

स्कूल प्रबंधन समिति गठित की गई है।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

बोर्ड ने व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र शुरू किया है। बोर्ड ने महिलाओं के लिए छह महीने की अवधि का कटिंग, सिलाई तथा टेलरिंग का व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र शुरू किया है। वर्ष 2014-15 के दौरान कोर्स के सफलतापूर्वक पूरा करने पर 40 अभ्यार्थियों को प्रमाण-पत्र दिए गए।

**(iv) शिक्षा का विकास**

बोर्ड ने 20 कम्प्यूटरों, एलसीडी टीवी, प्रोजेक्टर स्क्रीन तथा इन्टरनेट के साथ एक आधुनिक कम्प्यूटर लैब की व्यवस्था की है। मौजूदा सुविधाओं के अतिरिक्त नए इंडोर खेलकूद कक्ष, विज्ञान प्रयोगशाला तथा पुस्तकालय की भी व्यवस्था की गई है। शिक्षा के विकास के लिए लड़कियों को छात्रवृत्ति, निःशुल्क वर्दी, स्कूल बैग, जूते तथा पुस्तकें इत्यादि भी वितरित की जाती हैं।

**(v) शिक्षा के विकास के लिए कोई अन्य पहल**

आधारभूत सुविधाएं प्रदान करके एक एनजीओ को समाज के कमजोर वर्ग के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने की अनुमति प्रदान की गई। मिड डे मील के अतिरिक्त बच्चों के लिए फलों की भी व्यवस्था की गई। सदर बाजार में दो आंगबाड़ियां चल रही हैं।

**7. बच्चों के लिए उठाए विशेष कदम**

**(i) विशेष रूप से अशक्त बच्चे**

सेना पत्नी कल्याण संघ (ए.डब्ल्यू.डब्ल्यू.ए.) द्वारा संचालित आशा स्कूल को बोर्ड द्वारा आधारभूत सहायता प्रदान की जाती है।

**(ii) प्रवासी श्रमिकों के बच्चे**

बोर्ड स्कूल के अध्यापकों को उनके अतिरिक्त समय में प्रवासी श्रमिकों के घर भेजकर उनके बच्चों की शिक्षा के लिए प्रबंधन करता है। छात्रों की जरूरत के अनुसार शिक्षण सामाग्री भी निःशुल्क उपलब्ध कराए जाती है।

**8. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

सामान्य सफाई संतोषजनक रही।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

छावनी क्षेत्र के अंदर पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

सेना तथा सिविल क्षेत्र में घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित किया जाता है। वर्तमान में कूड़े को उठवाया जाता है तथा इसे निगम के अधिसूचित क्षेत्र में डाला जाता है तथा प्रोसेस किया जाता है।

**(iv) वृक्षारोपण**

वर्ष के दौरान 570 पेड़ लगाए गए तथा उनमें से 78 प्रतिशत बचे रहे। नक्षत्र वन नाम से एक गार्डन विकसित किया गया है जिसमें हर्बल/आयुर्वेदिक पौधे लगाए गए हैं।

**(v) अन्य पहल**

स्वच्छ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों की एक पंचवर्षीय योजना चलाई गई।

**9. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

छावनी बोर्ड के पास एक बहिरंग औषधालय है जिसमें दो स्थायी डाक्टर तथा मानदेय आधार पर नाक, कान व गला (ईएनटी) विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, स्त्रीरोग विशेषज्ञ, त्वचा विशेषज्ञ तथा होम्योपेथी विशेषज्ञ जैसे पांच विशेषज्ञ डाक्टर हैं। वर्ष के दौरान ओपीडी में 30,660 मरीजों का इलाज किया गया।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कार्ड दिए गए हैं तथा उनकी नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच की जाती है। उनके लिए लैब जांच सुविधा उपलब्ध है। निःशुल्क चश्मे बांटने सहित नेत्र जांच शिविर भी आयोजित किए गए। मरीजों को निःशुल्क ऐलोपैथी दवाएं दी जाती हैं।

**(iii) किशोरी क्लिनिक**

बोर्ड द्वारा एक किशोरी क्लिनिक चलाया जाता है जिसमें बोर्ड द्वारा मानदेय आधार पर एक स्त्रीरोग विशेषज्ञ की नियुक्ति की गई है जो सप्ताह में दो बार रोगियों का परीक्षण करती है। परामर्श सेवाएं तथा दवाएं निःशुल्क दी जाती हैं।

**(iv) जननी सुरक्षा योजना**

यह कार्यक्रम गुजरात सरकार के स्वास्थ्य केन्द्र की सहायता से चलाया जाता है।

**(v) एचआईवी जांच सुविधा**

बोर्ड के स्वास्थ्य केन्द्र में एचआईवी जांच की सुविधा उपलब्ध है।

**(vi) विशेष चिकित्सा शिविर**

छावनी औषधालय में "ममता" टीकाकरण केन्द्र (राज्य सरकार की परियोजना) चलाया जा रहा है। छावनी बोर्ड औषधालय द्वारा अस्थि घनत्व जांच शिविर, महिला रोग जांच शिविर तथा नेत्र जांच शिविर आयोजित किए गए।

**(vii) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

छावनी बोर्ड कर्मचारियों को स्वास्थ्य कार्ड दिए गए हैं तथा उनकी हर छह महीने में स्वास्थ्य जांच की जाती है। छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके परिवारों/आश्रितों इत्यादि की निःशुल्क प्रयोगशाला जांच की जाती है तथा मुफ्त दवाएं दी जाती हैं।

**(viii) अन्य पहल**

बोर्ड ने होम्योपैथी चिकित्सक और दवाओं की सुविधा शुरू की है।

## 10. सामान्य प्रशासन

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

नई पेंशन योजना लागू की गई है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

"समाधान" जन शिकायत निवारण प्रणाली लागू की गई है।

**(iii) खातों की लेखापरीक्षा**

31.03.2015 तक के खातों की लेखापरीक्षा की गई।

**(iv) जनहित में कोई अन्य पहल**

एक बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली कार्यान्वित की गई। बोर्ड ने आईएसओ 9001-2008 प्रमाण-पत्र प्राप्त किया। छावनी में रक्षा भूमि की सीमा एवं स्थिति और अतिक्रमण का पता लगाने के लिए सर्वेक्षण शुरू किया गया है। पारदर्शिता बनाने हेतु हेतु ई-प्रापण एवं ई-निविदा की शुरूआत की गई।

## 11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

एक कम्प्यूटर प्रोग्रामर सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग की देख-रेख करता है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि 4.0 वर्जन को लागू किया गया है।

**(ii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

कार्यालय के 100 प्रतिशत कर्मचारियों ने यह प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है।

**(iii) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

कार्यालय में लोकल एरिया नेटवर्क प्रणाली शुरू की गई है। टैक्स विभाग को पूरी तरह से स्वचलीकृत/कम्प्यूटरीकृत कर दिया गया है। छावनी की वेबसाइट का सक्रिय सहभागी के रूप में उपयोग किया जाता है।

**(iv) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

जीएलआर के सभी खंडों तथा सभी अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों को स्कैन और डिजिटलीकृत किया गया है। सभी जीएलआर रिकॉर्डों पर मुख्य अधिशासी अधिकारी द्वारा डिजिटल हस्ताक्षर किए गए। चरण-1 का डिजिटलीकरण कार्य पूर्ण हो चुका है तथा चरण-2 शुरू हो चुका है।

**12. बाजार**

बोर्ड के पास तीन स्टॉल हैं जिन्हें राजस्व वृद्धि हेतु 5 वर्ष की अवधि के लिए लाइसेंस के आधार पर बोली द्वारा दिया गया है।

**13. अग्निशमन**

आवश्यकता पड़ने पर अहमदाबाद नगर निगम की अग्निशमन सेवाएं ली जाती हैं।

**14. जन्म एवं मृत्यु**

वर्ष के दौरान 233 जन्म तथा 51 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# अहमदनगर

**1. बोर्ड का गठन**

अहमदनगर छावनी श्रेणी II की छावनी है। इसके नियमित बोर्ड में 7 निर्वाचित सदस्यों सहित 14 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **मेजर जनरल आर एस मालवे** | **01.04.2014 से 13.05.2014** |
| | **ब्रिगेडियर जी एस संघेरा** | **14.05.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री विलास एच पवार** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए और इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

अधिकतम बकाया राशि वसूल करने के उपाय किए गए। राज्य सरकार और बीएसएनएल से सेवा प्रभार वसूले गए।

**(ii) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

करों की दरें निकटवर्ती नगरपालिका की दरों से अधिक हैं।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में सम्पत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

78.40%

**4. जलापूर्ति**

बोर्ड एमईएस से 3 लाख गैलन पानी ले रहा है। प्रति व्यक्ति जलापूर्ति 50 लीटर प्रतिदिन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक कार्य किए गए:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 79,85,673/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 67,05,384/- रूपये |
| (ग) | नालियां | 27,08,136/- रूपये |
| (घ) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 2,51,912/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड के पास एक हाई स्कूल, दो मराठी माध्यम तथा एक उर्दू माध्यम प्राइमरी स्कूल हैं। इन सभी स्कूलों में 745 छात्र हैं। अध्यापकों की संख्या 35 है।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

स्कूल प्रबंधन समितियां गठित की गई हैं।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

कम्प्यूटर लैब के माध्यम से स्कूल के बच्चों को बेसिक कम्प्यूटर की जानकारी दी जाती है और स्थानीय एनजीओ 'स्नेहालय' के जरिए अन्यों को कम्प्यूटर की जानकारी दी जाती है।

**(iv) शिक्षा का विकास**

छावनी बोर्ड स्कूल के छात्र राज्य सरकार की प्रदन्याशोध, मंथन प्रदन्याशोध छात्रवृत्ति परीक्षाओं में भाग लेते हैं और सफल होते हैं। स्कूलों में छात्रों को बैठने की चटाई, स्कूल की वर्दियां, पियां, स्टील की प्लेटें तथा पाठ्यपुस्तकें भी वितरित की जाती हैं।

**(v) शिक्षा के विकास के लिए कोई अन्य पहल**

बोर्ड ने बच्चों को खो-खो तथा स्कॉउट एवं गाइड का प्रशिक्षण देना शुरू किया है। सभी स्कूलों के लिए अंतर स्कूल खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। छावनी बोर्ड स्कूलों के बच्चों ने अहमदनगर, पुणे तथा सोलापुर में जिला, क्षेत्रीय तथा राज्य स्तरीय खेलकूद मुकाबलों में भी भाग लिया। डॉ. बी.आर. अंबेडकर छावनी बोर्ड स्कूल में व्यावसायिक एमएससीआईटी कोर्स शुरू किया गया है। 'सकल' समाचार-पत्र की सहायता से ड्राईंग प्रतियोगिता को भी मान्यता प्राप्त हुई। राज्य स्तर पर प्रेजीडेंट फुटबाल कप टूर्नामेंट एवं जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

**7. बच्चों के लिए किए गए विशेष उपाय**

**विशेष रूप से अशक्त बच्चे**

विशेष रूप से अशक्त बच्चों के लिए 'उमंग' केन्द्र ने 100 बच्चों की पहचान की। 'जनार्थ', एनजीओ के मार्गदर्शन में 37 बच्चों की विशेष देखभाल की जाती है।

**8. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

सिविल क्षेत्र में घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित करने की सेवा दी गई। बीमारियों से बचाव संबंधी उपाय के रूप में समय-समय पर स्प्रे तथा फॉगिंग की जाती है।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

बोर्ड ने छावनी में पॉलीथीन की थैलियों के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

छावनी बोर्ड ने ठोस अपशिष्ट के निपटान के लिए महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा नगर ठोस अपशिष्ट नियम, 2000 के दिशानिर्देशों के अनुसार एक महत्वपूर्ण परियोजना प्रस्तावित की है।

**(iv) वृक्षारोपण**

विभिन्न किस्म के 380 पेड़ लगाए गए तथा उनमें से 200 बचे रहे। बोर्ड के पास 3 सार्वजनिक गार्डन हैं जिन्हें इको-फ्रेंडली पर्यावरण के रूप में काफी हरा-भरा किया गया है।

**(v) अन्य पहल**

बोर्ड ने 'गौतम बुद्ध स्मृति वन' (जोगिंग पार्क) और एक चिल्ड्रन पार्क विकसित किया गया। बोर्ड ने मुलंगली लोक समूह प्रसाधन में सैप्टिक टैंकों के स्थान पर डीआरडीओ द्वारा विकसित जैव-सुपाच्य टैंक लगाए हैं। स्वच्छ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के लिए एक पंचवर्षीय योजना बनाई गई है।

**9. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

बोर्ड के पास 36 बिस्तरों वाला एक अंतरंग अस्पताल है। वर्ष के दौरान 29,224 बहिरंग तथा 1,534 अन्तरंग रोगियों का इलाज किया गया।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

मासिक दौरे किए गए। 241 वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क इलाज तथा निःशुल्क दवाएं दी गई।

**(iii) किशोरी क्लिनिक**

वर्ष के दौरान 199 लड़कियों को परामर्श दिया गया।

**(iv) जननी सुरक्षा योजना**

छावनी अस्पताल में परामर्श तथा मशविरा दिया जाता है।

**(v) एचआईवी जांच सुविधा**

एचआईवी जांच के लिए आईसीटीसी चालू हालत में है तथा निःशुल्क परामर्श दिया जाता है।

**(vi) चलता फिरता औषधालय**

बोर्ड छावनी क्षेत्र में एक चलता फिरता औषधालय चलाता है। स्लम क्षेत्र तथा स्कूलों में एक डॉक्टर तथा एक सहायक स्वास्थ्य जांच के लिए आते हैं। 359 रोगियों का उपचार किया गया तथा उन्हें निःशुल्क दवाएं दी गईं।

**(vii) विशेष चिकित्सा शिविर**

स्कूल स्वास्थ्य जांच, स्त्री रोग चिकित्सा जांच शिविर, बाल स्वास्थ्य शिविर, ब्लड शुगर शिविर तथा नेत्र शिविर आयोजित किए गए।

**10. सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

नई पेंशन योजना कार्यान्वित की गई है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

मुख्य अधिशासी अधिकारी जनता की शिकायतों पर स्वयं ध्यान देते हैं।

**(iii) खातों की लेखापरीक्षा**

छावनी बोर्ड के 30.09.2013 तक के खातों की लेखापरीक्षा की गई।

**(iv) जनहित में कोई अन्य पहल**

छावनियों में रक्षा भूमि की सीमा तथा अतिक्रमण की जानकारी के लिए रक्षा भूमि का सर्वेक्षण किया गया। पारदर्शिता बनाने के लिए ई-प्रापण और ई-निविदा शुरू की गई। बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली आरंभ की गई।

**11. भूमि रिकार्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

एक कम्प्यूटर प्रोग्रामर सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग को देखता है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि वर्जन 4.0 लगाया गया है।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली के सर्वर की खरीद की गई।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

सीपीटी के लिए राजस्व अनुभाग द्वारा प्रयोग हेतु एक एप्लीकेशन विकसित की गई।

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

रिकॉर्डों की स्कैनिंग एवं डिजीटलीकरण का प्रथम चरण पूर्ण हो चुका है और चरण-2 प्रक्रियाधीन है।

**12. बाजार**

बोर्ड के पास एक मटन तथा मांस बाजार व एक सूअर के गोश्त का स्टाल है। बोर्ड के पास सिविल क्षेत्र में 231 दुकानें हैं, जिन्हें लीज पर दिया गया है। सब्जियों इत्यादि की बिक्री के लिए फ्राइडे बाजार (साप्ताहिक/दैनिक बाजार) है।

**13. अग्निशमन**

आवश्यकता होने पर अहमदनगर नगर निगम (एएमसी) की अग्निशमन सेवाएँ ली जाती हैं।

**14. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 244 जन्म तथा 104 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# अजमेर

**1. बोर्ड का गठन**

अजमेर छावनी श्रेणी III की छावनी है तथा इसके बोर्ड में 6 निर्वाचित सदस्यों सहित 12 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **कर्नल राजपाल सिंह** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **सुश्री जे एस साल्वी** | **01.04.2014 से 22.07.2014** |
| | **श्री अशोक कुमार** | **22.07.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

बोर्ड में 05.06.2014 को बदलाव हुआ। छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए और इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए। इस चुनाव में पहली बार ईवीएम का प्रयोग किया गया।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

राजस्व के स्थानीय स्रोतों से अधिकतम वसूली की गई और 95.16 प्रतिशत की वसूली की गई। 2014-15 तक के त्रैवार्षिक मूल्यांकन को पूरा कर लिया गया है। तीन वर्षों में पानी, शौचालय और गृह कर में 48.18 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

**(ii) निकटवर्ती नगर पालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

अजमेर छावनी में सम्पत्ति कर की दरें वार्षिक दर मूल्य पर आधारित हैं तथा यहां गृह कर, जल कर तथा प्रकाश कर लगाया जाता है। छावनी में विभिन्न दरों पर नाममात्र का पशु कर तथा व्यवसाय कर भी लगाया जाता है। अजमेर नगर निगम में सम्पत्ति कर जिला भूमि दर तथा आवासीय/निर्मित क्षेत्रफल पर आधारित है। इसलिए दोनों की दरें सामान नहीं हैं।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में सम्पत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

92.24%

**4. जलापूर्ति**

राजस्थान राज्य जन स्वास्थ्य इंजीनियरी विभाग से एक दिन में 2,50,000 लीटर तथा अगले दिन 1,00,000 लीटर पानी थोक में प्राप्त किया जाता है तथा इसकी आपूर्ति 306 निजी कनेक्शनों के जरिए की जाती है। इसके अतिरिक्त सिविल क्षेत्र में जलापूर्ति में वृद्धि करने के लिए 12 सार्वजनिक स्टैंड पोस्ट और 18 हैंड पम्प भी लगाए गए हैं। जलापूर्ति 135 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

2,92,111/- रूपये के अनुरक्षण संबंधी कार्य किए गए।

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

छावनी बोर्ड द्वारा कोई स्कूल नहीं चलाया जाता।

**(ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

बेसिक कम्प्यूटर लर्निंग, सिलाई कोर्स तथा ब्यूटी पार्लर कोर्स के चार बैच पूर्ण हो गए हैं।

**7. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी की सामान्य सफाई सन्तोषजनक रही।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबन्ध**

छावनी क्षेत्र में पॉलीथीन के प्रयोग पर पूरी तरह प्रतिबन्ध लगाया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

सेना तथा सिविल क्षेत्रों में घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित किया जाता है। कूड़ा एकत्रित करने के स्थानों पर कूड़े को अलग-अलग किया जाता है तथा इसका निपटान ट्रेंचिंग स्थल पर किया जाता है।

**(iv) वृक्षारोपण**

वर्ष के दौरान 60 पौधे लगाए गए। उनमें से 80 प्रतिशत बचे रहे।

**(v) अन्य पहल**

स्वच्छ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत सफाई की तरफ विशेष ध्यान दिया जाता है। विभिन्न गतिविधियों के लिए एक पंचवर्षीय योजना बनाई गई और समय-समय पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाता है।

**8. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

बोर्ड के पास एक छोटा सा बहिरंग औषधालय है। वर्ष के दौरान 1993 रोगियों का इलाज किया गया।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

गरीब वरिष्ठ नागरिकों की पहचान की गई तथा उन्हें निःशुल्क दवाएं दी गई।

**(iii) जननी सुरक्षा योजना**

राज्य सरकार द्वारा छावनी क्षेत्र के निवासियों के लिए भी जननी सुरक्षा योजना का विस्तार किया गया है।

**(iv) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

छावनी बोर्ड कर्मचारी तथा उनके आश्रित निःशुल्क दवाएं प्राप्त करते हैं और मेडिकल उपस्थिति नियम के अंतर्गत भुगतान की प्रतिपूर्ति की जाती है।

**9. सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

नई पेंशन योजना लागू की गई है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

जनता की शिकायतों के निवारण के लिए "समाधान" लॉन्च की गई है।

**(iii) खातों की लेखापरीक्षा**

स्थानीय लेखापरीक्षा प्राधिकारी द्वारा 30.09.2015 तक के खातों की लेखापरीक्षा की गई।

**(iv) जनहित में कोई अन्य पहल**

अजमेर छावनी बोर्ड की वेबसाइट हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में लांच की गई। छावनी में रक्षा भूमि की सीमा और अतिक्रमण का पता लगाने के लिए सर्वेक्षण किया गया। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ई-प्रापण और ई-निविदा शुरू की गई है।

**10. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

एक सहायक प्रोग्रामर अनुभाग को देखता है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि सॉफ्टवेयर को स्थापित किया गया है।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली का कार्य जारी है और 705 फाइलों का डिजिटलीकरण किया गया और 1412 फाइलें सूचीबद्ध की गई।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

वैब एप्लिकेशन द्वारा छावनी बोर्ड कर्मचारियों और पेंशनरों की वेतन सूची और वेतन पर्ची तैयार की गई। इस वैब एप्लिकेशन द्वारा पानी के शुल्क के बिल जारी किए गए।

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

रिकॉर्डों के सूचीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है। पीडीएफ में इन्डेक्सिंग, स्कैनिंग तथा स्कैन्ड इमेज परिवर्तित करने का कार्य चरण-I और चरण-II में पूरा कर लिया गया है तथा बचे हुए दस्तावेजों का डिजिटलीकरण चरण-III में किया जाएगा।

**12. बाजार**

बोर्ड के पास 03 छोटी दुकानें हैं।

**13. अग्निशमन**

आवश्यकता पड़ने पर राज्य सरकार की अग्निशमन सेवाएं उपयोग में लाई जाती हैं।

**14. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान शून्य जन्म तथा 9 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# इलाहाबाद

**1. बोर्ड का गठन**

इलाहाबाद छावनी श्रेणी II की छावनी है। इसके बोर्ड में 07 निर्वाचित सदस्यों सहित 14 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **मेजर जनरल बिशम्बर दयाल, विसेमे** | **01.04.2014 से 31.07.2014** |
| | **ब्रिगेडियर रवि डिमरी** | **01.08.2014 से 04.03.2015** |
| | **मेजर जनरल प्रेम सागर विसेमे** | **05.03.2015 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री पी.एन.बी. सर्मा** | **01.04.2014 से 22.07.2014** |
| | **श्री बुरान्डे केदार प्रसाद** | **23.07.2014 से 22.08.2014** |
| | **श्रीमती शालिनी पाण्डे** | **23.08.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए और इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

वर्ष के दौरान बोर्ड ने छावनी क्षेत्र में स्थित भारत संचार निगम लिमिटेड की संपत्तियों से करों की उगाही की।

**(ii) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

छावनी में करों की दरें निकवर्ती नगरपालिका क्षेत्र की दरों के समान हैं।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में सम्पत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

97.95%

**4. जलापूर्ति**

बोर्ड के पास नए छावनी क्षेत्र तथा पुराने छावनी क्षेत्र में अपनी जलापूर्ति प्रणाली है। बोर्ड के पास पांच गहरे कुएं और तीन ओवरहेड टैंक हैं। पानी की औसत आपूर्ति 170 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किये गयेः-

| | | |
|---|---|---|
| (क) | जलापूर्ति | 31,62,038/- रूपये |
| (ख) | सामान | 14,10,627/- रूपये |
| (ग) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 1,89,72,623/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड के पास एक छावनी हाई स्कूल तथा नई छावनी में आरए बाजार प्राथमिक स्कूल व विक्कर पब्लिक स्कूल (अंग्रेजी माध्यम) दो प्राइमरी स्कूल हैं। साथ ही बोर्ड ने दो अनौपचारिक स्कूल, एक स्कूल फोर्ट छावनी में और नई छावनी क्षेत्र में स्थापित किए हैं।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

बोर्ड ने स्कूलों के लिए स्कूल प्रबंधन समिति गठित की हैं तथा हर स्कूल में स्कूल प्रबंधन समिति की 10 बैठकें हुई।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

बोर्ड छावनी हाई स्कूल में टेलरिंग, कटाई, सिलाई, कढ़ाई, ब्यूटिशियन, खिलौने बनाने तथा संगीत कोर्स के व्यावसायिक प्रशिक्षण चलाता है।

**(iv) शिक्षा का विकास**

कमजोर वर्ग के छात्रों को स्कूल में प्रवेश के लिए प्रेरित करने हेतु छावनी बोर्ड स्कूलों के शिक्षण कर्मचारियों ने छावनी के निवासियों से घर-घर जाकर सम्पर्क किया जिसकी वजह से छावनी बोर्ड स्कूलों में छात्रों की संख्या बढ़ी है।

**(v) शिक्षा के विकास के लिए कोई अन्य पहल**

बोर्ड ने नई छावनी में अंग्रेजी माध्यम का आर.ए.बी. पब्लिक स्कूल तथा सदर बजार, नई छावनी में छावनी बोर्ड अंग्रेजी माध्यम प्राइमरी स्कूल शुरू किए हैं। नाममात्र शुल्क लिया जाता है।

**7. बच्चों के लिए किए गए विशेष उपाय**

**प्रवासी श्रमिकों के बच्चे**

छावनी बोर्ड ने प्रवासी श्रमिकों और गरीब श्रमिकों के बच्चों की पहचान की है तथा फोर्ट छावनी और कहार गल्ला क्षेत्र में श्रमिकों के बच्चों के लिए एक अनौपचारिक स्कूल चलाए जाते हैं। वर्तमान में फोर्ट छावनी में 10:30 बजे से 12:30 बजे के एक सत्र में 33 बच्चे तथा कहार गल्ला, नई छावनी में 25 बच्चे कक्षाओं में आ रहे हैं।

**8. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी में सामान्य सफाई का स्तर संतोषजनक रहा।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

छावनी क्षेत्र में पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है और इसके लिए मुकदमे चलाने का प्रावधान किया।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

बोर्ड द्वारा ट्रेंचिंग स्थल पर प्लास्टिक को अलग किया जाता है। विभिन्न मंदिरों में अर्पित फूलों तथा मालाओं को एकत्रित किया जाता है तथा उनकी खाद बनाई जाती है।

**(iv) वृक्षारोपण**

वर्ष के दौरान 500 पेड़ लगाए गए जिनमें से 31 प्रतिशत बचे रहे।

**9. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

बोर्ड के पास 24 बिस्तरों वाला छावनी सामान्य अस्पताल है जिसमें अलग-अलग पुरूष तथा महिला वार्ड, एक लघु आपरेशन थियेटर तथा एक्सरे संयंत्र है। वर्ष के दौरान 66,387 बहिरंग तथा 581 अन्तरंग रोगियों का इलाज किया गया। गल्ला बाजार, पुरानी छावनी में औषधालय के अतिरिक्त बोर्ड गरीब रोगियों के इलाज के लिए कृष्णा उद्यान, फोर्ट छावनी में दूसरा औषधालय भी चलाता है। मेघरगंज, नई छावनी में एक होम्योक्लीनिक भी शुरू किया गया है।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

इलाहाबाद छावनी में वरिष्ठ नागरिकों की पहचान की गई है तथा उन्हें स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान की गई है। वर्ष के दौरान उन्हें स्वास्थ्य डायरी/कार्ड दिए गए हैं तथा जरूरतमन्द नागरिकों को मुफ्त दवाएं दी जाती हैं।

**(iii) किशोरी क्लिनिक**

छावनी सामान्य अस्पताल में किशोरी क्लिनिक शुरू किया गया तथा 541 बालिकाओं का इलाज किया गया।

**(iv) जननी सुरक्षा योजना**

छावनी सामान्य अस्पताल में जननी सुरक्षा योजना उपलब्ध है।

**(v) विशेष चिकित्सा शिविर**

कुष्ठ रोग, अनीमिया तथा अस्थि खनिज घनत्व (बीएमडी) की जांच के लिए छावनी सामान्य अस्पताल में चिकित्सा शिविर आयोजित किए गए।

**(vi) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

छावनी बोर्ड कर्मचारियों को एक विशेष अभियान के तहत आरएमओ द्वारा स्वास्थ्य जांच प्रदान की गई। कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

**10. सामान्य प्रशासन**

**(i) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

बोर्ड के पास अपनी वेबसाइट है तथा जनता की शिकायतों के निवारण के लिए "समाधान" लागू की गई है।

**(ii) खातों की लेखापरीक्षा**

31.03.2014 तक के खातों की लेखापरीक्षा की गई।

**(iii) जनहित में कोई अन्य पहल**

करिअप्पा रोड पर मैरिज हॉल का निर्माण किया गया है। सदर बाजार फुटबाल ग्रांउड में लोहे की काँटेदार तार लगाकर तथा गेट बनाकर उसमें सुधार किया गया है। मुख्य चौराहों पर उंची मस्तूल एवं छोटी मस्तूल लाइटों का प्रबंध किया गया।

**11. भूमि रिकार्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

एक प्रोग्रामर की नियुक्ति की गई है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि को कार्यान्वित किया गया है।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

फाइलों को दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली पर अपलोड किया गया है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

कर्मचारियों के वेतन, भविष्य निधि खाते और जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण तथा प्रमाण-पत्रों को कम्प्यूटरीकृत किया गया है। एक प्रोग्रामर सहित सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग कार्यशील है। कार्यालय के सभी कम्प्यूटर लोकल एरिया नेटवर्क से जोड़े गए हैं तथा स्टाफ को लोकल एरिया नेटवर्क तथा इंटरनेट पर काम करने का प्रशिक्षण दिया गया है।

**(v) कार्यालय रिकार्ड का अंकीकरण**

अंकीकरण के प्रथम चरण का कार्य पूरा कर लिया गया है तथा द्वितीय चरण का कार्य भी इस वर्ष शुरू कर दिया गया है।

**12. बाजार**

छावनी बोर्ड के पास चार स्थानों पर 108 दुकानें हैं।

**13. अग्निशमन**

आवश्यकता पड़ने पर राज्य सरकार से अग्निशमन सेवाएं ली जाती है।

**14. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 427 जन्म तथा 140 मृत्यु का पंजीकरण हुआ।

# अल्मोड़ा

**1. बोर्ड का गठन**

अल्मोड़ा छावनी श्रेणी IV की छावनी है। इसके बोर्ड में 02 निर्वाचित सदस्यों सहित 04 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर के.ए. महाबीर** | **01.04.2014 से 18.02.2015** |
| | **कर्नल नवदीप दाहिया** | **18.02.2015 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री वी.वी. राकेश रेड्डी पी.** | **01.04.2014 से 07.07.2014** |
| | **सुश्री दिव्या एस.** | **07.07.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए और इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

सीमित आबादी/सम्पत्तियों वाली छोटी छावनी होने के कारण यहाँ राजस्व में वृद्धि होने की गुंजाइश बहुत ही कम है।

**(ii) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

छावनी क्षेत्र और नगरपालिका क्षेत्र में गृह कर की दर समान है। इसके अतिरिक्त बोर्ड द्वारा जल कर, सफाई कर तथा व्यापार कर भी लगाया जाता है जिसे नगरपालिका द्वारा नहीं लगाया जाता।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में सम्पत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

100%

**4. जलापूर्ति**

जल की आपूर्ति उत्तराखंड जल संस्थान द्वारा की जाती है। प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता लगभग 100 लीटर प्रतिदिन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान 8,90,403/-रूपये के सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए।

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड के पास कोई स्कूल नहीं है।

**(ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

वर्ष के दौरान कम्प्यूटर एप्लीकेशन तथा टेलरिंग के दो व्यावसायिक कोर्स चलाए गए।

**7. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी क्षेत्र में सफाई का स्तर सन्तोषजनक रहा।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

छावनी में पॉलीथीन की थैलियों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

स्रोत पर ही कूड़े को अलग-अलग किया जाता है। जैविक तथा अजैविक कूड़े के लिए अलग-अलग चेम्बरों वाले कूड़ेदानों की व्यवस्था की गई है। ट्रेंचिंग स्थलों पर जैविक कूड़े की खाद बनाई जाती है तथा इस खाद को फूलों की क्यारियों में डाला जाता है। घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित किया जाता है। वर्मीकम्पोस्टिंग का कार्य भी शुरू किया गया है।

**(iv) वृक्षारोपण**

वर्ष के दौरान 2005 पौधे लगाए गए।

**(v) अन्य पहल**

पौधों को बचाने के लिए वृक्ष गार्ड लगाये गये हैं। पर्यावरण तथा वनों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए साईन बोर्ड लगाये गये हैं।

**8. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

बोर्ड एक छोटा सा औषधालय चलाता है। बोर्ड ने संविदा आधार पर एक डाक्टर तथा एक फार्मेसिस्ट की नियुक्ति की है। कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों को मुफ्त दवाएं दी जाती हैं। इसके अतिरिक्त मानदेय के आधार पर एक स्त्री रोग चिकित्सक को नियुक्त किया गया है।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

वरिष्ठ नागरिकों को मुफ्त दवाएं दी जाती है।

**(iii) किशोरी क्लिनिक**

राज्य सरकार के अस्पताल में किशोरी योजना उपलब्ध है। इसलिए बोर्ड ने इस कार्य के लिए एक स्त्रीरोग चिकित्सक की नियुक्ति की है।

**(iv) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

बोर्ड के सभी कर्मचारियों को स्वास्थ्य कार्ड दिए गए हैं।

**9. सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

नई पेंशन योजना कार्यान्वित की गई है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

मुख्य अधिशासी अधिकारी की लोगों के साथ सीधे मुलाकात करवाकर शिकायतों का निपटान किया जाता है। इसके अतिरिक्त जन शिकायत निवारण प्रणाली ''समाधान'' लागू की गई है।

**(iii) खातों की लेखापरीक्षा**

सितम्बर, 2014 तक के खातों की लेखापरीक्षा की गई।

**10. भूमि रिकार्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

रानीखेत छावनी का कम्प्यूटर प्रोग्रामर छावनी कार्यालय, अल्मोड़ा में सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का कार्य भी देखता है।

**(ii) रक्षा भूमि के कार्यान्वयन की स्थिति**

अल्मोड़ा छावनी में कोई अधिसूचित सिविल क्षेत्र न होने के कारण रक्षा भूमि का अनुरक्षण रक्षा संपदा अधिकारी बरेली के पास है।

**(iii) कार्यालय रिकार्ड का अंकीकरण**

जीएलआर का स्कैनिंग कार्य कर लिया गया है।

**11. बाजार**

छावनी क्षेत्र में कोई बाजार नहीं है।

**12. अग्निशमन**

आवश्यकता पड़ने पर राज्य सरकार की अग्निशमन सेवाएं ली जाती हैं।

**13. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 02 मृत्यु पंजीकरण किए गए तथा जन्म का कोई भी पंजीकरण नहीं हुआ।

# अम्बाला

**1. बोर्ड का गठन**

अम्बाला छावनी श्रेणी I की छावनी है। इसके बोर्ड में 8 निर्वाचित सदस्यों सहित 16 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर ए. उप्पल** | **01.05.2013 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्रीमती शालिनी पाण्डे** | **01.04.2014 से 12.08.2014** |
| | **श्री अरविंद कुमार द्विवेदी** | **12.08.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए तथा इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गये उपाय**

बोर्ड ने करों की बकाया राशि की वसूली तथा करों की वर्तमान मांग की वसूली के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं जिसके परिणामस्वरूप पिछले वर्ष की तुलना में राजस्व उगाही में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है।

**(ii) निकटवर्ती नगर पालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

छावनी में करों की दरें नगर पालिका, अम्बाला सदर की दरों के समान हैं।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में सम्पत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

76.82%

**4. जलापूर्ति**

बोर्ड के पास अपनी जलापूर्ति प्रणाली है तथा इसके पास 9 गहरे ट्यूबवेल, एक सम्पवेल तथा एक ओवरहेड जलाशय (ओएचएसआर) है। पानी की आपूर्ति 135 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

सार्वजनिक कार्यों पर निम्नलिखित राशि व्यय की गई:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 1,42,24,566/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 1,35,30,378/- रूपये |
| (ग) | नालियां | 35,08,174/- रूपये |
| (घ) | जलापूर्ति | 98,88,575/- रूपये |
| (च) | सामान | 11,49,375/- रूपये |

(छ) विविध सार्वजनिक सुधार कार्य 82,08,499/- रूपये

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

छावनी बोर्ड, अम्बाला के पास 03 प्राइमरी, 02 मिडल तथा 01 पब्लिक स्कूल व विशेष बच्चों के लिए 01 स्कूल है।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति** (एसएमसी)

स्कूल प्रबंधन समितियां पुनर्गठित की गई तथा वर्ष 2014-15 के दौरान प्रत्येक स्कूल में इनकी 11 बैठकें हुई।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

नवम्बर, 2014 में कार्यालय स्वचलीकरण के लिए 06 महीने का कम्प्यूटर कोर्स शुरू किया गया और 38 छात्रों को दाखिला दिया गया।

**(iv) शिक्षा का विकास**

प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को 1000/-रू., 750/-रू. एवं 500/-रू. की छात्रवृत्ति दी जाती है। छठी कक्षा में प्रवेश लेने वाली बालिकाओं को साइकिलें दी जाती हैं।

**(v) शिक्षा के विकास के लिए कोई अन्य पहल**

स्कूल छोड़ चुके बच्चों का घर-घर जाकर सर्वेक्षण किया गया। बोर्ड स्कूली बच्चों को निःशुल्क शिक्षा, पुस्तकें तथा वर्दी प्रदान करता है। बोर्ड छात्रों में प्रतिभा को विकसित करने के लिए स्कूलों में ग्रीष्मकालीन शिविर भी आयोजित करता है।

**7. बच्चों के लिए विशेष उपाय**

**(i) विशेष रूप से अशक्त बच्चे**

विशेष रूप से अशक्त बच्चों के लिए ''वात्सल्य'' स्कूल शुरू किया गया है और वर्ष के दौरान 36 बच्चों को शिक्षित किया गया।

**(ii) प्रवासी श्रमिकों के बच्चे**

ऐसे बच्चे छावनी बोर्ड स्कूलों में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

**8. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी क्षेत्र में सफाई का स्तर संतोषजनक रहा है।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

छावनी क्षेत्र में पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है और दोषियों को सजा दी जाती है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गये प्रयास**

सिविल क्षेत्र में घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित किया जाता है।

**(iv) वृक्षारोपण**

जिला वन अधिकारी, अम्बाला की सहायता से 8700 पौधे लगाए गए।

## 9. जन स्वास्थ्य

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

बोर्ड एक पॉलीक्लिनिक व औषधालय चलाता है जिसमें वर्ष के दौरान 18,173 रोगियों का इलाज किया गया।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गये विशेष उपाय**

वरिष्ठ नागरिकों के लिए नेत्र शिविर आयोजित किया गया और उन्हें मुफ्त दवाएं, लैब जांच तथा स्वास्थ्य जांच की सुविधा दी गई। वरिष्ठ नागरिकों का पता लगाने के लिए घर-घर जाकर सर्वेक्षण किया और वरिष्ठ नागरिकों के लिए चिकित्सा शिविर आयोजित किए गए।

**(iii) किशोरी क्लिनिक**

सभी किशोरी लड़कियों के लिए स्वास्थ्य कार्ड तैयार किए गए हैं। उनकी अनीमिया, कैल्शियम की कमी तथा अन्य बीमारियों की जांच की गई। छावनी के प्रत्येक स्कूल में जागरूकता तथा परामर्श संबंधी शिविर आयोजित किए गए। लगभग 929 लड़कियों को इस योजना में शामिल किया गया।

**(iv) जननी सुरक्षा योजना**

छावनी में सरकारी अस्पताल के माध्यम से हरियाणा सरकार की योजना जननी सुरक्षा योजना को पूरी तरह से लागू किया गया है।

**(v) एचआईवी जांच सुविधा**

औषधालय में एचआईवी जांच सुविधा उपलब्ध है। कुल 06 जांच की गई।

**(vi) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

छावनी बोर्ड औषधालय व पॉलीक्लिनिक क्रियाशील है, जहां छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों को मुफ्त दवाएं दी जाती हैं। स्वास्थ्य कार्ड बनाए जा चुके हैं और वर्ष के दौरान छावनी बोर्ड स्कूलों के बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई।

## 10. सामान्य प्रशासन

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

नई पेंशन योजना कार्यान्वित कर दी गई है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

सिंगल विंडो सिस्टम सही ढ़ंग से काम कर रहा है। जन समस्याओं का "समाधान केन्द्र" पर समय पर निवारण किया जाता है। छावनी बोर्ड कर्मचारियों की अपेक्षाएं "सुविधा केन्द्र" पर पूरी की जाती हैं।

**(iii) खातों की लेखापरीक्षा**

सितम्बर, 2014 तक के खातों की लेखापरीक्षा की गई।

**(iv) जनहित में कोई अन्य पहल**

आम जनता के लिए 2 वाचनालय मुहैया कराए गए हैं। वरिष्ठ नागरिकों के लिए विभिन्न सुविधाओं से युक्त डे केयर सेंटर कार्य कर रहा है ताकि उनकी सामाजिक, चिकित्सा संबंधी व मनोरंजन संबंधी आवश्यकताएं पूरी की जा सकें।

**11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग में 02 कम्प्यूटर प्रोग्रामर नियुक्त किए गए हैं।

**(ii) रक्षा भूमि की स्थिति**

रक्षा भूमि वर्जन 4.0 को पूरी तरह से अद्यतन किया गया है तथा क्रियाशील है।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

12,021 फाइलों की फाइल प्रबंधन प्रणाली में प्रविष्टि की गई है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

कार्यालय के विभिन्न अनुभागों का स्वचलीकरण किया गया है। कार्यालय में डाक प्रबंधन प्रणाली शुरू की गई है।

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

स्कैनिंग, सूचीकरण तथा अंकीकरण के कार्य का चरण-II प्रगति पर है।

**12. बाजार**

बोर्ड के पास 5 सार्वजनिक बाजार हैं जिनमें 150 दुकानें हैं।

**13. अग्निशमन**

अग्निशमन सहायता के लिए बोर्ड नगर निगम, अम्बाला पर निर्भर है।

**14. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 839 जन्म तथा 252 मृत्यु का पंजीकरण हुआ।

# अमृतसर

**1. बोर्ड का गठन**

अमृतसर छावनी श्रेणी II की छावनी है। बोर्ड में 7 निर्वाचित सदस्यों सहित 14 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर ए. पी. सिंह** | **01.04.2014 से 09.05.2014** |
| | **ब्रिगेडियर आर. पी. शर्मा** | **10.05.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री अजय कुमार सहगल** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए तथा इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

2011-14 की अवधि का त्रैवार्षिक मूल्यांकन पूरा कर लिया गया है।

**(ii) निकटवर्ती नगर निगम, अमृतसर की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

छावनी क्षेत्र में कर की दरें निकटवर्ती अमृतसर नगर निगम की अपेक्षा अधिक हैं।

**(iii) कुल मांग की तुलना में सम्पत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

17.18%

**4. जलापूर्ति**

बोर्ड के पास 2 ट्यूबवेलों तथा 50,000 व 20,000 गैलन क्षमता के 2 ओवरहेड टैंकों के साथ अपनी जलापूर्ति प्रणाली है। छावनी क्षेत्र में 12 वाटर स्टैंड पोस्ट हैं। प्रति व्यक्ति जल की आपूर्ति 230 लीटर प्रतिदिन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 76,30,688/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 1,18,41,606/- रूपये |
| (ग) | सामान | 14,80,323/- रूपये |
| (घ) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 28,69,670/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड नर्सरी कक्षा सहित आठवीं कक्षा तक का एक स्कूल चलाता है। चौथी से आठवीं कक्षा तक के छात्रों के लिए कम्प्यूटर शिक्षा शुरू की गयी है।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

स्कूल प्रबंधन समिति गठित की गई है और वर्ष के दौरान स्कूल प्रबंधन समिति की 12 बैठकें हुईं।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

बोर्ड द्‌वारा छावनी क्षेत्र में रहने वाली महिलाओं के लिए टेलरिंग तथा ब्यूटीशियन कोर्स चलाए जा रहे हैं।

**(iv) शिक्षा का विकास**

छावनी बोर्ड स्कूल को आठवीं कक्षा तक अपग्रेड किया गया है। छात्रों को निःशुल्क शिक्षा, वर्दी, जूते तथा पुस्तकें दी जाती हैं। मेधावी छात्रों को छात्रवृत्तियां दी जाती हैं तथा मेधावी छात्राओं को विशेष छात्रवृत्तियां दी जाती हैं।

**7. बच्चों के लिए विशेष उपाय**

वर्ष के दौरान स्कूली बच्चों के लिए एक सामान्य स्वास्थ्य शिविर तथा एक दन्त जांच शिविर का आयोजन किया गया।

**8. पर्यावरण तथा स्वच्छता**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी में सफाई का स्तर संतोषजनक रहा।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

छावनी क्षेत्र में पॉलीथीन की थैलियों के प्रयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

छावनी में कूड़े को अलग-अलग करने का कार्य शुरू किया गया है। छावनी के सिविल क्षेत्र में घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित करने का कार्य शुरू किया गया है।

**(iv) वृक्षारोपण**

4000 पौधे लगाए गए, उनमें से 80 प्रतिशत बचे रहे।

**9. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

बोर्ड के पास एक ओपीडी औषधालय है, जिसमें वर्ष के दौरान 8120 मरीजों का इलाज किया गया।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क दवाएं दी जाती हैं।

**(iii) विशेष चिकित्सा शिविर**

वर्ष के दौरान स्कूली बच्चों के लिए एक सामान्य स्वास्थ्य शिविर और एक दन्त जांच शिविर आयोजित किया गया।

**(iv) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य कार्ड बनाए गए हैं। अर्धवार्षिक निःशुल्क जांच शुरू की गई।

**10. सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

नई पेंशन योजना कार्यान्वित की गई है।

**(ii) खातों की लेखापरीक्षा**

स्थानीय लेखापरीक्षा अधिकारी द्वारा 31.03.2015 तक के खातों की लेखापरीक्षा की गई।

**11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग के लिए एक कम्प्यूटर प्रोग्रामर की नियुक्ति की गई है।

**(ii) रक्षा भूमि की स्थिति**

रक्षा भूमि वर्जन 4.0 लगाया गया तथा कार्यान्वित किया गया।

**(iii) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

कार्यालय रिकॉर्ड के अंकीकरण के कार्य का चरण-1 पूरा कर लिया गया है।

**12. बाजार**

बोर्ड के पास कोई बाजार नहीं है।

**13. अग्निशमन**

अग्निशमन सहायता के लिए बोर्ड निकटवर्ती नगर निगम, अमृतसर पर निर्भर है।

**14. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 902 जन्म तथा 57 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# औरंगाबाद

**1. बोर्ड का गठन**

औरंगाबाद छावनी श्रेणी II की छावनी है। इसके बोर्ड में 7 निर्वाचित सदस्यों सहित 14 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर मनोज कुमार, विसेमे** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री पवार विद्याधर वासुदेव** | **01.04.2014 से 14.07.2014** |
| | **श्री लोटे विनीत बाबासाहेब** | **14.07.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

बोर्ड में 06.06.2014 को बदलाव हुआ। छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए और इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए। इस चुनाव में पहली बार ईवीएम का प्रयोग किया गया।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

दशहरा उत्सव के दौरान अस्थायी स्टॉलों के लिए भूमि की नीलामी से पिछले वर्ष के 21,56,000/- रूपये की तुलना में 48,99,000/- रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ। इसी प्रकार विभिन्न बाईपास खुलने के बाद वाहन प्रवेश शुल्क में राजस्व 12,49,07,015/- रूपये से बढ़कर 12,73,85,000/- रूपये हो गया। कई नामित प्रभार/शुल्कों को संशोधित किया गया।

**(ii) निकटवर्ती नगर पालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

करों की दरें निकटवर्ती नगरपालिका की दरों के समान हैं। छावनी अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अनुसार समेकित संपत्ति कर को एआरवी का 30 प्रतिशत करने का प्रस्ताव शुरू किया गया।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में सम्पत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

53.11%

**4. जलापूर्ति**

बोर्ड, औरंगाबाद नगर निगम के माध्यम से गोदावरी नदी पर बने जायकवाड़ी जलाशय से थोक में उपचारित जल प्राप्त करता है। प्रति व्यक्ति जल की आपूर्ति 73 लीटर प्रतिदिन है। बोर्ड ने समाज के कमजोर वर्गों के लिए सार्वजनिक जल स्टैण्ड भी लगाए हैं। छावनी बोर्ड ने दो ओवरहैड टैंक बनाए हैं, जिनमें से प्रत्येक की क्षमता 5 लाख लीटर है, जिसके परिणामस्वरूप जल भंडारण क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इन टैंकों को मौजूदा ओवेरहैड टैंक से जोड़ने के लिए पाइप

लाइन का कार्य प्रगति पर है। बोर्ड ने छावनी बोर्ड की पाइप लाइनों पर पानी के मीटर लगाए हैं जिसके परिणामस्वरूप छावनी में जलापूर्ति में सुधार हुआ है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 88,99,682/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 79,97,717/- रूपये |
| (ग) | नालियां | 43,62,707/- रूपये |
| (घ) | जलापूर्ति | 8,73,453/- रूपये |
| (च) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 50,00,292/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

छावनी एक अंग्रेजी माध्यम प्री-प्राइमरी स्कूल चलाता है।

**(ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

छावनी बोर्ड ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अंतर्गत जन शिक्षण संस्थान के सहयोग से डीटीपी एण्ड पेज मेकर (कम्प्यूटर कोर्स) तथा गारमेण्ट मेकिंग एण्ड ड्रेस डिजाइनिंग नामक दो व्यावसायिक प्रशिक्षण कोर्स शुरू किए हैं।

**(iii) शिक्षा के विकास के लिए कोई अन्य पहल**

स्कूल भवनों की मरम्मत कराई गई।

**7. बच्चों के लिए किए गए विशेष उपाय**

**विशेष रूप से अशक्त बच्चे**

बोर्ड द्वारा विशेष रूप से अशक्त बच्चों के लिए 'उड़ान' नामक केन्द्र चलाया जा रहा है।

**8. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी क्षेत्र में सफाई की स्थिति बहुत अच्छी है। सिविल क्षेत्र में समय-समय पर सफाई करने, मलेरियारोधी तेल का छिड़काव करने तथा सिविल क्षेत्र में फॉगिंग करने से छावनी क्षेत्र में डेंगू, चिकनगुनिया एवं मलेरिया के फैलने को रोके जाने में सहायता मिलती है।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबन्ध**

छावनी में पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबन्ध लगाया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

सेना तथा सिविल क्षेत्र में घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित करने का काम शुरू किया गया है। सेना तथा सिविल क्षेत्र का कूड़ा एकत्रित करने के लिए आउटशोर्शिंग की गई है। सिविल

क्षेत्र में दो स्थानों पर वर्मी-वानस्पतिक खाद बनाने के गड्ढों का निर्माण किया गया। ट्रेंचिंग ग्राउंड (सर्वे नं. 207/1) में निगम को ठोस अपशिष्ट का ढेर लगाने के लिए लैंड फिल स्थल की स्वीकृति प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड से प्राप्त हो गई है। ट्रेंचिंग ग्राउंड में निगम के ठोस अपशिष्ट का जैविक उपचार शुरु कर दिया गया है। एक प्राइवेट एजेंसी के माध्यम से छावनी सामान्य अस्पताल के जैविक अपशिष्ट के निपटान के लिए जैविक प्रबन्धन एवं एकीकृत भस्मीकरण सुविधा शुरु की गई है।

**(iv) वृक्षारोपण**

1000 पौधे लगाए गए उनमें से 60 प्रतिशत बचे रहे।

## 9. जन स्वास्थ्य

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

बोर्ड के पास 20 बिस्तरों वाला एक अस्पताल व प्रसूति वार्ड है। एक नया ओपीडी व ऑपरेशन थियेटर कॉम्पलेक्स बनाया गया है। मरीजों को मुफ्त दवाएं दी जाती हैं। जेनेरिक दवाओं की खरीद जीएमएसडी, मुम्बई से की जाती है। ऑर्थोपेडिक सर्जन, नेत्र चिकित्सक, बाल रोग विशेषज्ञ, जनरल फिजिशियन, ईएनटी सर्जन, त्वचा एवं दन्त सर्जन जैसे सात विशेषज्ञों की नियुक्ति भी की गई।

**(ii) वरिष्ठ नगरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

इलाज में वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता दी जाती है।

**(iii) किशोरी क्लिनिक**

इसे आरएमओ द्वारा चलाया जाता है।

**(iv) जननी सुरक्षा योजना**

छावनी सामान्य अस्पताल के मरीजों को जननी सुरक्षा योजना के तहत सुविधाएं प्रदान की गई हैं।

**(v) विशेष चिकित्सा शिविर**

बोर्ड द्वारा रक्त दान शिविर तथा अस्थिमज्जा घनत्व (बोन मेरो डेनेस्टी) शिविर आयोजित किए गए।

**(vi) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

छावनी बोर्ड के कर्मचारियों और उनके आश्रितों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए उपाय किए गए हैं।

## 10. सामान्य प्रशासन

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

नई पेंशन योजना लागू की गई है।

(ii) **जन शिकायत निवारण प्रणाली**

निवासियों से प्राप्त शिकायतों की प्रगति को मुख्य अधिशासी अधिकारी द्वारा स्वयं मॉनीटर किया जाता है। "समाधान" को सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया गया है।

(iii) **खातों की लेखापरीक्षा**

समय-समय पर सहायक स्थानीय लेखापरीक्षा अधिकारी (एएलएओ) द्वारा अर्धवार्षिक आधार पर लेखापरीक्षा की जाती है।

(iv) **कोई अन्य पहल**

छावनी बोर्ड में रक्षा भूमि का विस्तार और अतिक्रमण का पता लगाने के लिए सर्वे किया गया। पारदर्शिता बनाने के लिए ई-प्रापण और ई-निविदा शुरू की गई। बॉयोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली की शुरुआत की गई है।

**11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

(i) **सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग की देख-रेख एक कम्प्यूटर प्रोग्रामर कर रहा है।

(ii) **रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि डाटा को अंकीय हस्ताक्षरित किया गया। वर्ष 2014 में इस कार्यालय की रक्षा भूमि का निरीक्षण किया गया। जीएलआर उद्धरण जारी करने के लिए रक्षा भूमि वर्जन 4.00 इंस्टॉल किया गया है।

(iii) **दस्तावेज प्रबन्धन प्रणाली**

दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली लागू की गई। चरण-1 में 2000 फाइलों को अपलोड किया जा चुका है। चरण-2 के दौरान स्कैन की गई फाइलों की अपलोडिंग जल्द शुरू हो जाएगी।

(iv) **कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

वेतन सूची प्रबंध प्रणाली और सुविधा प्रणाली कार्यान्वित की गई हैं। कार्यसूची प्रबंधन प्रणाली परीक्षण चरण में है।

(v) **कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

अंकीकरण का चरण-I सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुका है और एयू एण्ड आरसी को भेज दिया गया है। चरण-II प्रगति पर है। इस चरण की स्कैनिंग प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

**12. बाजार**

बोर्ड के पास चार सार्वजनिक बाजार हैं।

**13. अग्निशमन**

आवश्यकता होने पर औरंगाबाद नगर निगम की अग्निशमन सेवाओं की सहायता ली जाती है।

## 14. जन्म तथा मृत्यु

वर्ष के दौरान 396 जन्म तथा 71 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# बबीना

**1. बोर्ड का गठन**

बबीना छावनी श्रेणी II की छावनी है। इसके बोर्ड में 7 निर्वाचित सदस्यों सहित 14 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर पी.एस. शेखावत** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री अभिजीत सनाप** | **01.04.2014 से 07.07.2014** |
| | **श्रीमती मनीषा जाट** | **08.07.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

बोर्ड में 05.06.2014 को बदलाव हुआ। छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए और इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए। इन चुनावों में पहली बार ईवीएम का प्रयोग किया गया।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

वर्ष के दौरान राजस्व वृद्धि के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए।

**(ii) निकटवर्ती नगर पालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

कर की दरें निकटवर्ती नगरपालिका की दरों के समान हैं।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में सम्पत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

62.52%

**4. जलापूर्ति**

बोर्ड उत्तर प्रदेश जल निगम, बबीना से प्रतिदिन औसतन 2341.975 किलो लीटर पानी थोक में प्राप्त करता है। वर्तमान में निवासियों को लगभग 129 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन जल की आपूर्ति की जाती है। इसके अतिरिक्त 63 हैण्ड पम्प भी लगाए गए हैं।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 90,98,084/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 13,47,987/- रूपये |
| (ग) | नालियाँ | 92,47,979/- रूपये |
| (घ) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 86,06,702/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड एक जूनियर हाई स्कूल चलाता है और इस समय प्राथमिक एवं जूनियर हाई स्कूल कक्षाओं में 653 बच्चे पढ़ रहे हैं।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक नियमित रूप से आयोजित की जा रही है। बोर्ड द्वारा स्कूल में छोटे निर्माण कार्य करने, सफाई, अध्यापकों के कार्यनिष्पादन, नई शैक्षणिक योजनाओं इत्यादि की शुरूआत करने के संबंध में स्कूल का निरीक्षण के लिए स्कूल प्रबंधन समिति को अधिकार दिए गए हैं। स्कूल प्रबंधन समिति के कार्यवृत्त को अनुमोदन के लिए छावनी बोर्ड की बैठक के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र खोलने के लिए पुराने छावनी प्राथमिक स्कूल में 03 कमरों का नवीनीकरण किया गया है।

**(iv) शिक्षा का विकास**

वर्ष के दौरान स्कूल के कर्मचारियों द्वारा सर्वशिक्षा अभियान के अंतर्गत उन बच्चों को प्रोत्साहित के लिए सर्वेक्षण किया गया, जो स्कूल में प्रवेश लेने के लिए नहीं जा रहे थे, विशेष रूप से बालिकाएं और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के बच्चे इत्यादि।

**(v) शिक्षा के विकास के लिए कोई अन्य पहल**

पेरेन्ट मीटिंग के दौरान लोगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिसे स्कूल प्रशासन द्वारा उनके बच्चों को स्कूल में भेजन के लिए आयोजित किया जाता है। पौष्टिक भोजन के लिए छात्रों को मिड-डे मील दिया जाता है। छावनी के स्लम क्षेत्र में रहने वाले छात्रों को एक मिनी बस मुहैया कराई गई है। इसके अतिरिक्त छावनी जूनियर हाई स्कूल को छावनी हाई स्कूल में अपग्रेड करने का प्रयास किया जा रहा है।

**7. बच्चों के लिए विशेष उपाय**

बोर्ड द्वारा अनाथ बच्चों के लिए "अपना घर" नाम से एक बाल देखभाल केन्द्र चलाया जा रहा है जिसमें आवास, शिक्षा, भोजन तथा मनोरंजन इत्यादि जैसी सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

**8. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी में सफाई संतोषजनक रही। स्वच्छ भारत अभियान के तहत ट्रेंचिंग ग्राउंड में सुधार किया गया है।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबन्ध**

छावनी क्षेत्र में पॉलीथीन की थैलियों पर पूरी तरह प्रतिबन्ध लगाया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित करने, उसे अलग-अलग करने तथा छावनी ट्रेंचिंग ग्रांउड पर कूड़े का वर्मी खाद बनाने की व्यवस्था करके ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए प्रयास किए गए।

**(iv) वृक्षारोपण**

वर्ष के दौरान 200 पौधे लगाए गए तथा उनमें से 60 प्रतिशत बचे रहे।

**(v) अन्य पहल**

बोर्ड द्वारा तीन पर्यावरणीय पार्कों का रख-रखाव किया जा रहा है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत विभिन्न क्रियाकलाप आरंभ करने के लिए पंचवर्षिय योजना बनाई गई है।

**9. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

बोर्ड के पास प्रसूति सुविधायुक्त 8 बिस्तरों वाला एक अस्पताल है। वर्ष के दौरान 27,402 बहिरंग तथा 03 अन्तरंग रोगियों का इलाज किया गया। आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए वर्ष के दौरान एक्स-रे मशीन और दन्त केयर क्लिनिक की व्यवस्था की गई। आवश्यक जन चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टॉफ की भी व्यवस्था की गई।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

430 वरिष्ठ नागरिकों की पहचान की गई तथा छावनी अस्पताल द्वारा 105 वरिष्ठ नागरिक कार्ड जारी किए गए। उन्हें निःशुल्क दवाएं भी दी जा रही हैं।

**(iii) किशोरी क्लिनिक**

किशोर लड़कियों को महिला आरएमओ द्वारा नेमी अस्पताल ओपीडी में परामर्श तथा चिकित्सा परामर्श प्रदान किया जाता है।

**(iv) जननी सुरक्षा योजना**

उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के वित्तीय सहयोग से छावनी सामान्य अस्पताल जननी सुरक्षा योजना चलाई जा रही है।

**(v) चलता-फिरता औषधालय**

बोर्ड द्वारा निकटवर्ती क्षेत्रों में चलता-फिरता औषधालय चलाया जाता है तथा मरीजों को मुफ्त दवाएं दी जाती है।

**(vi) विशेष चिकित्सा शिविर**

वर्ष के दौरान छावनी अस्पताल द्वारा अनीमिया के लिए एक विशेष चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया।

**(vii) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

छावनी सामान्य अस्पताल द्वारा छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल शिविर आयोजित किए गए।

**10. सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

नई पेंशन योजना लागू की गई है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

छावनी बोर्ड द्वारा सुविधा और समाधान प्रदान की गई हैं। तथा लोगों की शिकायतों, यदि कोई है, पर नियमित रूप से और प्रायः ध्यान दिया जाता है और बोर्ड द्वारा इनका निपटान किया जाता है।

**(iii) खातों की लेखापरीक्षा**

स्थानीय लेखा परीक्षा अधिकारी, बबीना द्वारा 30.09.2014 तक के खातों की लेखापरीक्षा की गई।

**(iv) जनहित में कोई अन्य पहल**

वर्ष के दौरान छावनी बोर्ड ने राज्य सरकार के साथ मिलकर समाज के गरीब और कमजोर वर्गों के निवासियों की पहचान के लिए सर्वेक्षण किया ताकि राज्य सरकार की योजनाओं को कार्यान्वित किया जा सके। छावनी रक्षा भूमि की सीमा तथा स्थिति का पता लगाने और अतिक्रमण का पता लगाने में सहायता के लिए सर्वेक्षण किया गया है। पारदर्शिता  बनाए रखने के लिए ई-प्रापण तथा ई-निविदा की शुरूआत की गई।

**11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(ii) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

बोर्ड द्वारा एक सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग चलाया जा रहा है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि सॉफ्टवेयर कार्यान्वित किया गया है।

**(iii) दस्तावेज प्रबन्धन प्रणाली**

दस्तावेज प्रबन्धन प्रणाली पूरी कर ली गई है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

इन्टरकॉम की सुविधाएं प्रदान की गई हैं।

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

अंकीकरण का पहला चरण पूरा हो गया है। दूसरे चरण में लगभग 44 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है।

**12. बाजार**

बोर्ड के पास 09 के.एल.पी. (की लैंड प्लानिंग) दुकानें तथा "बुध बाजार मार्केट" नामक एक सार्वजनिक बाजार चलाता है जिसमें वर्ष के दौरान 54 शॉपिंग हटों प्रदान करके / पूरा करके सुधार किया गया है। 54 शॉपिंग हटों में से 24 दुकानें मीट की तथा शेष 30 सामान्य व्यवसाय से संबंधित दुकानें हैं।

**13. अग्निशमन**

बोर्ड अग्निशमन सेवा के लिए झांसी और स्थानीय भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड की यूनिट पर निर्भर है।

**14. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 1332 जन्म तथा 130 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# बादामीबाग

**1. बोर्ड का गठन**

बादामीबाग छावनी श्रेणी II की छावनी है। इसके बोर्ड में 7 निर्वाचित सदस्यों सहित 14 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर के.के. पन्त** | **01.04.2014 से 14.08.2014** |
| | **ब्रिगेडियर विनय बहल** | **15.08.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री विजय रजक** | **01.04.2014 से 28.07.2014** |
| | **श्री श्रेयस एम पटेल** | **28.07.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

वर्ष के दौरान कोई चुनाव नहीं हुए। छावनी अधिनियम, 2006 की धारा 13 के तहत बोर्ड के गठन में 06.06.2014 से बदलाव हुआ।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

वर्ष के दौरान बोर्ड द्वारा लाइसेंस शुल्क के संशोधन के परिणामस्वरूप 44,000 रूपये अतिरिक्त आय अर्जित की गई।

**(ii) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

छावनी क्षेत्र में गृह कर की दर 10 प्रतिशत है। निकटवर्ती श्रीनगर नगरपालिका क्षेत्र में कोई सम्पत्ति कर नहीं लगाया गया है। व्यवसाय कर की दर एक समान है।

**4. जलापूर्ति**

सिविल क्षेत्र में जलापूर्ति जम्मू तथा कश्मीर राज्य विभाग (पीएचई) द्वारा की जाती है। प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता लगभग 273 लीटर प्रतिदिन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान सार्वजनिक निर्माण कार्यों पर निम्नलिखित राशि व्यय की गई:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 1,28,14,840/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 84,64,200/- रूपये |
| (ग) | नालियां | 78,48,084/- रूपये |
| (घ) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 92,68,161/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) शिक्षा का विकास**

बोर्ड एक अंग्रेजी माध्यम प्री-प्राइमरी स्कूल चला रहा है। मार्च, 2015 तक 114 बच्चों (बालक/बालिकाओं) को प्रवेश दिया गया है। स्कूल को प्रथम स्तर तक अपग्रेड किया गया। मुफ्त शिक्षा तथा पुस्तकें प्रदान की गई।

**(ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

छावनी बोर्ड द्‌वारा बी-ऐबल (एनएसडीसी का भागीदार) के सहयोग से ''बेसिक कम्प्यूटर कोर्स'' का व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाता है। अब तक प्रत्येक बैच में 25 विद्‌यार्थियों के साथ 06 बैचों द्‌वारा उक्त कोर्स पूरा किया गया तथा छात्रों को प्रमाण-पत्र दिए गए।

**7. बच्चों के लिए विशेष उपाय**

**(i) विशेष रूप से अशक्त बच्चे**

कश्मीर में सितम्बर, 2014 के दौरान हाल ही में आई विनाशकारी बाढ़ के कारण विशेष रूप से अशक्त बच्चों के लिए निर्मित स्कूल भवन क्षतिग्रस्त हो गया जिससे स्कूल खोलने में बाधा आई तथापि इसकी मरमत की जा रही है, इसके पूरा होने के पश्चात् आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**8. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

सामान्य सफाई सन्तोषजनक रही छावनी बोर्ड ने सितम्बर, 2014 में बाढ़ के दौरान सफाई और स्वास्थ्य संबंधी अतिरिक्त प्रयास किए।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। वर्ष के दौरान किसी भी उल्लंघन की सूचना प्राप्त नहीं हुई।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

छावनी के तीन वार्डों में वर्ष 2013-14 में आवासीय घरों से घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित करने का कार्य शुरू किया गया था। तथापि हाल की विनाशकारी बाढ़ के कारण इसे रोक दिया। इसे पुनः आरंभ किया जा रहा है।

**(iv) वृक्षारोपण**

वर्ष के दौरान 200 देवदार के पेड़ लगाए गए। उनमें से 50 प्रतिशत बचे रहे।

**(v) अन्य पहल**

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली को आधुनिक बनाने के लिए एक जेसीबी और एक सीवरेज चूसन मशीन खरीदी गई।

**9. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

जम्मू तथा कश्मीर सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम के रूप में वर्ष 2005 से 200 बिस्तरों का एक जी बी पन्त नामक छावनी सामान्य अस्पताल चलाया जा रहा है। अस्पताल परिसर में छावनी बोर्ड औषधालय भी चलाया जा रहा है। औषधालय से मरीजों को मुफ्त दवाएं दी जाती हैं। औषधालय में दांतों की निःशुल्क जांच की भी व्यवस्था की गई है। अल्ट्रा-साउंड एवं पैथोलॉजिकल लेबोरेट्री की भी सुविधा है।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

वरिष्ठ नागरिकों को औषधालय में लैब सुविधाओं तथा यूएसजी के साथ निःशुल्क परामर्श, निःशुल्क दवा तथा निःशुल्क दन्त परामर्श प्रदान किया जाता है।

**(iii) किशोरी क्लिनिक**

औषधालय में किशोर अवस्था की लड़कियों को परामर्श/उपचार प्रदान किया जाता है।

**(iv) जननी सुरक्षा योजना**

जी बी पन्त छावनी सामान्य अस्पताल में जननी सुरक्षा योजना पूरी तरह से कार्यान्वित की गई है। जननी सुरक्षा योजना में विहित सभी सुविधाएं यथा आने जाने के लिए निःशुल्क परिवहन, मुफ्त खाना तथा निःशुल्क दवाएं मरीजों को दी जाती हैं।

**(v) एचआईवी जांच सुविधा**

जीबी पन्त छावनी सामान्य अस्पताल में एचआईवी जांच की पूरी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

**(vi) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

छावनी बोर्ड कर्मचारियों, पेंशन धारकों तथा उनके परिवारों की वार्षिक स्वास्थ्य जांच की जाती है। उन्हें सभी आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं, प्रयोगशाला जांच तथा दन्त परामर्श की निःशुल्क सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

**10. सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

नई पेंशन योजना पहले से ही लागू है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

जनता की शिकायतों के निवारण के लिए "समाधान" प्रणाली लागू की गई है।

**(iii) खातों की लेखापरीक्षा**

31.03.2014 तक के खातों की लेखापरीक्षा की गई।

**11. भूमि रिकार्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग में एक कम्प्यूटर प्रोग्रामर की नियुक्ति की गई है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

बोर्ड के प्रबंधनाधीन बादामीबाग छावनी की रक्षा भूमि तथा भूमि रिकार्डों का रख-रखाव रक्षा संपदा अधिकारी, कश्मीर सर्किल द्वारा किया जाता है।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

सितम्बर, 2014 माह में आई विनासकारी बाढ़ के कारण ऑफिस के सभी रिकॉर्ड (हार्ड व अंकीकृत) क्षतिग्रस्त हो गए हैं। क्षतिग्रस्त रिकार्डों की मरम्मत कार्य प्रक्रियाधीन है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

हाल में आए विनासकारी बाढ़ में कम्प्यूटर प्रणाली को हुई क्षति के कारण कर्मचारियों को पहले उपलब्ध कराई गई। "सुविधा" नामक बंद हो गई थी। इसे पुनः आरंभ किया जाता है।

**(v) कार्यालय रिकार्डों का अंकीकरण**

विनासकारी बाढ़ के कारण स्कैन किए गए कार्यालय रिकॉर्ड नष्ट हो गए। प्रक्रिया को नए सिरे से आरंभ करने के नए उपाय किए जा रहे हैं।

**12. बाजार**

बोर्ड के पास 101 दुकानों, 02 कैन्टीनों, 04 वर्कशॉपों, 07 गोदामों तथा 02 वाणिज्यिक हॉलों वाले 02 बाजार हैं।

**13. अग्निशमन**

आवश्यकता पड़ने पर जम्मू राज्य दमकल और सेना की अग्निशमन सेवाएं ली जाती हैं।

**14. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 255 जन्म तथा 61 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# बकलोह

**1. बोर्ड का गठन**

बकलोह छावनी श्रेणी IV की छावनी है। इसके बोर्ड में 2 निर्वाचित सदस्यों सहित 4 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर जे.एस. भारद्वाज** | **01.04.2014 से 11.03.2015** |
| | **ब्रिगेडियर एस.पी. अत्रे, विसेमे** | **12.03.2015 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री ज्योति कुमार** | **01.04.2014 से 07.07.2014** |
| | **श्री अभिमन्यु सिंह** | **08.07.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के वार्ड संख्या-II (महिलाओं के लिए आरक्षित) के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए और परिणामों को 11.02.2015 को अधिसूचित किया गया।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

राजस्व बढ़ाने के लिए सीबीआर सं.30 दिनांक 18.08.2011 तथा सीबीआर सं.43 दिनांक 11.12.2014 में हाल ही में गैर-कर मदों को संशोधित किया गया है।

**(ii) निकटवर्ती नगर पालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

निकटवर्ती नगर पालिका की तुलना में छावनी में गृह कर तथा जल कर की दर अधिक है। परंतु नगरपालिका द्वारा सफाई कर लगाया जाता है जबकि छावनी क्षेत्र में इस प्रकार का कोई कर नहीं लगाया जाता।

**(ii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में सम्पत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

96.29%

**4. जलापूर्ति**

इस स्टेशन पर जलापूर्ति एमईएस के नियंत्रण में है। बकलोह छावनी में सिविल क्षेत्र और इसके साथ-साथ छावनी के बाहर के सिविल क्षेत्र में भी हिमाचल प्रदेश सिंचाई प्राधिकरण द्वारा कुछ घरों को सार्वजनिक जल कनेक्शन दिए गए हैं। प्रति व्यक्ति जल की आपूर्ति 62 लीटर प्रतिदिन है जिसे पर्याप्त माना जाता है। उपर्युक्त के अतिरिक्त बोर्ड ने कुछ प्राकृतिक झरनों पर भी पानी के नल लगाए गए हैं। जहां से पानी एकत्रित तथा सप्लाई किया जाता है। इस पानी का उपयोग पीने के लिए नहीं किया जाता है। परन्तु, इससे जलवाहित शौचालयों, बोर्ड द्वारा संचालित बूचड़खानों तथा जनता के नहाने/कपड़े धोने की आवश्यकताओं की पूर्ति की जाती है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 10,69,880/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 3,74,000/- रूपये |
| (ग) | सामान | 79,702/- रूपये |
| (घ) | विविध सुधार कार्य | 14,75,470/- रूपये |
| (च) | नालियां | 3,91,970/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड द्वारा एक हाई स्कूल तथा दो प्राइमरी स्कूल चलाए जाते हैं।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

28.05.2012 को स्कूल प्रबंधन समिति गठित की गई थी। वर्ष के दौरान स्कूल प्रबंधन समिति की 04 बैठकें हुईं।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

वर्ष के दौरान सिलाई तथा टेलरिंग में व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया गया।

**(iv) शिक्षा के विकास के लिए कोई अन्य पहल**

छात्रवृत्ति देने के लिए गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों अथवा बहुत गरीब परिवार से संबंध रखने वाली कक्षा एक तथा इससे ऊपर की बालिका छात्राओं की पहचान के लिए बोर्ड द्वारा एक समिति गठित की गई है। बोर्ड ने उन मेधावी छात्रों को वजीफा देने का निर्णय किया है जो कक्षावार वार्षिक परीक्षा में 70% अथवा इससे अधिक अंक प्राप्त करते हैं।

**7. बच्चों के लिए विशेष उपाय**

**विशेष रूप से अशक्त बच्चे**

विशेष रूप से अशक्त बच्चों के लिए स्कूल शुरू किया गया है। जहां 04 बच्चे पढ़ रहे है।

**8. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

बकलोह छावनी में सामान्य सफाई संतोषजनक रही।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

छावनी क्षेत्र में पॉलीथीन की थैलियों के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाने के लिए जागरूकता अभियान तथा नियमित आकस्मिक जांच की जा रती है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

कूड़े को अलग-अलग करने के लिए छंटाई की जाती है तथा कूड़े को ढक कर ले जाने वाले वाहन की भी व्यवस्था की गई है और प्रयोग में लाई जा रही है। जनता से बेहतर प्रतिक्रिया न मिल पाने के कारण घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित करने के कार्य को अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। परन्तु इस योजना को शुरू करने तथा कार्यान्वित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पहाड़ी क्षेत्र होने व ठंडे मौसम के कारण इस स्टेशन पर वर्मी खाद बनाने का कार्य व्यवहार्य नहीं है।

**(iv) वृक्षारोपण**

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान 500 पौधे लगाये गए।

## 9. जन स्वास्थ्य

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

जनता के कल्याण के लिए यहां एक अस्पताल है।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की गई। उन्हें स्वास्थ्य कार्ड दिए गए तथा बोर्ड द्वारा उन्हें घर पर ही निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

**(iii) किशोरी क्लिनिक**

इस योजना को छावनी सामान्य अस्पताल, बकलोह छावनी में शुरू किया गया है। जहां से 18 कार्ड जारी किए गए हैं और 79 लड़कियों का रोगनिदान किया गया।

**(iv) जननी सुरक्षा योजना**

गर्ववती महिलाओं की दैनिक जांच और परीक्षण किया जाता है और निःशुल्क इंजेक्शन, आयरन कैप्शूल एवं कैल्शियम की गोलियां दी जा रही है।

**(v) एचआईवी जांच सुविधा**

छावनी सामान्य अस्पताल में एचआईवी जांच सुविधा उपलब्ध है।

**(vi) चलता-फिरता औषधालय**

चलते-फिरते औषधालय द्वारा 107 वरिष्ठ नागरिकों की जांच की गई। उनका उपचार किया गया तथा उन्हें मौके पर ही निःशुल्क दवाईयां दी गईं।

**(vii) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

छावनी सामान्य अस्पताल में सभी छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रित परिवारों का निःशुल्क इलाज किया जाता है।

## 10. सामान्य प्रशासन

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

नई पेंशन योजना लागू कर दी गई है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

जन शिकायतों की सुनवाई व्यक्तिगत रूप से की जाती है तथा उसी के अनुसार उनके निवारण का प्रयास किया जाता है।

**(iii) खातों की लेखापरीक्षा**

मार्च, 2014 तक के खातों की लेखापरीक्षा की गई।

**(iv) सार्वजनिक हित में कोई अन्य पहल**

जब भी इसकी आवश्यकता होगी, इस संबंध में पहल की जाएगी।

**11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग के लिए कम्प्यूटर प्रोग्रामर की नियुक्ति की गई है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि की स्थित को कार्यान्वित किया गया है।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

वर्ष के दौरान दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली में एक कर्मचारी को प्रशिक्षित किया गया।

**(iv) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

जीएलआर से संबंधित अंकीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है।

**12. बाजार**

बोर्ड के पास एक छोटा सा सार्वजनिक बाजार है जिसमें 13 दुकानें हैं।

**13. अग्निशमन**

अग्निशमन के लिए बोर्ड निकटवर्ती नगर पालिका पर निर्भर है।

**14. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 15 जन्म तथा 05 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# बरेली

**1. बोर्ड का गठन**

बरेली छावनी श्रेणी II की छावनी है। इसके बोर्ड में 07 निर्वाचित सदस्यों सहित 14 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर अनिल शर्मा** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री आर एच अवस्थी** | **01.04.2014 से 31.12.2014** |
| | **श्रीमती विनीता वी. देशपाण्डे** | **01.01.2015 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए और इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए।

**3. राजस्व**

**(i) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

छावनी में कराधान का भार नगर निगम बरेली के समान है।

**(ii) कुल वार्षिक मांग तथा बकायों की तुलना में सम्पत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

94%

**4. जलापूर्ति**

सिविल क्षेत्रों में रहने वाली सिविल आबादी को जल की आपूर्ति के लिए बोर्ड के पास अपनी जलापूर्ति प्रणाली है। निवासियों और जनता को व्यक्तिगत जल कनेक्शन के अलावा पर्याप्त मात्रा में सार्वजनिक स्टैंड पोस्ट तथा हैंड पम्प लगाये गये हैं। प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता 200 लीटर प्रतिदिन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए:-

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 84,29,923/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 13,47,673/- रूपये |
| (ग) | नालियां | 4,28,479/- रूपये |
| (घ) | जलापूर्ति | 1,32,749/- रूपये |
| (च) | स्टोर | 34,73,928/- रूपये |
| (छ) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 38,44,275/- रूपये |

## 6. शिक्षा

### (i) स्कूल

बोर्ड दो प्राइमरी स्कूल, एक जूनियर हाई स्कूल तथा एक इन्टरमीडिएट कॉलेज चलाता है, जिनमें 1722 छात्र पढ़ते हैं। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराई गई जिन्हें प्राइमरी स्कूल के छात्रों में वितरित किया गया। सभी प्राइमरी स्कूलों में राज्य सरकार की मदद से मिड डे मिल योजना लागू की जा रही है। प्राइमरी तथा जूनियर हाई स्कूल में मुफ्त वर्दी, स्वेटर तथा लंच बाक्स वितरित किए गए। ''गुरूकुल'' नामक नर्सरी स्कूल भी शुरू किया गया है।

### (ii) स्कूल प्रबंधन समिति

प्राइमरी, जूनियर हाई स्कूल एवं इन्टर कालेज में स्कूल प्रबंधन समिति गठित की गई हैं।

### (iii) शिक्षा का विकास

राज्य सरकार द्वारा प्राइमरी तथा जूनियर हाईस्कूल के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्ग के बच्चों को छात्रवृत्ति दी गयी। स्कूल के एक छात्र को शूटिंग प्रतियोगिता में मुख्यमंत्री पुरस्कार दिया गया।

### (iv) शिक्षा के विकास के लिए कोई अन्य पहल

सभी स्कूलों में कक्षा 6 से 12 तक समाज के कमजोर वर्ग की सभी श्रेणियों के छात्रों को निःशुल्क वर्दी, पुस्तकें तथा लेखन सामग्री दी गयी। **"हमारी बेटी उसका कल"** योजना में कमजोर वर्ग की चार अल्पसंख्यक वर्ग की लड़कियों को 30,000 रूपये की छात्रवृत्ति दी गई।

## 7. पर्यावरण तथा सफाई

### (i) सामान्य सफाई

सफाई व्यवस्था सन्तोषजनक रही।

### (ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध

छावनी में पॉलिथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

### (iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास

बोर्ड ने सिविल तथा सेना दोनों क्षेत्रों में घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित करना शुरू किया है। कूड़े को स्रोत पर ही अलग-अलग किया जाता है तथा उसकी वर्मी खाद बनाई जाती है।

### (iv) वृक्षारोपण

वर्ष के दौरान 1,000 पौधे लगाये गए, उनमें से 70 प्रतिशत बचे रहे।

**8. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

बोर्ड के पास 32 बिस्तरों वाला एक अस्पताल है। वर्ष के दौरान 21,943 बहिरंग तथा 227 अन्तरंग रोगियों का इलाज किए गए।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गये विशेष उपाय**

वरिष्ठ नागरिकों को मुफ्त दवा तथा चलते-फिरते औषधालय की सुविधा प्रदान की गई।

**(iii) किशोरी क्लिनिक**

लड़कियों के लिए साप्ताहिक आधार पर किशोरी क्लिनिक चलाया जाता है।

**(iv) एचआईवी जांच सुविधा**

छावनी सामान्य अस्पताल में एचआईवी जांच सुविधा उपलब्ध है।

**(v) चिकित्सा शिविर**

वर्ष के दौरान पल्स पोलियो शिविर, छावनी बोर्ड कर्मचारी स्वास्थ्य जांच शिविर, स्कूल स्वास्थ्य जांच शिविर, विश्व एड्स दिवस कार्यक्रम, अस्थि खनिज घनत्व शिविर, मातृ तथा बाल कल्याण कार्यक्रम विश्व स्तनपान सप्ताह, दन्त जांच शिविर तथा फाइलेरिया जांच शिविर आयोजित किए गए।

**(vi) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा कर्मचारियों को स्वास्थ्य कार्ड दिए गए।

**9. सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

नई पेंशन योजना लागू की गयी है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

जन शिकायत निवारण प्रणाली "समाधान" लागू की गई है।

**(iii) खातों की लेखापरीक्षा**

09/2014 तक के खातों की लेखापरीक्षा की गई।

**10. भूमि-रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

रिकार्ड के अंकीकरण की परियोजना का कार्य जारी है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि साफ्टवेयर लगाया गया है तथा भूमि रिकार्ड को कम्प्यूटरीकृत किया गया है।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली तथा फाइल प्रबंधन प्रणाली स्थापित की गई है और प्रविष्टियां पूरी कर दी गई हैं।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

कार्यालय रिकार्ड के अंकीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है।

**11. बाजार**

बोर्ड के पास 69 दुकानें 02 सब्जी बाजार तथा एक खोखा जोन है।

**12. अग्निशमन**

आवश्यकता पड़ने पर राज्य सरकार की अग्निशमन सेवाएं ली जाती हैं।

**13. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 699 जन्म तथा 131 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# बैरकपुर

**1. बोर्ड का गठन**

बैरकपुर छावनी श्रेणी II की छावनी है। इसके बोर्ड में 7 निर्वाचित सदस्यों सहित 14 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर जे सी तालुकदार** | **01.04.2014 से 19.06.2014** |
| | **ब्रिगेडियर परविन कुमार** | **20.06.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री विवेक कुमार** | **01.04.2014 से 04.08.2014** |
| | **श्री विजय रजक** | **05.08.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए और इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

बोर्ड द्वारा लगाया गया पार्किंग तथा पलाइम शुल्क जारी है। बाजार, खोखों का नवीनिकरण किया गया है तथा प्रतिमाह 19,000/- रूपये की अतिरिक्त आय अर्जन के लिए अधिभोग अधिकार दिए गए हैं।

**(ii) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

इस छावनी की सीमा दो नगरपालिकाओं अर्थात् उत्तरी बैरकपुर तथा बैरकपुर नगरपालिकाओं से लगती है और यहां समेकित आधार पर संपत्ति कर लगाती हैं। निकटवर्ती नगरपालिकाओं में लगने वाले सभी कर बोर्ड द्वारा भी लगाए गए हैं।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में संपत्ति कर वसूली का प्रतिशत**

28.32% कर एकत्रित किया गया। पश्चिम बंगाल राज्य विद्युत वितरण लिमिटेड द्वारा 73.33 लाख रूपये की राशि की रितयाचिका दर्ज करने के कारण संपत्ति कर की वसूली का लक्ष्य पूरा नहीं किया जा सका। उपर्युक्त को छोड़कर वसूली का प्रतिशत 74% रहा।

**4. जलापूर्ति**

बोर्ड का अपना भंडारण तथा वितरण नेटवर्क है। कोलकाता नगर निगम (केएमसी) से थोक में जल प्राप्त किया जाता है। प्रति व्यक्ति जल की आपूर्ति 135 लीटर प्रतिदिन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

बोर्ड ने छावनी में कई सुधार कार्य शुरू किए जो इस प्रकार है:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 17,43,205/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 25,27,866/- रूपये |
| (ग) | जलापूर्ति | 17,19,445/- रूपये |
| (घ) | विविध | 55,83,785/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड हिन्दी और बंगला माध्यम कक्षाओं के दो प्राइमरी स्कूल चलाता है जिनमें 490 से अधिक छात्र हैं जिनमें से अधिकांश छात्र गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों से आते हैं।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

दोनों स्कूलों के लिए स्कूल प्रबंधन समितियां गठित की गई हैं।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

बोर्ड ने 06 माह के कम्प्यूटर बेसिक कोर्स तथा 03 माह की अवधी का ब्यूटिशियन कोर्स के व्यावसायिक प्रशिक्षण को कोर्स फिस के भुगतान पर शुरू करने का निर्णय लिया है।

**(iv) शिक्षा का विकास**

मेधावी छात्रों को योग्यता पुरस्कार दिए जाते हैं। इसके अतिरिक्त छात्रों को निःशुल्क वर्दियाँ दी गई।

**(v) शिक्षा के विकास के लिए कोई अन्य पहल**

नवम्बर, 2010 से कक्षा-4 के केवल 35 छात्रों के लिए कम्प्यूटर शिक्षा पहले ही शुरू कर दी गई है। बच्चों के लिए समय-समय पर स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाते हैं। शिक्षा के विकास के लिए सितम्बर, 2014 से कला, संगीत तथा मृत जैसी पाठ्येतर गतिविधियों को शुरू किया गया। पूरी कमान का सांस्कृत कार्यक्रम 23.11.2014 को आयोजित किया गया। स्कूल में मिड-डे मील दिया जाता है।

**7. बच्चों के लिए विशेष उपाय**

**(i) विशेष रूप से अशक्त बच्चे**

22.11.2014 से विशेष रूप से अशक्त बच्चों के लिए “कृषलय” नामक केन्द्र शुरू किया गया जिसमें 16 बच्चे हैं।

**(ii) प्रवासी श्रमिकों के बच्चे**

प्रवासी श्रमिकों के बच्चों का एक सर्वेक्षण किया गया और बैरकपुर छावनी में प्रवासी श्रमिक का कोई बच्चा नहीं पाया गया।

**8. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी में समग्र साफ-सफ़ाई का स्तर संतोषजनक रहा।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

छावनी क्षेत्र में पॉलीथीन की थैलियों के प्रयोग न किए जाने के संबंध में एक जागरूकता अभियान चलाया गया और पोस्टर तथा बैनर वितरित एवं प्रदर्शित किए गए।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के सुधार के लिए किए गए उपाय**

बोर्ड ने जैविक, अजैविक अपशिष्ट को अलग-अलग करने के लिए 905 परिवारों को अलग बाल्टियां जारी की हैं। इस प्रकार इन्हें स्रोत स्तर पर ही अलग-अलग किया जा रहा है। वर्तमान में सदर बाजार में घर-घर जाकर घरेलू कूड़े को एकत्र किया जाता है। ठोस अपशिष्ट उपचार सयंत्र लगाने के लिए एक एजेन्सी को अतिंम रूप देने के प्रयास जारी है।

**(iv) वृक्षारोपण**

पूरी छावनी बहुत हरी-भरी है और वहां बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण की कोई गुंजाइश नहीं है। वर्ष के दौरान 60 पौधे लगाए गए। उनमें से 40 प्रतिशत बचे रहे।

**9. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

बोर्ड के पास 25 बिस्तरों वाला एक अस्पताल है जिसमें आधुनिक पैथोलॉजिकल लैब है। एक्सरे, अल्ट्रा सोनोग्राफी तथा ईसीजी सुविधाओं से युक्त एक पोलीक्लिनिक और नदानी केन्द्र प्रभावी रूप से कार्य कर रहे है। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान 46665 बहिरंग, 7268 आपातकालीन तथा 1311 अंतरंग रोगियों का इलाज किया गया। पोलियो प्रतिरक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत बच्चों को पोलियो की दवा पिलायी गई। एकीकृत बाल विकास योजनाएं चलाई गई हैं। 24x7 घंटे एम्बुलेंस सेवा भी उपलब्ध कराई गई है। एक होमियोपैथी डॉक्टर को भी संविदा आधार पर रखा गया है।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

बोर्ड के अस्पताल में सभी वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल की जाती है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए हुगली नदी के किनारे स्थित गोला घाट पर एक शेड (बैठने की व्यवस्था) का निर्माण किया गया।

**(iii) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

सभी कर्मचारी बोर्ड के अस्पताल में स्वास्थ्य देखभाल तथा परामर्श संबंधी निःशुल्क सेवाएं ले सकते हैं। अतिरिक्त/विशेषज्ञ देखभाल के लिए उन्हें राज्य सरकार के अधिकृत चिकित्सा संस्थानों में रेफर किया जाता है।

**10. सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

नई पेंशन योजना लागू की गई है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

वर्तमान में सभी शिकायतों को "समाधान" और बोर्ड के मुख्य अधिशासी अधिकारी तथा स्टाफ द्वारा व्यक्तिगत सुनवाई करके निपटान किया जाता है। नागरिक अधिकार-पत्र प्रदर्शित किया गया है।

**(iii) खातों की लेखापरीक्षा**

मार्च, 2015 तक के खातों की लेखापरीक्षा की गई है।

**11. भूमि रिकार्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग में एक कम्प्यूटर प्रोग्रामर नियुक्त किया गया है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि वर्जन 4.0 कार्यान्वित किया गया है।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली को प्रयोग में लाने के लिए कुल 02 कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया है। अल्फ्रेस्को सॉफ्टवेयर लगाने के लिए सर्वर की खरीद हेतु निवादा शुरू की गई है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

सभी अनुभागों को कम्प्यूटरीकृत तथा लोकल एरिया नेटवर्क के साथ जोड़ा गया है।

**(v) कार्यालय रिकार्ड का अंकीकरण**

कार्यालय रिकार्ड के अंकीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है। पहले चरण में 2073 फाइलों का अंकीकरण किया गया है।

**12. बाजार**

छावनी बोर्ड के सब्जी बाजार चलाता है। जहां 135 बिक्रेता स्थानीय आवादी को सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। बोर्ड द्वारा **"समृद्धि कॉम्प्लेक्स"** का निर्माण किया गया है।

**13. अग्निशमन**

अग्निशमन सेवाओं के लिए बोर्ड राज्य सरकार की एजेन्सियों पर निर्भर है।

**14. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 178 जन्म तथा 103 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# बेलगाम

**1. बोर्ड का गठन**

बेलगाम छावनी श्रेणी II की छावनी है। इसके बोर्ड में 7 निर्वाचित सदस्यों सहित 14 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर संतोष कुरूप, सेमे** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री नीरज जैन** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

बोर्ड में 06.06.2014 को बदलाव हुआ। छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए और इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए। इन चुनावों में पहली बार ईवीएम का प्रयोग किया गया।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

रक्षा संपदा अधिकारी, कर्नाटक सर्किल द्वारा छावनी की मानक किराया तालिका संशोधित की गई। जिसके परिणामस्वरूप सेना से सेवा प्रभार की मांग 5 करोड़ रूपये से बढ़कर 20 करोड़ रूपये वार्षिक हो गई। पिछले वर्ष के 4.92 करोड़ रूपये की तुलना में वर्ष के दौरान 9.96 करोड़ रूपये का सेवा प्रभार आबंटित किया गया जिसके परिणामस्वरूप संपत्ति कर में वृद्धि दर्ज की गई। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में वर्ष 2014-15 की वसूली में 26 लाख रूपये से 54.7 लाख रूपये की वृद्धि हुई।

**(ii) निकटवर्ती नगर पालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

निकटवर्ती नगरपालिका की तुलना में छावनी की कराधान दर अधिक है।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल माँग की तुलना में सम्पत्ति पर की उगाही का प्रतिशत**

84.30%

**4. जलापूर्ति**

बोर्ड अपने भूतल जलाशय में कर्नाटक शहरी जलापूर्ति तथा ड्रेनेज बोर्ड से थोक में जल प्राप्त करता है तथा अपनी व्यवस्था के अंतर्गत इसकी आपूर्ति करता है। इसके अतिरिक्त जलापूर्ति के लिए 42 बोरवेल हैं। वर्ष के दौरान 7 बोरवेलों की व्यवस्था की गई। प्रति व्यक्ति जल की आपूर्ति 70 लीटर प्रतिदिन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 68,69,410/- रुपये |
| (ख) | सड़कें | 31,42,099/- रुपये |
| (ग) | नालियां | 6,20,599/- रुपये |
| (घ) | जलापूर्ति | 12,24,463/- रुपये |
| (च) | सामान | 1,65,163/- रूपये |
| (छ) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 78,41,632/- रुपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड दो हाई स्कूल, जिनमें एक मराठी तथा दूसरा उर्दू माध्यम का है और एक सीबीएसई पाठ्यक्रम के साथ 8वीं कक्षा तक का अंग्रेजी माध्यम स्कूल, जिसमें प्रतिवर्ष एक कक्षा अपग्रेड की जा रही है, चलाता है। सभी तीनों स्कूलों में कुल 1234 बच्चे हैं।

**(iii) स्कूल प्रबंधन समिति**

सभी तीनों स्कूलों में स्कूल प्रबंधन समितियां गठित की गई हैं। बोर्ड ने स्कूलों में छिटपुट कार्य करने, स्कूलों में सफाई का निरीक्षण करने, अध्यापकों का मूल्यांकन करने, नई शैक्षिक योजना शुरू करने आदि के लिए स्कूल प्रबंधन समिति को अधिकार प्रदान किए हैं।

**(iv) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

स्कूली बच्चों को टेलरिंग, सिलाई तथा कढ़ाई का व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

**(v) शिक्षा का विकास**

स्कूल में प्रवेश में लड़कियों को प्राथमिकता दी जाती है तथा उन्हें निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। गरीबी रेखा से नीचे के वर्ग की बालिकाओं को छात्रवृत्ति भी दी जाती है।

**(vi) शिक्षा के विकास के लिए कोई अन्य पहल**

गरीबी रेखा के नीचे के वर्ग के सभी बच्चों को पाठ्यपुस्तकें तथा वर्दी दी जाती हैं। तीनों स्कूलों के सभी बच्चों को मिड-डे मील और दूध दिया जाता है।

**7. बच्चों के लिए विशेष उपाय**

**(i) विशेष रूप से अशक्त बच्चे**

वर्ष के दौरान बोर्ड ने एनजीओ 'स्नेहालय' के सहयोग से 15.09.2014 को विशेष रूप से अशक्त बच्चों के लिए एक केन्द्र शुरू किया है। बीस विशेष रूप से अशक्त बच्चे इस सेवा का उपयोग कर रहे हैं।

**(ii) प्रवासी श्रमिकों के बच्चे**

प्रवासी श्रमिकों के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाती है।

## 8. पर्यावरण तथा सफाई

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी बोर्ड में सामान्य सफाई सन्तोषजनक रही।

**(ii) पॉलीथीन की थैलियों के प्रयोग पर प्रतिबंध**

पॉलीथीन की थैलियों के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है और नियमित जांच की जाती है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

बोर्ड, बेलगाम नगरपालिका के डंपिंग स्थल में ठोस कूड़े को डालता है जहां उसकी खाद बनाई जाती है। घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित किया जा रहा है। पणजी के शहर निगम में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के अध्ययन के लिए दौरा किया गया और डीपीआर में इस पद्यति को अपनाया गया

**(iv) वृक्षारोपण**

वर्ष के दौरान 550 पेड़ लगाए गए। उनमें से 60 प्रतिशत बचे रहे।

**(v) अन्य पहल**

विभिन्न गतिविधियों को लागू करने के लिए स्वच्छ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत एक पंचवर्षीय योजना बनाई गई।

## 9. जन स्वास्थ्य

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

बोर्ड के पास 40 बिस्तरों वाला एक अस्पताल है जिसमें बहिरंग, अंतरंग, प्रसूति, ऑपरेशन थिएटर, पोलियो प्रतिरक्षण, परिवार कल्याण केंद्र, पैथोलॉजी लैब, एम्बुलेंस इत्यादि सुविधाएं मौजूद हैं। नियमित आधार पर आरएमओ तथा स्त्री रोग विशेषज्ञ के अतिरिक्त बोर्ड ने संविदा आधार पर 06 विशेषज्ञ डाक्टरों की नियुक्ति की है। वर्ष के दौरान 27,863 बहिरंग तथा 546 अन्तरंग रोगियों का इलाज किया गया। 79 डिलीवरी केस देखे गए तथा 5420 बच्चों को पोलियो प्रतिरक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत पोलियो की खुराक पिलाई गई। वर्ष के दौरान 2109 रोगियों ने लेबोरेट्री सुविधाओं का लाभ उठाया। अतिरिक्त 165 बड़े ऑपरेशन तथा 91 छोटे ऑपरेशन किए गए। प्रत्येक माह श्वास संबंधी जांच की जाती है।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

वरिष्ठ नागरिकों का पंजीकरण किया गया है तथा उन्हें स्वास्थ्य डायरियां दी गई हैं। वरिष्ठ नागरिकों की समय-समय पर स्वास्थ्य जांच की जाती है।

**(iii) किशोरी क्लिनिक**

प्रत्येक वीरवार को किशोरी/स्नेहा क्लिनिक चलाया जाता है।

**(iv) एचआईवी जांच सुविधा**

बोर्ड अस्पताल में एचआईवी जांच सुविधा अपलब्ध कराई गई है।

**(v) विशेष चिकित्सा शिविर**

मधुमेह, अनीमिया, उच्च रक्तचाप तथा अस्थमा की जांच के लिए समय-समय पर विशेष चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाते हैं।

**(vi) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

छावनी निधि कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों की नियमित अन्तराल पर स्वास्थ्य जांच की जाती है। जिन कर्मचारियों को बेहतर इलाज की आवश्यकता होती है, उन्हें जिला अस्पताल को रेफर किया जाता है।

**10. सामान्य प्रशासन**

**(i) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

जन शिकायतों के पंजीकरण तथा निवारण के लिए बोर्ड ने 'समाधान', ऑनलाइन प्रणाली शुरू की है।

**(ii) खातों की लेखापरीक्षा**

30 सितम्बर, 2013 तक के खातों की लेखापरीक्षा की गई।

**(iii) जनहित में कोई अन्य पहल**

रक्षा भूमि की सीमा एवं स्थिति और अतिक्रमण का पता लगाने के लिए छावनी का एक सर्वेक्षण किया गया। पारदर्शिता बनाने हेतु हेतु ई-प्रापण एवं ई-निविदा की शुरूआत की गई।

**11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग में एक वरिष्ठ प्रोग्रामर तथा एक डाटा एन्ट्री ऑपरेटर है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि सॉफ्टवेयर 4.0 वर्जन सफलतापूर्वक क्रियाशील है एवं भूमि रिकॉर्ड अपडेटिड है। सभी रिकार्ड अंकीय हस्ताक्षरित हैं और रक्षा भूमि से जीएलआर उद्धरण जारी किए जाते हैं।

**(iii) दस्तावेज प्रबन्धन प्रणाली**

दस्तावेज प्रबन्धन सॉफ्टवेयर सफलतापूर्वक क्रियाशील है और सभी जीएलआर, लीज अनुबंध तथा एडमिशन अनुबंध अपलोड कर दिए गए हैं। नए लीज अनुबंध तथा एडमिशन अनुबंध भी अपलोड कर दिए गए हैं।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

लेखा, राजस्व तथा प्रेषण अनुभागों को कम्प्यूटरीकृत किया गया है। एक्यूरल आधारित लेखा प्रणाली को कार्यान्वित करने की प्रक्रिया चल रही है।

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

बोर्ड ने कार्यालय रिकार्ड के अंकीकरण का कार्य पूरा कर लिया है।

**12. बाजार**

बोर्ड के पास 12 बाजार हैं जिनमें 419 दुकानें तथा 92 स्टॉल हैं।

**13. अग्निशमन**

अग्निशमन सेवाओं के लिए बोर्ड राज्य सरकार की अग्निशमन सेवाओं पर निर्भर है।

**14. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 230 जन्म तथा 76 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# कन्नूर

1. **बोर्ड का गठन**

कन्नूर छावनी श्रेणी III की छावनी है। इसके बोर्ड में 6 निर्वाचित सदस्यों सहित 12 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **कर्नल दीपक शर्मा** | **01.04.2014 से 24.09.2014** |
| | **कर्नल युधवीर सिंह** | **24.09.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री नायर विनीत सत्यनारायणन** | **01.04.2014 से 10.07.2014** |
| | **श्री हरीश वर्मा पी** | **10.07.2014 से 31.03.2015** |

2. **चुनाव**

बोर्ड में 06.06.2014 को फेरफार हुआ। छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए और इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए। इन चुनावों में पहली बार ईवीएम का प्रयोग किया गया।

3. **राजस्व**

(i) **राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

बोर्ड ने पार्किंग प्रभार में वृद्धि की है जिससे 01.04.2015 से 5 लाख रूपये की वार्षिक वृद्धि होगी।

(ii) **निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

निकटवर्ती नगरपालिका द्वारा लगाए जाने वाले सभी कर छावनी बोर्ड द्वारा लगाए गए हैं तथा छावनी में कराधान की दर थोड़ी सी अधिक है।

(iii) **वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में सम्पत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

92%

4. **जलापूर्ति**

बोर्ड के पास अपनी जलापूर्ति व्यवस्था है। निजी कनेक्शनों के अतिरिक्त बोर्ड ने 20 सार्वजनिक स्टैंड पोस्ट तथा 8 खुले कुएं भी मुहैया कराए हैं। प्रति व्यक्ति जल की आपूर्ति 200 लीटर प्रतिदिन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 14,39,396/- रुपये |
| (ख) | सड़कें | 10,37,948/- रुपये |
| (ग) | जलापूर्ति | 1,58,275/- रुपये |
| (घ) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 3,97,613/- रुपये |
| (च) | प्रकाश व्यवस्था | 11,10,449/- रुपये |

**6. शिक्षा**

**स्कूल**

बोर्ड कोई स्कूल नहीं चलाता है।

**7. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी क्षेत्र में सामान्य सफाई संतोषजनक रही।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

बोर्ड ने पॉलीथीन की थैलियों के प्रयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

नम और शुष्क अपशिष्ट के लिए अलग कूड़ेदान रखे गए हैं।

**(iv) वृक्षारोपण**

छावनी में पर्याप्त हरियाली है।

**8. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

बोर्ड कोई अस्पताल अथवा औषधालय नहीं चलाता है। सभी सुविधाओं से युक्त राज्य सरकार का जिला अस्पताल छावनी क्षेत्र में स्थित है।

**(ii) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

छावनी बोर्ड कर्मचारियों को जिला अस्पताल में चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

**9. सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

नई पेंशन योजना लागू की गई है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

प्राप्त शिकायतों का तत्काल निवारण किया जाता है।

**(iii) खातों की लेखा परीक्षा**

30.09.2014 तक के खातों की लेखा परीक्षा की गई।

**(iv) जनहित में कोई अन्य पहल**

बोर्ड द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के पेंशन के मामले किए जाते हैं और जिला प्राधिकारियों को भेजे जाते हैं। केरल सरकार ने वर्ष 2014-15 के लिए 30 पेंशन मामलों को स्वीकृति दी है। ई-प्रापण तथा ई-निविदा शुरू की गई है।

**10. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग बनाया गया है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि सॉफ्टवेयर लगाया गया है तथा प्रयोग में लाया जाता है।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

फाइल प्रबंधन सॉफ्टवेयर तथा दस्तावेज प्रबंधन सॉफ्टवेयर स्थापित किया गया है तथा इस्तेमाल में लाया जाता है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

जन्म, मृत्यु तथा विवाह पंजीकरण तथा वेतन पंजीका के डाटा को कम्प्यूटरीकृत किया गया है।

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

कार्यालय रिकॉर्ड के अंकीकरण को पूरा कर लिया गया है और फाइलें एयूआरसी में अपलोड कर दी गई हैं।

**11. बाजार**

बोर्ड के पास छावनी शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में 26 दुकानें और बस स्टैंड के निकट 10 दुकानें/स्टॉल हैं।

**12. अग्निशमन**

आवश्यकता पड़ने पर राज्य सरकार का जिला अग्निशमन तथा बचाव केन्द्र, जो कि छावनी क्षेत्र में स्थित है, से अग्निशमन सेवाएं ली जाती हैं।

**13. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 3897 जन्म तथा 338 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# चकराता

**1. बोर्ड का गठन**

चकराता छावनी श्रेणी III की छावनी है। इसके बोर्ड में 6 निर्वाचित सदस्यों सहित 12 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर दया चन्द, शौर्य चक्र, सेमे** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री हर्षा एच. ई.** | **01.04.2014 से 09.07.2014** |
| | **श्री बर्चस्व** | **09.07.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए और इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

पथकर के संग्रह में अतिरिक्त प्रयास के फलस्वरूप लगभग 12 प्रतिशत राजस्व की वृद्धि हुई। करों के बकायों की वसूली के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया।

**(ii) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

इस बोर्ड का कर ढांचा निकटवर्ती नगरपालिका तथा देहरादून व क्लेमेंट टाउन के छावनी बोर्डों के समान है।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में सम्पत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

63.11%

**4. जलापूर्ति**

बोर्ड अलग-अलग उपभोक्ताओं को पानी का वितरण करने के लिए हेडक्वार्टर स्थापना सं.22 से थोक में जल प्राप्त करता है। प्रति व्यक्ति जलापूर्ति 66 लीटर प्रतिदिन है। बोर्ड ने जनता के लिए 101 जल स्टैंड पोस्ट उपलब्ध कराए।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान सार्वजनिक निर्माण कार्यों पर निम्नलिखित राशि व्यय की गई:-

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 1,66,38,842/- रूपये |
| (ख) | सडकें | 1,34,63,550/- रूपये |
| (ग) | नालियां | 41,85,438/- रूपये |

(घ) जलापूर्ति 10,05,987/- रूपये

(च) विविध सार्वजनिक सुधार कार्य 1,42,01,983/- रूपये

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड के पास एक इंटर स्कूल तथा दो प्राइमरी स्कूल हैं। वर्तमान में छावनी इंटर स्कूल में बच्चों की संख्या 271 तथा दो प्राइमरी स्कूलों में 132 है।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

सभी तीन स्कूलों में स्कूल प्रबंधन समितियां गठित की गई हैं।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

कम्प्यूटर एप्लिकेशन, मोबाईल मरम्मत, टेलरिंग एवं कढ़ाई कोर्स में व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**(iv) शिक्षा का विकास**

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक वर्ग की लड़कियों को उत्तराखंड सरकार के समाज कल्याण विभाग के माध्यम से छात्रवृत्ति दी जाती है।

**(v) शिक्षा के विकास के लिए कोई अन्य पहल**

छावनी बोर्ड सीबीएसई पाठ्यक्रम के पैटर्न पर कक्षा 1 से कक्षा 5 तक अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा प्रदान करता है। बोर्ड कक्षा 8 स्तर तक के सभी छात्रों को निःशुल्क पुस्तकें, लेखन सामग्री तथा वर्दी प्रदान करता है। शिक्षा के विकास की आवश्यकतानुसार क्लस्टर संसाधन केन्द्र तथा राज्य सरकार के राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान द्वारा शिक्षण कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया जाता है। बोर्ड द्वारा छात्राओं के लिए अलग शौचालय की व्यवस्था भी की गई।

**7. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी में सफाई का स्तर संतोषजनक रहा।

**(ii) पॉलिथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

छावनी क्षेत्र में पॉलिथीन की थैलियों के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

सेना तथा सिविल दोनों क्षेत्रों में घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित किया जाता है। खाद बनाने के लिए जैव सुपाच्य ठोस अपशिष्ट का प्रयोग किया जाता है।

**(iv) वृक्षारोपण**

वर्ष के दौरान 4000 पेड़ लगाए गए। उनमें से 53 प्रतिशत बचे रहे।

**8. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

इस बोर्ड के पास कोई भी अस्पताल तथा औषधालय नहीं है, परन्तु छावनी क्षेत्र में राज्य सरकार का एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चलाया जा रहा है।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

यह कार्य राज्य सरकार के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा किया जा रहा है।

**(iii) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

ग्रुप-डी के सभी कर्मचारियों को समय-समय पर रबड़ के जूते, बरसाती कोट, सर्दी की वर्दी, ऊन की पूरी बाजू की जर्सियां तथा ऊनी जुराबें दी जाती हैं।

**9. सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

नई पेंशन योजना लागू की गयी है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

जनशिकायत निवारण प्रणाली ''समाधान'' लागू की गई है।

**(iii) खातों की लेखा परीक्षा**

मार्च, 2015 तक के खातों की लेखा परीक्षा की गई।

**10. भूमि-रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग बनाया गया है जिसमें एक कम्प्यूटर प्रोग्रामर की नियुक्ति की गई है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि वर्जन 4.0 इस्तेमाल में लाया जा रहा है।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

रिकार्ड रूम में दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली स्थापित की गयी है तथा फाइलों के सूचीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

छावनी बोर्ड कार्यालय के कर्मचारियों के लिए शिकायत निवारण प्रणाली ''सुविधा'' पहले से ही स्थापित है। बोर्ड की वेबसाइट www.cbchakrata.org भी शुरू की गई है।

**(iv) कार्यालय रिकार्ड का अंकीकरण**

अंकीकरण का प्रथम चरण पूरा हो गया है और दूसरा चरण प्रक्रियाधीन है।

**11. बाजार**

छावनी में एक सार्वजनिक बाजार है जिसमें 189 दुकानें हैं। इनमें से 105 दुकानें छावनी बोर्ड की हैं जो किराये पर दी गई हैं।

**12. अग्निशमन**

आवश्यकता पड़ने पर स्थानीय सेना प्राधिकारियों से अग्निशमन सेवाएं ली जाती हैं।

**13. जन्म एवं मृत्यु**

वर्ष के दौरान 32 जन्म तथा 05 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# क्लेमेंट टाउन

1. **बोर्ड का गठन**

क्लेमेंट टाउन श्रेणी II की छावनी है। इसके बोर्ड में 7 निर्वाचित सदस्यों सहित 14 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर एस के आहूजा युसेमे** | **01.04.2014 से 21.12.2014** |
| | **ब्रिगेडियर आर पी पाण्डे** | **21.12.2014 से 11.01.2015** |
| | **ब्रिगेडियर पारितोष पन्त** | **11.01.2015 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री बी अजीत रेड्डी** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |

2. **चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए और इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए।

3. **राजस्व**

(i) **राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

बोर्ड ने 2013-14 को समाप्त अवधि का त्रैवार्षिक मूल्यांकन पूरा कर लिया गया है। वित्तीय वर्ष 2016-2017 का अगला त्रैवार्षिक मूल्यांकन अपेक्षित है।

(ii) **निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

करों की दरें निकटवर्ती नगरपालिका के समान हैं। नगरपालिका ने व्यापार व व्यवसाय कर तथा सफाई कर समाप्त कर दिया है जबकि छावनी बोर्ड में ये कर लगाए जाते हैं।

(iii) **वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में सम्पत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

70%

4. **जलापूर्ति**

छावनी क्षेत्र में सिविल आबादी को जल की आपूर्ति पाइपों के जरिये उत्तराखंड जल संस्थान द्वारा की जाती है। इसके अतिरिक्त छावनी के लोगों के लिए बोर्ड ने 65 हैंड पम्प तथा 6 कुओं की व्यवस्था की है। प्रति व्यक्ति जलापूर्ति 135 लीटर प्रतिदिन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान सार्वजनिक निर्माण कार्यों पर निम्नलिखित राशि व्यय की गई:-

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 1,61,86,161/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 1,70,95,796/- रूपये |
| (ग) | नालियां | 51,20,698/- रूपये |
| (घ) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 25,44,732/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

छावनी बोर्ड, क्लेमेंट टाउन एक जूनियर हाई स्कूल चलाता है, जिसमें 280 छात्र हैं तथा बोर्ड पांचवीं कक्षा तक का एक अंग्रेजी माध्यम स्कूल भी चलाता है जिसमें 270 छात्र हैं।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

स्कूल प्रबंधन समिति गठित की गई है।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

टेलरिंग, कढ़ाई तथा अंग्रेजी आशुलिपि के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण चलाया जा रहा है।

**(iv) शिक्षा का विकास**

बोर्ड द्वारा 80%से अधिक उपस्थिति वाली कन्याओं को 100 रूपया प्रतिमाह देता है। गरीबी रेखा से नीचे / गरीब परिवारों के बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए वर्दी भी दी जाती है। राज्य सरकार की सहायता से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के बच्चों को मध्यान्ह भोजन तथा छात्रवृत्रि प्रदान की जाती है।

**(v) शिक्षा के विकास के लिए कोई अन्य पहल**

छावनी बोर्ड नर्सरी से पांचवी कक्षा तक का एक अंग्रेजी माध्यम स्कूल चलाता है।

**7. बच्चों के लिए विशेष उपाय**

प्रवासी श्रमिकों के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम स्कूल में प्रवेश दिया गया है और उन्हें निःशुल्क शिक्षण योजना के अन्तर्गत बोर्ड द्वारा वर्दी तथा पुस्तकें मुहैया करायी जा रही हैं।

**8. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी की सफाई संतोषजनक रही।

**(ii) पॉलिथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

छावनी क्षेत्र में पॉलिथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

बोर्ड ने छावनी के सिविल तथा सेना क्षेत्र में घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित करने का कार्य शुरू किया है।

**9. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

बोर्ड 14 बिस्तरों वाला एक अस्पताल चलाता है। वर्ष के दौरान 29,050 रोगियों का ओपीडी में इलाज किया गया तथा 214 अन्तरंग रोगी भर्ती किए गए।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किये गये विशेष उपाय**

छावनी अस्पताल द्वारा सप्ताह में एक बार वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की जाती है।

**(iii) किशोरी क्लिनिक**

छावनी अस्पताल में किशोर लड़कियों की सप्ताह में एक बार नियमित जांच की जाती है। प्रत्येक लड़की की पूरी जाँच, हीमोग्लोबिन तथा ब्लड ग्रुप जाँच की जाती है। आयरन, कैल्शियम तथा कीड़े मारने की दवाएं निःशुल्क दी गई।

**(iv) जननी सुरक्षा योजना**

छावनी सामान्य अस्पताल में यह योजना राज्य सरकार की सहायता से चलाई जा रही है।

**(v) एचआईवी जांच सुविधा**

धर्मार्थ लैब द्वारा 30/- रू0 प्रति रोगी की दर से एचआईवी जांच की जाती है।

**(vi) अन्य पहल**

पीपीपी पद्यति पर दन्त क्लिनिक शुरू किया गया। एक पृथक फिजियोथेरेपी वार्ड शुरू किया गया है और इससे 3893 रोगी लाभांवित हुए। विभिन्न चिकित्सा शिविर, बीएमडी, निःशुल्क हृदय जांच शिविर तथा निःशुल्क थायराइड जांच शिविर आयोजित किए गए।

**(vi) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

कर्मचारियों की छः महीने में पूरी जांच की जाती है।

**10. सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

छावनी बोर्ड द्वारा नई पेंशन योजना कार्यान्वित की गयी है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

बोर्ड ने जनता की शिकायतों के निवारण के लिए ''समाधान केन्द्र'' तथा छावनी बोर्ड कर्मचारियों के लिए ''सुविधा'' स्थापित की है।

**(iii) खातों की लेखापरीक्षा**

31 मार्च, 2015 तक खातों की लेखापरीक्षा की गई।

**11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

छावनी बोर्ड ने सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग स्थापित किया है।

**(ii) रक्षा भूमि के कार्यान्वयन की स्थिति**

क्लेमेंट टाउन छावनी के जीएलआर का रख-रखाव रक्षा संपदा कार्यालय, मेरठ द्वारा किया जाता है।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

छावनी बोर्ड, क्लेमेंट टाउन ने कम्प्यूटर में दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली साफ्टवेयर लगाया है तथा डीजीडीई, नई दिल्ली के एयूआरसी सर्वर में विधिवत अंकीकृत हस्ताक्षरित 4375 फाइलों को अपलोड किया गया है। स्कैनिंग का चरण 2 शुरू हो गया है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

छावनी बोर्ड ने सभी अनुभागों में कम्प्यूटर लगाए हैं तथा कार्यालय के सभी कर्मचारी कम्प्यूटर पर काम करते हैं।

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

कार्यालय रिकार्ड के अंकीकरण के प्रथम चरण का कार्य पूरा कर लिया गया है।

**12. बाजार**

बोर्ड के पास 25 दुकानों वाले दो बाजार हैं।

**13. अग्निशमन**

छावनी बोर्ड के पास अग्निशमन की कोई व्यवस्था नहीं है। आवश्यकता पड़ने पर राज्य सरकार की अग्निशमन सेवाएं ली जाती हैं।

**14. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 208 जन्म तथा 73 मृत्यु का पंजीकरण हुआ।

# दगशाई

**1. बोर्ड का गठन**

दगशाई छावनी श्रेणी III की छावनी है। इसके बोर्ड में 6 निर्वाचित सदस्यों सहित 12 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर पी बी एस लाम्बा** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री वरुण कालिया** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए तथा इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

ब्लॉक वर्ष 01.04.2014 से 31.03.2017 का त्रैवार्षिक मूल्यांकन पूरा कर लिया गया है, जिसमें पिछले मूल्यांकन की तुलना में 18.16 प्रतिशत की वृद्धि दर्शायी गई है।

**(ii) निकटवर्ती नगर पालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

करों की दरें निकटवर्ती नगर पालिका सोलन की तुलना में अधिक है।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में संपत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

100%

**4. जलापूर्ति**

बोर्ड एमईएस से थोक में जल प्राप्त करता है। पानी की आपूर्ति 50 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए :

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 36,85,918/- रूपये |
| (ख) | सड़क | 13,04,894/- रूपये |
| (ग) | नालियाँ | 15,63,085/- रूपये |
| (घ) | जलापूर्ति | 12,23,433/- रूपये |
| (च) | सामान | 68,180/- रूपये |
| (छ) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 24,72,966/- रूपये |

## 6. शिक्षा

### (i) स्कूल

छावनी बोर्ड लिटिल एंजल प्राइमरी स्कूल के नाम से एक अँग्रेजी माध्यम प्राइमरी स्कूल चलाता है। नर्सरी से कक्षा 3 तक की कक्षाएं शुरू की गई हैं।

### (ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण

छावनी क्षेत्र के जरूरतमन्द बच्चों के लिए कंप्यूटर कोर्स के व्यावसायिक प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। दीवाली के अवसर पर दीया व मोमबत्ती बनाने का कोर्स चलाया जाता है।

### (iii) शिक्षा का विकास

छात्रों को मध्यान्ह का भोजन उपलब्ध कराने की पहल की गई।

## 7. बच्चों के लिए विशेष उपाय

### (i) विशेष रूप से सक्षम (अशक्त) बच्चे

सर्वे किया गया। दगशाई छावनी परिषद व आसपास के क्षेत्र में विशेष रूप से सक्षम (अशक्त) बच्चों के 04 मामले पाए गए। दगशाई पब्लिक स्कूल, दगशाई के सहयोग से कसौली/दगशाई के लिए संयुक्त रूप से एक विशेष स्कूल की स्थापना की जा रही है। विशेष शिक्षक की नियुक्ति की गई है।

### (ii) प्रवासी श्रमिकों के बच्चे

छावनी में प्रवासी श्रमिक 2-3 महीने के लिए आते हैं। उनके बच्चे आंगनवाड़ी/सरकारी स्कूल अथवा एनजीओ द्वारा संचालित स्कूल में जाते हैं।

## 8. पर्यावरण तथा सफाई

### (i) सामान्य सफाई

छावनी में सामान्य सफाई संतोषजनक रही। मौजूदा सामूहिक शौचालयों की मरम्मत की गई।

### (ii) पॉलिथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध

हिमाचल प्रदेश में पॉलिथीन के प्रयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया है और छावनी क्षेत्र पॉलिथीन थैलियों से मुक्त है।

### (iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास

छावनी के अंदर घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित किया जाता है। जैविक तथा अजैविक कूड़े को अलग-अलग करने के लिए छावनी क्षेत्र में 2 चेम्बरों वाले कूड़ेदानों की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार चल कूड़ेदानों के साथ गैर-मोटर के केनों की व्यवस्था की गई है। कूड़े को एकत्रित करके उसे ढकी हुई गाड़ी में ले जाया जाता है।

### (iv) वृक्षारोपण

वर्ष के दौरान 700 पेड़ लगाये गये। उनमें से 50 प्रतिशत बचे रहे।

**(v) अन्य पहल**

पार्क परिदृश्यों, दृश्य बिन्दुओं व मार्गों के साथ-साथ रेलिंग का विकास पर्यटकों को छाया में बैठने का स्थान उपलब्ध कराने हेतु व 'गाजीबो' व बैंच (यूरोपीय/विक्टोरियन) लगाई गई हैं।

## 9. जन स्वास्थ्य

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

बोर्ड एक औषधालय चलाता है। वर्ष के दौरान 3815 बहरिंग रोगियों का इलाज़ किया गया। वार्षिक चिकित्सा कलेंडर प्रणाली शुरू की गई। अस्पताल प्रबंधन समिति गठित की गई। विकृति विज्ञान (पैथोलॉजी) सेवाएं शुरू की गई तथा अन्य चिकित्सा उपकरणों की खरीद की गई। दगशाई में प्रयोगशाला सुविधाएं शुरू की गई। छावनी परिषद औषधालय में नशामुक्ति केंद्र खोला गया तथा योग्य, अनुभवी मनोवैज्ञानिक/परमर्शदाता के साथ-साथ मनोचिकित्सक भी रखे गए हैं। बहरिंग रोगी विभाग बहुत सफल रहा, जिसमें 300 से अधिक रोगियों/नशे के आदी व्यक्तियों का इलाज़ किया गया।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

वरिष्ठ नागरिकों को मुफ्त दवाएं दी जाती हैं। उनकी स्वास्थ्य डायरी भी रखी जाती है।

**(iii) विशेष चिकित्सा शिविर**

छावनी बोर्ड औषधालय में नि:शुल्क चिकित्सा जांच, नेत्र जांच तथा दंत जांच के शिविर आयोजित किए गए।

**(iv) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थय देखभाल उपाय**

छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के नि:शुल्क इलाज़ के लिए स्वास्थय डायरियां तैयार की गई।

## 10. सामान्य प्रशासन

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

छावनी बोर्ड में नई पेंशन योजना लागू की गई है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

बोर्ड की वेबसाइट पर "समाधान" तथा "सुविधा" साफ्टवेयर अपलोड किया गया है। इसके अतिरिक्त शिकायत रजिस्टर रखा गया है तथा बोर्ड की वेबसाइट पर फीडबैक/टिप्पणी का कालम दिया गया है। शिकायतों पर नियमित रूप से अमल किया जाता है। शिकायतों के निवारण के लिए एसएमएस के जरिए मैसेज संप्रेषण प्रणाली लागू की गई है।

**(iii) खातों के लेखा परीक्षा**

छावनी बोर्ड के सितम्बर, 2014 तक के खातों की लेखा परीक्षा की गई।

**(iv) जनहित में कोई अन्य पहल**

मुटेशन के लिए जांच सूची तथा भवन योजना स्वीकृति के लिए जांच सूची बनाई गई। निवासियों के लिए इंटरनेट कनैक्शन सहित पुस्तकालय/वाचनालय की स्थापना की गई।

**11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग में कंप्यूटर प्रोग्रामर की नियुक्ति की गई है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि सॉफ्टवेयर सफलतापूर्वक स्थापित किया गया है तथा इसके वर्जन को नियमित रूप से अद्यतन किया जाता है तथा इसका प्रयोग विभिन्न भूमि मामलों के लिए किया जाता है।

**(iii) दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली**

दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली लागू की गई है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

छावनी बोर्ड कार्यालय में सभी कम्प्यूटरों को लोकल एरिया नेटवर्क से जोड़ा गया। वेतन बिलों तथा सामान्य भविष्य निधि का स्वचलीकरण किया गया है।

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

छावनी बोर्ड रिकॉर्ड की स्केनिंग तथा अंकीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है।

**12. बाज़ार**

बोर्ड के पास 8 दुकानें तथा 4 स्टाल है।

**13. अग्निशमन**

बोर्ड के पास अपनी अग्निशमन व्यवस्था है।

**14. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान शून्य जन्म तथा 10 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# डलहौजी

**1. बोर्ड का गठन**

डलहौजी छावनी श्रेणी III की छावनी है। इसके बोर्ड में 6 निर्वाचित सदस्यों सहित 12 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे :-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर जे एस भारद्वाज** | **01.04.2014 से 11.03.2015** |
| | **ब्रिगेडियर एस पी अत्रे** | **12.03.2015 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री अभिमन्यु सिंह** | **09.07.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए तथा इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

वर्ष 2014-15 के दौरान टोल कर की नीलामी की गई जिससे 37,65,000/- रुपए की आय अर्जित हुई।

**(ii) निकटवर्ती नगर पालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

छावनी में करों की दर निकटवर्ती नगरपालिका क्षेत्र के तुलनीय है। छावनी में जल कर की दरें अधिक हैं। परंतु निकटवर्ती नगरपालिका में भवन की मूल्यांकन कीमत के 12 प्रतिशत की दर से सफाई कर लगाया जाता है, परंतु छावनी क्षेत्र में यह कर नहीं लगाया जाता है।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में संपति कर की उगाही का प्रतिशत**

96.46%

**4. जलापूर्ति**

बोर्ड की अपनी स्वतंत्र जलापूर्ति है। प्रति व्यक्ति जल की आपूर्ति 70 लीटर प्रतिदिन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए :

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 10,70,795/- रूपये |
| (ख) | सड़क | 45,800/- रूपये |
| (ग) | नालियाँ | 1,06,510/- रूपये |
| (घ) | जलापूर्ति | 4,62,630/- रूपये |

| | | |
|---|---|---|
| (च) | सामान | 56,678/- रूपये |
| (छ) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 9,70,310/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड एक प्राइमरी स्कूल चलाता है।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

स्कूल प्रबंधन समिति गठित की गई है तथा वर्ष के दौरान स्कूल प्रबंधन समिति की 04 बैठकें हुई।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

छावनी बोर्ड प्राइमरी स्कूल में व्यावसायिक प्रशिक्षण शुरू किया गया है, जहां कार्यालय स्वचलीकरण तथा कटाई-सिलाई का प्रशिक्षण दिया जाता है। वर्ष के दौरान इस कोर्स के लिए 35 छात्रों का पंजीकरण किया गया।

**(iv) शिक्षा का विकास**

सभी छात्रों को पुस्तकें तथा वर्दी मुफ्त प्रदान की जाती हैं।

**(v) शिक्षा के लिए कोई अन्य पहल**

छावनी बोर्ड प्राइमरी स्कूल में अंग्रेजी माध्यम सीबीएसई पाठ्यक्रम शुरू किया गया है।

**7. बच्चों के लिए विशेष उपाय**

**विशेष रूप से सक्षम(अशक्त) बच्चे**

छावनी बोर्ड, डलहौजी में हाल ही में “समर्थ” नाम से विशेष रूप से सक्षम (अशक्त) बच्चों के लिए एक केंद्र खोला गया है।

**8. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी में सामान्य सफाई संतोषजनक रही।

**(ii) पॉलिथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

राज्य सरकार द्वारा पॉलिथीन के प्रयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया है। छावनी परिषद ने भी छावनी क्षेत्र में पॉलिथीन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का कार्यान्वित किया गया है। घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित किया जाता है। कूड़े को अलग-अलग किया जाता है तथा इसकी ढुलाई ढकी हुई गाड़ी में की जाती है।

**(iv) वृक्षारोपण**

वर्ष 2014-2105 के दौरान 3100 पेड़ लगाए गए।

**9. जन स्वास्थय**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

बोर्ड 2 बिस्तरों वाला एक अस्पताल चलाता है। वर्ष के दौरान 6605 बहरिंग तथा 19 अंतरंग रोगियों का इलाज़ किया गया। अस्पताल मे प्रयोगशाला, टीकाकरण केंद्र तथा एंबुलैंस की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

वरिष्ठ नागरिकों की वर्ष में दो बार निशुल्क जांच की जाती है तथा पुरानी बीमारी होने की स्थिति में उन्हें एक महीने की मुफ्त दवाएं दी जाती है। वर्ष के दौरान 62 वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की गई।

**(iii) किशोरी क्लीनिक**

वर्ष के दौरान 37 लड़कियों की जांच की गई तथा उनका इलाज किया गया।

**(iv) एचआईवी जांच की सुविधाएं**

छावनी सामान्य अस्पताल में एचआईवी जांच की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

**(v) विशेष चिकित्सा शिविर**

वर्ष के दौरान दो पल्स पोलियो शिविर तथा एक नेत्र शिविर आयोजित किए गए तथा लोगों का नि:शुल्क इलाज़ किया गया।

**(vi) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थय देखभाल उपाय**

इस अस्पताल में कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों का मुफ्त दवा के साथ निशुल्क इलाज़ किया जाता है।

**10. सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

नई पेंशन योजना लागू की गई है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

जनता की शिकायतों का तत्परता से निपटान किया गया।

**(iii) खातों के लेखापरीक्षा**

मार्च, 2014 तक के खातों की लेखापरीक्षा की गई।

**11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि साफटवेयर 3.3 वर्जन तक कार्यान्वित किया गया।

**(ii) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

कार्यालय में सभी फाइलों की सूची बनाई गई है।

**(iii) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

जीएलआर तथा कार्यालय रिकार्ड के अंकीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है।

**12. बाज़ार**

बोर्ड के पास केवल एक बाज़ार है जिसमें 7 दुकानें / खोके हैं।

**13. अग्निशमन**

छावनी में अग्निशामन की कोई व्यवस्था नहीं है। कोई अप्रिय घटना होने की स्थिति में परिषद अग्निशमन के लिए राज्य सरकार पर निर्भर है।

**14. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान शून्य जन्म तथा 7 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# दानापुर

**1. बोर्ड का गठन**

दानापुर छावनी श्रेणी II की छावनी है । इसके बोर्ड में 7 निर्वाचित सदस्यों सहित 14 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे :-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर आसिफ हुसैन** | **01-04-2014 से 30-09-2014** |
| | **ब्रिगेडियर विनय धीमान, विसेमे** | **01-10-2014 से 31-03-2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री विजय कुमार बी नायर** | **01-04-2014 से 31-03-2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए तथा इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

दुकानों तथा बाजार के स्टालों के लाइसेंस शुल्क, व्यापार लाइसेन्स शुल्क तथा जल प्रभारों में वृद्धि की गई है।

**(ii) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

निकटवर्ती नगरपालिका की तुलना में छावनी में कर दरें अधिक है।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में संपति कर की उगाही का प्रतिशत**

70.12%

**4. जलापूर्ति**

परिषद के पास 04 ओवरहैड पानी के टैंकों सहित 04 जलापूर्ति गहरे बोरवेल तथा 48 हैंड पम्प है। वर्ष के दौरान एक नया पंपिंग स्टेशन भी शुरू किया गया है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए:

| | |
|---|---|
| (क) भवन | 3,05,761/- रूपये |
| (ख) सड़क | 2,32,849/- रूपये |
| (ग) नालियाँ | 3,40,391/- रूपये |
| (घ) जलापूर्ति | 3,24,134/- रूपये |
| (च) विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 16,33,392/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i)** परिषद द्वारा कोई स्कूल संचालित नहीं किया जाता ।

**(ii)** टेलरिंग तथा सिलाई का व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया जाता है।

**7. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी में सामान्य सफाई संतोषजनक है।

**(ii) पॉलिथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

छावनी में पॉलिथीन पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

सेना तथा सिविल दोनों क्षेत्रों में घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित करने का कार्य शुरू किया गया है । कूड़े को ढकी हुई गाड़ी में ट्रेंचिंग स्थल तक पहुंचाया जाता है।

**(iv) वृक्षारोपण**

लगभग 50 पेड़ लगाए गए। उनमें से 80 प्रतिशत बचे रहे।

**(v) अन्य पहल**

दुर्गा पूजा, संक्रांति तथा विशेष रूप से छठ जैसे उत्सवों पर लाखों श्रद्धालु सोन नदी के तट पर एकत्रित होते हैं। इस अवधि के दौरान सोन नदी के तटों पर सफाई का कार्य कुशलतापूर्वक किया गया।

**8. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

बोर्ड एक पॉलीक्लिनिक चलाता है। वर्ष के दौरान 6541 बहरिंग रोगियों का इलाज़ किया गया। जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त उपचार व दवाएं दी जाती हैं।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थय कार्ड दिए गए है। जरूरतमन्द वरिष्ठ नागरिकों को मुफ्त इलाज़ व दवाइयाँ दी जाती हैं।

**(iii) किशोरी क्लिनिक**

सप्ताह में दो दिन किशोरी क्लिनिक चलाया जाता है।

**(iv) विशेष चिकित्सा शिविर**

गत वर्ष के दौरान दंत चिकित्सा, मूत्र रोग चिकित्सा व रक्तदान शिविर लगाए गए। निशुल्क चिकित्सा जांच भी की गई।

**(v) छावनी बोर्ड कर्मचरियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थय देखभाल उपाय**

छावनी बोर्ड कर्मचारी तथा उनके आश्रित छावनी बोर्ड औषधालय से चिकित्सा सुविधाएँ ले रहे है। छावनी बोर्ड कर्मचारियों की छमाही स्वास्थ्य जांच की जाती है तथा वरिष्ठ

नागरिकों व छावनी बोर्ड, दानापुर के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की वार्षिक स्वास्थय जांच की जाती है।

**9. सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

नई पेंशन योजना कार्यान्वित की गई है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

शिकायतों के लिए 'समाधान' शिकायत रजिस्टर बनाए गए हैं तथा उसकी दैनिक आधार पर मॉनिटरिंग की जाती है।

**(iii) खातों की लेखा परीक्षा**

छावनी निधि के सितम्बर 2014 तक के खातों की लेखापरीक्षा की गई।

**(iv) जनहित में कोई अन्य पहल**

पात्र व्यक्तियों को केंद्र तथा राज्य सरकार की वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन तथा विकलांगता पेंशन जैसी सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा विधेयक के तहत निवासियों को राशन कार्ड वितरित किए गए।

**10. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

सहायक प्रोग्रामर के पद को भरा जा रहा है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि का 4.0 वर्जन लगाया गया है।

**(iii) दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली**

दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली लागू की गयी है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

कार्यालय के सभी अनुभागों में कम्प्यूटर दिए गए हैं। अब जन्म तथा मृत्यु के पंजीकरण को कम्प्यूटरीकृत कर दिया गया है।

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

फाइलों के सूचीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है।

**11. बाज़ार**

बोर्ड के पास 54 दुकानों तथा 27 टीन की दुकानों का एक बाज़ार है। बोर्ड के पास 46 और दुकानें है जिन्हें स्ववित्त पोषण योजना के अंतर्गत निर्मित किया गया है। बोर्ड के पास पेठिया बाज़ार में भी 9 दुकानें है।

**12. अग्निशमन**

आवश्यकता पड़ने पर राज्य सरकार की अग्निशमन सेवाएं ली जाती है।

**13. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 412 जन्म तथा 112 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# देहरादून

**1. बोर्ड का गठन**

देहरादून छावनी श्रेणी I की छावनी है। इसके बोर्ड में 8 निर्वाचित सदस्यों सहित 16 सदस्य है। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे :-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **मेजर जनरल एस सभरवाल** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री अरविंद कुमार द्विवेदी** | **01.04.2014 से 07.08.2014** |
| | **श्रीमती विभा शर्मा** | **08.08.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए तथा इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

बोली द्वारा टोल कर की उगाही के पट्टे के अधिकार 1,40,50,000/- रु. में दिए गए।

**(ii) निकटवर्ती नगर पालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

छावनी की कर दरें निकटवर्ती नगरपालिका क्षेत्र की दरों के समान हैं ।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में संपत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

79%

**4. जलापूर्ति**

छावनी बोर्ड की अपनी जलापूर्ति व्यवस्था है जिसमें 6 ट्यूबवैल 4 ओवर हैड टैंक व 2 भूमिगत संप है जिसके द्वारा छावनी के निवासियों को पेयजल की आपूर्ति की जाती है। प्रति व्यक्ति जल की आपूर्ति 160 लीटर प्रतिदिन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित निर्माण कार्य किए गए :-

| | |
|---|---|
| (क) भवन | 14,13,780/- रूपये |
| (ख) सड़कें | 88,17,860/- रूपये |
| (ग) जलापूर्ति | 4,76,306/- रूपये |
| (घ) सामान | 2,31,066/- रूपये |
| (च) विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 3,28,531/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड के पास एक कन्या इंटर कॉलेज, दो जूनियर हाई स्कूल तथा एक अँग्रेजी माध्यम का प्राइमरी स्कूल है। कंप्यूटर शिक्षा भी दी जाती है।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

सभी स्कूलों में स्कूल प्रबंधन समितियां गठित की गई है।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

बोर्ड व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र में 6 माह की अवधि के कंप्यूटर प्रशिक्षण, कटाई व सिलाई तथा आशुलिपि कोर्स चलाता है।

**(iv) शिक्षा का विकास**

मेधावी छात्राओं को प्रोत्साहित करने हेतु बोर्ड की परीक्षाओं में 70% से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को 3000/- रु. प्रति छात्रा छात्रवृति तथा 6वीं से 9वीं व 11वीं तक कक्षा में प्रथम आने वाली छात्राओं को 2000/- प्रति छात्रा तथा कक्षा 1 से 5 तक 1000/- प्रति छात्रा छात्रवृति दी जाती है।

**(v) शिक्षा के विकास के लिए कोई अन्य पहल**

छावनी बोर्ड के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा दी जा रही है। बोर्ड के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को मुफ्त शिक्षा, वेषभूषा, पुस्तक आदि उपलब्ध करा रहा है।

**7. बच्चों के लिए विशेष उपाय**

**विशेष रूप से अशक्त बच्चे**

बोर्ड ने विशेष रूप से अशक्त बच्चों के लिए 'संभव' नामक फिजियोथैरेपी केंद्र स्थापित किया है।

**8. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी में सामान्य सफाई का स्तर संतोषजनक रहा ।

**(ii) पॉलिथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

छावनी क्षेत्र में पॉलिथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

छावनी क्षेत्र में घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित किया जाता है तथा अलग किया जाता है। वर्मी - खाद भी तैयार किया जाता है।

**(iv) वृक्षारोपण**

वर्ष के दौरान छावनी क्षेत्र में 500 पौधे/पेड़ लगाए गए।

**(v) अन्य पहल**

पम्फ़लेट वितरित कर स्थानीय लोगों को सामान्य जागरूकता दी गई। मच्छरों के प्रकोप का सामना करने के लिए रासायनिक छिड़काव व धुएँ का बड़े स्तर पर प्रयोग किया गया। छावनी बोर्ड छावनी में 09 पार्कों का रखरखाव करता है।

## 9. जन स्वास्थ्य

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

बोर्ड छावनी क्षेत्र में 18 बिस्तरों वाला एक अस्पताल चलाता है। 34,601 बहरिंग व 84 अंतरंग रोगियों का इलाज़ किया गया।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

छावनी सामान्य अस्पताल द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थय जांच शिविर आयोजित किए गए। रिकॉर्ड तथा बाद में आवश्यक कार्रवाई के लिए वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कार्ड जारी किए गए हैं।

**(iii) किशोरी क्लिनिक**

किशोरी क्लिनिक कार्यरत है। किशोरियों के लिए समय-समय पर भाषणों का आयोजन किया जाता है।

**(iv) विशिष्ट चिकित्सा शिविर**

रक्त दान शिविर, केल्सियम की कमी की जांच, रक्त शर्करा जाँच, चय-अपचय विश्लेषण शिविर, वरिष्ठ नागरिकों हेतु शिविर, नेत्रहीन व शारीरिक रूप से अशक्त व्यक्तियों के लिए शिविर आयोजित किए गए।

**(v) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थय देखभाल उपाय**

छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों को नि:शुल्क सुविधाएं तथा दवाएं दी जाती हैं। कर्मचारियों को स्थानीय विकृति विज्ञान केंद्र (पैथोलोजी) से सहायकी प्राप्त (सबसाइज्ड) दरों पर पैथोलोजी जांच कराने की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

## 10. सामान्य प्रशासन

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

नई पेंशन योजना लागू की गई है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

जन शिकायत निवारण प्रणाली “समाधान” लागू की गई है।

**(iii) खातों की लेखापरीक्षा**

सितम्बर, 2014 तक के खातों की लेखापरीक्षा की गई।

**(iv) जनहित में कोई अन्य पहल**

बोर्ड वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वाभिमान नाम से एक 'डे केयर सेंटर' चलाता है। नागरिक चार्टर कार्यान्वित किया गया है विशेष रूप से अशक्त बच्चों के लिए 'संभव' नाम से फिजियोथैरेपी केंद्र शुरू किया गया है।

**11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

एक कंप्यूटर प्रोग्रामर की नियुक्ति की गई है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

देहरादून छावनी के जीएलआर का रख रखाव रक्षा संपदा कार्यालय, मेरठ द्वारा किया जाता है।

**12. बाज़ार**

बोर्ड का अपना कोई बाज़ार नहीं है। हालांकि, छावनी में लोगों की 2180 निजी दुकानें हैं।

**13. अग्निशमन**

आवश्यकता पड़ने पर राज्य सरकार की अग्निशमन सेवाएं ली जाती है।

**14. जन्म तथा मृत्यु**

3,767 जन्म तथा 226 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# देहूरोड

**1. बोर्ड का गठन**

देहूरोड छावनी श्रेणी II की छावनी है। इसके बोर्ड में 7 निर्वाचित सदस्यों सहित 14 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर सैफ यूआई इस्लाम खान** | **12.10.2012 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री अभिषेक मणि त्रिपाठी** | **20.03.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

बोर्ड में 06.06.2014 को बदलाव हुआ। छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए तथा इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

ब्लाक वर्ष 2013-16 के लिए निजी सम्पत्तियों का त्रैवार्षिक मूल्यांकन पूरा कर लिया गया है जिसके फलस्वरूप कर मांग में 58% की वृद्धि हुई है। आयुध निर्माणी, देहूरोड से सेवा प्रभार के रूप में 1,36,68,302/- रुपए प्राप्त किए गए।

**(ii) निकटवर्ती नगर पालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

निकटवर्ती नगरपालिका क्षेत्र में कर की दरें अधिक हैं।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में संपत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

29.91%

**4. जलापूर्ति तथा स्वतंत्र जलापूर्ति योजना**

छावनी क्षेत्र के निवासियों हेतु जलापूर्ति के लिए छावनी बोर्ड की अपनी व्यवस्था है। प्रति व्यक्ति जल की आपूर्ति लगभग 135 लीटर प्रतिदिन है। छावनी के कुछ क्षेत्रों में पानी की आंतरिक वितरण लाइन डालने का कार्य किया गया। छावनी परिषद ने कोटेश्वर वाडी गाँव के लिए अपनी लघु जलापूर्ति योजना तैयार की है जोकि वर्तमान जलापूर्ति योजना से 15 कि.मी. की दूरी पर है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए :-

| | |
|---|---|
| (क) भवन | 2,06,71,620/- रूपये |
| (ख) सड़कें | 72,18,262/- रूपये |
| (ग) नालियाँ | 13,67,196/- रूपये |

(घ) जलापूर्ति 51,96,177/- रूपये

(च) विविध सार्वजनिक सुधार कार्य 49,56,654/- रूपये

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड 10 प्राइमरी स्कूल तथा मराठी माध्यम का एक हाई स्कूल चलाता है। तीन बालवाडी भी चलाई जाती हैं। इनमें 1516 छात्र तथा 78 अध्यापक हैं।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

स्कूल प्रबंधन समिति की हर महीने बैठकें होती है।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

जन सेवा संस्थान, पुणे के माध्यम से महिलाओं के लिए 3 महीने की अवधि का टेलरिंग तथा कटिंग का प्रशिक्षण चलाया गया।

**(iv) शिक्षा का विकास**

छात्राओं को प्रोत्साहित करने हेतु राज्य सरकार की सहायता से छावनी परिषद प्राइमरी स्कूलों में छात्राओं के लिए सावित्रीबाई फुले छात्रवृत्ति प्रदान की गई। अनुसूचित जाति /जनजाति के स्कूली बच्चों को राज्य सरकार की योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति दी जाती है। शैक्षिक वर्ष के दौरान छावनी परिषद ने शिक्षा, संस्कृति व खेलकूद में अग्रणी रहने वाले प्रत्येक कक्षा के छात्रों को रु 1,000/-, रु 500/- व रु 300/- के नकद पुरस्कार प्रदान किए।

**(v) शिक्षा के विकास के लिए कोई अन्य पहल**

शैक्षिक वर्ष की समाप्ति पर सभी छावनी परिषद प्राइमरी स्कूलों में विज्ञान प्रदर्शनी लगाई जाती है। अंतर स्कूल खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाती है। छावनी परिषद प्राइमरी स्कूल के बच्चों को कंप्यूटर की शिक्षा प्रदान की जाती है। वर्ष के दौरान आठवीं से दसवीं कक्षा तक के हाई स्कूल के बच्चों के लिए डीटीपी कोर्स भी आयोजित किए गए। बोर्ड ने किर्लोसकर फ़ाउंडेशन, पुणे की सहायता से जल संरक्षण, स्वच्छता व साफ-सफाई के प्रचार हेतु “वाश” परियोजना को कार्यान्वित किया है। स्वच्छ एवं सर्वोत्तम स्कूल की प्रतियोगिता आयोजित की गई।

**7. बच्चों के लिए विशेष उपाय**

**विशेष रूप से अशक्त बच्चे**

बोर्ड द्वारा छावनी सामान्य अस्पताल में विशेष रूप से अशक्त बच्चों के लिए ‘दिशा’ नामक केंद्र चलाया जाता है। इस केंद्र में 135 से अधिक बच्चे पंजीकृत हैं। प्रतिदिन 25 विशेष रूप से अशक्त बच्चों को प्राथमिक उपचार व परामर्श दिया जाता है। बोर्ड ने महात्मा गांधी सेवा संघ, पुणे तथा औंध अस्पताल, पुणे की सहायता से अशक्त बच्चों को तिपहिया साइकिल, बैसाखी, नेत्रहीन बच्चों को छड़ी तथा अशक्त बच्चों को बैसाखी वितरित की।

**8. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

सामान्य सफाई संतोषजनक रही ।

**(ii) पॉलिथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

छावनी क्षेत्र में पॉलिथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

सेना तथा सिविल क्षेत्र के कुछ भागों में जैविक तथा अजैविक कूड़े को विशेष वाहन (घंटा गाड़ी) से घर-घर जाकर एकत्रित करने का काम शुरू किया गया है। बोर्ड द्वारा सेलारवाड़ी तथा चिंचोली एसटीपी/ ईटीपी में लघु स्तर पर सीवेरेज उपचारित संयंत्र शुरू करने, खाद परियोजन और नदी के पानी इत्यादि के प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए पुणे विश्वविद्यालय के विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी पार्क को काम पर लगाया गया है।

**(iv) वृक्षारोपण**

वर्ष के दौरान परिषद द्वारा 200 पेड़ लगाए गए। इनमें से 80% बचे रहे।

**(v) स्वच्छ भारत मिशन**

स्वच्छ भारत मिशन को छावनी में बड़े पैमाने पर लागू किया गया। विभिन्न गतिविधियां चलाने के लिए एक पंचवर्षीय योजना बनाई गई है।

**9. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

परिषद के पास 50 बिस्तरों वाला छावनी सामान्य अस्पताल है। वर्ष के दौरान 44225 बहिरंग तथा 1556 अंतरंग रोगियों का इलाज़ किया गया। वर्ष 2014-15 के दौरान पल्स पोलियो प्रतिरक्षण कार्यक्रम चलाए गए। प्राय: 100 प्रतिशत बच्चों को प्रतिरक्षित किया गया। पेट के कीड़ों के दवाई देने का विशेष अभियान चलाया गया तथा स्लम क्षेत्र के बच्चों को विटामिन 'ए' के तरल पदार्थ दिए गए।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

वरिष्ठ नागरिकों का ओपीडी में नि:शुल्क इलाज़ किया जाता है।

**(iii) किशोरी क्लिनिक**

किशोरी क्लिनिक शुरू किया गया है।

**(iv) एचआईवी जांच सुविधा**

राज्य सरकार ने नि:शुल्क जांच के लिए परामर्शदाता तथा लैब तकनीशियन के साथ आईटीसी की व्यवस्था की है तथा आगे के इलाज़ के लिए मरीजों को निकटवर्ती नगरपालिका अस्पताल में रेफर किया जाता है।

**(v) विशेष चिकित्सा शिविर**

छात्रों के लिए चिकित्सा जांच कार्यक्रम व नि:शुल्क जांच शिविर आयोजित किए गए।

**(vi) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वस्थ्य देखभाल उपाय**

छावनी बोर्ड ने एक एक्स रे मशीन व एक ईसीजी मशीन खरीदी है। छावनी बोर्ड ने 5 पारा मल्टी मॉनिटर भी खरीदे हैं जिससे रोगी की गंभीरता का पता लगाया जा सकता है।

**10. सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन के स्थिति**

नई पेंशन योजना लागू की गई है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

मुख्य अधिशासी अधिकारी द्वारा जनता की शिकायतों की सुनवाई की जाती है तथा उनका निपटान किया जाता है। 'ई-समाधान' लागू की गई है जिसके परिणामस्वरूप एक निश्चित अवधि के अंदर ही शिकायतों की ओर ध्यान दिया जाता है तथा उनका निपटान किया जाता है। छावनी बोर्ड कर्मचारियों की शिकायतों तथा सूचना के लिए ई-सुविधा शुरू की गई है तथा यह संतोषजनक ढंग से कार्य कर रही है।

**(iii) खातों की लेखापरीक्षा**

सितम्बर, 2013 तक की लेखापरीक्षा की गई। उसके बाद की अवधि की लेखापरीक्षा की जा रही है।

**(iv) जनहित में कोई अन्य पहल**

सुरक्षा के लिए कार्यालय, अस्पताल व चुंगी नाकों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। छावनी में रक्षा भूमि की सीमा व अनधिकृत कब्जों का पता लगाने के लिए सर्वे कराया गया है। पारदर्शिता को बढ़ावा देने हेतु ई-प्रापण व ई-निविदा लागू की गई हैं। बायो-मेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू की गई है।

**11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

छावनी बोर्ड कार्यालय में सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग बनाया गया है तथा एक कंप्यूटर प्रोग्रामर की नियुक्ति की गई है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

देहुरोड छावनी के प्रबंधन में आने वाले सिविल क्षेत्र के जीएलआर उद्धरण को इस कार्यालय द्वारा रक्षा भूमि वर्जन 4.0 में अपलोड किया गया है।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली को सफलतापूर्वक स्थापित तथा अद्यतन किया गया।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

राष्ट्रीय सूचना केंद्र पुणे के सहयोग से संपत्ति कर बिल तथा स्थापना, प्रशासन, वेतन बिल, पीएफ तथा सीपीएफ साफ्टवेयर को कार्यान्वित किया गया है। पानी के बिल, जन्म तथा मृत्यु प्रमाणपत्र बनाने संबंधी साफ्टवेयर का कार्य प्रगति पर है।

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

कार्यालय रिकॉर्ड के प्रथम एवं द्वितीय चरण की स्केनिंग तथा अंकीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है। एक रिकॉर्ड रूम बनाया गया है तथा कंपेक्टर लगाया गया है जिसमें सभी महत्वपूर्ण रिकॉर्ड तथा फाइलें रखी गई हैं ।

**12. बाजार**

बोर्ड के पास सिविल क्षेत्र में 32 स्टालों/दुकानों का एक बाज़ार तथा सिविल क्षेत्र से बाहर निम्न आय वर्ग का 11 स्टालों/दुकानों का एक बाज़ार है तथा मेन बाज़ार में एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स है जिसमें 36 दुकानें हैं।

**13. अग्निशमन**

आवश्यकता पड़ने पर निकटवर्ती नगरपालिका की अग्निशमन सेवाएं उपयोग में लाई जाती है।

**14. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 323 जन्म तथा 182 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# दिल्ली

**1. बोर्ड का गठन**

दिल्ली छावनी श्रेणी I की छावनी है। इसके बोर्ड में 8 निर्वाचित सदस्यों सहित 16 सदस्य हैं । बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे :-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर एन बालन, विसेमे** | **01.04.2014 से 11.05.2014** |
| | **ब्रिगेडियर जय सिंह** | **12.05.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री संजीव कुमार** | **01.04.2014 से 09.07.2014** |
| | **श्री एन वी सत्यनारायण** | **10.07.2014 से 31.07.2014** |
| | **श्री ए वी धर्मा रेड्डी** | **01.08.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए तथा इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए। इन चुनावों में पहली बार ईवीएम का प्रयोग किया गया।

**3. राजस्व**

**(i) निकटवर्ती नगर पालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

निकटवर्ती नगरपालिकाओं अर्थात दिल्ली नगर निगम तथा नई दिल्ली नगरपालिका में संपत्ति कर का दर ढांचा विभिन्न श्रेणियों में विभक्त स्व:मूल्यांकन पर आधारित है जबकि छावनी में संपत्ति कर वार्षिक दर मूल्य आधार पर लगाया जाता है छावनी परिषद विभिन्न व्यापारों पर व्यवसाय कर लगता है जबकि निकटवर्ती नगरपालिकाओं में व्यवसाय कर नहीं लगाया जाता। ब्लाक वर्ष 2013-16 के लिए त्रैवार्षिक मूल्यांकन प्रक्रियाधीन है।

**(ii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में संपति कर की उगाही का प्रतिशत**

56.81%

**4. जलापूर्ति**

बोर्ड नारायणा गाँव के लिए दिल्ली जल बोर्ड से थोक में जल प्राप्त करता है परन्तु, इस जल का वितरण बोर्ड के अपने ढांचे के माध्यम से किया जाता है जिसमें ओवरहेड टैंक तथा भूमिगत सम्प शामिल है । अन्य क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति अपने ट्यूबवेलों तथा ढांचागत संसाधनों द्वारा करता है। बोर्ड के पास इस समय 41 ट्यूबवेल, 07 ओवरहेड टैंक तथा 09 भूमिगत जलाशय है। प्रति व्यक्ति जल की आपूर्ति 100 लीटर प्रतिदिन है।

## 5. सार्वजनिक निर्माण कार्य

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए :

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 5,69,42,719/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 6,37,59,781/- रूपये |
| (ग) | नालियाँ | 6,50,63,676/- रूपये |
| (घ) | जलापूर्ति | 5,13,60,983/- रूपये |
| (च) | सामान | 13,49,000/- रूपये |
| (छ) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 8,49,30,009/- रूपये |
| (ज) | सांसद/विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास निधि | 1,02,47,167/- रूपये |

## 6. शिक्षा

### (i) स्कूल

सिल्वर ओक मॉडल स्कूल, जोकि अँग्रेजी माध्यम स्कूल है, सहित बोर्ड के पास 7 स्कूल हैं। सिल्वर ओक मॉडल स्कूल को माध्यमिक स्तर में उन्नयन किया गया है जबकि शेष 6 स्कूलों का वरिष्ठ माध्यमिक स्तर में उन्नयन किया गया है परिषद वरिष्ठ माध्यमिक स्तर तक सभी छात्रों को नि:शुल्क पुस्तकें, वर्दियाँ तथा मध्यान्ह का भोजन उपलब्ध कराता है। बोर्ड राज्य सरकार से अनुदान प्राप्त करती है जिसका उपयोग स्कूलों में ढांचागत सुधारों के लिए किया जाता है। वर्ष 2014-15 के दौरान बोर्ड को 4,28,89,000 रूपये शिक्षा अनुदान के रूप में प्राप्त हुए। छावनी परिषद के स्कूल, शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 के उपबंधों को लागू कर रहे हैं। कक्षा 3 के स्तर से कंप्यूटर शिक्षा अनिवार्य है। बोर्ड ने 07 छावनी बोर्ड स्कूलों में 200 से अधिक कंप्यूटर स्थापित किए हैं। अभिभावक-शिक्षक बैठकें हर तिमाही हो रही हैं। स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया जा रहा है तथा प्रत्येक छात्र को स्वास्थ्य कार्ड जारी किए गए हैं।

### (ii) स्कूल प्रबंधन समिति

सभी 7 स्कूलों के लिए स्कूल प्रबंधन समिति गठित की गई है। स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक हर महीने अनिवार्य रूप से होती है।

### (iii) शिक्षा का विकास

सभी राज्य प्रायोजित योजनाओं को कार्यान्वित किया जा रहा है कन्या शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए लाड़ली योजना को सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया जा रहा है। परिषद ने मेधावी छात्रों के लिए नकद पुरस्कार अनुमोदित किए हैं।

### (iv) शिक्षा के विकास के लिए अन्य पहल

बोर्ड ने स्कूलों में नूतन शिक्षण तकनीकों को प्रोत्साहित करने के लिए 100 स्मार्ट श्रेणी कक्ष स्थापित किए हैं। उडी एन्क्लेव से खुले खेलकूद परिसर का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। राज्य सरकार से प्राप्त निधि का उपयोग करते हुए डीआईडी लाइन्स में लघु

स्टेडियम का निर्माण कार्य जारी है। शिक्षा के प्रोत्साहन के लिए दाखिला अभियान रेलियों का आयोजन किया जा रहा है। छावनी बोर्ड स्कूलों ने 29.08.2014 को राष्ट्रीय खेल-कूद दिवस मनाया। प्रत्येक स्कूल द्वारा हर वर्ष मुफ्त मनोविनोद यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है छावनी परिषद विद्यालय स्वच्छ भारत अभियान को बढ़ावा दे रहे हैं तथा छात्र साफ सफाई अभियानों में भाग ले रहे हैं।

## 7. बच्चों के लिए विशेष उपाय

### (i) विशेष रूप से अशक्त बच्चे

बोर्ड वर्ष 2011 से सदर बाज़ार में विशेष बच्चों के लिए 'कृपा' नाम से एक स्कूल चला रहा है। 'कृपा' में अभी तक 120 बच्चों को प्रवेश दिया गया है। विशेष बच्चों को विशेष शिक्षकों, स्पीच थेरेपिस्टों, व्यवसायिक थेरेपिस्टों, ध्वनिविज्ञों, संगीत शिक्षकों तथा शरीरविज्ञों द्वारा वैज्ञानिक ढंग से शिक्षित किया जा रहा है। बोर्ड विशेष शिक्षा, स्वस्थ्य जांच, वर्दी, मध्यान्ह का भोजन तथा यातायात सुविधा निशुल्क उपलब्ध करा रही है। बोर्ड ने बच्चों को निशुल्क यातायात सुविधा उपलब्ध करने के लिए 3 मारुति वैन तथा एक 27 सीट वाली मिनी बस को प्रबंध किया है। 'कृपा' स्कूल के बच्चों को व्यवशायिक प्रशिक्षण दिया जाता है तथा बच्चों द्वारा तैयारशुदा वस्तु को उचित लागत पर बेचा जाता है तथा गिफ्ट/कार्डों से मिलने वाले लाभ को बच्चों में बाँट दिया जाता है। 'कृपा' स्कूल में पाठ्येत्तर तथा खेलकूद गतिविधियों को प्रोत्साहन दिया जाता है। अभिभावक शिक्षक बैठक हर तिमाही आयोजित की जाती है जहाँ अभिभावकों को स्वच्छता, व्यवहार निदान के बारे में परामर्श दिया जाता है तथा बच्चों के लाभ के लिए अभ्यास कराया जाता है।

### (ii) प्रवासी श्रमिकों के बच्चे

प्रवासी श्रमिकों तथा निर्माण श्रमिकों के बच्चों को शिक्षित करने के लिए चर्च रोड पर 'श्रद्धा पथ' नाम से एक केंद्र चला रहा है। परिषद सभी छात्रों को मुफ्त शिक्षा, वर्दी तथा मध्यान्ह का भोजन उपलब्ध करा रहा है। क्रिबी प्लेस क्षेत्र में एक और श्रद्धा पथ केंद्र का विकास क्षेत्र के विधायक द्वारा उपलब्ध कराई गई एम एल ए डी निधि की सहायता से जारी है।

## 8. पर्यावरण तथा सफाई

### (i) सामान्य सफाई

नगर के ठोस कूड़े को एकत्रित करने के लिए बोर्ड ने विशेष ऑटो टिप्पर लगाए हैं। साफ-सफाई कार्य का मशीनीकरण किया जा रहा है। परिषद के पास एक सीवर जेट मशीन तथा ट्रक पर लगी सड़क सफाई है । बेहतर स्वच्छता का स्तर प्राप्त करने के लिए कूड़ेदानों की समय-समय पर मुरम्मत की जा रही है। डेंगू तथा जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए वर्ष के दौरान लार्वा को पनपने से रोलने तथा धुआँकरण के विशेष

अभियान चलाये गए। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए तथा सभी कूड़ेदानों को प्रतिदिन खाली करने हेतु छावनी परिषद ने 08 रिफ्यूज कॉम्पैक्टर व 10 कूड़ा गाड़ियों का प्रबंध किया है।

**(ii) पालीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

छावनी में पालीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

गृह स्तर पर जैव निम्नीकरण योग्य तथा गैर-निम्नीकरण योग्य ठोस अपशिष्ट की छंटनी के लिए जागरूकता उत्पन्न करने हेतु विशेष अभियान चलाये गए हैं। स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत लोगों को ढोस अपशिष्ट प्रबंधन में लोगों को शिक्षित करने के लिए वर्ड स्तर पर साप्ताहिक स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे है। वर्ष के दौरान 100 मृदु स्टील कूड़ेदान उपलब्ध कराए गए है। स्वच्छ भारत अभियान छावनी परिषद द्वारा सप्ताह के हर बुधवार को सुबह 7 बजे से 9 बजे तक 2 घंटे की अवधि के लिए जनता के सहभागिता से चलाया जा रहा है। 16.12.2014 को दिल्ली छावनी परिषद को प्रथम स्वच्छ-छावनी, स्वस्था-छावनी के रक्षा मंत्री पुरस्कार से अलंकृत किया गया।

**(iv) अन्य पहल**

वर्षा जल संचयन योजना का कार्यान्वयन सड़क के दोनो ओर 18 किलोमीटर की लंबाई के लिए किया गया है। छावनी परिषद के माड मार्ग पर 4.2 किलोमीटर की लंबाई के लिए वर्षा जल संचयन योजना का प्रस्ताव है। पत्तों के जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध है। छावनी परिषद ने योजना व वास्तुकला विद्यालय को नारायणा व झरेडा गाँव में जल भंडार के पुनर्जीवनीकरण के लिए नियोजित किया है। छावनी परिषद ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को सुधारने के लिए 30 मीट्रिक टन क्षमता जैव- मीथेनीकरण संयंत्र लगाने का प्रस्ताव है। परिषद ने पोलो रोड, मंदिर मार्ग, टाईग्रिस रोड के साथ-साथ हरित पट्टी के विकास के लिए अनुमोदन किया है।

**9. जन स्वास्थय**

**(i) छावनी सामान्य अस्पताल**

बोर्ड 100 बिस्तरों के क्षमता के सामान्य अस्पताल का रख रखाव कर रहा है। वर्ष के दौरान 2,32,102 बहिरंग तथा 692 अंतरंग रोगियों का उपचार किया गया। 24x7 आपात सेवाएँ उपलब्ध हैं। वर्ष के दौरान 34,733 रोगियों को आपात विभाग में भर्ती किया गया । अगस्त, 2014 में मुख्य शल्य चिकित्सा सुविधा शुरू की गई तथा वर्ष के दौरान 73 बड़ी शल्य चिकित्सा सफलतापूर्वक की गई। 1529 लघु चिकित्सा भी की गई। सभी केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार समर्थित योजना/कार्यक्रम सफलतापूर्वक चलाए जा रहे है। परिषद ने औषध, स्त्री-रोग व प्रसूति, शल्य, बाल, मनोचिकित्सा, अस्थि, कान,नाक व गला, आँख, रेडियो, चर्म व विकृतिविज्ञान चिकित्सा के क्षेत्रों में विशेषज्ञों का नियोजन किया है। छावनी सामान्य अस्पताल आयुर्वेदिक, होमिओपैथिक औषधालय,

डीओटीएस केंद्र, टीकाकरण केंद्र तथा एड्स का पता लगाने हेतु केंद्र भी चला रहा है। कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के उपचार हेतु जाने-माने अस्पतालों को सूचीबद्ध किया गया है। सामान्य औषधियों के वितरण को प्राथमिकता दी जा रही है। छावनी सामान्य अस्पताल को सरकारी दर पर थोक औषधियाँ के अभिग्रहण हेतु सरकारी औषध भंडार विभाग से पंजीकृत कराया गया है।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए गये विशेष उपाय**

छावनी सामान्य अस्पताल ने 01.10.2014 को विश्व व्योवृद्ध नागरिक दिवस मनाया । अस्पताल जरा-चिकित्सा औषधालय चला रहा है तथा वरिष्ठ नागरिकों को बहिरंग रोगी विभाग शुल्क से छूट दी गई है।

**(iii) किशोरी क्लीनिक**

अस्पताल में किशोरी क्लीनिक सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है। वर्ष के दौरान 23,433 किशोरियों को परामर्श और उपचार दिया गया।

**(iv) जननी सुरक्षा योजना**

यह योजना लागू की गई है तथा 28 महिलाओं ने इसका लाभ प्राप्त किया ।

**(v) एचआईवी जांच सुविधाएं**

एनजीओ मैत्री द्वारा एचआईवी - एलिसा की जांच की जाती है। कुल 3467 लोगों की जांच की गई। इनमें से 16 रोगियों को एच आई वी बाधित पाया गया।

**(vi) चलता फिरता औषधालय**

छावनी सामान्य अस्पताल विभिन्न क्षेत्रों को बारी-बारी सेवाएँ प्रदान करने हेतु दो चल-औषधालय चला रहा है। वर्ष के दौरान 16,878 रोगियों को देखा गया।

**(vii) विशेष चिकित्सा शिविर**

छावनी अस्पताल द्वारा पुरुष नसबंदी शिविर, हेपेटाइटस सप्ताह, मोतियाबिंद मुक्ति अभियान तथा ग्लूकोमा जागरूकता शिविर आयोजित किए गए।

**(viii) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वस्थ्य देखभाल उपाय**

बोर्ड ने कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों का निशुल्क इलाज़ किया जाता है। बोर्ड ने कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के उपचार के लिए दिल्ली के जाने-माने अस्पतालों को सूचीबद्ध किया है।

## 10. सामान्य प्रशासन

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन के स्थिति**

छावनी बोर्ड में नई पेंशन योजना पहले से ही कार्यान्वित है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

आम जनता की शिकायतों के समाधान के लिए सुनवाई की जाती है। समाधान/सुविधा केंद्र स्थापित किया गया है ।

**(iii) खातों के लेखापरीक्षा**

मार्च, 2014 तक की अवधि के खातों की लेखापरीक्षा की गई है ।

**(iv) जनहित में कोई अन्य पहल**

दिल्ली छावनी बोर्ड के क्षेत्र में बहाने वाले 23 बड़े नालों के जीआईएस सर्वे के साथ वापकोस लिमिटेड को नियोजित किया कर एक मास्टर प्लान तैयार किया है। हाथ से मैला ढोने वालों के नियोजन पर पाबंदी तथा उनके पुनर्स्थापन विधेयक के प्रावधानों को पूर्णरूप से लागू किया गया है। छावनी बोर्ड ने दिल्ली जल बोर्ड तथा मुख्यालय, दिल्ली क्षेत्र के साथ 8 एम जी डी क्षमता का अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र लगाने हेतु एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए है। सड़कों के दोनों ओर हरित-पट्टियों के विकास व अनुरक्षण, पार्कों के पुनर्नविनीकरण व परिदृश्य विकास पर उचित ध्यान दिया गया है।

**11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रोघोगिकी अनुभाग का सृजन**

कम्प्युटर प्रोग्रामर के नियुक्ति की गई है। कार्यालय, अस्पताल तथा स्कूल में कंप्यूटरीकरण को और सुदृढ़ किया गया है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि साफटवेयर सफलतापूर्वक स्थापित किया गया है। जी एल आर प्रविष्टियों की जांच तथा उनके अधिप्रमाणन का कार्य पूरा कर लिया गया है।

**(iii) दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली**

एक समर्पित प्रणाली पर दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली स्थापित की गई गई है। दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली पर अंकीय हस्ताक्षरित फाइल अपलोड की गई है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

जन्म तथा मृत्यु की प्रक्रिया को कम्प्यूटरीकृत किया गया है। प्रत्येक शाखा को कम्प्यूटर दिए गए हैं तथा उन्हें लोकल एरिया नेटवर्क से जोड़ा गया है। प्रेषण अनुभाग में डाक प्रबंधन सॉफ्टवेयर काम कर रहा है।

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

कार्यालय के विभिन्न अनुभागों के लगभग 14 लाख दस्तावेजों की स्कैनिंग पूरी कर ली गई है। गुणवत्ता जांच, दोबारा नाम लिखने तथा फाइलों पर अंकीय हस्ताक्षर का कार्य जारी है। दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली में 2000 फाइलों को सूचीबद्ध किया गया ।

**12. बाज़ार**

दिल्ली छावनी क्षेत्र में बोर्ड के पास सादर बाज़ार तथा शास्त्री बाज़ार नामक दो बाज़ार हैं जिनमें 150 दुकानें तथा खोखे हैं।

**13. अग्निशमन**

बोर्ड के पास एक अग्निशामक है तथा आग लगने की किसी भी घटना से निपटने के लिए 24 घंटे की व्यवस्था की गई है। सभी छावनी बोर्ड स्कूलों में अग्नि सुरक्षा संबंधी उपाय में सुधार किया गया तथा सभी छह स्कूलों के लिए दिल्ली अग्निशमन सेवा से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त किया गया। नियमित अंतराल पर मोक फायर ड्रिल आयोजित की जाती है।

**14. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 3,850 जन्म और 1,892 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# देवलाली

1. **बोर्ड का गठन**

देवलाली छावनी श्रेणी I की छावनी है। इसके बोर्ड में 8 निर्वाचित सदस्यों सहित 16 सदस्य है। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे :-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर संजीव तिवारी** | **01.04.2014 से 08.05.2014** |
| | **ब्रिगेडियर राजीव शर्मा** | **08.05.2014 से 31.07.2014** |
| | **ब्रिगेडियर संजीव तिवारी** | **01.08.2014 से 26.09.2014** |
| | **ब्रिगेडियर के रवि प्रसाद विसेमे** | **27.09.2014 से 06.11.2014** |
| | **ब्रिगेडियर संजीव तिवारी** | **06.11.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री पुष्पेंद्र सिंह** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |

2. **चुनाव**

बोर्ड में 06.06.2014 को फेरफार किया गया। छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए तथा इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए। इन चुनावों में पहली बार ईवीएम का प्रयोग किया गया।

3. **राजस्व**

(i) **राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

रिपोर्टधीन वर्ष के दौरान नई सम्पत्तियों के मूल्यांकन, चुंगी वसूली के निजीकरण, दरों/प्रभारों/शुल्कों, होर्डिंग तथा घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित करने के लिए प्रभार लगाने इत्यादि की दरें संशोधित करने का कार्य किया गया जिसके परिणामस्वरूप बोर्ड के राजस्व में 42 लाख रुपए की अतिरिक्त प्राप्ति हुई।

(ii) **निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

छावनी बोर्ड द्वारा लगाए गए कर निकटवर्ती भंगुर नगरपालिका तथा नासिक नगर निगम द्वारा लगाए गए करों के समान हैं।

(iii) **वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में संपत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

92**%**

4. **जलापूर्ति**

बोर्ड के पास 14 लाख लीटर क्षमता के एक भू-भंडारण जलाशय तथा तीन उत्थापित भंडारण जलाशयों के साथ अपनी स्वतंत्र जलापूर्ति योजना है। प्रति व्यक्ति पानी की आपूर्ति 120 लीटर

प्रतिदिन है। 1.99 करोड़ रुपए की लागत से एक ओवरहैड टैंक तथा एक भू-भंडारण जलाशय के निर्माण की परियोजना पूरी कर ली गई है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए :

| | |
|---|---|
| (क) भवन | 76,20,795/- रूपये |
| (ख) सड़कें | 61,79,609/- रूपये |
| (ग) जलापूर्ति | 10,44,944/- रूपये |
| (घ) सामान | 9,51,865/- रूपये |
| (ड) विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 7,74,591/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड एक हाई स्कूल तथा 5 (03 मराठी, 01 उर्दू तथा 01 हिन्दी माध्यम) प्राइमरी स्कूल चलाता है। कक्षा एक से आठ तक के सभी छात्रों को मिड-डे मील दिया जाता है। छावनी बोर्ड हाई स्कूल, देवलाली में एक प्रतिष्ठित तकनीकी एजेंसी की सहायता से 21 कम्प्यूटरों की एक कंप्यूटर प्रयोगशाला चलाई जाती है। महाराष्ट्र राज्य के शिक्षा निदेशालय (सेकेन्डरी तथा हायर सेकेन्डरी) द्वारा एक अलग कंप्यूटर प्रयोगशाला भी स्थापित की गई है। बोर्ड 257 छात्रों की साथ 08 बालवाड़ी तथा 117 छात्रों के साथ एक अँग्रेजी माध्यम प्राइमरी स्कूल का भी संचालन करता है। बोर्ड ने कक्षा 5 से 10 के लिए एनीमेटिड स्कूल पाठ्यक्रम के साथ ई-क्लास (ऑडियो-विजुवल क्लास रूम) के व्यवस्था की है। बोर्ड ने कक्षा 5 से 10 के छात्रो के लिए सूचना संप्रेषण प्रौद्योगिकी परियोजना कार्यक्रम कार्यान्वित किया है।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

स्कूल प्रबंधन समिति छावनी बोर्ड उच्च विधालय तथा प्राथमिक विधायलयों मे कार्य कर रही है। स्कूल प्रबंधन समिति की 10 बैठकें हुई।

**(iii) शिक्षा का विकास**

शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मेधावी छात्राओं तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों को मेरिट छात्रवृत्ति तथा सावित्रीबाई फुले छात्रवृत्ति दी जाती है। वर्ष के दौरान आठवीं कक्षा की मेधावी छात्राओं को 14 साईकिलें वितरित की गई। एनटीएस, एसटीएस, दसवीं की परीक्षा, अँग्रेजी बोलने, साफ्ट हुनर इत्यादि की नियमित रूप से अतिरिक्त कोचिंग कक्षाएँ चलाई गई। बोल-चाल में अँग्रेजी, ललित कौशल आदि नियमित रूप से चलाए जा रहे है। ग्रीष्मकालीन शिविर तथा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

**(iv) शिक्षा के विकास के लिए अन्य पहल**

छावनी बोर्ड स्कूलों के सभी विधार्थियों को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें, कापियाँ, लेखन तथा अध्ययन सामग्री, वर्दी, जुराब तथा जुतें, स्कूल बैग, ज्योमेट्री बॉक्स, खेलकूद की किट दी गई।

**7. बच्चों के लिए विशेष उपाय**

**(i) विशेष रूप से अशक्त बच्चे**

विशेष बच्चों के लिए बोर्ड द्वारा विशेष बच्चों के लिए " अंकुर " नाम से प्रशिक्षण उपचार केंद्र स्थापित किया गया तथा भली भांति कार्य कर रहा है। बच्चों की विशेष आवशकताओं के लिए 24 सीटों वाली नई स्कूल बस, विडियो सीडी, टेप रिकॉर्डर, बड़े प्रिंट की पुस्तकों तथा पढ़ने के विशेष उपकरण, खेलकूद के सामान की व्यवस्था की गई।

**(ii) प्रवासी श्रमिकों के बच्चे**

बच्चों के लिए निजी व्यक्तियों के सहयोग से एक बड़े निर्माण स्थल पर एक अनौपचारिक स्कूल (जिसकी पहचान सर्वेक्षण के दौरान की गई थी) आरंभ कर दिया गया है।

**8. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी में सफाई का स्तर संतोषजनक रहा। बोर्ड ने पुराने शौचालयों तथा पेशाब घरों का नवीकरण है तथा नए सार्वजनिक शौचालय व पेशाब घर बनाए गए है।

**(ii) पालीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

छावनी में पालीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

सिविल तथा सेना दोनों क्षेत्रों में घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित किया जाता है तथा एक स्थान पर इसकी खाद बनाई जाती है। यह सुविधा प्रदान करने के लिए वर्ष के दौरान मकान मालिकों पर प्रभार लगाया गया है।

**(iv) वृक्षारोपण**

बोर्ड के विभिन्न वार्डों तथा छावनी बोर्ड हाई स्कूल के परिसरों में वृक्षारोपण किया गया। पौधों के बचने की दर संतोषजनक रही।

**(v) अन्य पहल**

बच्चों के खेलने के उपकरणो तथा अन्य मनोविनोद सुविधाओं सहित दो पार्क भली-भांति अनुरक्षित है। स्वच्छ भारत कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधिया चलाने के लिए एक पंचवर्षीय योजना तैयार की गई है।

**9. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

बोर्ड के पास 75 बिस्तरों वाला एक अस्पताल है। वर्ष के दौरान 4657 अंतरंग तथा 66824 बहरिंग रोगियों का इलाज़ किया गया। 05 स्थायी तथा 19 विजिटिंग विशेषज्ञ डॉक्टर मरीजों के स्वास्थ्य की देखभाल करते है। अस्पताल निकटवर्ती क्षेत्रों के लोगों को भी स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करता है। हाल ही में स्थापित फिजियोथैरेपी केंद्र जरूरतमन्द रोगियों के लिए काफी मददगार साबित हुआ है।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए गये विशेष उपाय**

वरिष्ठ नागरिकों को नि:शुल्क दवाइयाँ देने के साथ-साथ उनकी ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर की नि:शुल्क जांच की गई।

**(iii) किशोरी क्लीनिक**

133 लड़कियों को परामर्श प्रदान किया गया तथा उनका इलाज़ किया गया।

**(iv) जननी सुरक्षा योजना**

इस योजना से 114 मरीजों को लाभान्वित किया गया।

**(v) एचआईवी जांच सुविधाएं**

एकीकृत परामर्श तथा जांच केंद्र स्थापित किया गया है तथा एएनसी व वीसीटीसी मामलों की जांच की जाती है। केवल एक मरीज को एचआईवी पाजीटिव पाया गया जिसे तोपखाना केंद्र में रेफ़र कर दिया गया।

**(vi) चलता फिरता औषधालय**

दूर-दराज़ के क्षेत्रों के लिए एक एम्बुलेंस के साथ 5 एएनएम की व्यवस्था की गई।
प्रतिरक्षण तथा स्वास्थ्य सर्वे नियमित रूप से किया जाता है तथा दूर-दराज़ के क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाए जाते हैं।

**(vii) नगर शहरी स्वास्थ्य औषधालय**

नगर शहरी औषधालय अथवा शहरी जन स्वास्थ्य केंद्र 19.02.15 को देवलाली छावनी में सिंगवे बाहुला में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के तहत शुरू किया।

**(viii) विशेष चिकित्सा शिविर**

वर्ष के दौरान भैंगापन के इलाज़, महिला आरोग्य अभियान तपेदिक दिवस तथा त्वचा के रोगों के लिए विशेष चिकित्सा शिविर आयोजित किए गए।

**(ix) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वस्थ्य देखभाल उपाय**

छावनी निधि कर्मचारियों के आश्रितों की स्वास्थ्य जांच की गई।

**10. सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन के स्थिति**

नई पेंशन योजना लागू की गई है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

सूचना सुविधा केंद्र तथा शिकायत निवारण प्रणाली "समाधान" स्थापित की गई है।

**(iii) खातों के लेखा परीक्षा**

मार्च, 2014 तक के खातों की लेखा परीक्षा की गई है ।

**(iv) जनहित में कोई अन्य पहल**

छावनी बोर्ड देवलाली के कार्यालय की वेबसाइट (www.cbdeolali.org.in) कार्य कर रही है। छावनी में रक्षा भूमि की सीमाओं का पता लगाने तथा अनधिकृत कब्जों का पता लगाने के लिए रक्षा भूमि का सर्वे कराया गया। पारदर्शिता बनाए रखने हेतु ई-अभिग्रहण तथा ई-निविदा व्यवस्था शुरू की गई है। ज़ेब माफी उपस्थिती व्यवस्था शुरू की गई है।

**11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रोघोगिकी अनुभाग का सृजन**

एक अलग सूचना प्रौघोगिकी अनुभाग पहले से ही स्थापित है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

सर्वर पर रक्षा भूमि साफ्टवेयर वर्जन 4.0 लगाया गया है। रक्षा भूमि की सभी जी एल आर पृविष्टियों की जांच की गई उन्हें अधिप्रमाणित किया गया तथा अंकीय हस्ताक्षर किए गए। जी एल आर उद्दरण तथा रिपोर्टों के लिए सभी संबन्धित अनुभागों द्वारा यह साफ्टवेयर प्रयोग में लाया जाता है।

**(iii) दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली**

स्केन किए गए पीडीएफ डाटा को सर्वर पर एलफ्रेसको डीएमएस पर्यावरण तथा एयू एंड आरसी के सर्वर पर अपलोड किया गया है। कुल 14649 फाइलें फाइल प्रबंधन प्रणाली मे सूची बद्द की गई है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

कर्मचारी शिकायत निवारण प्रणाली "सुविधा" लागू की गई है। लेखा अनुभाग के स्वचलीकरण के लिए प्रोद्दभूत आधारित लेखा प्रणाली के कार्यान्वयन की प्रक्रिया जारी है।

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

प्रथम चरण में 2400 फाइलों (224786 पृष्ठों) को स्केन तथा सूचीबद्द किया गया। नए स्केनर पर 1250 फाइलें 14700 पृष्ठों को फेस II के लिए कार्यालय में स्केन किया गया।

**12. बाज़ार**

बोर्ड की पास एक बाज़ार है जिसमें 171 दुकानें हैं। इसके अतिरिक्त एक साप्ताहिक बाज़ार से भिन्न 144 स्टाल तथा 11 खुले स्थान है।

**13. अग्निशमन**

बोर्ड के पास अपनी अग्निशमन यूनिट है।

**14. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 1156 जन्म और 315 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# फैजाबाद

**1. बोर्ड का गठन**

फैजाबाद छावनी श्रेणी II की छावनी है। इसके बोर्ड में 7 निर्वाचित सदस्यों सहित 14 सदस्य है। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे :-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर जी प्रसाद** | **01.04.2014 से 30.06.2014** |
| | **ब्रिगेडियर एस के झा** | **01.07.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री आर के द्विवेदी** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए और इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

वर्ष 2010-2013 के लिए त्रैवार्षिक मूल्यांकन पूरा कर लिया गया है। पेड़ों की बिक्री तथा अन्य नीलामियों के परिणामस्वरूप गैर-कर राजस्व में पर्याप्त वृद्धि हुई। जल कर में भी वृद्धि की गई है।

**(ii) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

छावनी तथा नगरपालिका की कर दरें समान हैं।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में संपत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

88%

**4. जलापूर्ति**

बोर्ड के पास तीन ट्यूबवेलों तथा एक ओवर हैड टैंक सहित अपनी स्वतंत्र जलापूर्ति प्रणाली है। इसके अतिरिक्त 42 हैंड पम्प हैं। प्रति व्यक्ति जल की आपूर्ति लगभग 225 लीटर प्रतिदिन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 55,82,444/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 94,67,109/- रूपये |
| (ग) | जलापूर्ति | 1,00,018/- रूपये |
| (घ) | सामान | 1,18,283/- रूपये |
| (ड) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 4,910/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड के पास एक जूनियर हाई स्कूल है। कक्षा III से कक्षा VIII तक कम्प्यूटर शिक्षा दी जाती है। बोर्ड नर्सरी कक्षा सहित एक अंग्रेजी माध्यम स्कूल भी चलाता है। इन स्कूलों में 511 छात्र पढ़ते हैं।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

स्कूल प्रबंधन समिति गठित की गई है तथा वर्ष के दौरान इसकी 05 बैठकें हुई।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

बोर्ड छात्राओं के लिए कम्प्यूटर कक्षा, कटिंग तथा टेलरिंग व आशुलिपि की कक्षाएं चलाता है तथा प्रमाण पत्र जारी किए जाते हैं।

**(iv) शिक्षा का विकास**

बोर्ड ने कक्षा 9 व 10 की शुरुआत की है। राज्य सरकार द्वारा छात्रवृत्ति तथा नि:शुल्क पुस्तकें दी जाती हैं।

**(v) शिक्षा के विकास के लिए कोई अन्य पहल**

बोर्ड ने प्रत्येक कक्षा के मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की। छावनी बोर्ड द्वारा स्कूलों में बालिकाओं के लिए अलग शौचालयों की भी व्यवस्था की गई है।

**7. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

सामान्य सफाई संतोषजनक रही।

**(ii) पालीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

छावनी क्षेत्र में पॉलिथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

सिविल और सेना क्षेत्रों में घर-घर से कूड़ा एकत्रित किया जाता है। सभी निवासियों को कूड़ेदान/बाल्टियाँ उपलब्ध कराई गयी।

**(iv) वृक्षारोपण**

वर्ष के दौरान 550 पौधे लगाये गये। उनमें से 70 प्रतिशत बचे रहे।

**(v) स्वच्छ भारत**

स्वच्छ भारत अभियान का पूर्णरुपेण कार्यान्वयन हो रहा है।

**8. जन स्वास्थय**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

बोर्ड के पास एक औषधालय है, जिसमें वर्ष के दौरान 29,908 बहिरंग रोगियों का इलाज किया गया। एक होम्योपैथी डाक्टर की नियुक्ति की गई। औषधालय में सप्ताह में तीन

दिन एक दन्त चिकित्सक आता है तथा संविदा आधार पर एक शिशु चिकित्सा विशेषज्ञ की भी नियुक्ति की गई।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए गये विशेष उपाय**

वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कार्ड दिए गए और उनकी छमाही जांच पूरी की गई। बोर्ड एक वृद्धाश्रम भी चलाता है।

**(iii) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वस्थ्य देखभाल उपाय**

सफाई कर्मचारियों को मास्क, रबड़ के जूते तथा बचाव संबंधी अन्य सामान उपलब्ध करवाए गए।

**9. सामान्य प्रशासन**

**(i) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

जन शिकायत निवारण प्रणाली “समाधान“ लागू की गयी है।

**(ii) खातों के लेखापरीक्षा**

सितम्बर, 2014 तक के खातों की लेखापरीक्षा की गई है ।

**10. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि वर्जन 4.0 को कार्यान्वित किया गया है।

**(ii) दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली**

एक अधिकारी तथा दो कर्मचारियों को दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली में प्रशिक्षित किया गया है।

**(iii) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

कर्मचारियों के वेतन बिल स्वचलित है।

**(iv) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

सभी फाइलों की स्कैनिंग पूरी कर ली गई है तथा फ़ाइल प्रबंधन प्रणाली सॉफ्टवेयर में डाटा प्रविष्टि भी पूरी कर ली गयी है।

**(v) सूचना प्रोद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

सभी कम्प्यूटर लोकल एरिया नेटवर्क से जोड़े गये हैं।

**11. बाज़ार**

बोर्ड के पास स्व-वित्तीय योजना के अंतर्गत निर्मित 58 दुकानें हैं।

**12. अग्निशमन**

आवश्यकता पड़ने पर राज्य सरकार की अग्निशमन सेवाएं उपयोग में लाई जाती हैं।

## 13. जन्म तथा मृत्यु

वर्ष के दौरान 114 जन्म और 40 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# फतेहगढ़

**1. बोर्ड का गठन**

फतेहगढ़ छावनी श्रेणी II की छावनी है। इसके बोर्ड में 7 निर्वाचित सदस्यों सहित 14 सदस्य है। वर्ष के दौरान बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे :-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर संजीव जेटली, विसेमे** | **01.04.2014 से 22.06.2014** |
| | **ब्रिगेडियर सलीम आसिफ** | **23.06.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री जाकिर हुसैन** | **01.04.2014 से 04.08.2014** |
| | **श्रीमती एम पी आर त्रिपाठी** | **05.08.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए और इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

वाहन प्रवेश शुल्क तथा डाक-घर से प्राप्त होने वाले सेवा प्रभार को संशोधित किया गया है। पहली बार रेलवे (डीआरएम, एनईआर) को सेवा प्रभार बिल भेजे गये।

**(ii) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

बोर्ड द्वारा लगाए गए कर निकटवर्ती नगरपालिका से अधिक हैं।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में संपत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

100**%**

**4. जलापूर्ति**

बोर्ड की क्लोरीनीकरण संयंत्र सहित अपनी जलापूर्ति प्रणाली है। इसमे 1 ओवरहेड टैंक (6,50,000 लीटर क्षमता), 3 नलकूप तथा 154 हैंडपम्प हैं। प्रति व्यक्ति जल की आपूर्ति 148 लीटर प्रतिदिन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए :

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 34,67,563/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 42,92,216/- रूपये |
| (ग) | नालियाँ | 46,36,033/- रूपये |
| (घ) | जलापूर्ति | 4,000/- रूपये |

| | | |
|---|---|---|
| (च) | सामान | 6,31,087/- रूपये |
| (छ) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 34,72,117/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड के पास एक जूनियर हाई स्कूल तथा एक प्राइमरी स्कूल है। बोर्ड ने जूनियर हाई स्कूल का शिक्षा सत्र 2015-16 से हाई स्कूल में उन्नयन करने का निर्णय लिया है। कक्षा I से कक्षा IV तक अंग्रेज़ी माध्यम की कक्षाएं चलाई जाती है।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

स्कूलों के लिए स्कूल प्रबंधन समितियां गठित की गई हैं जिनकी 08 बैठकें हुईं।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

कटाई, टेलरिंग तथा सिलाई में व्यावसायिक प्रशिक्षण पूरा हो चुका है तथा ब्यूटीशियन का कोर्स चल रहा है। कोर्स की अवधि 6 महीने की है तथा सफल उम्मीदवारों को आईटीआई स्तर का प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

**(iv) शिक्षा के विकास के लिए कोई अन्य पहल**

बच्चों को नि:शुल्क पुस्तकें तथा वर्दी वितरित की गई है।

**7. बच्चों के लिए विशेष उपाय**

**विशेष रूप से अशक्त बच्चे**

छावनी क्षेत्र में एक सर्वेक्षण के दौरान 14 विशेष रूप से अशक्त बच्चों की पहचान की गई। उन्होंने  राज्य सरकार की निकटवर्ती नगरपालिका द्वारा चलाये जा रहे विशेष रूप से अशक्त बच्चों के केंद्र में प्रवेश लिया है। बोर्ड ने विशेष रूप से अशक्त बच्चों के लिए स्नेहालय नामक स्कूल खोलने का भी निर्णय लिया है।

**8. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

सामान्य सफाई संतोषजनक रही।

**(ii) पालीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

छावनी क्षेत्र में पालीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

घर-घर से कूड़ा एकत्रित करना, छंटनी तथा ट्रेंचिंग मैदानों में कृमि खाद बनाने का कार्य शुरू किया गया।

**(iv) वृक्षारोपण**

वर्ष के दौरान 3800 पौधे लगाये गए। उनमें से 70 प्रतिशत बचे रहे।

**(v) अन्य पहल**

सिविल तथा सेना क्षेत्रों में प्रत्येक घर को 02 छोटे कूड़ेदान उपलब्ध कराए गए तथा विभिन्न स्थानों पर बड़े कूड़ेदान भी रखे गए हैं।

**9. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

बोर्ड के पास एक चिकित्सा अधिकारी तथा एक स्त्रीरोग विशेषज्ञ है। आरएमओ द्वारा नियमित स्वास्थ्य जांच की जाती है। वरिष्ठ नागरिकों को चल औषधालय सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। अस्पताल/औषधालय में पर्याप्त जेनेरिक औषधियाँ उपलब्ध हैं।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए गये विशेष उपाय**

उच्च रक्तचाप, अनीमिया, मधुमेह तथा हृदयरोग ग्रस्त वरिष्ठ नागरिकों को विशेष देखभाल उपलब्ध कराई गई। औषधालय में बार बार जाने से बचने के लिए एक बार में 15 दिन की औषधियाँ उपलब्ध कराई जाती हैं।

**(iii) किशोरी क्लीनिक**

किशोरियों के लिए किशोरी क्लीनिक की व्यवस्था की गई है। उनकी स्वास्थ्य जांच के लिए एक स्त्रीरोग विशेषज्ञ की नियुक्ति की गई है।

**(iv) चलते-फिरते औषधालय**

सिविल क्षेत्र में चलते-फिरते औषधालय की सेवा उपलब्ध है।

**(v) विशेष चिकित्सा शिविर**

मधुमेह तथा उच्च रक्तचाप जैसी गंभीर बीमारियों का पता लगाने के लिए 02 चिकित्सा शिविर आयोजित किए गए।

**(vi) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वस्थ्य देखभाल उपाय**

कर्मचारियों की नियमित स्वास्थ्य जांच की जाती है। चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की समय समय पर जांच की जाती है तथा उन्हे तदनुसार परामर्श दिया जाता है। कर्मचारियों तथा उनके परिवारों को नि:शुल्क दवाइयाँ उपलब्ध कराई जाती है। स्कूल के छात्रों की भी वार्षिक जांच की जाती है तथा नि:शुल्क उपचार किया जाता है।

10. **सामान्य प्रशासन**

**(i) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

जन शिकायत निवारण प्रणाली “समाधान“ लागू की गयी है।

**(ii) खातों के लेखापरीक्षा**

30 सितम्बर, 2014 तक के खातों की लेखापरीक्षा की गई है ।

**11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि वर्जन 4.0 को स्थापित किया गया है।

**(ii) दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली**

दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली में आंकड़ों को स्टोर किया गया है।

**(iii) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

जन्म-मृत्यु पंजीकरण, वेतन बिल, पेंशन, कर तथा बजट पहले ही कप्यूटरीकृत कर दिये गए हैं।

**(iv) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

प्रथम चरण की छंटनी, सुधार, टैगिंग, सूचीकरण तथा स्कैनिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है तथा दूसरे चरण का 50% स्कैनिंग कार्य पूरा हो गया है।

**12. बाज़ार**

बोर्ड के पास 13 दुकानों सहित 02 बाजार हैं।

**13. अग्निशमन**

बोर्ड राज्य सरकार की अग्निशमन सेवाओं पर निर्भर रहता है।

**14. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 143 जन्म और 60 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# फिरोजपुर

**1. बोर्ड का गठन**

फिरोजपुर छावनी श्रेणी I की छावनी है। इसके बोर्ड में 8 निर्वाचित सदस्यों सहित 16 सदस्य है। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर लव वर्मा, सेमे** | **01.04.2014 से 21.07.2014** |
| | **ब्रिगेडियर दीपक सैनी** | **22.07.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री जी विजय भास्कर** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए तथा इनके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

2015-18 की अवधि के लिए त्रैवार्षिक मूल्यांकन प्रक्रियाधीन है। करों तथा गैर-कर राजस्व की उगाही के लिए भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं।

**(ii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में संपत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

94 %

**4. जलापूर्ति**

बोर्ड के पास 16 गहरे नलकूपों तथा 4 शीर्षोपरि भंडारण टैंकों सहित जलापूर्ति व्यवस्था हैं। प्रति व्यक्ति जलापूर्ति 150 लीटर प्रतिदिन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए :

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 1,27,70,603/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 1,20,00,000/- रूपये |
| (ग) | नालियाँ | 6,26,016/- रूपये |
| (घ) | जलापूर्ति | 5,33,549/- रूपये |
| (च) | सामान | 70,00,000/- रुपये |
| (छ) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 65,84,347/- रुपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड 01 हाई स्कूल, 03 माध्यमिक तथा 01 अंग्रेजी माध्यम स्कूल, जो कि शहर का प्रसिद्ध स्कूल है, चलाता है। माध्यमिक तथा हाई स्कूल में अंग्रेजी माध्यम सहित नर्सरी कक्षाएं शुरू की गई। बोर्ड के हाई स्कूल में अंग्रेजी बोलने के कोर्स शुरू किया गया है। सभी छात्रों को नि:शुल्क वर्दियां तथा पुस्तकें दी जाती हैं। नाश्ते/सुबह के समय पूरक भोजन भी दिया जाता है।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

सभी स्कूलों के लिए स्कूल प्रबंधन समिति का गठन किया गया है। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान 11 बैठकें हुई। समितियों को स्कूल के दैनिक क्रिया-कलापों संबंधी कुछ निर्णय लेने के लिए समुचित अधिकार का प्रत्यायोजन किया गया है।

(iii) **शिक्षा का विकास**

एकमात्र लड़कियों को प्रति माह 150/- रुपये की राशि दी जाती है। सभी छात्रों को वर्दियाँ, पुस्तकें तथा किट दी जाती है। कक्षा 1 से 10 तक सभी छात्रों को पुस्तकें तथा कापियाँ निशुल्क दी जाती है। टाइक्वांडो की आत्म रक्षा कक्षाएं शुरू की गई है। अंबेडकर विद्या विकास नाम से छात्रवृत्ति योजना शुरू की गई है।

**(iv) व्यवसायिक प्रशिक्षण**

एक स्वतन्त्र भवन मे व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया गया है। वर्ष के दौरान 350 छात्रों ने प्रवेश लिया। मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा प्रायोजित सामुदायिक कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत कोर्स चलाये जाते हैं। राजकीय पॉलिटैक्निक, फिरोजपुर द्वारा प्रमाण पत्र भी जारी किए जाते हैं।

**(v) शिक्षा के विकास के लिए अन्य पहल**

व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र के अतिरिक्त हाई स्कूल की छात्राओं को हस्त शिल्प/सिलाई का प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

**7. बच्चों के लिए विशेष उपाय**

**विशेष रूप से अशक्त बच्चे**

मुस्कान नामक विशेष बच्चों के लिए केंद्र में 15 छात्रों ने प्रवेश लिया है। यातायात, दूध, अंडे, फल एवं बिस्किट आदि सहित पौष्टिक भोजन की सुविधा शुरू की गई है। केंद्र, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी की देख रेख में, छावनी सामान्य अस्पताल के भवन में कार्य कर रहा है, जहां उन्हें चिकित्सा सुविधाओं के अतिरिक्त समग्र विकास के लिए फिजियोथेरपी अभ्यास भी कराया जाता है। एक विशेष शिक्षक द्वारा विशेष शिक्षा दी जा रही है। टीवी, गेम, डीवीडी, उद्यान और सबसे अधिक संगीत की सुविधा जैसी पूर्ण सुविधाएं सभी बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही हैं।

**8. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी में साफ-सफाई संतोषजनक रही।

**(ii) पालीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

नियमित छापामारी कर पॉलिथीन थैलियाँ जब्त की गई। उल्लंघनकर्ताओं को जुर्माना लगाकर दंडित किया गया।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

छंटनी शुरू की गई है। घर-घर से कूड़ा एकत्रित करने का कार्य सफलतापूर्वक जारी है तथा इसकी सभी निवासियों द्वारा प्रशंसा की गई है। कृमि खाद बनाने की शुरुआत की गई है।

**(iv) वृक्षारोपण**

विभिन्न प्रकार के 5000 पौधे लगाए गए। इनमे से 72% बचे रहे।

**(v) अन्य पहल**

अतिरिक्त सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए ढींगरा पार्क तथा गोविंद पार्क में सुधार किया गया। गांधी उद्यान में एक नवीनीकृत पुस्तकालय शुरू किया गया। रेलवे रोड पर कुम्हार मंडी में एक नए पार्क का विकास किया जा रहा है।

**9. जन स्वास्थय**

**(i) छावनी सामान्य अस्पताल**

बोर्ड 20 बिस्तरों की क्षमता वाला 01 छावनी सामान्य अस्पताल चलाता है। 11,862 बहिरंग तथा 280 अंतरंग रोगियों का उपचार किया गया।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए गये विशेष उपाय**

वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्नेहकुंज नामक दिवस देखभाल केंद्र चलाया जा रहा है। वरिष्ठ नागरिकों को नि:शुल्क चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

**(iii) विशेष चिकित्सा शिविर**

वर्ष के दौरान 4 चिकित्सा शिविर आयोजित किए गए जिनमें बच्चों सहित 1088 व्यक्तियों को चिकित्सा परामर्श एवं उपचार दिया गया।

**10. सामान्य प्रशासन**

**(i) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

टेलीफोन द्वारा तथा मौखिक शिकायतों पर मुख्य अधिशासी अधिकारी द्वारा ध्यान दिया जाता है तथा उनका निदान किया जाता है।

**(ii) खातों के लेखा परीक्षा**

अभी तक 218 लेखा परीक्षा आपतियों में से 36 आपतियों का निपटान किया गया है।

**(iii) जनहित में कोई अन्य पहल**

कार्यालय परिसर में 10 केवीए क्षमता की सौर ऊर्जा उत्पादन इकाई स्थापित की गई है जिससे कि 1/3 ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति होती है। 3 पुराने अपशिष्ट वाहनों (20 साल से ज्यादा पुराने) को नए वाहनों (टाटा टिप्पर) द्वारा बदला गया है।

**11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

एक कम्प्युटर प्रोग्रामर तथा एक अवर श्रेणी लिपिक सहित सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग बनाया गया है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि सॉफ्टवेयर 4.0 का प्रयोग किया जा रहा है।

**(iii) दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली**

अर्जन आधारित लेखा प्रणाली, आर बी कोड तथा डाटा बेस संरचना में आरटीसी देहारादून के तत्वाधन में एक कम्प्यूटर प्रोग्रामर को प्रशिक्षित किया गया।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

सभी कम्प्यूटर प्रणाली लोकल एरिया नेटवर्क पर काम कर रही है। मूल्यांकन प्रपत्र तैयार करने के लिए एप्लिकेशन विकसित तथा लागू की गई है। भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित करने हेतु वेब आधारित एप्लिकेशन विकसित तथा लागू किया गया है।

**12. बाज़ार**

बोर्ड मछ्ली, मुर्गा तथा मांस की 13 स्टालों सहित 01 मटन बाजार चलाता है। इसके अतिरिक्त 45 अन्य दुकानें भी बोर्ड के पास हैं।

**13. अग्निशमन**

बोर्ड के पास 01 अग्निशामक वाहन सहित अपनी अग्निशमन व्यवस्था है।

**14. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 1447 जन्म और 324 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# जबलपुर

**1. बोर्ड का गठन**

जबलपुर छावनी श्रेणी I की छावनी है। इसके बोर्ड में 8 निर्वाचित सदस्यों सहित 16 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर अनुज माथुर** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री बी रेड्डी शंकर बाबू** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए और इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

होर्डिंग/विज्ञापन/खोखों तथा बारात घर/ग्राउंड के वार्षिक ठेके में संशोधन से अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ है। वर्ष के दौरान वाहन प्रवेश कर तथा चुंगी प्राप्ति में भी वृद्धि दर्ज की गयी।

**(ii) निकटवर्ती नगर निगम की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

निकटवर्ती नगर निगम में लगने वाले सभी कर जबलपुर छावनी में लगाए गए हैं।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में सम्पत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

64.05%

**4. जलापूर्ति**

बोर्ड 3 पम्प हाउसों, 21 ट्यूबवेलों, 2 ओवरहैड टैंकों तथा 4 सम्पवेलों के जरिए पीने के पानी की आपूर्ति करता है। प्रतिव्यक्ति जल की आपूर्ति 100 लीटर प्रतिदिन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए :-

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 2,94,03,162/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 1,03,59,846/- रूपये |
| (ग) | नालियां | 68,13,117/- रूपये |
| (घ) | जलापूर्ति | 74,00,474/- रूपये |
| (च) | सामान | 70,80,383/- रूपये |
| (छ) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 2,04,55,809/- रूपये |

**6.** **शिक्षा**

**(i)** **स्कूल**

बोर्ड 01 हायर सेकेंड्री स्कूल, 1 हाई स्कूल, 1 मिडिल स्कूल, एक आर्किड नर्सरी स्कूल तथा सीबीएसई पाठ्यक्रम वाले 3 अंग्रेजी माध्यम स्कूल (कक्षा 1 से 5) चलाता है।

**(ii)** **स्कूल प्रबंधन समिति**

स्कूल प्रबंधन समितियां गठित की गयी हैं।

**(iii)** **व्यावसायिक प्रशिक्षण**

विद्यार्थियों को टेलरिंग तथा ड्रेस डिजाइनिंग का व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाता है।

**(iv)** **शिक्षा का विकास**

अलग महिला अनुदेशकों के साथ योग तथा कराटे को स्कूल संबंधी कार्यकलापों का एक अभिन्न अंग बनाया गया है। राज्य सरकार द्वारा 233 छात्रों को की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। सभी स्कूलों में लड़कियों के लिए अलग शौचालयों की व्यवस्था की गयी।

**(v)** **शिक्षा के विकास के लिए कोई अन्य पहल**

3 अंग्रेजी माध्यम स्कूल, जिनमें 215 छात्र हैं, में कक्षा 5 को जोड़ा गया है। छात्रों की नियमित स्वास्थ्य जांच की जाती है तथा उन्हें मिड-डे-मील दिया जाता है। स्मार्ट कक्षाओं के साथ पुस्तकालय सुविधा तथा अंग्रेजी बोलने की वास्तविक कक्षाएं पहले से ही चलायी जा रही हैं। फुटबॉल के मैदान तथा बास्केटबॉल के मैदान को विकसित किया गया है तथा श्रेष्ठ कोचों के माध्यम से विभिन्न खेलकूद संबंधी क्रियाकलापों की कोचिंग दी जाती है। 7 छात्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मध्यप्रदेश खेलकूद तथा युवा कल्याण विभाग की ओर से छात्रवृत्ति दी गई।

**7.** **बच्चों के लिए विशेष उपाय**

**विशेष रूप से अशक्त बच्चे**

विशेष बच्चों के लिए "मुदिता" पुनर्वास केंद्र में 50 अशक्त बच्चों को प्रवेश दिया गया तथा उन्हें विशेष शिक्षा, स्पीच थेरेपी, फिजियोथेरेपी, प्ले थेरेपी, योग, व्यावसायिक प्रशिक्षण, पैतृक परामर्श, एक विशेष वाहन से लाने ले जाने तथा खाने की सुविधाएं प्रदान की गईं।

**8.** **पर्यावरण तथा सफाई**

**(i)** **सामान्य सफाई**

समान्य सफाई संतोषजनक है

**(ii)** **पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

बोर्ड ने पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया है।

**(iii)** **ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

सिविल तथा सेना क्षेत्र में घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित किया जाता है।

**(iv) वृक्षारोपण**

छावनी में 13,500 पौधे लगाए गए।

**(vi अन्य पहल**

छावनी बोर्ड कार्यालय तथा  छावनी अस्पताल में छत से आने वाले वर्षा के पानी की हार्वेस्टिंग शुरू की गई है। सदर में प्राकृतिक पानी के स्थल "खंव ताल" की मरम्मत की गई।

## 9. जन स्वास्थ्य

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

छावनी बोर्ड 40 बिस्तरों वाला एक अस्पताल चलाता है। यह आर्थोपेडिक, मेडीसिन, हृदय रोग, बालरोग, स्त्रीरोग तथा नेत्र रोग, तथा ईएनटी की ओ पी डी सेवाएं प्रदान करता हैं। नशा छोड़ने  के लिए परामर्श सेवा भी उपलब्ध है। 24 घंटे आपातकालीन सेवा प्रदान की जाती है। होम्योपैथी तथा डॉट केंद्र भी उपलब्ध है। एक नयी सुविधा के रूप में एक नया प्रीमियम वार्ड भी शुरू किया गया है ।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

वरिष्ठ नागरिकों (गरीबी रेखा से नीचे के) को अस्पताल में उपलब्ध होने पर जेनेरिक दवाएं मुफ्त दी जाती हैं। वरिष्ठ नागरिकों के लिए दैनिक योग कक्षाएं, फिजियोथेरेपी तथा 'सद्भाव' डे-केयर सेंटर चलाया जा रहा है ।

**(iii) किशोरी क्लिनिक**

किशोरी क्लिनिक चलाया जा रहा है। वर्ष के दौरान 2006 मामलों की जांच की गई तथा स्कूलों में स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किए गए।

**(iv) जननी सुरक्षा योजना**

छावनी सामान्य अस्पताल में शहरी परिवार कल्याण केन्द्र के सहयोग से यह योजना चलायी जाती है तथा वर्ष के दौरान 317 महिलाओं को इसका लाभ मिला।

**(v) एचआईवी जांच सुविधा**

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान द्रुतगामी जांच प्रक्रिया के द्वारा 965 मरीजों की जांच की गयी।

**(vi) चलता-फिरता औषधालय**

गोरा बाजार तथा करौंदी में सप्ताह में दो दिन चलता-फिरता औषधालय काम करता है।

**(vii) विशेष चिकित्सा शिविर**

छावनी बोर्ड स्कूलों में स्कूली बच्चों लिए नियमित आधार पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। हेपेटाइटिस-बी टीकाकरण शिविर भी आयोजित किया गया। "वरिष्ठ नागरिक दिवस" पर वरिष्ठ नागरिक शिविर आयोजित किया गया ।

**(viii) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

छावनी बोर्ड कर्मचारियों की समय-समय पर स्वास्थ्य जांच की गई।

**10. सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

नई पेंशन योजना लागू की गई है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

जन शिकायत निवारण प्रणाली ''समाधान'' तथा कर्मचारियों के लिए शिकायत निवारण " प्रणाली "सुविधा'' पूरी तरह से लागू है।

**(iii) खातों की लेखापरीक्षा**

मार्च, 2015 तक के खातों की लेखापरीक्षा की गई।

**11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

सूचना प्रोद्योगिकी तथा अंकीकरण, रक्षा भूमि आदि जैसे कार्यों के लिए अलग परिसर का निर्माण किया गया है ।

**(ii) रक्षा भूमि के कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि साफ्टवेयर वर्जन 4.0 लगाया गया है तथा सभी जीएलआर प्रविष्टियां की गई हैं तथा उनकी जांच की गयी है, दोबारा मिलान किया गया है, अधिप्रमाणित किया गया है तथा उन पर अंकीय हस्ताक्षर किये गये हैं।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

अलग प्रणाली लगाई गयी है तथा एल्फ्रेस्को साफ्टवेयर लोड किया गया है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

प्रत्येक अनुभाग में कम्प्यूटर लगाये गये हैं। एमपीएलएस-वीपीएन परियोजना के कार्यान्वन के लिए लोकल एरिया नेटवर्क सुविधा प्रदान की गयी है। कार्यालय, अस्पताल तथा स्कूल में सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं। वेतन बिलों, भविष्य निधि (पीएफ), छुट्टियों तथा पेंशन आदि के लिए सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है तथा उसे इस्तेमाल में लाया जाता है।

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

फाइल प्रबंधन प्रणाली लागू की गयी है तथा रिकार्ड के अंकीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है। रिकार्डों को सुरक्षित रखने के लिए 33 कम्पेक्टर तथा 4 अग्निरोधक कैबिनेट लगाए गये हैं।

**12. बाजार**

बोर्ड के पास 173 स्टाल तथा दुकान व एक चाट केन्द्र, सब्जी मंडी तथा दो नये हॉकर जोन भी बनाए गए हैं।

**13. अग्निशमन**

बोर्ड के पास अपनी अग्निशमन व्यवस्था नहीं है। नगर निगम द्‌वारा एक अग्निशामक उपलब्ध कराया गया है, जिस पर संविदा आधार पर नियुक्त प्रशिक्षित फायरमैन को लगाया गया है।

**14. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 1035 जन्म तथा 259 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# जालंधर

**1. बोर्ड का गठन**

जालंधर छावनी श्रेणी II की छावनी है। इसके बोर्ड में 7 निर्वाचित सदस्यों सहित 14 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर आई जे एस चौहान** | **01.04.2014 से 30.08.2014** |
| | **ब्रिगेडियर आर के माहना** | **31.08.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्रीमती विभा शर्मा** | **01.04.2014 से 05.08.2014** |
| | **श्री पुरुषोत्तम लाल** | **06.08.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए और इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

अप्रैल 2014 से मार्च 2015 तक कैन्टीन स्टोर विभाग जालंधर छावनी से शराब पर चुंगी कर के रूप में 3,25,54,912/- रूपये की राशि प्राप्त हुई। वित्तीय वर्ष 2014-15 में निजी ठेकेदारों/शराब की दुकानों से एकत्र, शराब पर चुंगी कर के बदले अतिरिक्त उत्पाद शुल्क के रूप में पंजाब सरकार ने 23,78,365/- रुपये की राशि भी पास की। छावनी बोर्ड ने राज्य सरकार पंजाब के विरुद्ध याचिका दायर की है और माननीय उच्च न्यायालय चडीगढ़ ने राज्य सरकार को 8 सप्ताह के अंदर छावनी बोर्ड को शराब पर एकत्र चुंगी कर के बदले क्षतिपूर्ति के रूप में 6,97,39,657/- रुपेय की राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया है।

**(ii) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ कर दरों की तुलना**

छावनी बोर्ड जालंधर की कर दरें निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों की तुलना में अधिक हैं।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में सम्पत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

58%

**4. जलापूर्ति**

बोर्ड की अपनी जलापूर्ति प्रणाली है जिनमें 11 पम्प हाउस तथा 3 ओवरहेड सेवाई जलाशय हैं। प्रति व्यक्ति जल की आपूर्ति 33 गैलन प्रतिदिन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 96,26,193/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 1,27,70,473/- रूपये |
| (ग) | नालियां | 22,77,676/- रूपये |
| (घ) | सामान | 5,54,632/- रूपये |
| (च) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 4,60,243/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड 2 सीनियर सेकेन्डरी स्कूल, 1 प्रारंभिक स्कूल तथा 4 प्राइमरी स्कूल चलाता है जिनमें 2175 विद्यार्थियों में से 1211 लड़कियां हैं। सभी प्राइमरी स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम की कक्षाएं शुरू की गई हैं। सीनियर सेकेन्डरी स्कूलों में व्यावसायिक कोर्स भी शुरू किया गया है। बोर्ड 1 अंग्रेजी माध्यम प्राइमरी स्कूल सिल्वर ओक पब्लिक स्कूल भी चलाता है।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

सभी स्कूलों में स्कूल प्रबंधन समितियां गठित की गई हैं तथा सभी स्कूलों में स्कूल प्रबंधन समिति की नियमित मासिक बैठकें हुईं। बोर्ड ने स्कूल प्रबंधन समितियों को वितीय तथा प्रशासनिक शक्तियां प्रदान की हैं।

**(iii) व्यवसायिक प्रशिक्षण**

छावनी बोर्ड बालिका सीनियर सेकंडरी स्कूल में स्वास्थ्य देखभाल, प्रयोगशाला सहायक तथा कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग के तीन व्यावसायिक प्रशिक्षण चलाए गए। जिनमें इस सत्र के दौरान 59 लड़कियों को प्रशिक्षण दिया गया। छावनी बोर्ड बाल सेकेन्डरी स्कूल में हाउस वायरिंग (इलेक्ट्रिशियन) तथा कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग जैसे दो कोर्स शुरू किए गए। इस सत्र के दौरान 70 लड़कों को प्रशिक्षित किया गया।

**(iv) शिक्षा का विकास**

छावनी बोर्ड गर्ल्स स्कूलों में मेधावी छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए निम्नानुसार प्रोत्साहन पुरस्कार दिये गए :-

| | | |
|---|---|---|
| बोर्ड परीक्षाओं में 70% से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राएँ | : | 2000/- रूपये |
| कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राएँ | : | 500/- रूपये |
| कक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राएँ | : | 300/- रूपये |

**(v) शिक्षा के विकास के लिए कोई अन्य पहल**

प्री-प्राइमरी कक्षायें शुरू की गयी है और सभी प्राइमरी कक्षाओं में अंग्रेजी माध्यम शुरू किया गया है। छावनी बोर्ड बाल तथा बालिका सेकेन्डरी स्कूल में कक्षा 4 से 10+2 तक कम्प्यूटर शिक्षा शुरू की गई है। स्कूलों में लड़कियों के लिए अपनी रक्षा स्व्यम करने का

प्रशिक्षण भी शुरू किया गया है। वर्ष के दोरान बोर्ड ने पहली से आठवीं तक सभी विद्यार्थियों तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के 10वीं तक के सभी विद्यार्थियों को पुस्तकें दी गई।

**7. बच्चों के लिए विशेष उपाय**

**विशेष रूप से अशक्त बच्चे**

बोर्ड छावनी समान्य अस्पताल में अशक्त बच्चो के लिए “स्पर्श” डे सेंटर चला रहा है। केंद्र में एक वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट एवं एक्यूपंक्चरिस्ट, फिजियोथेरेपिस्ट, परामर्शदाता, विशेष शिक्षक तथा एक सहायक हैं। प्रतिदिन केंद्र में 12 बच्चे आते है। ये सेवाएँ नि:शुल्क दी जाती है। उनके लिए विशेष शिविर और प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं।

**8. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी में सफाई का स्तर संतोषजनक रहा। एबीसी कार्यक्रम के अन्तर्गत आवारा कुत्तों की नसबंदी की जाती है।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध (उठाए गए कदम, एहतियात आदि का संक्षिप्त विवरण)**

जालंधर छावनी में पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है, अतिक्रमणकारियों पर जुर्माना लगाया जाता है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गये प्रयास**

छावनी की 25% सिविल आबादी में क्षेत्र में घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित किया जाता है। सब्जी मंडी तथा बगीचे के अपशिष्ट कूड़ा, घास, सूखी पत्तियाँ आदि से वर्मी-खाद बनाई जाती है और इसे बगीचों तथा पार्कों में इस्तेमाल किया जाता है।

**(iv) वृक्षारोपण**

वर्ष 2014-15 के दौरान 500 पेड़ लगाए गए तथा इनमे से 60% बचे रहे।

**(v) अन्य पहल**

इस कार्यालय द्वारा आवासीय क्षेत्र में 10 पार्कों, 4 सार्वजनिक पार्कों तथा गोल चक्करों का रख-रखाव किया जाता है। इस कार्यालय द्वारा आवासीय क्षेत्र में एक और पार्क बनाया जा रहा है।

**9. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

बोर्ड के पास 19 बिस्तरों वाला एक सामान्य अस्पताल है। वर्ष के दौरान 39603 बहिरंग तथा 371 अंतरंग रोगियों का इलाज किया गया। प्रभारों में संशोधन के कारण रिपोर्टधीन अवधि के दौरान अस्पतालों की कुल आय में 18.5% वृद्धि हुई।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों के लिए 06.09.2014 और 21.01.2015 को छावनी सामान्य अस्पताल द्‌वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। वरिष्ठ नागरिकों को रिकार्ड तथा आगे के इलाज के लिए स्वास्थ्य कार्ड दिए गए हैं।

**(viii) किशोरी क्लिनिक**

छावनी सामान्य अस्पताल में किशोरी क्लिनिक कार्य कर रहा है। छावनी सामान्य अस्पताल द्‌वारा परामर्शदाता और चिकित्सक द्‌वारा समय-समय पर किशोरी लड़कियों के लिए व्याख्यान आयोजित किए जाते हैं।

**(ix) जननी सुरक्षा योजना**

छावनी सामान्य अस्पताल के परिसर में राज्य सरकार के स्वास्थ्य केन्द्र द्‌वारा जननी सुरक्षा योजना प्रदान की गई है। सभी मातृ रोगियों को इस योजना के अंतर्गत 600/- रूपये तथा माता कौशल्या योजना के अंतर्गत 1200/- रूपये की राशि राज्य सरकार द्‌वारा दी जाती है।

**(x) एचआईवी जांच सुविधा**

छावनी सामान्य अस्पताल में एचआईवी जांच की सुविधा उपलब्ध है।

**(xi) विशेष चिकित्सा शिविर**

12 विशेष चिकित्सा शिविर लगाये गये हैं जिनमें 2064 रोगी लाभान्वित हुए।

**(xii) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

सभी छावनी बोर्ड कर्मचारियों की वार्षिक स्वास्थ्य जांच की गई। कर्मचारियों को रिकार्ड तथा जांच के लिए स्वास्थ्य कार्ड दिए गए हैं। कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों का रियायती दरों पर इलाज कराने के लिए शहर के प्रतिष्ठित अस्पतालों को पैनल पर रखा गया है।

**10. सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

नई पेंशन योजना लागू की गई है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

शिकायतें/सुझाव दर्ज करने के लिए "समाधान" के अंतर्गत एक अलग टेलीफोन नंबर 0181-2266250 लगाया गया है। यह नंबर कार्यालय की वेबसाईट पर भी उपलब्ध कराया गया है। निवारण के लिए शिकायतें अनुभाग प्रमुख को भेजी जाती हैं और मुख्य अधिशासी अधिकारी द्‌वारा नियमित रूप से प्रगति की मॉनिटरिंग की जाती है।

**(iii) खातों की लेखापरीक्षा**

31.3.2015 तक के खातों की सामान्य लेखापरीक्षा की गई है।

**(iv) जनहित में कोई अन्य पहल**

बोर्ड की बैठकों की सभी कार्यवाहियों को प्रकाशित किया जाता है और आम जनता की जानकारी के लिए इन्हें छावनी बोर्ड की कार्यालयी वैबसाइट पर अपलोड किया जाता है।

## 11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

एक कम्प्यूटर प्रोग्रामर सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग की देख-रेख कर रहा है।

**(ii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली को एक डेडीकेटेड सर्वर में लगाया गया है और प्रणाली में 1624 पीडीएफ फाइलें अपलोड की गई हैं। वर्ष के दौरान स्टाफ के दो कार्मिकों को दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली का प्रशिक्षण दिया गया।

**(iii) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

पिछले दो वर्षों में पेंशन, फाइल प्रबंधन प्रणाली तथा वेतन के लिए सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है तथा उसे समय-समय पर अपग्रेड किया जाता है। छावनी बोर्ड की कार्यालयी वेबसाइट को आवश्यकतानुसार अपडेट किया जाता है। ई-निविदा शुरू की गई है।

**(iv) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

फेज-I में महत्वपूर्ण पुराने रिकार्ड के 103342 पृष्ठ की 1624 फाइलें अंकीकृत की गई। फेज-II में 3200 फाइलों के 1,50,000 पृष्ठों का स्कैनिंग और अंकीकरण के लिए चयन किया गया। 31 मार्च, 2015 तक 1000 फाइलों का सूचीकरण तथा 32973 पृष्ठों की स्कैनिंग की गई है।

## 12. बाजार

बोर्ड के पास 44 दुकानें/स्टॉल हैं।

## 13. अग्निशमन

अग्निशमन सहायता के लिए बोर्ड नगर निगम, जालंधर शहर तथा स्थानीय सेना पर निर्भर है।

## 14. जन्म तथा मृत्यु

वर्ष के दौरान 1454 जन्म तथा 383 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# जलापहाड़

**1. बोर्ड का गठन**

जलापहाड़ छावनी श्रेणी IV की छावनी है। इसके बोर्ड में 2 निर्वाचित सदस्यों सहित 4 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर रजनीश सिन्हा** | **01.04.2014 से 31.10.2014** |
| | **ब्रिगेडियर राजेश सचदेव** | **01.11.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री बी एस श्रीवास्तव** | **01.04.2014 से 06.07.2014** |
| | **डा0 तोजम गोंगो** | **07.07.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

वर्ष के दौरान आम चुनाव कराये गये। सदस्य निर्विरोध निर्वाचित किये गये तथा इसे का.नि.आ. संख्या-01(ई) दिनांक 11.02.2015 के अंतर्गत अधिसूचित किया गया।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किये गये उपाय**

गैर-कर राजस्व की मदों की दर में संशोधन किया गया।

**(ii) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी की कर दरों की तुलना**

निकटवर्ती नगरपालिका द्वारा लगाए जाने वाले सभी कर छावनी बोर्ड द्वारा भी लगाए गए हैं। निकटवर्ती नगरपालिका में 10% से 40% की समेकित कर श्रेणी की तुलना में कुल कर दर की श्रेणी 28% से 38% है।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में संपत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

99%

**4. जलापूर्ति**

बोर्ड छावनी की सिविल आबादी तथा छावनी को पीने का पानी उपलब्ध कराता है। अपनी जल व्यवस्था के जरिए प्राकृतिक झरनों तथा एमईएस से थोक आपूर्ति के द्वारा वर्षा के मौसम में प्रतिदिन प्रति व्यक्ति जलापूर्ति 80 लीटर तथा शुष्क मौसम के दौरान 50 लीटर प्रतिदिन प्रति व्यक्ति है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित निर्माण कार्य किए गए:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन/स्कूल | 48,53,406/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 19,99,500/- रूपये |
| (ग) | नालियां | 21,62,053/- रूपये |

(घ) जलापूर्ति 23,66,117/- रूपये

(च) विविध सार्वजनिक सुधार कार्य 50,68,627/- रूपये

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड 50 बच्चों वाला कक्षा IV तक का एक अंग्रेजी माध्यम का प्राइमरी स्कूल चलाता है।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

स्कूल प्रबंधन समिति गठित कर ली गई है तथा वर्ष के दौरान नियमित रूप से इसकी 2 बैठकें हुई। बोर्ड के अनुमोदन से स्कूल प्रबंधन समिति को व्यवसायिक विनियमन को सभी शक्तियां प्रदान की गई हैं।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

वर्ष के दौरान 12 प्रशिक्षणार्थियों को छः महीने के ब्यूटीशियन कोर्स में व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया गया।

**(iv) शिक्षा का विकास**

छात्रों को मुफ्त वर्दी तथा पुस्तकें दी गईं। छात्रों में अंग्रेजी भाषा के कौशल को उन्नत करने के लिए अंग्रेजी अध्यापक लगाया गया।

**(v) शिक्षा के विकास के लिए कोई अन्य पहल**

छावनी बोर्ड स्कूल के छात्रों के लिए 02-05-2012 से कम्प्यूटर शिक्षा शुरू की गई है तथा इसमें कक्षा I से कक्षा IV तक 35 छात्र हैं। छात्रों को सांस्कृतिक गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाता है। प्रत्येक शुक्रवार को शैक्षिक फिल्म दिखाई जाती है।

**7. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी में सामान्य सफाई सन्तोषजनक रही।

**(ii) पॉलिथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

छावनी में पॉलिथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

छावनी क्षेत्र के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए दार्जिलिंग नगरपालिका द्वारा ट्रेनिंग ग्राउंड में निपटारे का प्रबंध किया गया है।

**(iv) वृक्षारोपण**

वर्ष के दौरान 500 पौधे लगाए गए जिनमें से 42% बचे हैं।

**(v) अन्य पहल**

नालियों की मरम्मत, सेप्टिक टैंकों के निर्माण तथा छावनी में विभिन्न स्थानों पर उठाकर रखे जा सकने वाले चीनी कूड़ेदान लगाकर पूरे छावनी क्षेत्र का सुधार किया गया

है। बरामदों, कार्यस्थल आदि की सामान्य साफ-सफाई, सड़क किनारे को के पेड़-पौधों को हटाकर, सारे स्टाफ में स्वच्छता के प्रति संवेदनशीलता पानी के नलकों की मरम्मत, स्कूली बच्चों की भागीदारी सहित नियमित जनजागरण अभियान चलाकर व स्वच्छ अभियान चलाकर तत्परता से कार्यान्वित किया गया।

**8. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

बोर्ड के पास एक औषधालय है। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान कुल 1497 बहिरंग रोगियों का इलाज किया गया।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

वरिष्ठ नागरिकों के लिए छावनी क्षेत्र में ताजा सर्वेक्षण किया गया। इसी के अनुसार उन्हें स्वास्थ्य डायरियां वितरित की गई।

**(iii) विशेष चिकित्सा शिविर**

वर्ष के दौरान स्कूली बच्चों के लिए एक स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया।

**(iv) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

छावनी बोर्ड औषधालय के माध्यम से छावनी बोर्ड के कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों की वार्षिक स्वास्थ्य जांच की जाती है।

**9. सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

नई पेंशन योजना कार्यान्वित की गई है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

इस कार्यालय द्वारा जनता की शिकायतों के निवारण हेतु निम्नलिखित वेबपोर्टल शुरू किए गए हैं:

(i) www.cbsamadahan.org

(ii) www.pgportal.gov.in/cpgoffice

**(iii) खातों की लेखापरीक्षा**

31.03.2015 तक के खातों की लेखापरीक्षा की गई।

**(iv) जनहित में कोई अन्य पहल**

विभिन्न प्रवेश बिंदुओं पर नए प्रवेश द्वारा निर्मित किए गए जैसे छावनी बोर्ड कार्यालय क्षेत्र तथा छावनी बोर्ड प्राइमरी स्कूल। छावनी बोर्ड औषधालय को सही जगह पर सुविधा के लिए परिवर्तित किया गया। सुसज्जित सम्मेलन कक्ष का निर्माण किया गया। छावनी फंड रोड का पुनर्निर्माण किया गया और नई मुंडेरें बनाई गई हैं।

**10. भूमि रिकार्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्‌योगिकी अनुभाग का सृजन**

सूचना प्रौद्‌योगिकी अनुभाग में एक कम्प्यूटर प्रोग्रामर रखा गया है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि वर्जन 4.0 स्थापित किया गया है और यह सुचारू रूप से कार्य कर रहा है।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

फाइल प्रबंधन प्रणाली स्थापित की गई है। सूचीकरण तथा पृष्ठीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए कदम**

वेतन बिलों के लिए वेतन रोल सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है। इस सॉफ्टवेयर द्‌वारा भविष्य निधि की स्थिति तथा वेतन पर्चियां तैयार की जाती हैं।

**(v) कार्यालय रिकार्ड का अंकीकरण**

सूचीकरण तथा स्केनिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है और इसे एलफ्रेंस्को सर्वर में अपलोड कर दिया गया है।

**11. बाजार**

बोर्ड का कोई सार्वजनिक बाजार नहीं है।

**12. अग्निशमन**

अग्निशमन सहायता के लिए बोर्ड दार्जिलिंग की पश्चिम बंगाल अग्निशमन सेवा पर निर्भर है।

**13. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान कुल 02 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# जम्मू

**1. बोर्ड का गठन**

जम्मू छावनी श्रेणी II की छावनी है। छावनी बोर्ड में 7 निर्वाचित सदस्यों सहित 14 सदस्य हैं। वर्ष के दौरान बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर जे एस राजपुरोहित** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री डी एस खत्री** | **01.04.2014 से 11.07.2014** |
| | **श्री दीपक मोहन** | **11.07.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

रिपोर्टधीन वर्ष के दौरान कोई चुनाव नहीं हुए।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

संपत्ति कर की दर में 6% से 11% की वृद्धि के कारण छावनी क्षेत्र में केन्द्र और राज्य सरकार विभाग की संपत्तियों द्वारा देय सेवा प्रभार में भी वृद्धि हुई है।

**(ii) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

निकटवर्ती नगरपालिका में लगने वाले सभी कर छावनी बोर्ड द्वारा लगाए गए हैं। छावनी में कर की दरें नगरपालिका क्षेत्र की दरों के समान हैं। बोर्ड भवनों पर कर लगाता है जबकि जम्मू नगर निगम इस प्रकार का कोई कर नहीं लगाता। यद्यपि नगरपालिका अधिनियम में इस प्रकार का कर लगाए जाने का प्रावधान है।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में सम्पत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

83.33%

**4. जलापूर्ति**

छावनी के निवासियों को जल की आपूर्ति राज्य सरकार द्वारा की जाती है। सदर बाजार क्षेत्र में बोर्ड द्वारा एक ट्यूबवेल लगाया गया है तथा बाजार क्षेत्र में पानी की आपूर्ति बोर्ड द्वारा की जाती है। प्रति व्यक्ति जल की आपूर्ति 296 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान सार्वजनिक निर्माण कार्यों पर निम्नलिखित राशि व्यय की गई:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 19,16,110/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 2,95,286/- रूपये |
| (ग) | नालियां | 38,58,8661/- रूपये |

| | | |
|---|---|---|
| (घ) | सामान | 3,30,4661/- रूपये |
| (च) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 12,78,032/- रूपये |
| (छ) | स्ट्रीट लाईट | 22,82,253/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

छावनी में 3 सेकेन्डरी तथा 2 मिडल स्कूल चलाने के लिए बोर्ड ने अपने भवन राज्य सरकार को दिए हैं।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

स्कूलों का संचालन राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। सभी स्कूलों की अपनी स्कूल प्रबंधन समितियां हैं।

**(iii) शिक्षा का विकास**

छावनी बोर्ड के पास 05 स्कूल भवन हैं। भवनों का रख-रखाव तथा बिजली तथा पानी जैसी सुविधाएं बोर्ड द्वारा प्रदान की जाती हैं। स्कूलों का संचालन राज्य सरकार करती है।

**(iv) शिक्षा के विकास के लिए कोई अन्य पहल**

सतवारी क्षेत्र में स्थित एक सरकारी बाल हाई स्कूल जम्मू छावनी में भवन के सुधार के लिए विशेष मरम्मत का कार्य किया गया।

**7. बच्चों के लिए विशेष उपाय**

**विशेष रूप से अशक्त बच्चे**

छावनी में विशेष बच्चों को पहचान के लिए एक सर्वेक्षण कराया गया। 24 ऐसे बच्चों की पहचान की गई जिन्हें विशेष देखभाल की जरूरत थी। विशेष बच्चों के लिए केन्द्र खोलने के लिए अस्पताल के भवन का एक भाग चिन्हित किया गया और उस भाग का नवीनीकरण किया गया।

**8. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी में सफाई का स्तर संतोषजनक रहा।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

छावनी में पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गये प्रयास**

छावनी में घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित करने का कार्य सन्तोषजनक ढंग से किया जा रहा है। जैविक तथा अजैविक कूड़े को कूड़ा एकत्रित करने के स्थान पर ही अलग-अलग किया जाता है। कूड़े को अच्छी तरह से अलग-अलग करने के उपरान्त उसे लैंड फील्ड स्थल पर डाल दिया जाता है।

**(iv) वृक्षारोपण**

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान 200 पौधे लगाए गए। उनमें से 75 प्रतिशत बचे रहे।

**9. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

बोर्ड के पास 35 बिस्तरों वाला एक अंतरंग अस्पताल है। जिसमें वर्तमान में 16 चालू हालत में हैं। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान 18448 बहिरंग तथा 378 अंतरंग रोगियों का इलाज किया गया। मानदेय आधार पर एक नेत्र ओ पी डी पॉलिक्लिनिक चलाया जाता है। छावनी सामान्य अस्पताल को 24 घंटे चलाने के लिए संविदा आधार पर तीन जनरल ड्यूटी मेडिकल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। छावनी बोर्ड सामान्य अस्पताल द्वारा नेत्र, स्त्री रोग तथा बालरोग जैसी विशेषज्ञ सेवाएं चलाई जा रही हैं।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

अस्पताल तथा कार्यालय में वरिष्ठ नागरिकों पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

**(iii) किशोरी क्लिनिक**

किशोरी क्लिनिक चलाने के लिए स्त्रीरोग तथा बालरोग - दो डाक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है जो बालिकाओं का इलाज करने तथा बालिकाओं को शिक्षित करने के लिए नियमित रूप से स्कूलों में जाते हैं।

**(iv) जननी सुरक्षा योजना**

छावनी के निवासियों के लिए भी जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत सुविधाओं का विस्तार किया गया है।

**(v) विशेष चिकित्सा शिविर**

वर्ष के दौरान चिकित्सा शिविर लगाए गए जिनमें 335 रोगियों को चिकित्सा परामर्श तथा इलाज प्रदान किया गया।

**(vi) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

छावनी बोर्ड सफाई कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा जरूरतमंद कर्मचारियों को अपेक्षित इलाज प्रदान किया गया।

**10. सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

नई पेंशन योजना लागू की गई है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

"समाधान" तथा "सुविधा" विंडो को कम्प्यूटरीकृत किया गया है। सुविधा तथा समाधान के अंतर्गत मिलने वाली शिकायतों का समयबद्ध रूप में समाधान करने का प्रयास किया जाता है तथा शिकायतकर्त्ताओं को भी सूचित किया जाता है।

**(iii) खातों की लेखापरीक्षा**

सितंबर, 2014 तक के खातों की लेखापरीक्षा की गई है।

**11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग संतोषजनक ढंग से कार्य कर रहा है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

जम्मू छावनी में कोई भी अधिसूचित क्षेत्र नहीं है इसलिए इसकी जीएलआर रक्षा संपदा अधिकारी के कार्यालय के पास है।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

छांटी गई फाइलों की स्कैनिंग पूरी कर ली गई है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

छावनी बोर्ड के सभी अनुभागों को लोकल एरिया नेटवर्क सुविधा के साथ कम्प्यूटर प्रदान किए गए हैं।

**(v) कार्यालय रिकार्ड का अंकीकरण**

छांटी गई फाइलों का सूचीकरण तथा स्कैनिंग की गई है।

**12. बाजार**

बोर्ड के पास 202 दुकानें हैं जिनमें से 35 लघु ट्रेडिंग आउटलेट हैं, जो अधिकतर समाज के आर्थिक रूप से कमजोर छोटे दुकानदारों को आबंटित की गई हैं।

**13. अग्निशमन**

जम्मू छावनी को राज्य सरकार द्वारा अग्निशमन सेवाएं मुहैया कराई जाती हैं।

**14. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 2366 जन्म तथा 238 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# झांसी

**1. बोर्ड का गठन**

झांसी छावनी श्रेणी II की छावनी है। इसके बोर्ड में 7 निर्वाचित सदस्यों सहित 14 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर एस.डी.पी. सिंह** | **01.04.2014 से 30.09.2014** |
| | **ब्रिगेडियर जगरूप सिंह** | **01.10.2014 से 06.01.2015** |
| | **ब्रिगेडियर सलिल शर्मा** | **07.01.2015 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री अमित कुमार मिश्रा** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए और इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए। इन चुनावों में पहली बार ईवीएम का प्रयोग किया गया।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

120.21 % की कर वृद्धि सहित त्रैवार्षिक मूल्यांकन कर लिया गया है।

**(ii) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

वर्तमान कर निकटवर्ती नगरपालिका से अधिक हैं।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में सम्पत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

91.4%

**4. जलापूर्ति**

बोर्ड उत्तर प्रदेश जल निगम से थोक में जल प्राप्त करता है तथा इसका वितरण छावनी की सिविल क्षेत्र की आबादी को अपनी स्वतंत्र जलापूर्ति प्रणाली के द्वारा करता है। पानी की कमी को चार खुले कुओं तथा हैंड पम्पों द्वारा पूरा किया जाता है। प्रतिव्यक्ति पानी की आपूर्ति लगभग 137 लीटर से 140 लीटर प्रतिदिन है। सदर बाजार में मौजूदा पुरानी पाइप लाइन के स्थान पर नई पाइप लाइन बिछाई जा रही है। तोपखाना बाजार तथा लालकुर्ती बाजार में 100 किलोलीटर और 150 किलोलीटर के भूमिगत सम्पवैलों का कार्य निर्माणाधीन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 1,14,15,655/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 8,28,7241/- रूपये |

| | | |
|---|---|---|
| (ग) | नालियां | 19,61,774/- रूपये |
| (घ) | जलापूर्ति | 14,05,547/- रूपये |
| (च) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 29,96,558/- रूपये |

## 6. शिक्षा

### (i) स्कूल

तीन प्राईमरी स्कूलों में से 2 हिन्दी माध्यम के स्कूल हैं तथा एक को अंग्रेजी माध्यम में परिवर्तित किया गया है। सदर बाजार स्कूल भवन में एक जूनियर हाई स्कूल भी शुरू किया गया है। समाज के वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए इस स्कूल की एक विस्तार शाखा जीवन साह क्षेत्र में खोली गई है।

### (ii) स्कूल प्रबंधन समिति

स्कूल में छुटपुट कार्य करने, सफाई से संबंधित स्कूल का निरीक्षण करने, अध्यापकों के काम की जांच करने तथा शिक्षा संबंधी नई योजनाएं शुरू करने के लिए स्कूल प्रबंधन समितियों को बोर्ड द्वारा अधिकार प्रदान किए गए हैं।

### (iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण

बोर्ड के पास सूचना प्रौद्योगिकी, कटिंग तथा टेलरिंग, ब्यूटी कल्चर तथा हेयर ड्रेसिंग से संबंधित एक व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थान है। प्रत्येक कोर्स की अवधि तीन महीने है।

### (iv) शिक्षा का विकास

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

### (v) शिक्षा के विकास के लिए कोई अन्य पहल

बच्चों को निःशुल्क पुस्तकें, बैग, वर्दी तथा मिड-डे मील दिया जाता है।

## 7. बच्चों के लिए विशेष उपाय

### विशेष रूप से अशक्त बच्चे

विशेष रूप से अशक्त सिविलियन बच्चों को सेना के आशा स्कूल में प्रवेश दिलवाया गया। आशा स्कूल के कर्मचारियों के वेतन का भुगतान छावनी बोर्ड द्वारा किया जाता है तथा आशा स्कूल की गाड़ियों को ईंधन दिया जाता है।

## 8. पर्यावरण तथा सफाई

### (i) सामान्य सफाई

छावनी में सफाई का स्तर संतोषजनक रहा है।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

छावनी क्षेत्र मे पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। नियमित रूप से जागरूकता रैलियां निकाली गईं तथा दुकानों व हॉकरों की नियमित रूप से जांच की जाती है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

सेना तथा सिविल क्षेत्रों में घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित किया जाता है। शुरुआत से ही कूड़े को अलग करना शुरू कर दिया है। प्रत्येक वार्ड को तीन खानों वाले ढके हुए कूड़ेदान दिए जा रहे हैं। वर्मी खाद के लिए सुन्दर संरचना बनाई गई है। ट्रेनिंग ग्राउंड में चारदीवारी की गई है।

**(iv) वृक्षारोपण**

कुल 1131 पौधे लगाए गए और उनमें से 85% बचे रहे।

**9. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

छावनी बोर्ड 40 बिस्तरों वाला एक अस्पताल चलाता है। विभिन्न क्षेत्रों में चिकित्सकों से युक्त एक पॉलिक्लिनिक भी शुरू किया गया है। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान 62906 बहिरंग तथा 142 अंतरंग रोगियों का इलाज किया गया।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

वरिष्ठ नागरिकों का छावनी सामान्य अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा उनके घर पर निःशुल्क इलाज किया जाता है।

**(iii) किशोरी क्लिनिक**

किशोरी क्लिनिक समुचित रूप से कार्य कर रहा है।

**(iv) जननी सुरक्षा योजना**

उत्तर प्रदेश सरकार की योजना के अनुसार जननी सुरक्षा योजना लागू की गई है।

**(v) एचआईवी जांच सुविधा**

छावनी सामान्य अस्पताल में एचआईवी जांच सुविधाएं उपलब्ध हैं।

**(vi) चलता-फिरता औषधालय**

दूर-दराज के इलाकों के लिए प्रत्येक तीन महीने में चलते-फिरते औषधालय चलाए जाते हैं।

**(vii) विशेष चिकित्सा शिविर**

रक्तदान शिविर, ब्लड शुगर तथा ब्लड प्रैशर जांच शिविर व प्रसव पूर्ण जांच शिविर, शराब छोड़ने संबंधी जागरूकता शिविर आयोजित किए गए।

**10. सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

नई पेंशन योजना कार्यान्वित की गई है।

**(ii) जन शिकायत निवारण**

बोर्ड द्वारा समाधान पहले से ही लागू की गई है।

**(iii) खातों की लेखापरीक्षा**

स्थानी लेखा प्राधिकारी द्वारा नियमिति रूप से खातों की लेखापरीक्षा की जाती है।

**(iv) जनहित में कोई अन्य पहल**

अतिक्रमण का पता लगाने के लिए छावनी में रक्षा भूमि का सर्वेक्षण शुरू किया गया। इस संबंध में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ई-प्रापण एवं ई-निविदा शुरू की गई। बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली भी शुरू की गई।

**11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग सृजित किया गया है और सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर का एक पद विद्यमान है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि में जीएलआर रजिस्टरों की प्रविष्टियां की गई हैं तथा उसे 100% अधिप्रमाणित एवं अंकीय हस्ताक्षरित किया गया है।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

एलफ्रेस्को दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली स्थापित की गई है तथा कार्यालय के 100 प्रतिशत कर्मचारियों को एलफ्रेस्को में प्रशिक्षित किया गया।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

वेतन तथा भत्तों, जीपीएफ, पेंशन, जल प्रभार, मूल्यांकन रजिस्टर, जन्म तथा मृत्यु रिकार्ड, छुट्टी इत्यादि का कम्प्यूटरीकरण किया गया है। ''समाधान'' तथा ''सुविधा'' पहले से ही चलाई जा रही है।

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

अंकीकरण का प्रथम चरण पूरा कर लिया गया है। एयू एवं आरसी में डाटा अपलोड कर लिया गया है।

**12. अग्निशमन**

बोर्ड के पास अग्निशमन व्यवस्था नहीं है। आपातकाल में आवश्यकता पड़ने पर उत्तर प्रदेश राज्य सरकार की अग्निशमन सेवाएं उपयोग में लायी जाती हैं।

**13. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 592 जन्म तथा 104 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# जतोग

**1. बोर्ड का गठन**

जतोग छावनी श्रेणी IV की छावनी है। इसके बोर्ड में 2 निर्वाचित सदस्यों सहित 4 सदस्य हैं। वर्ष के दौरान बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर एस एस सिद्धु** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री जे वी सिंह** | **01.04.2014 से 07.07.2014** |
| | **डॉ. (सुश्री) अनुपम तलवार** | **08.07.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए और इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए। इन चुनावों में पहली बार ईवीएम का प्रयोग किया गया।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

ब्लॉक वर्ष 2012 से 2015 के लिए संशोधित त्रैवार्षिक मूल्यांकन में पिछले मूल्यांकन से 15.50% की वृद्धि दर्शाई गई है। विभिन्न शुल्क एवं प्रभार लगाए गए हैं जिनमें पंजीकरण शुल्क, कॉपिंग शुल्क, सफाई प्रभार और जल इत्यादि शामिल हैं।

**(ii) निकटवर्ती नगर निगम की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

छावनी कर की दरें निकटवर्ती नगर निगम, शिमला से अधिक हैं।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में सम्पत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

82.60%

**4. जलापूर्ति**

सिविल नागरिकों की जल की आपूर्ति के लिए बोर्ड सेना इंजीनियरिंग सेवा पर निर्भर है। बोर्ड ने 19 सार्वजनिक नल भी उपलब्ध करवाए हैं। प्रति व्यक्ति जल की आपूर्ति 40 लीटर प्रतिदिन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 12,94,035/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 1,97,335/- रूपये |
| (ग) | सामान | 58,517/- रूपये |
| (घ) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 12,91,828/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड एक सह-शिक्षा मिडल स्कूल चलाता है।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान स्कूल प्रबंधन समिति की 4 बैठकें हुईं।

**(iii) व्यवसायिक प्रशिक्षण**

छावनी बोर्ड मिडिल स्कूल में कम्प्यूटर का व्यवसायिक प्रशिक्षण कोर्स शुरू किया गया है। इसमें कुल 46 विद्यार्थियों ने अपने आप को नामित किया है।

**(iv) शिक्षा का विकास**

बोर्ड ने कक्षा 6 तक अंग्रेजी माध्यम एनसीईआरटी पाठ्यक्रम पहले से ही शुरू कर रखा है। छावनी बोर्ड मिडल स्कूल में कम्प्यूटर लैब की शुरूआत की गई है।

**(v) शिक्षा के विकास के लिए कोई अन्य पहल**

08 गरीब छात्रों को पुस्तकें एवं वर्दियाँ, अपनी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कार प्रदान किया गया। छावनी बोर्ड मिडिल स्कूल के छात्रों ने दिल्ली छावनी में आयोजित सांस्कृतिक प्रतियोगिता, 2014 में समूह गान तथा समूह नृत्य में तृतीय पुरस्कार जीता।

**7. बच्चों के लिए विशेष उपाय**

**(i) विशेष रूप से अशक्त बच्चे**

बोर्ड ने सरकार द्वारा चलाये जा रहे संस्थान में 02 विशेष रूप से अशक्त बच्चों को प्रायोजित करने का प्रस्ताव पास किया।

**(ii) प्रवासी श्रमिकों के बच्चे**

नि:शुल्क शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य जांच प्रदान की गई।

**8. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी में सफाई का स्तर संतोषजनक रहा।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

छावनी में पॉलीथीन के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

बोर्ड के कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित किया जाता है। कूड़े को एकत्र करने और लाने व ले जाने के लिए ढ़के हुए वाहनों का प्रयोग किया जाता है।

**(iv) वृक्षारोपण**

विभिन्न किस्म के 1500 पौधे लगाए गए। उनमें से 70 प्रतिशत बचे रहे।

**(v) अन्य पहल**

छावनी में स्वच्छता रैली आयोजित की गई, जिसमें छावनी बोर्ड के कर्मचारियों, छात्रों तथा आम जनता ने भाग लिया। सफाई को बढ़ावा देने के लिए साइन बोर्ड भी लगाए गए हैं।

**9. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

बोर्ड एक औषधालय केंद्र में स्थित भवन में चलाता है। वर्ष के दौरान 4134 मरीजों का इलाज किया गया। इस औषधालय के अलावा बोर्ड पीपीपी पद्यति पर एक पैथोलोजिकल लैब भी चला रहा है।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कार्ड जारी कर दिए गए हैं। उनकी समय-समय पर स्वास्थ्य जांच की जाती है तथा नि:शुल्क आवश्यक दवाईयां दी जाती हैं।

**(iii) एचआईवी जांच सुविधा**

छावनी बोर्ड औषधालय की लैब में एचआईवी जांच की जाती है।

**(iv) विशेष चिकित्सा शिविर**

रक्षा सम्पदा दिवस पर विशेष रूप से लड़कियों के लिए अनीमिया जागरूकता शिविर लगाया गया। उनके परीक्षण किए गए एवं दवाएं वितरित की गई।

**(v) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों की नियमित स्वास्थ्य जांच की गई। जरूरत पड़ने पर उन्हें नि:शुल्क दवाइयां तथा अन्य सेवाएं प्रदान की गई।

**10. सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

नई पेंशन योजना लागू की गई है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

"समाधान" सॉफ्टवेयर द्वारा जनता से प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटान किया जाता है। ''सुविधा'' सॉफ्टवेयर को विकसित करके लागू किया गया है।

**(iii) खातों की लेखापरीक्षा**

मार्च , 2014 तक के खातों की लेखापरीक्षा की गई है।

**(iv) जनहित में कोई अन्य पहल**

बोर्ड आम जनता के लिए एक वाचनालय और बच्चों के लिए विभिन्न सुविधाओं से युक्त एक पार्क का रख-रखाव करता है।

**11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

कार्यालय में विभिन्न सूचना प्रौद्योगिकी के उपकरण लगाने के लिए एक सर्वर रूम का निर्माण किया गया है। सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग में एक कम्प्यूटर प्रोग्रामर रखा गया है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि वर्जन 4.0 सफलतापूर्वक स्थापित किया गया है। छावनी बोर्ड के भूमि रिकार्ड को कम्प्यूटरीकृत तथा अधिप्रमाणित किया गया है। रक्षा भूमि डाटा बेस का पुनर्सत्यापन कराया गया और आंकड़ों की विशुद्धता का प्रमाण-पत्र प्राप्त किया है।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली सॉफ्टवेयर स्थापित किया गया है तथा वह भली-भांति कार्य कर रहा है। सर्वर पर स्कैन किए गए दस्तावेजों को सर्वर पर अपलोड किया गया है जिन्हें लोकल एरिया नेटवर्क द्वारा कार्यालय के किसी भी कम्प्यूटर पर चल सकते है। साथ ही फाइल प्रबंधन प्रणाली के रिकार्ड को नियमित रूप से अद्यतन किया जाता है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

कार्यालय वैबसाइट एवं समाधान सॉफ्टवेयर सफलतापूर्वक चल रहे हैं। वेतन बिल सॉफ्टवेयर की त्रुटियों को दूर करके उसमें कार्यात्मक सुधार किया गया है। वेतन बिलों का रिकार्ड तथा सांविधिक तथा गैर-सांविधिक कटौतियों जैसे एनपीएस, जीपीएफ, आय कर आदि के लिए इस सॉफ्टवेयर का प्रयोग किया जाता है।

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

कार्यालय रिकार्ड के स्कैनिंग का प्रथम चरण पूरा कर लिया गया है जिसके अंतर्गत 708 फाइलों को स्कैन किया गया। स्कैनिंग का दूसरा चरण पूर्ण होने वाला है जिसके लिए उच्च गति वाले ए-3 स्कैनर तथा ओसीआर सॉफ्टवेयर का प्रयोग किया जा रहा है।

**12. बाजार**

बोर्ड के पास कोई सार्वजनिक बाजार नहीं है। बोर्ड के पास एक अतिथि गृह है।

**13. अग्निशमन**

बोर्ड अग्निशमन सेवाओं के लिए राज्य सरकार पर निर्भर है।

**14. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 10 जन्म तथा 03 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# कामठी

**1. बोर्ड का गठन**

कामठी छावनी श्रेणी IV की छावनी है। इसके बोर्ड में 7 निर्वाचित सदस्यों सहित 14 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर सतीश एन वासदे** | **01.04.2014 से 29.12.2014** |
| | **ब्रिगेडियर धर्मबीर सिंह** | **30.12.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री कपिल गोयल** | **07.07.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए और इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए। इन चुनावों में पहली बार ईवीएम का प्रयोग किया गया।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

बोर्ड ने होर्डिंग प्रभार, एलेक्ट्राल रोल कॉपिंग प्रभार एवं मंडप किराया में संशोधन किया है।

**(ii) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

छावनी की कर दरें निकटवर्ती नगरपालिका के समान हैं।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में सम्पत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

5.229%

**4. जलापूर्ति**

अलग-अलग उपभोक्ताओं को पानी वितरित करने के लिए बोर्ड नागपुर नगर निगम से थोक में जल प्राप्त करता है। प्रति व्यक्ति पानी की आपूर्ति 150 लीटर प्रतिदिन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 19,44,251/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 70,36,608/- रूपये |
| (ग) | जलापूर्ति | 64,17,417/- रूपये |
| (घ) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 7,13,910/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड 7वीं कक्षा तक हिन्दी माध्यम के दो स्कूल चलाता है तथा नर्सरी से कक्षा 5 की अंग्रेज़ी माध्यम कक्षाएं शुरू की हैं।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

वर्ष के दौरान स्कूल प्रबंधन समिति की 05 बैठकें हुई।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

बोर्ड द्वारा संचालित टेलरिंग तथा ब्यूटीसियन के व्यावसायिक प्रशिक्षण कोर्सों की संबद्धता निदेशक, तकनीकी शिक्षा से ली गई है।

**(iv) शिक्षा का विकास**

कक्षा I से VII तक प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली सभी बालिकाओं को क्रमशः 1000/- रूपये, 701/- रूपये तथा 501/- रूपये की वार्षिक छात्रवृत्ति दी जाती है।

**7. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी में सफाई का स्तर संतोषजनक रहा।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

छावनी में पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

सेना क्षेत्र में घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित करने का कार्य शुरू किया गया है।

**(iv) वृक्षारोपण**

वर्ष के दौरान 886 पेड़ लगाए गए जिनमें से 50 प्रतिशत बचे रहे।

**(v) अन्य पहल**

"स्वच्छ भारत" कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के लिए एक पंचवर्षीय योजना शुरू की गयी है।

**8. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

छावनी बोर्ड 32 बिस्तरों वाला एक अस्पताल चलाता है। वर्ष के दौरान 32419 बहिरंग तथा 1031 अंतरंग रोगियों का इलाज किया गया। 238 बच्चों को पोलियो प्रतिरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत पोलियो की दवा पिलाई गई।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों की हर 6 महीने में स्वास्थ्य जांच की जाती है। छावनी सामान्य अस्पताल उन्हें निःशुल्क परिवहन सुविधाएं उपलब्ध कराता है। वरिष्ठ

नागरिक कार्ड दिए गए हैं तथा वरिष्ठ नागरिकों को उनकी आवश्यकता तथा बीमारी के अनुसार 15-30 दिन की मुफ्त दवाएं दी जाती हैं।

**(iii) किशोरी क्लिनिक**

छावनी सामान्य अस्पताल में किशोरी क्लिनिक शुरू किया गया है।

**(iv) एचआईवी जांच सुविधा**

छावनी सामान्य अस्पताल में एचआईवी जांच सुविधा उपलब्ध है।

**(v) विशेष चिकित्सा शिविर**

पल्स पोलियो प्रशिक्षण शिविर, ग्लाक्सो एंटीबेस पाउडर वितरण शिविर, क्यूएलबी जांच शिविर, निशुल्क आयरन गोली वितरण शिविर, निशुल्क केल्सियम गोली वितरण शिविर, कार्डियोलोजी शिविर (केयर हास्पिटल), डायबिटीज़ शिविर, कोलेस्ट्रॉल शिविर, माइग्रेन शिविर, बीएमआई-फैट/बीआई शुगर शिविर/औस्टियोपोरोसिस, थोयोंराइड जांच शिविर और एचबी (अनीमिया) शिविर आयोजित किए गए।

**(vi) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

सभी कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों को स्वास्थ्य कार्ड दिए गए तथा उनकी समय-समय पर चिकित्सा जांच की गई।

**9. सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

नई पेंशन योजना लागू की गई है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

'सुविधा' तथा 'समाधान' चल रही है।

**(iii) खातों की लेखापरीक्षा**

31.03.2015 तक की अवधि के खातों की लेखापरीक्षा की गई।

**(iv) अन्य पहल**

सीमा तथा अतिक्रमण का पता लगाने के लिए छावनी में रक्षा भूमि का सर्वेक्षण शुरू किया गया है। इस संबंध में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ई-निविदा शुरू की गयी है। बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली भी शुरू की गयी है।

**11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग के लिए कम्प्यूटर प्रोग्रामर की नियुक्ति की गई है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि सॉफ्टवेयर में सारे जी एल आर रेकोर्डो (03 खंडों) की प्रविष्टि की गई है तथा उसे अधिप्रमाणित किया गया है। रक्षा भूमि सॉफ्टवेयर उपयोग में लाया जाता है।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

एयू एवं आरसी सर्वर में 1850 फाइलों को अपलोड किया गया है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

वेतन-बिल प्रणाली, अस्पताल प्रबंधन सॉफ्टवेयर का स्वचलीकरण किया गया। कम्प्यूटरीकृत ओपीडी पर्चियां शुरू की गई हैं। रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली तथा ''समाधान'' शिकायत निवारण प्रणाली कार्यान्वित की गयी है। कर्मचारियों के लिए 'सुविधा' सॉफ्टवेयर उपयोग में लाया जाता है। जल कर बिल सॉफ्टवेयर का कार्य प्रक्रियाधीन है।

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

अंकीकरण का चरण-I कार्य पूरा कर लिया गया है।

**12. अग्निशमन**

अग्निशमन सहायता के लिए बोर्ड राज्य सरकार की सेवाओं पर निर्भर है।

**13. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 67 जन्म तथा 105 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# कानपुर

**1. बोर्ड का गठन**

कानपुर छावनी श्रेणी I की छावनी है। इसके बोर्ड में 8 निर्वाचित सदस्यों सहित 16 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर के बी यादव** | **01.04.2013 से 12.06.2014** |
| | **ब्रिगडियर पी सक्सेना, से मे** | **20.06.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री अमित कुमार** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए और इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

गैर-कर स्रोतों में राजस्व कर बढ़ाने के प्रयास किए गए। काफी प्रचार करके दुकानों इत्यादि की नीलामी की गई जिसके कारण गैर-कर राजस्व में वृद्धि हुई।

**(ii) निकटवर्ती नगर पालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

छावनी में लगने वाले करों की दरें निकटवर्ती नगरपालिका की दरों के समान हैं।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में सम्पत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

72.27%

**4. जलापूर्ति**

बोर्ड कानपुर जल संस्थान से थोक में जल प्राप्त करता है तथा उसके पास 6 ट्यूबवेल व 2 ओवरहैड टैंक भी हैं। इसके अलावा 650 हैंड पम्प का भी रखरखाव किया जा रहा हैं। प्रति व्यक्ति जल की आपूर्ति 104 लीटर प्रतिदिन है। वर्ष के दौरान विभिन्न स्थानों पर 16 सबमरसिबल पम्प तथा 16 हैंड पम्प लगाए गए।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 1,17,95,136/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 6,78,55,933/- रूपये |
| (ग) | नालियां | 1,20,23,658/- रूपये |
| (घ) | जलापूर्ति | 83,74,261/- रूपये |

| | | |
|---|---|---|
| (च) | सामान | 72,37,000/- रूपये |
| (छ) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 2,89,40,303/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड 6 प्राइमरी स्कूल, 1 जूनियर हाई स्कूल तथा 1 कन्या हाई स्कूल चलाता है। छात्रों को उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित मिड-डे मील, निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें तथा छात्रवृत्रि दी जाती हैं।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

सभी स्कूलों में स्कूल प्रबंधन समितियां गठित की गई हैं। वर्ष के दौरान स्कूल प्रबंधन समितियों की 61 बैठकें हुई।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

बोर्ड द्वारा 6 महीने के टेलरिंग, आशुलिपि (हिन्दी /अंग्रेजी) व ड्रेस बनाने व 4 महीने के व्यावसायिक प्रशिक्षण कोर्स चलाए गये।

**(iv) शिक्षा का विकास**

कक्षा 6 तक के छात्रों को निःशुल्क वर्दी दी गई। उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा छात्रों को पाठ्य पुस्तकें तथा छात्रवृत्ति दी जाती हैं। मेधावी छात्रों को नगद पुरस्कार दिए गए। संगीत, तबला तथा नृत्य गतिविधियों से संबंधित अध्यापकों की नियुक्ति की गयी। स्कूलों में ताइक्वांडो तथा योग की कक्षाएं पहले से ही चलायी जा रही हैं।

**(v) शिक्षा के विकास के लिए कोई अन्य पहल**

सभी स्कूलों में नर्सरी कक्षाएं शुरू की गयी। बी.आई. बालक विध्यालय में कक्षा नौवीं तथा गोला घाट, मुईर रोड, हरीश गंज और फेथफुलगंज स्कूलों में कक्षा छः शुरू की गयी। बच्चों के दाखिले में वृद्धि करने तथा बच्चों के स्कूल छोड़ने की दर पर रोक लगाने के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान सर्वे किया गया तथा ग्रीष्मकालीन शिविर लगाए गए। काकोरी गांव में बंद पड़े एक स्कूल को दोबारा खोला गया तथा छात्रों की संख्या बढ़कर 160 हो गई। बच्चों के दाखिले में वृद्धि करने के विशेष प्रयासों से शैक्षणिक वर्ष 2014-15 में छात्रों की संख्या 1601 से बढ़ कर 2270 हो गई।

**7. बच्चों के लिए विशेष उपाय**

**(i) विशेष रूप से अशक्त बच्चे**

विशेष बच्चों के लिए एक स्कूल ‘‘प्रेरणा’’ चलाया जा रहा है जिसमें 85 बच्चे हैं। बच्चों को लाने ले जाने के लिए अतिरिक्त वैन की व्यवस्था की गयी। एमपीएलएडी से नए स्कूल भवन का निर्माण किया गया ।

**(ii) प्रवासी श्रमिकों के बच्चे**

काकोरी स्कूल को पुनः खोला गया है और पहले गैर-औपचारिक शिक्षा प्राप्त कर रहे 27 बच्चों का नए स्कूल में दाखिला किया गया ।

**8. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी की सफाई का स्तर संतोषजनक रहा।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

नियमित छापेमारी की गई तथा वेंडरों/दुकानदारों से पॉलिथीन की थैलियां जब्त की गई। वर्ष के दौरान दोषी व्यक्तियों के खिलाफ 116 मुकदमे चलाए गए।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

एक नया ट्रेंचिंग स्थल बनाया गया है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना को तैयार करने तथा वर्मी खाद बनाने की सुविधाओं युक्त स्थल को विकसित करने के लिए एक फर्म को काम पर लगाया गया है। एक रेफ्यूज कॉम्पैक्टर वाहन काम करने लायक बनाया गया तथा एक फ्रंट एंड लोडर भी खरीदा गया ।

**(iv) वृक्षारोपण**

वर्ष के दौरान 2420 पौधे लगाए गए। उनमें से लगभग 90 प्रतिशत बचे रहे।

**9. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

बोर्ड के पास ओपीडी तथा प्रसूति वार्ड व पैथोलोजी जांच (टीबी), ब्लड शुगर, ईसीजी, परिवार नियोजन और प्रतिरक्षण सुविधाओं से युक्त एक सामान्य अस्पताल है। वर्ष के दौरान 32768 बहिरंग तथा 538 अन्तरंग रोगियों का इलाज किया गया। अस्पताल में एक दन्त विंग भी है। 30 बिस्तरों वाले अस्पताल के निर्माण के लिए निविदा कार्रवाई को अंतिम रूप दिया गया जिसके लिए नए बजट शीर्ष पूंजीगत संपत्ति के निर्माण के लिए अनुदान के अंतर्गत 3.35 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

चलते-फिरते औषधालय द्वारा वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य संबंधी अवरश्यकताओं पर ध्यान दिया जाता है ।

**(iii) किशोरी क्लीनिक**

किशोरी तथा युवा लड़कियों के लिए किशोरी क्लीनिक सुविधा पहले ही शुरू की गई है। 625 किशोरी लड़कियों को किशोरी क्लिनिक कार्ड दिए गए हैं तथा वे परामर्श व उपचार संबंधी सुविधा ले रही हैं।

**(iv) जननी सुरक्षा योजना**

जननी सुरक्षा योजना लागू की गयी है तथा रिपोर्टधीन वर्ष के दौरान इसके लाभार्थियों की संख्या 472 थी।

**(v) चलता-फिरता औषधालय**

छावनी की दूर-दराज की सिविल पॉकेटों में रहने वाले लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए चलते फिरते औषधालय की सेवा प्रदान की गई है। वर्ष के दौरान चलते-फिरते औषधालय द्वारा 6478 रोगियों का इलाज किया गया।

**(vi) विशेष चिकित्सा शिविर**

वर्ष के दौरान नेत्र शिविर, हीमोग्लोबिन, बीएमडी शिविर, अनीमिया शिविर तथा बहुविशेषज्ञ शिविर आयोजित किए गए।

**(vii) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

सभी 'घ' श्रेणी कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच की गई। कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के इलाज के लिए सीजीएचएस द्वारा मान्यता प्राप्त 11 अस्पताल पहले से ही बोर्ड के पैनल पर हैं।

## 10. सामान्य प्रशासन

**(i) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

जन शिकायत निवारण प्रणाली ''समाधान'' पहले से ही लागू है।

**(ii) खातों की लेखापरीक्षा**

छावनी निधि के 31.03.2015 तक के खातों की लेखापरीक्षा की गई।

## 11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

सूचना प्रोद्योगिकी अनुभाग में प्रोग्रामर की नियुक्ति की गयी है ।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

डाटा प्रविष्टि, जांच तथा अधिप्रमाणन का कार्य पूरा किया गया। रक्षा भूमि वर्जन 4.0 स्थापित किया गया।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली, एल्फ्रेस्को कार्य कर रही है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

''सुविधा'' लागू की गई है। कर्मचारियों के विवरण में छुटटी के ब्यौरे, जन्म तथा सेवानिवृत्ति की तारीख दर्ज की गई है।

**(v) कार्यालय रिकार्ड का अंकीकरण**

2709 फाइलें अंकीकृत की गईं।

**12. बाजार**

बोर्ड के पास 4 बाजार हैं जिनमें 102 दुकानें हैं।

**13. अग्निशमन**

आवश्यकता पड़ने पर राज्य सरकार की अग्निशमन सेवाएं ली जाती हैं जो छावनी क्षेत्र में स्थित है।

**14. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 2202 जन्म तथा 732 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# कसौली

**1. बोर्ड का गठन**

कसौली छावनी श्रेणी III की छावनी है। इसके बोर्ड में 6 निर्वाचित सदस्यों सहित 12 सदस्य हैं। वर्ष के दौरान बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर पी बी एस लाम्बा** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री वरूण कालिया** | **01.04.2014 से 31.11.2014** |
| | **श्री अशोक आर नायक** | **01.12.2014 से 22.12.2014** |
| | **श्री वरूण कालिया** | **23.12.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए और इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

**कर:** ब्लॉक वर्ष 2012 से 2015 का त्रैवार्षिक मूल्यांकन संशोधित किया गया है जिसमें गतमूल्यांकन की तुलना में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्शायी गई है। उचित प्रक्रिया का पालन करते हुए वाहन प्रवेश के संशोधन का मसौदा प्रस्ताव स्वीकृति के लिए रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार को भेजा गया है। वसूली के लिए भरपूर प्रयास किए गए जिसके परिणामस्वरूप 91% वसूली हुई है।

**गैर-कर:** विभिन शुल्क और प्रभार लगाए गए हैं जिनमे पंजीकरण शुल्क, पार्किंग शुल्क, भवन के लिए संसाधित शुल्क इत्यादि शामिल हैं और 96 प्रतिशत के बराबर वसूली की गई। बैरियर से परे वाहन प्रवेश कर की वसूली तथा पार्किंग शुल्क वसूली की नीलामी एक वर्ष के लिए लीज़ पर दी गयी जिससे पिछली लीज़ राशि 49.50 लाख रुपए से 16 लाख रुपए की अतिरिक्त राशि अर्जित हुई।

**(ii) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

निकटवर्ती नगरपालिका सोलन की तुलना में छावनी बोर्ड की कर दरें अधिक हैं।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में संपत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

91%

**4. जलापूर्ति**

सिविल आबादी की पानी की अवरश्यकताओं को पूरा करने के लिए बोर्ड पूरी तरह एमईएस की थोक आपूर्ति पर निर्भर है। प्रति व्यक्ति जलापूर्ति 48 लीटर प्रतिदिन है। बोर्ड ने गहरे बोर

हैंडपम्प लगाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। बोर्ड गरखल पंचायत के साथ कालू झण्डा जल योजना में हितधारक बनने के बारे में भी विचार कर रहा है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 39,69,088/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 21,80,482/- रूपये |
| (ग) | नालियां | 7,77,049/- रूपये |
| (घ) | जलापूर्ति | 13,99,546/- रूपये |
| (च) | सामान | 7,67,777/- रूपये |
| (छ) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 7,52,930/- रूपये |
| (ज) | डी(2)(ए)(ए)-स्कूल | 8,14,365/- रुपए |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

छावनी बोर्ड एक स्कूल चलता है। स्कूल को फरवरी 2003 से मिडिल स्कूल स्तर तक अपग्रेड किया गया। स्कूल के मिडिल सेक्शन को संविदा पर रखे गए अध्यापकों के माध्यम से चलाया जा रहा है। वर्ष के दोरान 140 छात्रों का पंजीकरण किया गया। छात्रों को कंप्यूटर शिक्षा प्रदान करने के लिए संविदा आधार पर एक पूर्णकालिक अध्यापक की नियुक्ति की गयी है। स्मार्ट कक्षाएं शुरू की गयी। विशेषज्ञों द्वारा आत्मरक्षा के लिए छात्रों को ताईकमांडो का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

छावनी बोर्ड मिडल स्कूल में गठित स्कूल प्रबंधन समिति को अब भंग कर दिया गया है। नई स्कूल प्रबंधन समिति गठित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है ।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

आईआईएसडी परवानू द्वारा एनसीडीसी द्वारा मान्यता प्राप्त तीन महीने का कंप्यूटर बेसिक कोर्स चलाया गया। उक्त कोर्स को 10 छात्रों ने पूरा किया। रिपोर्टधीन वर्ष के दौरान दो 6 महीने के दीया बनाने तथा ब्यूटीशियन के व्यावसायिक पाठ्यक्रम भी पूरे किए गए। इन व्यावसायिक प्रशिक्षणों में छात्रों की कुल संख्या 40 थी। बेसिक कंप्यूटर में एक नया कंप्यूटर कोर्स शुरू किया गया है जिसमें 15 महिलाएं प्रशिक्षण ले रही हैं।

**(iv) शिक्षा का विकास**

बोर्ड, बोर्ड स्कूल में बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करता है। बोर्ड ने शैक्षणिक वर्ष 2011-12 से प्रथम कक्षा से अंग्रेजी माध्यम पाठ्यक्रम शुरू किया है। बोर्ड ने 15 अगस्त, 2014 की पूर्व संध्या पर 4 गरीब तथा जरूरतमंद लड़कियों सहित 28 मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति वितरित की। एक

कम्प्यूटर प्रयोगशाला स्थापित की गई है तथा स्कूल के बच्चों को कम्प्यूटर की शिक्षा दी जाती है। स्कूल की प्रत्येक कक्षा में सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं।

**7. बच्चों के लिए विशेष उपाए**

**(i) विशेष रूप से अशक्त बच्चे**

रिपोर्टधीन वर्ष के दौरान छावनी बोर्ड कसौली में अशक्त बच्चे का कोई मामला नहीं पाया गया। बोर्ड ने प्रस्ताव पास किया कि डगशाई छावनी बोर्ड के साथ संयुक्त रूप से विशेष रूप से अशक्त बच्चों के लिए स्कूल खोला जाए तथा स्टाफ के मानदेय व कसौली और डगशाई छावनी के अंदर आस-पास के क्षेत्रों से विशेष रूप से लाने ले जाने के लिए वाहन के किराए पर हुए व्यय को बराबर-बराबर बाँट लिया जाए।

**(ii) प्रवासी श्रमिकों के बच्चे**

प्रवासी श्रमिकों के बच्चे राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही आंगनवाड़ी में जाते हैं।

**8. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

वर्ष के दौरान सामान्य सफाई संतोषजनक रही।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

छावनी क्षेत्र पूरी तरह पॉलीथीन की थैलियों से मुक्त है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

बोर्ड कर्मचारियों द्वारा सिविल तथा सेना क्षेत्रों में घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित करने का काम शुरू किया गया। ठोस अपशिष्ट के निपटान के लिए एक तेल से चलने वाला भस्मक लगाया गया है। गैर-जैविक कूड़े का निपटान भस्मक द्वारा किया जाता है, जबकि जैविक कूड़े का निपटान ट्रेचिंग ग्राउंड में किया जाता है।

**(iv) वृक्षारोपण**

रिपोर्टधीन वर्ष के दौरान 1000 पेड़ लगाए गए। बोर्ड ने छावनी उद्यान में एक नर्सरी की भी स्थापना की और फूलों वाले तथा सजावटी पौधों की विभिन क़िस्मों की पौध तैयार की ।

**(v) अन्य पहल**

छावनी क्षेत्र में ''धूम्रपान रहित'' क्षेत्रों की पहचान की गई है तथा इन स्थानों पर चेतावनी संबंधी बोर्ड लगाए गए हैं। विभिन्न स्थानों पर पॉलीथीन पर प्रतिबंध संबंधी साइन बोर्ड भी लगाए गए हैं। सार्वजनिक पार्कों को प्राईवेट संगठनों के सहयोग से विकसित किया गया है। चौक विकसित किए गए हैं। हैरिटेज मार्केट के निकट पर्यटकों के बैठने के लिए स्थान/शेल्टर के लिए 03 झरोखे बनाए गए हैं। एक पुराने सार्वजनिक शौचालय की मरम्मत की गई और उसे नवीनतम सुविधाओं वाला सार्वजनिक शौचालय बनाया गया।

## 9. जन स्वास्थ्य

### (i) अस्पताल एवं औषधालय

बोर्ड के पास 19 बिस्तरों वाला एक अस्पताल है जिसमें पुरूष तथा महिलाओं के लिए अलग-अलग वार्ड व एक प्राइवेट रूम है तथा अन्य सुविधाओं में पैथोलॉजी लैब, लघु आपरेशन थिएटर, ईसीजी तथा एम्बुलेंस शामिल हैं। छावनी सामान्य अस्पताल में 1 डॉक्टर तथा 9 पैरामेडिकल कर्मचारी हैं। वर्ष 2014-15 के दौरान 16821 बहिरंग तथा 236 अंतरंग रोगियों का इलाज किया गया। अस्पताल प्रबंधन समिति गठित की गई है। विशेषज्ञ देखभाल के लिए वार्षिक चिकित्सा कलेंडर भी शुरु किया गया। निवासियों को नि:शुल्क चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिए विशेषज्ञता तथा जागरूकता शिविरों सहित 61 नि:शुल्क शिविर आयोजित किए गए। संविदा आधार पर एक पूर्णकालिक दन्त चिकित्सक को नियुक्त किया गया। नई दन्त कुर्सी, यू.वी चैंबर, एक्स-रे इत्यादि की खरीद द्वारा दन्त वार्ड का नवीनीकरण किया गया है। नेत्र विशेषज्ञ को विजिट आधार पर नियुक्त किया गया।

### (ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय

छावनी क्षेत्र में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों को 240 स्वास्थ्य डायरियां वितरित की गई। वर्ष के दौरान छावनी सामान्य अस्पताल के आरएमओ द्वारा वरिष्ठ नागरिकों की निःशुल्क वार्षिक स्वास्थ्य जांच की गई। अस्पताल में वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं, लैब जांच, एक्स-रे जांच, ईसीजी इत्यादि प्रदान की जाती है। रैफर किए गए मामलों को सेवा प्रदान करने, नि:शुल्क एम्बुलेंस तथा स्थानीय लोगों को लाने व ले जाने के लिए बस सेवाओं के लिए निकटवर्ती चिकित्सा विश्वविद्यालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

### (iii) किशोरी क्लिनिक

जागरूकता कार्यक्रम तथा स्कूल में व्याख्यान आयोजित किए गए। अस्पताल में महिला आरएमओ द्वारा वर्ष में दो बार स्कूली छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की जाती है।

### (iv) एचआईवी जांच सुविधा

हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार के चिकित्सा विभाग द्वारा छावनी सामान्य अस्पताल में महीने में एक बार एचआईवी/एड्स जांच की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। छावनी सामान्य अस्पताल में महीने में एक बार हिमाचल प्रदेश का चिकित्सा विभाग एचआईवी जांच/परामर्श शिविर लगाता है। वर्ष के दौरान 12 एचआईवी/एड्स शिविर आयोजित किए गए।

### (v) विशेष चिकित्सा शिविर

नियमित शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। वर्ष के दौरान 61 चिकित्सा शिविर अर्थात् 24 नेत्र शिविर, 12 दन्त शिविर, 12 प्रतिरक्षण शिविर, 12 एचआईवी/एड्स शिविर तथा 01 चिकित्सा जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। छावनी सामान्य अस्पताल में एक

डॉट केन्द्र है तथा 2 मरीजों का इलाज चल रहा है। इन रोगियों को हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार द्वारा दवाइयाँ उपलब्ध कराई जाती है ।

**(vi) छावनी बोर्ड कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की जाती है।

## 10. सामान्य प्रशासन

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

नई पेंशन योजना लागू की गई है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

शिकायत रजिस्टर रखने तथा बोर्ड की वेबसाइट पर फीडबैक/टिप्पणी कॉलम के अतिरिक्त बोर्ड की वेबसाइट पर "समाधान" तथा "सुविधा" सॉफ्टवेयर अपलोड किया गया है। शिकायतों पर नियमित रूप से ध्यान दिया जाता है।

**(iii) खातों की लेखापरीक्षा**

लेखा प्राधिकारियों द्वारा सितम्बर, 2014 तक के खातों की लेखापरीक्षा की गई।

## 11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन एवं आधुनिकीकरण

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग में एक कम्प्यूटर प्रोग्रामर रखा गया है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि वर्जन 4.0 लगाया गया है। छावनी बोर्ड के भूमि रिकॉर्ड को कम्प्यूटरीकृत किया गया है।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली पूरी कर ली गई है। सूची बनाने, पृष्ठांकन कार्य, फाइल कवर के लेबल लगाने और फाइलों के टैग वर्ड को तैयार करने इत्यादि को पूरा कर लिया गया है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

छावनी बोर्ड कार्यालयों में सभी कम्प्यूटरों को लोकल एरिया नेटवर्क से जोड़ा गया है। वेतन बिल तथा सामान्य भविष्य निधि खातों का स्वचलीकरण किया गया है। कार्यालय में डाक प्रबंधन तथा स्टॉक प्रबंधन प्रणाली भी विकसित तथा लागू की गई है। कोर्ट संबंधी मामलों की स्थिति, सुनवाई की अगली तारीख, अन्तरिम निर्णय इत्यादि को मॉनिटर करने के लिए एक सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है।

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

रिकॉर्डों की स्कैनिंग तथा अंकीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है।

**12.** **बाजार**

बोर्ड के पास एक सार्वजनिक बाजार है, जिसमें 48 दुकानें तथा 12 गोदाम हैं। बोर्ड ने वर्ष के दौरान चरण-I में सार्वजनिक नीलामी के लिए 25 छावनी बोर्ड स्टॉल/ गोदाम स्थापित किए हैं और इन दुकानों से 6,83,794/- रुपए के पिछले लीज़ किराए की अपेक्षा 37,48,006/- रुपए का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया ।

**13.** **अग्निशमन**

बोर्ड की अपनी अग्निशमन व्यवस्था है।

**14.** **जन्म एवं मृत्यु**

वर्ष के दौरान 04 जन्म तथा 07 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# खासयोल

**1. बोर्ड का गठन**

खासयोल छावनी श्रेणी II की छावनी है। इसके बोर्ड में 7 निर्वाचित सदस्यों सहित 14 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर पी.के.जी. मिश्रा** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री एस.के. माथुर** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान कोई चुनाव नहीं हुए।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

टोल कर की उगाही को खुली सार्वजनिक नीलामी द्वारा पिछले वर्ष की बोली राशि 38.76 लाख रूपये की अपेक्षा 41.63 लाख रुपए प्रति वर्ष में निजीकरण किया गया।

**(ii) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

निकटवर्ती धर्मशाला नगर परिषद की सम्पत्ति कर की दरें छावनी बोर्ड द्वारा लगाई गई दरों के समान हैं। छावनी बोर्ड द्वारा जल कर तथा व्यवसाय कर लगाया जाता है जबकि नगरपालिका क्षेत्र में यह कर नहीं लगाया जाता है।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में सम्पत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

23.07%

**4. जलापूर्ति**

बोर्ड एमईएस से थोक में पानी प्राप्त करता है। इसके अतिरिक्त निवासी प्राकृतिक झरनों, छावनी बोर्ड द्वारा लगाए गए ऊर्जायुक्त हैंड पंपों तथा हिमाचल प्रदेश सिचाई एवं लोक स्वास्थ्य विभाग की जलापूर्ति से अपनी आवश्यकता पूरी करते हैं। प्रति व्यक्ति जल की आपूर्ति लगभग 70 लीटर प्रतिदिन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 11,86,245/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 14,76,798/- रूपये |
| (ग) | नालियां | 12,24,065/- रूपये |
| (घ) | जलापूर्ति | 8,76,097/- रूपये |

| | | |
|---|---|---|
| (च) | समान | 1,18,032/- रुपये |
| (छ) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 7,58,525/- रूपये |

6. **शिक्षा**

(i) **स्कूल**

बोर्ड एक हाई स्कूल तथा चार प्राथमिक स्कूल चलाता है, जिनमें 685 बच्चे पढ़ते हैं।

(ii) **स्कूल प्रबंधन समिति**

सभी छावनी बोर्ड स्कूलों की स्कूल प्रबंधन समितियां गठित की गई। स्कूल प्रबंधन समितियों को अंग्रेजी कक्षाएं चलाने के लिए अध्यापकों को हायर करने के लिए प्राधिकृत किया गया। स्कूल के मुख्याध्यापक के अग्रदाए में संशोधन किया गया तथा स्कूलों को सुचारु रूप से चलाने के लिए छोटे छोटे तथा आपातकालीन कार्यों पर होने वाले व्यय के लिए 10,000/- रुपए की राशि मंजूर की गयी।

(iii) **व्यावसायिक प्रशिक्षण**

छावनी क्षेत्र के छात्रों के लिए एनआईआईटी के सहयोग से एक रोजगार उन्मुखी 'रीटेल-इन- स्टॉक प्रमोटर' प्रमाणपत्र कार्यक्रम आयोजित किया गया।

(iv) **शिक्षा का विकास**

मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति दी जा रही है ।

(v) **शिक्षा के विकास के लिए कोई अन्य पहल**

छावनी बोर्ड हाई स्कूल में प्रत्येक कक्षा में एक अंग्रेजी माध्यम अनुभाग शुरू किया गया है। छावनी बोर्ड प्राइमरी स्कूल बनोरू शाखा को अंग्रेजी माध्यम किया गया है। स्मार्ट कक्षाओं के लिए छात्र अनुकूल स्क्रीन युक्त श्वेत बोर्ड भी उपलब्ध कराए गए ।

7. **बच्चों के लिए विशेष उपाय**

(i) **विशेष रूप से अशक्त बच्चे**

विशेष रूप से अशक्त बच्चों के लिए वर्ष 2012 में "अनुभूति" नामक स्कूल शुरू किया गया था। इन बच्चों की देखभाल के लिए एक फिजियोथेरेपिस्ट तथा एक सहायक की नियुक्ति की गई है तथा इन बच्चों के सुधार के लिए फिजियोबॉल तथा खिलौनों जैसे खेलकूद के सामान की व्यवस्था करने के अतिरिक्त इस केन्द्र को गर्म मोम स्नान तथा माँसपेशियों एवं तंत्रिकाओं की कठोरता को दूर करने के लिए स्नायु उत्तेजक तथा अंगुली व टखने के अभ्यास के उपकरण से भी अच्छी तरह से लैस किया गया है। बच्चों को प्रतिदिन निःशुल्क पौष्टिक आहार दिया जाता है। नया फर्नीचर उपलब्ध कराया गया ।

8. **पर्यावरण तथा सफाई**

(i) **सामान्य सफाई**

छावनी में सफाई का स्तर संतोषजनक रहा।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

हिमाचल प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा पॉलिथीन के प्रयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

जैविक तथा अजैविक ठोस कूड़े को डम्पिंग स्थल पर अलग-अलग किया जाता है।

**(iv) वृक्षारोपण**

वर्ष के दौरान 200 पौधे लगाए गए। उनमें से 25 प्रतिशत बचे रहे।

**9. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

बोर्ड के पास पुरूष तथा महिला वार्ड व लेबर रूम युक्त 20 बिस्तरों वाला एक सामान्य अस्पताल है। वर्ष के दौरान 6857 बहिरंग तथा 16 अंतरंग रोगियों का इलाज किया गया। रक्त एवं यूरिन की मूलभूत जांच के लिए लैब पहले ही शुरू कर दी गयी है। अंशकालिक स्त्रीरोग विशेषज्ञ की भी नियुक्ति की गई है एक्सरे सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। नया फर्नीचर तथा चिकित्सा उपकरण भी उपलब्ध कराए गए ।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की गई जिसमें 122 व्यक्तियों का निदान किया गया तथा उन्हें उनके घर पर ही निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराई गई। वरिष्ठ नागरिकों के लिए चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया तथा मुफ्त दवाएं दी गईं।

**(iii) किशोरी क्लिनिक**

स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा किशोर लड़कियों की स्वास्थ्य जांच के लिए छावनी सामान्य अस्पताल में किशोरी क्लिनिक खोला गया।

**(iv) जननी सुरक्षा योजना**

छावनी सामान्य अस्पताल के परिसर में हिमाचल प्रदेश राज्य सरकार द्वारा जननी सुरक्षा योजना मुहैया कराई गई है।

**(v) एचआईवी जांच सुविधाएं**

छावनी सामान्य अस्पताल में निःशुल्क एचआईवी/एड्स जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई गई।

**(vi) चलता-फिरता औषधालय**

छावनी के प्रत्येक वार्ड में 2 घंटे के लिए चलते-फिरते औषधालय की शुरुआत की गई। इसके अलावा योल बाजार में बहुउद्देशीय भवन में सायंकालीन ओपीडी चलाया जाता है।

**(vii) विशेष जांच शिविर**

छावनी बोर्ड सामान्य अस्पताल के परिसर में वार्षिक चिकित्सा शिविर लगाया गया एवं दवाइयाँ दी गई, जिससे 212 व्यक्ति लाभान्वित हुए। सभी स्कूली बच्चों की जांच की गयी तथा कार्ड जारी किए गए ।

**(viii) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

छावनी सामान्य अस्पताल के आरएमओ द्वारा कर्मचारियों की चिकित्सा जांच की गई।

**10. सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

नई पेंशन योजना लागू की गई है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

"समाधान" के अंतर्गत शिकायतों का तत्परता से निपटान किया गया ।

**(iii) खातों की लेखापरीक्षा**

मार्च, 2014 तक के खातों की लेखापरीक्षा की गई।

**11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

सूचना प्रोद्योगिकी अनुभाग के लिए प्रोग्रामर की नियुक्ति पहले ही कर दी गई है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि सॉफ्टवेयर लगाया गया है।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली कार्य कर रही है

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

कार्यालय के प्रायः सभी डेस्कों पर कम्प्यूटर दिए गए हैं जिन्हें लोकल एरिया नेटवर्क प्रणाली से जोड़ा गया है।

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

कार्यालय रिकॉर्ड की स्कैनिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है।

**12. बाजार**

छावनी बोर्ड खसयोल के पास कोई बाजार नहीं है।

**13. अग्निशमन**

निकटवर्ती नगर परिषद, धर्मशाला में अग्निशमन सेवाएं उपलब्ध हैं।

**14. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 543 जन्म तथा 69 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# किरकी

**1. बोर्ड का गठन**

किरकी छावनी श्रेणी I की छावनी है। इसके बोर्ड में 8 निर्वाचित सदस्यों सहित 16 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर अनुराग भसीन** | **01.04.2015 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री के जे एस चव्हाण** | **01.04.2014 से 17.03.2014** |
| | **श्री संजीव कुमार** | **19.03.2015 से 31.03..2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए और इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए ।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

सम्पत्तियों के एआरवी का त्रैवार्षिक संशोधन पूरा कर लिया गया है। दुकानों/स्टालों के किराए में संशोधन का प्रस्ताव शुरू किया गया ।

**(ii) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

कर की दरें निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों से कम हैं।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में सम्पत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

बकाया: 37% तथा वर्तमान कुल मांग में से 68%

**4. जलापूर्ति**

बोर्ड की अपनी जलापूर्ति योजना नहीं है। यह पुणे नगर निगम से पीने का पानी प्राप्त करता है। जलापूर्ति 25 लाख लीटर तक बढ़ा दी गयी है। पुणे नगर निगम द्वारा एक ओवरहैड जलाशय का रखरखाव किया जाता है। बोर्ड 185 वाटर स्टैंड पोस्टों, 50 हैंड पम्पों व 5 बोरवेलों के जरिए भी पानी उपलब्ध कराता है। प्रति व्यक्ति पानी की आपूर्ति लगभग 80 लीटर प्रतिदिन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 4,22,11,830/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 1,54,02,056/- रूपये |
| (ग) | नालियां | 17,81,708/- रूपये |

| | | |
|---|---|---|
| (घ) | जलापूर्ति | 12,39,610/- रुपये |
| (च) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 52,24,617/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड के पास 3 हाई स्कूल, 5 प्राइमरी स्कूल तथा 1 जूनियर कॉलेज (उर्दू माध्यम) हैं, जिनमें 3512 छात्र तथा 83 अध्यापक हैं। हाई स्कूलों को चलाने के लिए राज्य सरकार से 100% अनुदान प्राप्त होता है। बोर्ड पांचवीं कक्षा तक का अंग्रेजी माध्यम स्कूल भी चलाता है।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

स्कूल प्रबंधन समिति का गठन किया गया। स्कूल प्रबंध समितियों को स्कूल की कार्यप्रणाली को मॉनिटर करने तथा स्कूल विकास योजना को तैयार करने तथा सिफ़ारिश करने, सरकार/स्थानीय प्राधिकारी अथवा अन्य किसी स्रोत से प्राप्त अनुदानों के उपयोग को मॉनीटरी करने, स्कूल में उच्च सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की ड्यूटी प्रत्यायोजित की गई। प्रत्येक स्कूल में स्कूल प्रबंधन समिति की नियमित बैठकें होती है।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

मॉडुलर नियोज्य हुनर योजना के अंतर्गत ऑटो मरमत करने के एक बैच तथा ए.सी मरम्मत के लिए दूसरे बैच को पंजीकरण के लिए भेजा गया। एक हाई स्कूल में लड़कियों के लिए टेलरिंग की कक्षाएं चलाई जाती हैं।

**(iv) शिक्षा का विकास**

विभिन्न कल्याणकारी उपाय जैसे हाई स्कूल में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाली 5 छात्राओं को 1000 रू0 प्रति माह की छात्रवृत्ति दी जाती है और 10वीं कक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाली छात्राओं को एकमुश्त 5000 रू0 की छात्रवृत्ति दी जाती है। 75 प्रतिशत अंक और उससे अधिक तथा 90 प्रतिशत एवं इससे अधिक की उपस्थिति वाली 19 छात्राओं को साईकिलें और प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। बोर्ड सभी छात्रों को दो वर्ष में एक बार वर्दियाँ प्रदान करता है। एक प्राइमरी स्कूल में अंग्रेजी एवं संचार की कक्षाएं शुरू की गई। स्कूलों में नियमित प्रशिक्षण देने के लिए योग, कराटे एवं संगीत अध्यापकों की नियुक्ति की गई। सभी स्कूलों में मिड डे मील योजना पूरी तरह चालू है और बोर्ड समूची छावनी के लिए नोडल एजेंसी का काम करता हैं।

**(v) बच्चों के लिए विशेष उपाय**

सभी स्कूलों में पूरी तरह से सुसज्जित कम्प्यूटर लैब स्थापित किए गए।

## 7. पर्यावरण तथा सफाई

### (i) सामान्य सफाई

स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत एक पंचवर्षीय योजना तैयार की गई। साप्ताहिक कार्यक्रम किया गया तथा स्कूलों एवं अस्पतालों को कवर करते हुए मानचित्रण के लिए नियमित रूप से फोटो संग्रह किए गए। सफाई का आशिकांश कार्य आउटसोर्स स्टाफ से कराया गया। सफाई का कार्य करते समय रक्षा उपकरण का प्रयोग सुनिश्चित किया जाता है । नालियों की सफाई के लिए तकनीकी उपकरणों का प्रयोग किया जाता है ।

### (ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध

पॉलीथीन के प्रयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है ।

### (iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास

ट्रैंचिंग ग्राउंड में एकत्रित अपशिष्ट को अलग अलग करने के लिए दो स्क्रीन मशीनें लगाई गई हैं। अलग किए गए जैव-अपशिष्ट का प्रयोग वर्मी खाद बनाने के लिए किया जाता है।

### (iv) वृक्षारोपण

त्यागी स्कूल, गाडी अड्डा, आयुद्ध चौक, मूला रोड तिराहा, इसनेसियस चर्च के बाहर पेड़ लगाए गए।

### (v) अन्य पहल

बस स्टॉप, होल्कर जलापूर्ति, ज्ञानेश्वर घाट के निकट होल्कर उद्यान क्षेत्र का विकास, होल्कर जलापूर्ति एवं शनिवार घाट शुरू किया है।

## 8. जन स्वास्थ्य

### (i) अस्पताल तथा औषधालय

छावनी बोर्ड 100 बिस्तरों वाला एक अस्पताल, 02 ऐलोपैथिक औषधालयों तथा 02 होम्योपेथी औषधालयों का रख-रखाव करता है। आईपीडी एवं ओपीडी रोगियों का 24x7 घंटे उपचार किया गया एवं आपातकालीन सेवा प्रदान की गई ।

### (ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय

वरिष्ठ नागरिकों के लिए सभी अस्पताल सुविधाएं निःशुल्क हैं। स्वास्थ्य डायरी जारी की गई हैं। पुरानी बीमारियों के लिए उन्हें एक बार में सात दिनों की मुफ्त दवाई दी जाती है। एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध है।

### (iii) जननी सुरक्षा योजना

जननी सुरक्षा पिछले 07 वर्षों से लागू है।

### (iv) एचआईवी जांच सुविधा

गत 7 वर्षों से महाराष्ट्र राज्य एड्स नियंत्रण योजना का एकीकृत परामर्श तथा जांच केन्द्र कार्य कर रहा है।

**(v) चलता-फिरता औषधालय**

दूर-दराज के क्षेत्रों में चलते-फिरते औषधालयों की सेवा दी गई है ।

**(vi) विशेष चिकित्सा शिविर**

वर्ष के दौरान निशुल्क मोतियाबिंद सर्जरी, रक्त दान शिविर, गुर्दा-डायलेसिस शिविर का आयोजन किया गया ।

**(vii) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

छावनी बोर्ड अस्पताल में छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए चिकित्सा सुविधाएं (ओपीडी और अंतरंग) निःशुल्क उपलब्ध हैं।

**9. सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

नई पेंशन योजना लागू कर दी गई है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

''समाधान'' लागू किया गया है।

**(iii) खातों की लेखापरीक्षा**

छावनी बोर्ड के खातों की लेखापरीक्षा की गई।

**(iv) जनहित में कोई अन्य पहल**

विशेष रूप से अशक्त बच्चों के लिए ''स्वाभिमान'' डे केयर सेंटर कार्य कर रहा है और साईक्लॉजिस्ट और विशेष शिक्षक की देखभाल में 20 बच्चों को प्रवेश दिया गया। स्टाफ के लिए ''सुविधा'' टच स्क्रीन एम्पलोई पोर्टल चालू किया गया है ताकि वे सूचना पाने में सक्षम हो सकें। 'ग' एवं 'घ' श्रेणी स्टाफ को क्वार्टर दिए गए। माह का कर्मचारी तथा हिन्दी पुरस्कार और कामकाजी महिलों के लिए शिकायत निवारण समिति का कार्य करना जैसे कुछ अन्य कदम उठाए गए। किरकी छावनी के सर्वेक्षण की अंतिम रिपोर्ट डीजीडीई को भेजी गई। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ई-प्रापण, ई-निविदा शुरू की गई है। बायो-मैट्रिक उपस्थिति प्रणाली शुरू की गई है।

**10. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

बोर्ड में कम्प्यूटर प्रोग्रामर के दो पद हैं।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि कार्यान्वित किया गया है।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली स्थापित की गई है और लीज़, एड्मिशन डीड जैसे दास्तावेज एयू एवं आरसी सर्वर पर अपलोड किए गए है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

कार्यालय ने राजस्व, लेखा, जन्म तथा मृत्यु और डिस्पैच अनुभाग के लिए यह प्रणाली पहले से ही विकसित की है। ये अनुभाग संतोषजनक ढंग से कार्य कर रहे हैं।

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

फाइल भंडारण के लिए 48 कम्पैक्टर लगाए गए हैं। सभी जीएलआर को स्कैन किया गया है तथा इसकी दो प्रतियां बनाई गईं हैं जबकि महत्वपूर्ण दस्तावेज जैसे एडमिशन डीड, लीज डीड, भवन के नक्शे आदि सुरक्षित फायर प्रूफ अलमारी में रखे गए हैं।

**11. बाजार**

बोर्ड 487 स्टॉलों/दुकानों/कार्यालयों वाले अनेक बाजार/शॉपिंग सेंटर का रख-रखाव करता है।

**12. अग्निशमन**

बोर्ड के पास पर्याप्त कर्मचारियों के साथ अपनी अग्निशमन सेवा है। छावनी बोर्ड की सभी सम्पत्तियों में अग्निशमन उपकरण लगाए गए हैं।

**13. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 1015 जन्म तथा 187 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# लंडौर

## 1. बोर्ड का गठन

लंडौर छावनी श्रेणी III की छावनी है। इसके बोर्ड में 6 निर्वाचित सदस्यों सहित 12 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **मेजर जनरल शम्मी सभरवाल** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री बी अजीत रेड्डी** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |

## 2. चुनाव

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए और इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए।

## 3. राजस्व

**(i) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

छावनी में करों की दरें निकटवर्ती नगरपालिका से अधिक हैं।

**(ii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में संपत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

71.47%

## 4. जलापूर्ति

सिविल आबादी को पानी की आपूर्ति एम ई एस द्वारा की जाती है। प्रति व्यक्ति जल की आपूर्ति 50 लीटर प्रतिदिन है। बोर्ड ने जनता के लिए 17 वाटर स्टैंड पोस्ट लगाए हैं।

## 5. सार्वजनिक निर्माण कार्य

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 41,12,816/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 73,34,608/- रूपये |
| (ग) | नालियां | 54,99,979/- रूपये |
| (घ) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 37,48,114/-रूपये |

## 6. शिक्षा

**स्कूल**

बोर्ड का कोई स्कूल नहीं है। छावनी क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा एक प्राइमरी स्कूल चलाया जाता है तथा स्कूल भवन के किराये का भुगतान बोर्ड द्वारा किया जाता है।

**7. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

सामान्य सफाई संतोषजनक रही।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

बोर्ड ने छावनी क्षेत्र में पॉलीथीन की थैलियों पर पहले से ही प्रतिबंध लगा रखा है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन मं सुधार के लिए किए गए प्रयास**

घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित किया जाता है।

**8. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

राज्य सरकार द्वारा छावनी के वरिष्ठ नागरिकों सहित निवासियों को चलते-फिरते औषधालय की सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

**(ii) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों तथा अन्य आउटडोर कर्मचारियों को समय-समय पर प्लास्टिक के बड़े जूते, बरसाती कोट, सर्दी की वर्दी, पूरी बाजू की ऊनी जर्सी तथा ऊनी जुराबें दी गईं।

**9. सामान्य प्रशासन**

**(i) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

इस कार्यालय द्वारा जनता की शिकायतों का तत्काल निपटान किया जाता है।

**(ii) खातों की लेखापरीक्षा**

मार्च, 2015 तक के खातों की लेखापरीक्षा की गई।

**10. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग में एक डाटा एन्ट्री आपरेटर है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि को कार्यान्वित किया गया है।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

फाइल प्रबंधन प्रणाली स्थापित की गयी है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

इस कार्यालय में "सुविधा" लगाई गयी है।

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

कार्यालय के रिकॉर्ड के अंकीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है।

**11. बाजार**

बोर्ड के पास कोई बाजार नहीं है।

**12. अग्निशमन**

छावनी में अग्निशमन की कोई व्यवस्था नहीं है। आवश्यकता पड़ने पर राज्य सरकार की अग्निशमन सेवाएं उपयोग में लाई जाती हैं।

**13. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 16 जन्म तथा 13 मृत्यु की सूचना प्राप्त हुई।

# लैन्सडाउन

**1. बोर्ड का गठन**

लैन्सडाउन श्रेणी III की छावनी है। इसके बोर्ड में 6 निर्वाचित सदस्यों सहित 12 सदस्य है। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर विनोद रायजादा, सेमे** | **01.04.2014 से 30.11.2014** |
| | **ब्रिगेडियर वी एस चौधरी** | **01.12.2014 से 11.01.2015** |
| | **ब्रिगेडियर इंद्रजीत चटर्जी** | **12.01.2015 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री हरीश वर्मा पी** | **01.04.2014 से 07.07.2014** |
| | **श्री महेश चन्द्र सैनी** | **07.07.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए तथा इनके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

बी एस एन एल से संपत्ति कर के रूप में 9,33,964/- रुपए प्राप्त किए गए । राज्य सरकार कार्यालयों व केंद्र सरकार के कार्यालयों को भी सेवा प्रभार के बिल जारी किए गए।

**(ii) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

छावनी के निकट कोई नगरपालिका नहीं है।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में संपत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

89 %

**4. जलापूर्ति**

बोर्ड जनता को वितरण हेतु एमईएस से थोक में जल प्राप्त करता है। बोर्ड प्राकृतिक झरनों पर नल लगा कर भी अपनी जलापूर्ति योजना के लिए जल प्राप्त करता है। 03 हैंड पम्प तथा 02 नलकूप भी लगाए गए हैं। प्रति व्यक्ति जल की आपूर्ति औसतन 36 लीटर प्रतिदिन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए :

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 1,93,95,030/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 59,96,798/- रूपये |

| | | |
|---|---|---|
| (ग) | नालियाँ | 29,79,446/- रूपये |
| (घ) | जलापूर्ति | 25,90,006/- रूपये |
| (च) | सामान | 3,47,068/- रूपये |
| (छ) | विविध सुधार कार्य | 66,00,059/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड एक हाई स्कूल तथा एक प्राइमरी स्कूल चलाता है।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

स्कूल प्रबंधन समिति का गठित की गई हैं।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

कम्प्यूटर शिक्षा में व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**(iv) शिक्षा का विकास**

बोर्ड ने छावनी बोर्ड हाई स्कूल की सभी बालिकाओं को 200/- रूपए मासिक की छात्रवृत्ति तथा स्कूल की वर्दी देने की स्वीकृति प्रदान की है। छात्रों को राज्य सरकार द्वारा नि:शुल्क पुस्तकें वितरित की जाती है तथा बोर्ड अंग्रेजी माध्यम स्कूल व नौवीं तथा दसवीं कक्षा के छात्रों को निशुल्क पुस्तकें देता है। अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों को राज्य सरकार द्वारा छात्रवृत्ति दी जाती है स्कूल में आठवीं कक्षा तक के लिए सरकार की मध्यान्ह के भोजन की योजना लागू की गई है। बोर्ड द्वारा छात्रों को प्रतिदिन फल भी दिये जा रहे हैं। प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों तथा उच्च उपस्थिति दर्ज करने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाती है।

**(iv) शिक्षा के विकास के लिए अन्य पहल**

प्राइमरी स्कूल में सुविधाजनक व सुरक्षित फ़र्निचर तथा खेल उपकरण उपलब्ध कराये गए है। बोर्ड के स्कूलों में लड़के-लड़कियों के लिए अलग शौचालय उपलब्ध कराये गए हैं।

**7. बच्चों के लिए विशेष उपाय**

**प्रवासी श्रमिकों के बच्चे**

प्रवासी श्रमिकों के 65 बच्चों को छावनी बोर्ड स्कूल में प्रवेश दिया गया है।

**8. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी में सफाई का स्तर संतोषजनक रहा।

**(ii) पॉलिथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

छावनी की सीमा में पॉलिथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

प्लास्टिक कूड़े के निपटान के लिए राज्य सरकार की सहायता से हाइड्रोलिक कॉम्पैक्टर लगाया गया है। जैव सुपाचय अपशिष्ट के निपटान के लिए कृमि खाद संयंत्र का निर्माण किया जा रहा है।

**(iv) वृक्षारोपण**

वर्ष के दौरान 1062 पेड़ लगाए गए। उनमे से 60% बचे रहे।

**(v) अन्य पहल**

स्कूल छात्रों द्वारा पर्यावरण के लिए जागरूकता उत्पन्न करने के लिए रैलियां आयोजित की गई। लैन्सडाउन में धारणीय पारिस्थितिक पर्यटन की संभावना व दृष्टिकोण" विषय पर एक अध्ययन गोष्ठी (सेमिनार) आयोजित की गई।

## 9. जन स्वास्थ्य

**(i) अस्पताल और औषधालय**

बोर्ड विकृति विज्ञान प्रयोगशाला, एक्सरे, ईसीजी, पराध्वनि (अल्ट्रासाउंड), प्रसूति कक्ष, सीडबल्यूसी, लग प्रसूति वार्ड तथा जांच इकाई सहित 33 बिस्तरों वाला एक अस्पताल चलाता है। रिपोर्टधीन वर्ष के दौरान 15,743 बहिरंग तथा 609 अंतरंग रोगियों का इलाज किया गया। अस्पताल में मरीजों के लिए एम्ब्युलेन्स की भी व्यवस्था की गई है। संविदा/मानदेय आधार पर एक दंत चिकित्सक की नियुक्ति की गई है। वर्ष के दौरान कुल 430 दंत रोगियों का उपचार किया गया।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए गये विशेष उपाय**

वरिष्ठ नागरिकों को स्वस्थ्य कार्ड निशुल्क जारी किए गए हैं। नियमित स्वस्थ्य जांच की जाती है। वरिष्ठ नागरिकों को निशुल्क अंबुलेंस उपलब्ध कराया जाती है। उन्हे निशुल्क औषधियाँ वितरित की जा रही हैं।

**(iii) किशोरी क्लीनिक**

छावनी बोर्ड ने प्रत्येक शनिवार को किशोरी क्लीनिक शुरू किया है।

**(iv) जननी सुरक्षा योजना**

यह योजना राज्य सरकार की सहायता से उपलब्ध है।

**(v) एच आई वी जांच सुविधाएं**

छावनी सामान्य अस्पताल द्वारा एच आई वी जांच सुविधा प्रदान की गई है तथा गर्भवती महिलायों सहित मरीजों को निशुल्क परामर्श दिया जाता है।

**(vi) विशेष चिकित्सा शिविर**

छावनी अस्पताल में रक्त दान शिविर, रक्ताल्पता तथा उच्च रक्तचाप का पता लगाने के लिए शिविर तथा आन्त्रज्वर(टाइफ़ाइड) के टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। राज्य सरकार की सहायता से परिवार नियोजन तथा टीकाकरण चिकित्सा शिविरों का भी आयोजन किया गया।

**(viii) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वस्थ्य देखभाल उपाय**

छावनी बोर्ड कर्मचारियों को स्वास्थ्य कार्ड दिये गए हैं तथा उनकी वार्षिक स्वस्थ्य जांच की गई।

**10. सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन के स्थिति**

छावनी बोर्ड में नई पेंशन योजना कार्यान्वित की गई है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

जनता की शिकयतों तथा समस्याओं के शीघ्र निपटान के लिए शिकायत कक्ष तथा सिटिज़न चार्टर बनाया गया है। ऑनलाइन जन शिकायत प्रणाली "समाधान" सफलतापूर्वक कार्य कर रही है।

**(iii) खातों के लेखा परीक्षा**

फरवरी, 2015 तक लेखा परीक्षा की गई है ।

**(iv) जनहित में कोई अन्य पहल**

विभिन्न स्थानो पर वर्षा - आश्रय बनाए गए हैं। जलापूर्ति में सुधार करने के लिए वितरण पाइपों के स्थान पर नये पाइप लगाए गए है।

**11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

एक कम्प्युटर प्रोग्रामर सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग की देख रेख कर रहा है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि साफटवेयर 4.0 सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है। आंकड़ों को अधिकृत हस्ताक्षरी द्वारा अंकीय हस्ताक्षरित किया गया है।

**(iii) दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली**

फाइलों को सूचीबद्ध करने का कार्य पूरा कर लिया गया है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

सभी कम्प्यूटरों को लोकल एरिया नेटवर्क से जोड़ा गया है। फ़ाइलो के भंडारण के लिए एकल प्रणाली प्रयोग की जाती है तथा इसे फ़ाइल सर्वर माना जाता है। कर्मचारी शिकायत निवारण व्यवस्था "सुविधा" सफलतापूर्वक कार्य कर रही है।

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

स्कैनिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है तथा स्कैन किए गए आंकड़ों की गुणवत्ता जांच प्रक्रियाधीन है।

**12. बाज़ार**

बोर्ड एक लोक बाज़ार चलाता है जिसमे मांस मछली की दुकानों सहित 43 दुकानें/स्टॉल हैं।

**13. अग्निशमन**

बोर्ड अग्निशमन सेवाओं के लिए सेना पर निर्भर है।

**14. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 90 जन्म और 17 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# लेबोंग

**1. बोर्ड का गठन**

लेबोंग छावनी श्रेणी IV की छावनी है। इसके बोर्ड में 2 निर्वाचित सदस्यों सहित 4 सदस्य है। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे :-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर रजनीश सिन्हा** | **01.04.2014 से 31.10.2014** |
| | **ब्रिगेडियर राजेश सचदेव** | **01.11.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री बी एस श्रीवास्तव** | **01.04.2014 से 07.07.2014** |
| | **डॉ तौजिम गोंगों** | **08.07.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

वर्ष के दौरान बोर्ड के आम चुनाव हुए। सदस्य निर्विरोध चुने गए तथा इनके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

गैर कर राजस्व मदों की दर संशोधित की गई है। 2014-2017 की अवधि के लिए संपातियों का त्रैवार्षिक मूल्यांकन प्रगति पर है।

**(ii) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

दार्जिलिंग नगरपालिका द्वारा लगाए गए सभी कर बोर्ड द्वारा लगाए गए है।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में संपत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

100**%**

**4. जलापूर्ति**

बोर्ड प्राकृतिक स्त्रोतों से जल प्राप्त करता है। प्रति व्यक्ति जल की आपूर्ति वर्षा ऋतु में लगभग 80 लीटर तथा शुष्क ऋतु में 50 लीटर प्रतिदिन रही।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए :

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 31,80,599/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 7,22,527/- रूपये |
| (ग) | नालियाँ | 15,57,666/- रूपये |
| (घ) | जलापूर्ति | 6,86,466/- रूपये |
| (ङ) | विविध सुधार कार्य | 34,34,506/- रूपये |

(च) सामान 4,53,342/- रूपये

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड कक्षा 5 तक एक प्राइमरी स्कूल चलाता है

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

स्कूल प्रबंधन समिति की 02 बैठकें हुई। बोर्ड द्वारा समिति को व्यापार नियमन संबंधी शक्तियों का प्रत्यायोजन अनुमोदन किया गया।

(iii) **व्यावसायिक प्रशिक्षण**

06 महीने के सौंदरीयज्ञ कोर्स में 08 छात्रों को व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

(iv) **शिक्षा का विकास**

सत्र के दौरान छात्रों को नि:शुल्क वर्दियाँ तथा पुस्तकें दी गई। संविदा आधार पर 02 अंग्रेजी शिक्षकों की नियुक्ति की गई है।

**(v) शिक्षा के विकास के लिए अन्य पहल**

छावनी बोर्ड स्कूल में कम्प्यूटर शिक्षा शुरू की गई है। छात्रों को सांस्कृतिक गतिविधियों मे भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। छात्रों को आकर्षित करने के लिए स्कूल की दीवारों पर कार्टून चित्रित किए गए हैं।

**7. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी में सफाई संतोषजनक रही ।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

छावनी की सीमा में पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

छावनी क्षेत्र का ठोस कूड़ा दार्जिलिंग नगरपालिका के कूड़ा डालने के मैदान में डाला जाता है।

**(iv) वृक्षारोपण**

वर्ष के दौरान 500 पेड़ लगाए गए। उनमे से 70% बचे रहे।

**(v) अन्य पहल**

छावनी क्षेत्र के पर्यावरण को नालों की मरम्मत, सेप्टिक टैंको के निर्माण तथा चल पीवीसी कूड़ेदानों की स्थापना द्वारा सुधारा जा रहा है। जन शौचालयों, नालों, सेप्टिक टैंकों तथा कूड़ेदानों के समुचित रखरखाव द्वारा स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की गई। कर्मचारियों को स्वच्छता तथा अग्निशमन नलों के समुचित रखरखाव के विषय में सुग्राहित किया गया। स्वच्छ भारत अभियान के बारे में नियमित जन जागरण अभियान चलाये गए।

8. **जन स्वास्थ्य**

(i) **अस्पताल और औषधालय**

बोर्ड एक औषधालय चलाता है। रिपोर्टधीन वर्ष के दौरान 982 बहिरंग रोगियों का उपचार किया गया।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए गये विशेष उपाय**

वरिष्ठ नागरिकों का नए सिरे से सर्वे कराया गया है। तदनुसार स्वस्थ्य डाइरियाँ वितरित की जाएंगी।

(iii) **विशेष चिकित्सा शिविर**

स्कूल छात्रों, बोर्ड कर्मचारियों तथा असैनिकों के लिए मार्च, 2015 में एक स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने बोर्ड कार्यालय तथा स्कूल के लिए 02 वॉटर फ़िल्टर उपलब्ध कराएं।

(iv) **छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वस्थ्य देखभाल उपाय**

वर्ष के दौरान छावनी बोर्ड औषधालय के माध्यम से छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितो के लिए वार्षिक स्वास्थ्य जांच कराई गई।

9. **सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन के स्थिति**

छावनी बोर्ड में नई पेंशन योजना कार्यान्वित की गई है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

जन शिकायत प्रणाली "समाधान" कार्यान्वित की गई है।

**(iii) खातों के लेखा परीक्षा**

31 मार्च, 2015 तक लेखा परीक्षा की गई है ।

**10. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रोघोगिकी अनुभाग का सृजन**

एक कम्प्यूटर प्रोग्रामर की नियुक्ति की गई है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि साफटवेयर 4.0 स्थापित किया गया है तथा समुचित रूप से कार्य कर रहा है।

**(iii) दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली**

फाइल प्रबंधन व्यवस्था स्थापित की गई है। सूचीबद्ध करने का तथा पृष्ठीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है। 600 फ़ाइल सूचीबद्ध की गई है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

वेतन पत्रको के लिए वेतन सूची सॉफ्टवेयर विकसित किया गया है। भविष्य निधि की स्थिति तथा वेतन परचियाँ इस सॉफ्टवेयर की सहायता से तैयार की जाती है।

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

दस्तावेजो के सूचीकरण तथा स्कैनिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है 400 फ़ाइलों को स्कैन तथा अंकीकृत किया गया है।

**12. बाज़ार**

बोर्ड कोई लोक बाज़ार नहीं चलाता।

**13. अग्निशमन**

बोर्ड अग्निशमन सेवाओं के लिए बोर्ड पश्चिम बंगाल अग्निशमन सेवा, दार्जिलिंग पर निर्भर है।

**14. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान कोई जन्म और मृत्यु पंजीकृत नहीं किया गया।

# लखनऊ

1. **बोर्ड का गठन**

लखनऊ श्रेणी I की छावनी है। इसके बोर्ड में 8 निर्वाचित सदस्यों सहित 16 सदस्य है। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे :-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **मेजर जनरल सुरेश गुप्ता** | **01.04.2014 से 29.08.2014** |
| | **मेजर जनरल आर एस मालावे** | **30.08.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्रीमति शोभा गुप्ता** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |

2. **चुनाव**

बोर्ड के सामान्य चुनाव 11.01.2015 को हुए तथा इनके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए।

3. **राजस्व**

(i) **राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

बोर्ड ने विभिन्न शीर्षो के शुल्क तथा प्रभारों में वृद्धि की है। वाहन प्रवेश शुल्क के संग्रहण की बोली की गई जिससे 1,48,25,850/- रूपए की वार्षिक आय प्राप्त हुई।

(ii) **निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

छावनी बोर्ड में कर ढांचा निकटवर्ती लखनऊ नगर महापालिका के समान है।

(iii) **वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में संपत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

53.97**%**

4. **जलापूर्ति**

बोर्ड के पास सबमरसीबल मोटर नलकूपों/हैंड पंपों द्वारा सिविल क्षेत्र को जलापूर्ति करने हेतु अपनी जलापूर्ति व्यवस्था हैं। पानी की उपलब्धता 140 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन है। जलापूर्ति के संबलीकरण हेतु 1500 किलोलीटर क्षमता के एक भूमिगत जलाशय का निर्माण कार्य आरंभ किया गया है तथ वर्ष के दौरान 70% काम पूरा कर लिया गया है।

5. **सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 2,32,02,049/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 1,80,62,704/- रूपये |
| (ग) | नालियाँ | 3,37,242/- रूपये |
| (घ) | जलापूर्ति | 47,94,580/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड के पास एक हाई स्कूल, एक जूनियर हाई स्कूल, 4 प्राइमरी स्कूल तथा एक अंग्रेजी माध्यम मॉडल स्कूल "द रेनबो " है।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

सभी स्कूलों में स्कूल प्रबंधन समितियां गठित की गई हैं।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

मौलिक कम्प्यूटर शिक्षा, डाटा एंट्री ऑपरेटर, लेखा तथा टैलि, हार्डवेअर  नेटवर्किंग एच टी एम एल, डी टी पी तथा कम्प्यूटर अवधारणाओं में व्यवसायिक प्रशिक्षण दिया गया ।

**(iv) शिक्षा का विकास**

आरजीएस - छात्राओं के लिए एक आवासीय स्कूल, में मध्य कमान के विभिन्न छावनियों के आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों से आने वाली 38 छात्राओं को निशुल्क शिक्षा, भोजन तथा रहने की व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है।

**(v) शिक्षा के विकास के लिए अन्य पहल**

एक हाई स्कूल के वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में उन्नयन हेतु राज्य सरकार के पास एक प्रस्ताव भेजा गया है। छात्राओं के लिए टाइक्वांडो की शुरुआत की गई है।

**7. बच्चों के लिए विशेष उपाय**

**विशेष रूप से अशक्त बच्चे**

विशेष रूप से अशक्त बच्चों के लिए "सक्षम" नामक स्कूल की शुरुआत की गई है। फिजियोथेरपिस्ट तथा अन्य विशेषज्ञ प्रशिक्षक उपलब्ध है। इसमे 18 बच्चे हैं।

**8. स्वच्छता**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी में समान्य साफ - सफाई संतोषजनक रही ।  छावनी क्षेत्र में घर-घर से कूड़ा एकत्रित किया जा रहा है।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

सिविल तथा सेना क्षेत्रों में कूड़े की छंटनी की शुरुआत की गई है। ट्रेंचिंग मैदानों में वर्मिकल्चर तथा कूड़े की छंटनी की शुरुआत की गई है।

**(iv) वृक्षारोपण**

वर्ष के दौरान 500 पेड़ लगाए गए। उनमे से 95% बचे रहे।

**9. जन स्वास्थय**

**(i) अस्पताल और औषधालय**

बोर्ड 44 बिस्तरों वाला एक अस्पताल तथा एक औषधालय चलाता है। कान-नाक-गला, नेत्र, चर्म, फिजियोथेरेपी, विकृतिविज्ञान आदि विशेषज्ञों की सेवाएँ उपलब्ध हैं। वर्ष के दौरान 1,10,900 बहिरंग तथा 63 अंतरंग रोगियों का इलाज किया गया। छावनी अस्पताल में एक गैर सरकारी संगठन द्वारा एक परिवार नियोजन कोष्ठक चलाया जाता है।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए गये विशेष उपाय**

वरिष्ठ नागरिकों के लिए "जीवन संध्या" नामक वृद्धाश्रम चलाया जा रहा है।

**(iii) किशोरी क्लीनिक**

किशोरियों के लिए किशोरी क्लीनिक शुरू किया गया है। स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए।

**(iv) जननी सुरक्षा योजना**

जननी सुरक्षा योजना कार्यान्वित की गई है। आई सी टी सी की स्थापना तथा शुरुआत की गई है।

**(v) एच आई वी जांच सुविधाएं**

छावनी सामान्य अस्पताल में एच आई वी जांच सुविधा उपलब्ध है।

(vi) **विशेष चिकित्सा शिविर**

जनहित के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते है।

(vii) **छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वस्थ्य देखभाल उपाय**

छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों की स्वास्थ्य जांच की गई।

10. **सामान्य प्रशासन**

**(i) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

शिकायतों का सिटिज़न चार्टर के अनुसार समय सीमा के अंदर निपटान किया जाता है। "समाधान" लागू किया गया है।

**(iii) खातों के लेखा परीक्षा**

सितंबर, 2014 तक लेखा परीक्षा की गई है ।

**11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

कार्यालय में सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग बनाया गया है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि साफ्टवेयर 4.0 स्थापित किया गया है।

**(iii) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

कार्यालय की प्रक्रियाओं का स्वचलीकरण प्रगति पर है।

**(iv) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

बोर्ड के दस्तावेजो के अंकीकरण का प्रथम तथा द्वितीय चरण पूरा कर लिया गया है।

**12. बाज़ार**

बोर्ड 225 दुकानों सहित 02 लोक बाज़ार चलाता है।

**13. अग्निशमन**

बोर्ड के पास कोई अग्निशमन व्यवस्था नहीं है। आवश्यकता पड़ने पर राज्य अग्निशमन सेवा तथा स्थानीय सेना प्राधिकारणों की अग्निशमन सेवाओं का उपयोग किया जाता है।

**14. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 1934 जन्म और 1024 मृत्यु पंजीकृत की गई।

# मथुरा

**1. बोर्ड का गठन**

मथुरा छावनी श्रेणी II की छावनी है। इसके बोर्ड में 7 निर्वाचित सदस्यों सहित 14 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर विनय धीमान** | **01.04.2014 से 14.08.2014** |
| | **ब्रिगेडियर एस.एन. मेहता** | **15.08.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री विनीत कुमार** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए तथा इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए।

**3. राजस्व**

**(i) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

निकटवर्ती मथुरा नगरपालिका क्षेत्र की दरों के समान कर लगाये जाते हैं।

**(ii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में सम्पत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

12.40 **%**

4. **जलापूर्ति**

छावनी बोर्ड के पास 25 हार्सपावर क्षमता के वर्टिकल टरबाइन पंपिंग स्टेशन के साथ एक लाख गैलन क्षमता का एक ओवरहेड वाटर टैंक है। प्रति व्यक्ति जल की आपूर्ति 225 लीटर प्रतिदिन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान सार्वजनिक निर्माण कार्यों पर निम्नलिखित राशि व्यय की गई:-

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 67,37,366/- रूपये |
| (ख) | सडकें | 92,90,248/- रूपये |
| (ग) | नालियां | 31,87,782/- रूपये |
| (घ) | जलापूर्ति | 5,34,630/- रूपये |
| (च) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 36,06,365/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड 2 प्राइमरी स्कूल चलाता है। जिनमें 280 बच्चे हैं।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

स्कूल प्रबंधन समिति की नियमित बैठकें होती हैं।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

बोर्ड एक व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र चलाता है जिसमें फैशन डिजाइन व सौन्दर्यज (ब्यूटीशियन) तथा टेलरिंग के कोर्स चलाए जा रहे हैं।

**(iv) शिक्षा का विकास**

सभी छात्रों को उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा छात्रवृत्ति दी जाती है। परिषद में मेधावी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजना लागू करने का निर्णय लिया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा मिड-डे मील मुहैया कराया जाता है।

**7. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी में सामान्य सफाई संतोषजनक पाई गई।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

इस छावनी में पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

बोर्ड ने जवाहर लाल नेहरू शहरी नवीकरण मिशन के अंतर्गत स्थापित उपचार संयंत्र के जरिए छावनी के ठोस कूड़े के निपटान का कार्य शुरू किया है। घर-घर से कूड़े एकत्रित करने का कार्य किया जाता है।

**(iv) वृक्षारोपण**

छावनी क्षेत्र में 500 पौधे लगाए गए तथा उनमें से 70% बचे रहे।

**8. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल एवं औषधालय**

बोर्ड के पास एक औषधालय है। छावनी क्षेत्र के गरीब जरूरतमंद तथा वरिष्ठ नागरिकों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए 15 दिनों में एक चलता-फिरता औषधालय भी चलाया जाता है।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

बोर्ड वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक वृद्धावस्था देखभाल केन्द्र चलाता है।

**(iii) किशोरी क्लिनिक**

एक अंशकालिक महिला डॉक्टर की नियुक्ति करके किशोर लड़कियों को यह सेवा प्रदान की जाती है।

(iv) **जननी सुरक्षा योजना**

यह सुविधा उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा प्रदान की गयी है।

(v) **एच आई वी जांच सुविधा**

छावनी क्षेत्र में यह सुविधा उपलब्ध है।

(vi) **चलता फिरता औषधालय**

वरिष्ठ नागरिकों को चलते फिरते औषधालय की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

(vii) **छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों की समय-समय पर स्वास्थ्य जाँच की जाती है।

**9. सामान्य प्रशासन**

(i) **नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

नई पेंशन योजना लागू की गई।

(ii) **जन शिकायत निवारण प्रणाली**

बोर्ड जनता से प्राप्त शिकायतों के लिए जन शिकायत निवारण प्रणाली ''समाधान'' की सुविधा प्रदान करता है। शिकायत रजिस्टर भी रखा गया है।

(iii) **किशोरी क्लिनिक**

यह सेवा एक महिला चिकित्सक द्वारा प्रदान की जा रही है।

(iv) **खातों की लेखा परीक्षा**

छावनी बोर्ड के 30 सितम्बर, 2014 तक के खातों की लेखा परीक्षा की गई है।

(v) **जनहित में कोई अन्य पहल**

बोर्ड एक सार्वजनिक पुस्तकालय चलाता है। बोर्ड द्वारा योग कार्यक्रम की सुविधा भी आयोजित की जा रही है।

**10. भूमि-रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

(i) **सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग के लिए कम्प्यूटर प्रोग्रामर की नियुक्ति की गयी है।

(ii) **रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि 4.0 वर्जन लगाया गया है तथा रिकॉर्डों पर अंकीय हस्ताक्षर किए गए हैं।

(iii) **दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली स्थापित की गई है।

(iv) **कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

सॉफ्टवेयर कम्प्यूटर प्रोग्रामर द्वारा तैयार किए जाते हैं।

(v) **कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

सूचीकरण, स्कैनिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है।

**11. बाजार**

बोर्ड का कोई बाजार नहीं है।

**12. अग्निशमन**

बोर्ड के पास अपनी अग्निशमन व्यवस्था नहीं है। आवश्यकता पड़ने पर राज्य सरकार तथा मथुरा रिफाइनरी की अग्निशमन सेवाएं ली जाती हैं।

**13. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 677 जन्म तथा 65 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# मेरठ

**1. बोर्ड का गठन**

मेरठ श्रेणी I की छावनी है। इसके बोर्ड में 8 निर्वाचित सदस्यों सहित 16 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **मेजर जनरल सुनील यादव, युद्ध सेवा मेडल** | **01.05.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **डॉ. डी एन यादव** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

वर्ष के दौरान कोई चुनाव नहीं हुए।

**3. राजस्व**

(i) **राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

प्रायः सभी प्रभार तथा शुल्कों को संशोधित किया गया है। तहबाजारी के संग्रहण का ठेका 38 लाख प्रतिवर्ष की दर से दिया गया है।

(ii) **निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

छावनी क्षेत्र में करों की दरें निकटवर्ती नगरपालिका क्षेत्र की दरों के समतुल्य हैं।

(iii) **वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में सम्पत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

50%

4. **जलापूर्ति**

बोर्ड के पास 11 संस्थापनाओं में जनरेटर उपलब्ध हैं। 6 ओवरहेड टैंक तथा 12 ट्यूबवेल हैं। वर्तमान में पीने के पानी की उपलब्धता 140 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन है। बोर्ड ने 410 हैंड पम्प लगाए हैं।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान सार्वजनिक निर्माण कार्यों पर निम्नलिखित राशि व्यय की गई:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 1,00,38,633/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 2,89,25,615/- रूपये |
| (ग) | नालियां | 47,66,759/- रूपये |
| (घ) | जलापूर्ति | 43,35,568/- रूपये |
| (च) | सामान | 8,94,281/- रूपये |
| (छ) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 32,39,708/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड एक इन्टर कालेज, दो प्राइमरी स्कूल, एक वरिष्ठ उच्च विद्यालय तथा एक आधारशिला पब्लिक स्कूल चलाता है।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

स्कूल प्रबंधन समितियां गठित की गई हैं।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

कम्प्यूटर लेखा, वेब डिजाइनिंग, मोबाईल रिपेयर,  डाटा एंट्री आपरेटर तथा कम्प्यूटर हार्डवेयर तथा नेटवर्किंग में 123 छात्रों को व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम दिया गया।

**(iv) शिक्षा का विकास**

छठी कक्षा से आठवीं कक्षा तक के छात्रों को निःशुल्क पुस्तकें व वर्दी दी गईं। सी ए बी इण्टर कॉलेज के मेधावी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति की शुरूआत की गई।

**(v) शिक्षा के विकास के लिए कोई अन्य पहल**

पब्लिक स्कूल, प्राइमरी स्कूल और सी ए बी इंटर कॉलेज में कम्प्यूटर शिक्षा दी जा रही है। सीएबी इंटर कॉलेज के 6 क्लास रूमों में सुधार कार्य/मरम्मत की गयी।

**7. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

सामान्य सफाई संतोषजनक रही।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

छावनी क्षेत्र में पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। एन जी ओ की मदद से पॉलीथीन पर प्रतिबंध के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

छावनी के तीन वार्डों में घर-घर जाकर ठोस अपशिष्ट सामग्री एकत्र की जा रही है। ट्रेंचिंग मैदान में कूड़े की छंटनी तथा कम्पोस्ट तैयार की जा रही है।

**(iv) वृक्षारोपण**

वर्ष के दौरान 4200 पौधे लगाए गए, जिनमें से 70% बचे रहे।

**(v) अन्य पहल**

छावनी क्षेत्र में मिलिट्री पुलिस तथा यातायात पुलिस की सहायता से यातायात के समुचित नियमन के लिए विशेष अभियान चलाया गया।

**8. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

छावनी बोर्ड 70 बिस्तरों वाला एक अस्पताल चलाता है। बोर्ड ने छावनी सामान्य अस्पताल के एक कान, नाक व गला विशेषज्ञ, अस्थि, शिशु, स्त्री व प्रसूति रोग,

होमियोपैथी, 02 अर्धचिकित्सा कर्मचारी तथा एक सामान्य चिकित्सा अधिकारी का प्रबन्ध किया गया है। वर्ष के दौरान ओ पी डी में 77899 मरीज आए। वर्ष के दौरान नेत्र विंग में 1076 नेत्र ऑपरेशन तथा 171 अन्य आपरेशन किए गए। जैव-चिकित्सीय अपशिष्ट के निपटान हेतु एक गैर सरकारी संगठन को ठेका दिया गया है।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए उठाए गए विशेष कदम**

ओपीडी, रक्त जाँच व एक्स-रे जाँच में वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता आधार पर उपचार दिया जाता है। वरिष्ठ नागरिकों को एक महीने की दवा दी जाती है। प्रत्येक शुक्रवार को दोपहर 12:30 से 01:30 बजे तक वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष क्लिनिक चलाया जाता है।

**(iii) किशोरी क्लिनिक**

महिला आरएमओ ने छावनी क्षेत्र में कालेजों का अर्ध-चिकित्सीय कर्मचारियों के साथ दौरा किया तथा युवा छात्राओं को परामर्श दिया।

**(iv) जननी सुरक्षा योजना**

जननी सुरक्षा योजना राज्य सरकार के सहयोग से कार्यान्वित की गई है।

**(v) एचआईवी जांच सुविधा**

छावनी क्षेत्र में एचआईवी जांच सुविधा उपलब्ध है।

**(vi) विशेष स्वास्थ्य जाँच**

सरकारी सामान्य अस्पताल में अस्थि-सघनता जाँच आयोजित की गई।

**(vii) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

सफाई कर्मचारियों को समय-समय पर टीके लगाए गए हैं। कर्मचारियों तथा उनके परिवार के सदस्यों को निःशुल्क चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

## 9. सामान्य प्रशासन

**(i) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

जनता की शिकायतों तथा कर्मचारियों की समस्याओं के शीघ्र निवारण के लिए "समाधान" तथा "सुविधा" सॉफ्टवेयर लगाए गए हैं तथा कार्य कर रहे हैं।

**(ii) खातों की लेखा परीक्षा**

सितम्बर, 2014 तक के खातों की लेखा परीक्षा की गई।

**(iii) जनहित में कोई अन्य पहल**

छावनी क्षेत्र ने शिवाजी कालोनी, बीसी बाजार, मेरठ छावनी में नागरिकों के लिए शादी/समारोह आदि आयोजित करने के लिए एक मैदान विकसित किया है। बोर्ड में बीसी बाजार, मेरठ छावनी में एक फुटबाल मैदान भी विकसित किया है। ऊर्जा की बचत करने वाली एलईडी सफेद लाईटें भी लगाई गई हैं।

**10. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग में कम्प्यूटर प्रोग्रामर रखा गया है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि 4.1 वर्जन लगाया गया है। रक्षा भूमि आंकड़ों का पुनर्प्रमाणन पूरा हो चुका है। सभी दस्तावेज पर अंकीय हस्ताक्षर किए गए हैं।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

रिकॉर्ड के अंकीकरण का प्रथम चरण पूरा हो चुका है। दस्तावेजों की गुणवत्ता जाँच जारी है। अंकीकरण का दूसरा चरण जारी है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

सभी अनुभागों को कम्प्यूटर दिए गए हैं तथा उन्हें इंटरनेट सुविधा के साथ मुख्य सर्वर से जोड़ा गया है। छावनी बोर्ड कार्यालय में सी सी टी वी कैमरा लगाया गया है।

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

700 से अधिक सेवा रिकॉर्डों का अंकीकरण किया गया है तथा उसे "सुविधा" सॉफ्टवेयर के डाटा बेस में दर्ज किया गया है। बोर्ड के पास 400 छावनी निधि दुकानें / स्टाल / बेकरी / होटल / सामुदायिक भवन आदि हैं। बोर्ड के पास 87 चबूतरों वाला फल व सब्जी का बाजार भी है।

**11. बाजार**

यह छावनी एक बड़ा वाणिज्यिक केन्द्र है तथा छावनी के अन्दर आबू लेन, सदर, बॉम्बे बाजार, लालकुर्ती बाजार इत्यादि जैसे बड़े-बड़े शापिंग क्षेत्र हैं।

**12. अग्निशमन**

बोर्ड के पास अग्निशमन की व्यवस्था नहीं है। आवश्यकता पड़ने पर राज्य सरकार की अग्निशमन सेवाएं ली जाती हैं।

**13. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 1288 जन्म तथा 403 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# महू

**1. बोर्ड का गठन**

महू छावनी श्रेणी I की छावनी है। इसके बोर्ड में 8 निर्वाचित सदस्यों सहित 16 सदस्य है। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर प्रकाश चन्द्र** | **01.04.2014 से 21.01.2015** |
| | **ब्रिगेडियर अनुज भल्ला** | **21.01.2015 से 20.03.2015** |
| | **ब्रिगेडियर आर एस शेखावत** | **21.03.2015 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री आलोक गुप्ता** | **01.04.2014 से 22.07.2014** |
| | **श्री राजेंद्र पवार** | **23.07.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए तथा इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

बोर्ड ने कर व दरों के त्रैवार्षिक मूल्यांकन के कारण बढ़े बकाया कर तथा राजस्व को प्राप्त करने के लिए सभी आवश्यक कार्यवाही की।

**(ii) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

छावनी बोर्ड द्वारा लगाए गए कर निकटवर्ती इंदौर नगरपालिका द्वारा लगाए गए करों के समान हैं।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में संपत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

98**%**

**4. जलापूर्ति**

महू छावनी के निवासियों को छावनी परिषद द्वारा पीने का पानी उपलब्ध कराया जाता है। औसतन प्रतिदिन 5 लाख गैलन पानी नर्मदा जलापूर्ति योजना के तहत तथा 75,000 गैलन पानी बैरछा झील जल योजना के तहत प्राप्त किया जाता है। साथ ही बोर्ड ने 35 कुओं के अलावा 200 नलकूप तथा हैंड पम्प भी लगए है। प्रति व्यक्ति पानी की आपूर्ति 51 लीटर प्रतिदिन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए :

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 83,42,808/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 31,10,782/- रूपये |

(ग) नालियाँ 23,58,588/- रूपये

(घ) जलापूर्ति 17,68,444/- रूपये

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड एक कन्या हाई स्कूल, एक कन्या माध्यमिक स्कूल, एक प्राइमरी स्कूल हिन्दी माध्यम में चलाता है। समाज के कमजोर वर्ग के सभी छात्रों को निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जाती है। बोर्ड ने कक्षा एक से 12वीं तक के सभी छात्रों के लिए 'स्मार्ट क्लास' के शुरुआत की है।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

प्रत्येक स्कूल के लिए स्कूल प्रबंधन समिति का गठन किया गया है।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

उच्चतर माध्यमिक स्कूल के छात्राओं को मूलभूत कम्प्यूटर, चित्रकला, क्राफ्ट, कढ़ाई तथा ब्यूटीशियन आदि के कोर्स कराए जाते हैं।

**(iv) शिक्षा का विकास**

अनुसूचित जाति /जनजाति तथा अन्य कमजोर वर्ग के मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में प्रेरित करने हेतु छात्रवृत्ति दी जाती है। छात्रवृत्तियाँ राज्य सरकार द्वारा प्रायोजित की गई है। ।

**(v) शिक्षा के विकास के लिए अन्य पहल**

छावनी बोर्ड, महू के प्रबंध के अंतर्गत प्राइमरी तथा माध्यमिक स्कूलों के सभी विधार्थियों को मध्यान्ह का भोजन दिया जाता है। सभी छात्रों को वर्दियाँ दी गई तथा नए छात्रों को स्कूल बैग दिये गए।

**7. बच्चों के लिए विशेष उपाय**

**(i) विशेष रूप से अशक्त बच्चे**

छावनी बोर्ड विशेष रूप से अशक्त बच्चों के लिए स्कूल के लिए भवन तथा 1,00,000/- रुपए उपलब्ध करा रहा है। इस संदर्भ में 'संवेदना' नामक एक गैर सरकारी संगठन से, विशेष रूप से अशक्त बच्चों की देखभाल तथा शिक्षा के लिए एक समझौता किया गया है।

**(ii) प्रवासी श्रमिकों के बच्चे**

लालजी बस्ती में 'ज्ञानोदय' स्कूल में प्रवासी श्रमिकों के बच्चों के शिक्षा के लिए 1,00,000/- रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराता है। ।

**8. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी में सफाई का स्तर संतोषजनक रहा।

**(ii) पालीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

छावनी में पालीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

छावनी क्षेत्र में नियमित तौर पर घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित करने की शुरुआत की गई है।

**(iv) वृक्षारोपण**

छावनी बोर्ड द्वारा 5000 पौधे लगाए गए।

**(v) अन्य पहल**

बोर्ड द्वारा प्रधान मंत्री स्वच्छता मिशन के तहत विशेष साफ- सफाई कार्यक्रम चलाया गया। परिषद नियमित रूप से मुख्य सड़कों, नालियों तथा नालों की सफाई कराता है।

**9. जन स्वास्थय**

**(i) छावनी सामान्य अस्पताल**

आधुनिक सुविधाओं से युक्त अस्पताल का निर्माण कार्य प्रगति पर है 6,169 बहिरंग तथा 593 अंतरंग रोगियों का उपचार किया गया।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए गये विशेष उपाय**

छावनी में सभी वरिष्ठ नागरिकों का पंजीकरण किया जा रहा है तथा उन्हें नि:शुल्क स्वास्थ्य देखभाल उपलब्ध कराई जा रही है।

**(iii) किशोरी क्लीनिक**

किशोरी क्लीनिक शुरू किया गया है।

**(iv) जननी सुरक्षा योजना**

जननी सुरक्षा योजना लागू की गई है।

**(v) एचआईवी जांच सुविधाएं**

अस्पताल में एचआईवी जांच सुविधा उपलब्ध है।

**(vi) चलता फिरता औषधालय**

महू छावनी के आसपास के क्षेत्रों में सप्ताह में दो बार चल औषधालय द्वारा चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।।

**(vii) विशेष चिकित्सा शिविर**

महू छावनी में नेत्र चिकित्सा, टीकाकरण तथा मौलिक स्वास्थ्य देखभाल संबंधी शिविर आयोजित किए गए।

**(viii) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वस्थ्य देखभाल उपाय**

छावनी बोर्ड के कर्मचारियों को स्वास्थ्य डायरियाँ उपलब्ध कराई गई है। छावनी सामान्य अस्पताल द्वारा छावनी बोर्ड ने कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों का निःशुल्क इलाज़ किया जाता है।

**10. सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन के स्थिति**

नई पेंशन योजना कार्यान्वित की गई है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

सूचना प्रौद्योगिकी से सुसज्जित 'समाधान' शिकायत निवारण प्रणाली लागू की गई है।

**(iii) खातों के लेखा परीक्षा**

मार्च, 2015 तक के खातों की लेखा परीक्षा की गई है।

**(iv) डा. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर दिवस का मनाना**

महू डा. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर का जन्म स्थान है और उनकी जन्मशती के अवसर पर छावनी में उनके स्मारक पर लाखों श्रद्धालु आते हैं और बोर्ड द्वारा उनके ठहरने, पेय जल व चल शौचालयों के व्यवस्था की जाती है।

**11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग के लिए कम्प्यूटर प्रोग्रामर की नियुक्ति की गई है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि सॉफ्टेयर 4.0 स्थापित किया गया है। जीएलआर रिकार्डों की प्रविष्टियां की गई है।

**(iii) दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली**

फाइलों को सूचीबद्ध करने तथा  दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली का कार्य पूरा कर लिया गया है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

सभी कम्प्यूटरों को लोकल एरिया नेटवर्क से जोड़ा गया है।

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

रिकार्डों के अंकीकरण के प्रथम चरण का कार्य पूरा कर लिया गया है जिसमें स्कैनिंग तथा जी एल आर रजिस्टर तथा बड़े नक्शों के अंकीकरण शामिल है।

**12. बाज़ार**

छावनी बोर्ड एक सब्जी बाजार, एक मछ्ली बाज़ार तथा दो मांस बाज़ार चलाता है जिनमें 174 दुकानें/स्टाल तथा 148 दुकानों सहित एक मालवा बाज़ार शॉपिंग कॉम्पलैक्स हैं।

**13. अग्निशमन**

बोर्ड के पास नागरिक रक्षा हेतु एक सर्व-उपकरण सुसज्जित अग्निशामक है। बोर्ड, छावनी क्षेत्र में ही नहीं, अपितु महू तहसील के आसपास के क्षेत्रों को भी नागरिक सुरक्षा सुविधाएं उपलब्ध कराता है।

**14. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 2,854 जन्म और 460 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# मोरार

**1. बोर्ड का गठन**

मोरार छावनी श्रेणी II की छावनी है। इसके बोर्ड में 7 निर्वाचित सदस्यों सहित 14 सदस्य है। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे :-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर एस सी पँवार, से मे** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री ए के वर्मा** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

बोर्ड के सामान्य चुनाव 11.01.2015 को हुए तथा इनके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए। इन चुनावों मे पहली बार ईवीएम का प्रयोग किया गया।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

वर्ष 2014-15 से 2016-17 के लिए त्रैवार्षिक मूल्यांकन संशोधित किया गया। इसके परिणाम स्वरूप वार्षिक राजस्व में 12.53% वृद्धि हुई।

**(ii) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

गृह कर, व्यापार एवं व्यवसाय कर तथा पहिया कर लगाए गए हैं। वार्षिक किराया मूल्य पर 10% का गृह कर दर निकटवर्ती नगरपालिका की दर के समान है। बोर्ड द्वारा लगाए गए व्यापार व व्यवसाय कर तथा पहिया कर निकटवर्ती नगरपालिका द्वारा नहीं लगाए गए हैं।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में संपत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

35**%**

**4. जलापूर्ति**

बोर्ड में जलापूर्ति नगरनिगम, ग्वालियर द्वारा की जाती है। प्रति व्यक्ति जलापूर्ति 130 लीटर प्रतिदिन है। बोर्ड के पास 75 हैंडपंप है ।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए :

| | | |
|---|---|---|
| (क) | सड़कें | 2,03,09,295/- रूपये |
| (ख) | जलापूर्ति | 3,94,570/- रूपये |
| (ग) | विविध जनसुधार कार्य | 4,01,489/- रुपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड पाँचवी कक्षा तक सीबीएसई पाठ्यक्रम पर आधारित लड़के और लड़कियों के लिए एक अंग्रेजी माध्यम स्कूल चलाता है। 01.04.2014 से कक्षा पाँच शुरू की गई है। 222 छात्रों ने प्रवेश लिया है। छात्रों को प्रत्येक वर्ष नि:शुल्क पुस्तकें तथा वर्दी दी जाती हैं।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

स्कूल प्रबंधन समिति की समय-समय पर बैठकें होती हैं। स्कूल प्रबंधन समिति को छुट-पुट निर्माण कार्य कराने, साफ-सफाई, शिक्षकों के निष्पादन, नई शिक्षा योजनाओं के संबंध में स्कूल का निरीक्षण करने का अधिकार दिया गया हैं।

(iii) **व्यावसायिक प्रशिक्षण**

बोर्ड ने 01.04.2015 से कम्प्यूटर तथा मोबाइल की मरम्मत के लिए लघु अवधि व्यवसायिक प्रशिक्षण के कोर्स चलाने का अनुमोदन किया है।

(iv) **शिक्षा का विकास**

गरीब/पिछड़े वर्ग के परिवारों के बीच शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए छावनी क्षेत्र में घर-घर जाकर सर्वेक्षण तथा सार्वजनिक घोषणाएँ की गई।

(v) **शिक्षा के विकास के लिए कोई अन्य पहल**

अँग्रेजी माध्यम स्कूल समाज के पिछड़े तथा कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए है तथा उन्हें नि:शुल्क उत्तम शिक्षा, पुस्तकें तथा वर्दियाँ उपलब्ध कराई जाती हैं।

**7. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी में समान्य साफ - सफाई संतोषजनक रही ।

**(ii) पॉलिथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

छावनी में पॉलिथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

नागरिक ठोस अपशिष्ठ (प्रबंधन व निपटान) नियम, 2000 लागू किए गए हैं। घर घर से कूड़ा एकत्रित किया जा रहा है तथा इसे ग्वालियर, नगर निगम के भूमि भराव स्थल पर डाला जा रहा है।

**(iv) वृक्षारोपण**

वर्ष के दौरान 1015 विभिन्न प्रकार के पेड़ लगाए गए।

**(v) अन्य पहल**

मच्छरों से फैलाने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए रसायनो तथा कीटनाशकों के छिड़काव द्वारा नियमित रूप से नालों की सफाई की गई। स्वच्छ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां चलाने के लिए एक पंचवर्षीय योजना तैयार की गयी है।

8. **जन स्वास्थय**

(i) **अस्पताल और औषधालय**

वर्ष के दौरान छावनी सामान्य अस्पताल में 16,901 बहिरंग तथा 36 अंतरंग रोगियों का उपचार किया गया। राज्य सरकार की सहायता से पल्स पोलियो टीकाकरण भी किया गया।

(ii) **वरिष्ठ नागरिकों के लिए गये विशेष उपाय**

वरिष्ठ नागरिकों को नि:शुल्क उपचार तथा औषधियाँ उपलब्ध कराई गई ।

(iii) **किशोरी क्लीनिक**

किशोरियों को छावनी सामान्य अस्पताल के स्त्रीरोग विशेषज्ञ द्वारा उनकी स्वास्थ्य समस्याओं के संबंध में शिक्षित किया गया।

(iv) **विशेष चिकित्सा शिविर**

एक होम्योपथी चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया।

(v) **छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वस्थ्य देखभाल उपाय**

बोर्ड के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। सभी कर्मचारियों तथा उनके परिवारों को नि:शुल्क चिकित्सा उपचार तथा औषधियाँ दी गई।

9. **सामान्य प्रशासन**

(i) **नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन के स्थिति**

छावनी बोर्ड में नई पेंशन योजना कार्यान्वित की गई है।

(ii) **जन शिकायत निवारण प्रणाली**

साफ सफाई हैंड पंप तथा स्ट्रीट लाइट के लिए अलग अलग शिकायत रजिस्टर खोले गए हैं तथा इन्हें मॉनिटर किया जा रहा हैं। सभी शिकायतों पर तत्काल ध्यान दिया जाता है तथा इनका दैनिक आधार पर समाधान किया जाता है। “समाधान” शुरू किया गया है।

(iii) **खातों के लेखा परीक्षा**

मार्च, 2014 तक लेखा परीक्षा की गई है ।

(iv) **जनहित में शुरू की गई कोई अन्य पहल**

छावनी के निवासियों के लिए इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन, इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय नि:शक्त पेंशन तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन और राष्ट्रीय परिवार सहायता जैसी केंद्र/राज्य सरकार की जन-कल्याण योजनाएँ लागू की गई हैं तथा पेंशन इस कार्यालय से वितरित की जा रही है। गरीबी रेखा से ऊपर के नागरिकों के लिए राशन कार्ड इस कार्यालय द्वारा जारी/नवीनीकृत किए जाते हैं। छावनी में रक्षा भूमि की सीमाओं तथा वस्तुस्थिति जानने के लिए तथा अनधिकृत कब्जों का पता लगाने के लिए सर्वे करवाया गया। पारदर्शिता बनाएँ रखने के लिए ई-अभिग्रहण तथा ई-निविदा शुरू की गई है। जैव मापी उपस्थिति व्यवस्था शुरू की गई हैं।

**10. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

एक कम्प्यूटर प्रोग्रामर सूचना प्रौद्योगिकी की अनुभाग की देख रेख कर रहा है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि साफ्टवेयर अपलोड किया गया है।

**(iii) दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली**

दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली स्थापित की गई है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

विभिन्न कार्य तथा प्रक्रिया स्वचलित की गई है।

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

रिकॉर्ड के स्कैनिंग तथा अंकीकरण का प्रथम चरण को पूरा कर लिया गया हैं।

**11. अग्निशमन**

बोर्ड अग्निशमन सेवाओं के लिए ग्वालियर नगर निगम पर निर्भर है।

**12. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 476 जन्म और 108 मृत्यु पंजीकृत की गई।

# नैनीताल

**1. बोर्ड का गठन**

नैनीताल छावनी श्रेणी IV  की छावनी है। इसके बोर्ड में 02 निर्वाचित सदस्यों सहित 04 सदस्य है। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर के ए महाबीर** | **01.04.2014 से 18.02.2015** |
| | **कर्नल नवदीप दहिया** | **18.02.2015 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री वी वी राकेश रेड्डी पी** | **01.04.2014 से 07.07.2014** |
| | **सुश्री दिव्या एस** | **07.07.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए तथा इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए।

**3. राजस्व**

(i) **राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

जल कर में 15% संशोधन किया गया है।

(ii) **निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

छावनी में गृह कर, जल कर तथा व्यापार एवं व्यवसाय कर लगाए गए हैं। गृह कर निकटवर्ती नगरपालिका के समान है।

(iii) **वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में संपत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

70**%**

**4. जलापूर्ति**

बोर्ड अपनी स्वतंत्र जलापूर्ति योजना चलाता हैं। झरने के पानी को जलाशय में एकत्रित कर वितरण के लिए भंडारण टैंकों में पंप किया जाता हैं। प्रति व्यक्ति जलापूर्ति 140 लीटर प्रतिदिन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए :

| | |
|---|---|
| (क) भवन | 15,06,901/- रूपये |
| (ख) सड़कें | 1,85,073 /- रूपये |
| (ग) जलापूर्ति | 3,91,525/- रूपये |
| (ङ) सामान | 1,28,145/- रुपये |

(च) विविध जनसुधार कार्य 10,20,261/- रुपये

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड 01 प्राइमरी स्कूल चलाता है।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

स्कूल प्रबंधन समितियां गठित की गई है।

(iii) **व्यावसायिक प्रशिक्षण**

व्यवसायिक प्रशिक्षण शुरू किया गया है तथा टेलरिंग तथा कम्प्यूटर एप्लिकेशन में 02 कोर्स चलाये जा रहे हैं।

(iv) **शिक्षा का विकास**

स्कूल में कम्प्यूटर शिक्षा शुरू की गई हैं।

(v) **शिक्षा का विकास के लिए कोई अन्य पहल**

शैक्षिक सत्र 2013-14 के दौरान जिन छात्रों की उपस्थिति 90% से अधिक रही, उनको 1000/- रुपये का नकद पुरस्कार तथा वार्षिक परीक्षा में प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले तीन छात्रों को छात्रवृति प्रदान की गई। छात्रों को जूतों सहित वर्दी तथा स्टेशनरी भी उपलब्ध कराई गई।

**7. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी में समान्य साफ - सफाई संतोषजनक रही ।

**(ii) पॉलिथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

छावनी में पॉलिथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

1 x 1.5 मी. के आकार के गड्ढों में खाद बनाई जाती है। गैर जैव सुपाचय अपशिष्ट को बिक्री/पुनर्चक्रीकरण के लिए एकत्र किया जाता है।

**(iv) वृक्षारोपण**

वर्ष के दौरान 1237 पेड़ लगाए गए। उनमे से 70% बचे रहे।

8. **जन स्वास्थय**

(i) **अस्पताल और औषधालय**

बोर्ड एक अंशकालिक चिकित्सक तथा एक फर्माशिष्ट सहित एक औषधालय चलाता है। उपरोक्त के अतिरिक्त एक अंशकालिक दंत चिकित्सक तथा एक नेत्र विशेषज्ञ की भी नियुक्ति की गयी है। एक विकृति विज्ञान प्रयोगशाला शुरू की गई है तथा एक

प्रयोगशाला तकनीशियन तथा एक सहायक की भी नियुक्ति की गयी है। वर्ष के दौरान 6280 मरीजों का उपचार किया गया।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए गये विशेष उपाय**

सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य देख भाल तथा नि:शुल्क औषधियाँ उपलब्ध कराई जा रही हैं।

**(iii) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वस्थ्य देखभाल उपाय**

छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों को चिकित्सा देखभाल नियमित स्वास्थ्य जांच तथा नि:शुल्क औषधियाँ देकर की जाती है। सभी कर्मचारियों को स्वास्थ्य डायरियाँ दी गई है।

9. **सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन के स्थिति**

छावनी बोर्ड में नई पेंशन योजना कार्यान्वित की गई है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

"समाधान" - जन शिकायत निवारण प्रणाली तथा "सुविधा" - कर्मचारी शिकायत निवारण प्रणाली कार्यान्वित की गई हैं।

**(iii) खातों के लेखा परीक्षा**

सितंबर, 2014 तक लेखा परीक्षा की गई है ।

**10. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

छावनी बोर्ड, रानीखेत का कम्प्युटर प्रोग्रामर सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग की देख रेख कर रहा है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि साफ्टवेयर 4.0 स्थापित किया गया है।

**(iii) दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली**

यह समय सारणी के अनुसार किया जाता है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

लोकल एरिया नेटवर्क तथा जैव मापी उपस्थिति व्यवस्था स्थापित की गई है।

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

जीएलआर तथा पट्टे की डीड के अंकीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है।

**11. बाज़ार**

बोर्ड के पास 20 दुकानें/स्टॉल तथा 14 कमरों का एक होटल है।

**12. अग्निशमन**

आवश्यकता पड़ने पर राज्य सरकार के नैनीताल अग्निशमन स्टेशन की सेवाओं का उपयोग किया जाता है।

**13. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 01 जन्म और 02 मृत्यु पंजीकृत की गई।

# नसीराबाद

**1. बोर्ड का गठन**

नसीराबाद श्रेणी II की छावनी है। इसके बोर्ड में 8 निर्वाचित सदस्यों सहित 16 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर अनिमेष गांगुली** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **सुश्री जे एस साल्वी** | **01.04.2013 से 26.07.2014** |
| | **श्री अशोक कुमार** | **26.07.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए तथा इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए। इन चुनावों में पहली बार ईवीएम का प्रयोग किया गया।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

राजस्व बढ़ाने हेतु जल कर 22/- रूपये से 30/- रूपये तथा व्यापारिक उपयोग (होटल आदि) हेतु 80/- रूपये प्रतिमाह किया गया। बी एस एन एल, अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड तथा परिवहन विभाग को पहली बार सम्पत्ति कर के बिल भेजे गए। 2012-15 तक की अवधि का त्रैवार्षिक मूल्यांकन जारी है।

**(ii) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

छावनी बोर्ड नसीराबाद तथा अजमेर नगर निगम में सम्पत्ति कर की कोई तुलना नहीं है क्योंकि बोर्ड सम्पत्ति के वार्षिक किराया मूल्य पर संपत्ति कर लगाता है जबकि अजमेर नगर निगम पूंजी मूल्यांकन आधार, जो कि मुख्यतः संपत्ति के जिला भूमि दर पर आधारित है, के आधार पर सम्पति कर लगाता है। बोर्ड सीमा कर तथा व्यापार व व्यवसाय कर भी लगाता है, जिसे निगम द्वारा नहीं लगाया जाता है।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में सम्पत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

39.89%

4. **जलापूर्ति**

बोर्ड राज्य सरकार के जन स्वास्थ्य इंजीनियरी विभाग से पानी की आपूर्ति प्राप्त करता है। इसके अतिरिक्त जलापूर्ति में वृद्धि करने के लिए 164 हैंड पम्प भी लगाए गए हैं। प्रतिदिन 72 लीटर पानी प्रति व्यक्ति की आपूर्ति की जाती है।

**5.** **सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 3,01,107/- रूपये |
| (ख) | जलापूर्ति | 2,40,608/- रूपये |
| (ग) | सामान | 13,82,912/- रूपये |
| (घ) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 2,88,500/- रूपये |

**6.** **शिक्षा**

**(i)** **स्कूल**

बोर्ड कोई स्कूल नहीं चलाता।

**(ii)** **शिक्षा का विकास**

बोर्ड ने अपना भवन राज्य सरकार को किराए पर दिया है जिसमें लड़कियों के लिए वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा डीएवी संगठन, माध्यमिक स्कूल चलाए जा रहे हैं।

**7.** **बच्चों के लिए किए गए विशेष उपाय**

**विशेष रूप से अशक्त बच्चे**

विशेष रूप से अशक्त बच्चों के लिए दिवस देखभाल केन्द्र 03.06.2014 से शुरू किया गया है। इस केंद्र से 33 बच्चे लाभान्वित हो रहे हैं। दो विशेष शिक्षक, एक शरीर विज्ञानी, एक स्पीचथिरेपिस्ट तथा एक बहुउद्देशीय कर्मचारी की नियुक्ति संविदा आधार पर बच्चों की देखभाल के लिए की गई है। बच्चों को केन्द्र के परामर्शदाताओं तथा समन्वयकृताओं के तत्वाधान में क्रियाएं सिखाई जाती हैं। उन्हें स्वावलम्बी होना सिखाया गया। विशेष रूप से सक्षम बच्चों के लिए कुछ संगठनों में छड़ी, पहियादार कुर्सी, चश्मे तथा अन्य सामान दिया।

**8.** **पर्यावरण तथा सफाई**

**(i)** **सामान्य सफाई**

सफाई का सामान्य स्तर संतोषजनक रहा। छावनी के निवासियों को अस्वच्छ शौचालयों को हटाने / जलवाहित शौचालयों में बदलने के लिए नोटिस जारी किए गए।

**(ii)** **पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

बोर्ड ने पॉलीथीन की थैलियों के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया है। नियमित जांच की जाती है।

**(iii)** **ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

सेना क्षेत्र में घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित किया जाता है। कूड़े को अलग-अलग करने तथा उसके अंतिम निपटान का कार्य डम्पिंग स्थल पर किया जाता है।

**(iv)** **वृक्षारोपण**

बोर्ड ने 360 पौधे लगाए।

**(v) अन्य पहल**

स्वच्छ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के लिए एक पंचवर्षीय योजना तैयार की गई तथा विशेष स्वच्छता अभियान समय-समय पर चलाए जा रहे हैं। मलेरिया, डेंगी तथा चिकनगुनिया आदि रोगवाहक द्वारा फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए नियमित रूप से लारवा रोधी उपाय किए गए।

**9. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

छावनी बोर्ड कोई अस्पताल नहीं चलाता। किन्तु छावनी क्षेत्र में राज्य सरकार तथा उनके आश्रितों द्वारा एक सिविल अस्पताल चलाया जाता है।

**(ii) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य उपाय**

नियमों के अंतर्गत चिकित्सा खर्च की प्रतिपूर्ति की जा रही है।

**10. सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

नई पेंशन योजना लागू की गई।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

जनता की शिकायतों के निवारण के लिए "समाधान" तथा छावनी बोर्ड कर्मचारियों के लिए लिए सुविधा लागू की गई है।

**(iii) खातों की लेखा परीक्षा**

सितम्बर, 2014 तक के खातों की लेखा परीक्षा की गई है।

**(iv) जनहित मे कोई अन्य पहल**

पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ई-अभिग्रहण तथा ई-संविदा की शुरूआत की गई है।

**11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौधोगिकी अनुभाग का सृजन**

सूचना प्रौधोगिकी अनुभाग के लिए एक सहायक प्रोग्रामर की नियुक्ति की है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि वर्जन 4.0 स्थापित किया गया।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली का स्थापन कार्य पूरा हुआ और एक कर्मचारी को प्रशिक्षित किया गया।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

करों तथा जल प्रभार की बिलिंग तथा इक्ट्ठा करने का कार्य पूरा कर लिया गया है।

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

फाइलों के सूचीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है। अभी तक 6500 पाइलों की सूचीकरण व स्कैनिंग की गई है।

**12. बाजार**

बोर्ड के पास एक बाजार है जिसमें 92 दुकानें/स्टॉल हैं।

**13. अग्निशमन**

बोर्ड अग्निशमन सेवाओं के लिए निकटवर्ती नगर निगम पर निर्भर करता है।

**14. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 2535 जन्म तथा 320 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# पचमढ़ी

**1. बोर्ड का गठन**

पचमढ़ी श्रेणी II की छावनी है। इसके बोर्ड में 7 निर्वाचित सदस्यों सहित 14 सदस्य हैं। रिपोर्टाधीन अवधि में बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर बिनोद कुमार** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री अजय कुमार** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

वर्ष के दौरान कोई चुनाव नहीं हुए। केन्द्र सरकार द्वारा बोर्ड नें 06.06.2014 से बदलाव किया गया।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

रिपोर्टाधीन अवधि में पार्किंग शुल्क के स्थान पर वाहन प्रवेश शुल्क लगाने के कारण 21,34,660/- रूपये की आय प्राप्त हुई है। बोर्ड ने राजस्व बढ़ाने के लिए दो पार्किंग स्थलों की 8,50,000/- रूपये में निविदा की। बोर्ड ने छावनी बोर्ड, पंचमढ़ी का राजस्व बढ़ाने के लिए अधिकतर गैर-कर राजस्व को संशोधित किया। अगला त्रैवार्षिक मूल्यांकन जारी है।

**(ii) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

निकटवर्ती पिपरिया नगरपालिका में लगने वाले सभी कर बोर्ड द्वारा लगाए गए हैं।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में सम्पत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

48.71%

**4. जलापूर्ति**

बोर्ड के पास 06 ट्यूबवेलों तथा 02 जलाशयों सहित स्वतन्त्र जलापूर्ति योजना है। प्रतिदिन प्रति व्यक्ति जल की आपूर्ति 56 लीटर है। इसके अतिरिक्त छावनी बोर्ड द्वारा 50 हैंड पम्प भी लगाए गए हैं।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान सार्वजनिक निर्माण कार्यों पर निम्नलिखित राशि व्यय की गई:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 41,42,093/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 1,71,00,046/- रूपये |
| (ग) | नालियां | 47,15,060/- रूपये |

(घ) सामान 53,83,282/- रूपये

(ङ) विविध सार्वजनिक सुधार कार्य 1,11,70,846/- रूपये

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड केवल एक प्राइमरी स्कूल चलाता है जिसमें 308 छात्र हैं। सभी छात्रों को मध्यान्ह का भोजन दिया जाता है। स्कूल का 7वीं स्तर तक उन्नयन किया गया है।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

छावनी प्राइमरी सकूल में स्कूल प्रबंधन समिति का गठन कर लिया गया है। स्कूल प्रबंधन समिति की 4 बैठकें आयोजित की गई।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

छावनी प्राइमरी स्कूल के छात्रों को बेसिक कम्प्यूटर प्रशिक्षण तथा मोबाइल मरम्मत का भी प्रशिक्षण प्रदान दिया गया।

**(iv) शिक्षा का विकास**

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान कक्षा 7 शुरू की गई तथा छावनी प्राईमरी स्कूल में बालिकाओं की संख्या बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

**(v) शिक्षा के विकास के लिए कोई अन्य पहल**

स्कूल में खेलकूद तथा सांस्कृतिक क्रियाकलाप शुरू किए गए जिसके लिए एक खेलकूद शिक्षक और एक क्रियाकलाप शिक्षक संविदा आधार पर नियुक्त किया गया तथा छावनी स्कूल के छात्रों के लिए एक ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया जिसमें उन्हें हॉकी तथा अन्य खेलों का प्रशिक्षण दिया गया।

**7. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी में सामान्य सफाई संतोषजनक पाई गई।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

समूचे छावनी क्षेत्र में पॉलीथीन की थैलियों पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

छावनी तथा सेना क्षेत्रों में नियमित रूप से घर-घर जाकर कूड़ा एकत्र करना शुरू किया गया।

**(iv) वृक्षारोपण**

वर्ष के दौरान 1300 पेड़ लगाए गए और उनमें से 90% बचे रहे।

**(v) अन्य पहल**

सुसज्जित ग्रिल लगाकर पैदल पथ और बैठने की व्यवस्था सहित एक बगीचा बनाया गया।

**8. जन स्वास्थ्य**

**अस्पताल तथा औषधालय**

छावनी बोर्ड पचमढ़ी एक बहिरंग औषधालय चलाता है। वर्ष के दौरान 10784 मरीजों का इलाज किया गया।

**9. सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

नई पेंशन योजना लागू की गई है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

जनता की शिकायतों के निवारण के लिए "समाधान" लागू गया है।

**(iii) खातों की लेखा परीक्षा**

सितम्बर, 2014 तक के खातों की लेखा परीक्षा की गई है।

**10. भूमि-रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग के लिए सहायक प्रोग्रामर की नियुक्ति की गई है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि 4.0 वर्जन लगाया गया है। जी एल आर प्रविष्टियां पूरी कर ली गई हैं तथा अधिप्रमाणित की गई हैं।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली सॉफ्टवेयर लगाया गया है और 4450 फाइलों में प्रविष्टियां की गई।

**(iv) कार्यालय प्रक्रियाओं के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

कार्यालय प्रक्रिया का स्वचलीकरण किया जा रहा है।

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

फाइलों के सूचीकरण का कार्य किया जा चुका है। 1800 फाइलों की इन-हाउस स्कैनिंग की जा चुकी है।

**11. बाजार**

बोर्ड के पास 62 दुकानों/स्टॉलों वाला एक छोटा सा बाजार है।

**12. अग्निशमन**

बोर्ड के पास अग्निशमन यूनिट नहीं है। आवश्यकता पड़ने पर एस ए डी ए, पंचमढ़ी द्वारा अग्निशमन सेवाएं मुहैया कराई जाती हैं।

**13. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 124 जन्म तथा 65 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# पुणे

**1. बोर्ड का गठन**

पुणे श्रेणी I की छावनी है। इसके बोर्ड में 8 निर्वाचित सदस्यों सहित 16 सदस्य हैं। रिपोर्टाधीन वर्ष में बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर ललित जोशी** | **01.04.2014 से 24.08.2014** |
| | **ब्रिगेडियर सी वी अजय** | **25.08.2014 से 09.12.2014** |
| | **ब्रिगेडियर ए के त्यागी** | **10.12.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री के वी नागिरेड्डी** | **01.04.2014 से 07.07.2014** |
| | **श्री के जे एस चौहान** | **07.07.2014 से 15.07.2014** |
| | **श्री संजीव कुमार** | **15.07.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए तथा इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए। इन चुनावों में पहली बार ईवीएम का प्रयोग किया गया।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

**(क) 2014-17 के त्रैवार्षिक मूल्यांकन का संशोधन**

पुणे छावनी में स्थित संपत्तियों के वार्षिक कर मूल्य (एआरवी) का त्रैवार्षिक मूल्यांकन अप्रैल, 2014 से मार्च, 2017 अवधि के लिए प्रगति पर है।

**(ख) स्थानीय निकाय कर लगाना एकत्र करना**

केन्द्रीय सरकार को अधिसूचित करने के लिए स्थानीय निकाय कर लगाने के संबंध में उप-विधि का मसौदा भेजा गया।

**(ii) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

वृक्ष कर तथा अग्निशमन उपकर को छोड़कर पुणे नगर निगम द्वारा लगाए गए सभी कर छावनी में लगाए जाते हैं परन्तु पुणे नगर निगम की तुलना में छावनी में कर निर्धारण कम है।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में संपत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

83.02%

4. **जलापूर्ति**

पुणे छावनी में जल की आपूर्ति पुणे नगर निगम द्वारा की जाती है जो उपभोक्ताओं से सीधे जल प्रभारों की वसूली करता है। कमजोर वर्ग के लोगों के हित के लिए बोर्ड ने विभिन्न स्थानों पर 360 सार्वजनिक जल स्टैंड लगाए हैं। प्रतिव्यक्ति जल की आपूर्ति 150 लीटर प्रतिदिन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 3,98,71,116/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 5,11,67,111/- रूपये |
| (ग) | नालियां | 1,97,11,622/- रूपये |
| (घ) | जलापूर्ति | 2,32,182/- रूपये |
| (च) | सामान | 28,27,472/- रूपये |
| (छ) | विविध सार्वजनिकसुधार | 2,49,87,975/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड मराठी माध्यम के तीन हाई स्कूल तथा पांच प्राइमरी स्कूल तथा एक अंग्रेजी माध्यम स्कूल व एक जूनियर कॉलेज (कला एंव वाणिज्यिक विषय) चलाता है। जिनमें छात्रों की कुल संख्या 4625 है। अंग्रेजी माध्यम स्कूल की दसवीं कक्षा का पहला बैच बोर्ड की परीक्षाओं में बैठा।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

सभी स्कूलों की स्कूल प्रबंधन समितियों ने वर्ष के दौरान 65 बैठकें आयोजित की। बोर्ड ने स्कूल प्रबंधन समितियों को छुटपुट निर्माण कार्य, स्वच्छता, शिक्षकों के निष्पादन तथा नयी शिक्षण योजनाओं की शुरूआत करने के संदर्भ में स्कूलों का निरीक्षण करने के लिए अधिकृत किया है।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

स्कूल के तकनीकी विभाग के साथ ही डॉक्टर अम्बेडकर मेमोरियल हाई स्कूल में ऑटोमोबाईर इंजीनियरिंग कोर्स शुरू किया गया। इसमें 30 बच्चे नामित किये गए। तकनीकी स्कूल में बच्चों को प्रेक्टिकल कराने और व्याख्यान देने के लिए मुलभूत संरचना और स्टाफ की व्यव्स्था की गई।

**(iv) शिक्षा का विकास**

जिला परिषद द्वारा छात्राओं को सावित्रीबाई फुले अवार्ड के अन्तर्गत छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं।

**(v) शिक्षा के विकास के लिए कोई अन्य पहल**

रविन्द्रनाथ टैगोर अंग्रेजी माध्यम स्कूल में वर्ष 2014-15 के लिए “भारत के लिए पढ़ाओ” नामक गैर सरकारी संगठन में शिक्षक उपलब्ध कराए हैं। एक और गैर सरकारी संगठन “ग्रेट” ने बी एस सी, बी एड शिक्षक उपलब्ध कराए हैं। अम्बेडकर हाई स्कूल में 8वीं कक्षा से चुने गए विषयों में अंग्रेजी में पढ़ाना शुरू किया गया।

**7. बच्चों के लिए विशेष उपाय**

**(i) विशेष रूप से अशक्त बच्चे**

डॉक्टर अम्बेडकर मेमोरियल प्राइमरी स्कूल के परिसर में विशेष रूप से अशक्त बच्चों के लिए शुरू किए गए ‘‘झीप’’ स्कूल के तीन साल पूरे हो गए हैं। 252 बच्चों की जाँच की गी जिनमें से 86 बच्चों की उपचार के लिए सिफारिश की गई। वर्तमान में 130 बच्चों को प्रवेश दिया गया। एक उपक्रम द्वारा बच्चों को घर से स्कूल और वापस पहुंचाने के लिए एक 26 सीटों वाली स्कूल बस दान में दी गई।

**(ii) प्रवासी श्रमिकों के बच्चे**

छावनी में कोई प्रवासी श्रमिक नहीं हैं।

**8. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी में सामान्य सफाई संतोषजनक पाई गई। अतिरिक्त काम्पैक्टर की खरीद कर कचरा एकत्रिकरण के आधुनिकीकरण की शुरूआत की गई। कचरे को ट्रेनिंग मैदान तक ढुलाई की प्रक्रिया को कुशल बनाने हेतु दो अतिरिक्त स्किप लोडर वाहन उपलब्ध कराए गए। फेरी वालों, अनाधिकृत कब्जाधारियों तथा भिखारियों को पगडंडियों तथा सड़क के दोनों और से हटाने के लिए विशेष अभियान चलाए गए। पदयात्रियों तथा यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले प्रदर्शन सामग्री हटाई गई। मच्छरों द्वारा फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम हेतु कीटनाशकों का छिड़काव किया गया। सहायक स्वास्थ्य निरीक्षक ने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ खान पान सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा इन स्थापनाओं की कमियों को ठीक करने के निर्देश दिए। पूंजीगत परिसम्पत्तियों का निर्माण शीर्ष के तहत एक स्वतंत्र अपशिष्ट जल उपचार योजना के लिए एक परियोजना स्वीकृत की गई है।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

पॉलीथीन की थैलियों पर प्रतिबंध की सूचना तथा गैर-जैव निम्नीकरण पॉलिथीन थैलियों के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु स्थानीय समाचारपत्रों में आम नोटिस देने तथा पर्चे बांटने जैसे उपाय किए गए। महाराष्ट्र प्रदूषण निमन्त्रण बोर्ड के नियमों का पालन न करने व प्लास्टिक थैलियाँ जब्त करने हेतु छापामारी की गई।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

जैव-निम्नीकरण अपशिष्ट की ट्रेंचिंग मैदान में छंटनी की जाती है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व निपटान नियम, 2000 के कार्यान्वयन हेतु घर-घर से कूड़ा एकत्र करने की शुरूआत की गई है। सिविल क्षेत्र व शिवाजी बाजार में कूड़ा एकत्र करने हेतु 2 अतिरिक्त हाइड्रोलिक हूपर टैम्पो उपलब्ध कराए जा रहे हैं। छावनी बोर्ड 545 स्टालों सहित 4 आम बाजारों का रखरखाव करता है। सहायक स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा स्टालधारियों के लिए सफाई हेतु टेकस नामक स्वच्छता अभियान चलाया गया। सभी स्टालधारियों को स्टाल का कूड़ा एक कूड़ेदान में एकत्र करने का निर्देश दिया गया ताकि बाजार व आसपास के क्षेत्र में सफाई रखी जा सके।

**(iv) वृक्षारोपण**

वर्ष के दौरान 831 पौधे लगाए गए। जिनमें से 70% बचे रहे।

**(v) अन्य पहल**

स्वच्छ भारत कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियाँ चलाने के लिए एक पंचवर्षीय योजना तैयार की गई है।

**9. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

बोर्ड 100 बिस्तरों वाला एक अस्पताल चलाता है जिसमें सर्जिकल सुविधाओं के साथ अलग-अलग पुरूष, महिला तथा प्रसूति वार्डों की व्यवस्था है। वर्ष के दौरान कुल 3397 अंतरंग तथा 107881 बहिरंग रोगियों का इलाज किया गया। छावनी सामान्य अस्पताल में घरेलू कामों को बाहर से कराने का उपाय किया गया। लगभग 8000 बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाई गई। 153 परिवार नियोजन आपरेशन किए गए। घोरपड़ी में जून 2014 में नया दन्त चिकित्सा क्लिनिक खोला गया तथा 01 सितंबर, 2014 से अत्याधुनिक नवजात शिशु गहन देखभाल इकाई शुरू की गई। नेत्र विभाग उन्नयनाधीन है। ये परियोजनाएं ए एफ एम सी के तकनीकी सहयोग तथा स्थानीय एम पी/एम एल ए निधि के सहयोग से चलाई गईं।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य डायरियां बनाई गई, उनका मुफ्त इलाज किया गया तथा उपलब्ध दवाईयां निःशुल्क दी गईं।

**(iii) किशोरी क्लिनिक**

छोटी उम्र की लड़कियों की ओ पी डी में जांच की जाती है।

**(iv) जननी सुरक्षा योजना**

यह योजना राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए धन के जरिए चलाई जाती है।

**(v) एच आई वी जांच सुविधा**

राज्य सरकार द्वारा परामर्शदाता के साथ आई सी टी सी तथा लैब तकनीशियन सेवा उपलब्ध कराई गई है।

**(vi) चलता फिरता औषधालय**

छावनी में तीन चल औषधालय तथी सी जी एस बहिरंग रोगी विभाग रोगियों को फ्री सेवाएं प्रदान करते हैं।

**(vii) विशेष चिकित्सा शिविर**

462 वरकारियों (संत ध्यानेश्वर तथा संत तुकाराम पालखी के अनुयायी) की स्वास्थ्य जाँच की गई। दन्त जाँच राष्ट्रीय मुख्य स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जुलाई तथा अगस्त, 2014 में घोरपड़ी के नए दन्त क्लीनिक में 514 छावनी स्कूल के बच्चों के लिए शिविर लगाया गया। 40 वर्ष की आयु से अधिक व्यक्तियों के लिए 09 से 12 सितंबर, 2014 तक रक्त चाप जाँच की गई। इसमें 346 व्यक्तियों की जाँच की गई।

**(viii) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

समय-समय पर स्वास्थ्य जांच की गई तथा जो उपचार छावनी अस्पताल में उपलब्ध नहीं है उनकी सी एस एम ए नियम के अनुसार व्यवस्था की जाती है।

**10. सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

नई पेंशन योजना लागू की गई।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

''समाधान'' सॉफ्टवेयर लागू किया गया तथा शिकायतों पर कार्रवाई की जा रही है। अभी तक 116 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 42 का निष्पादन किया गया।

**(iii) खातों की लेखा परीक्षा**

31.03.2010 तक के खातों की लेखा परीक्षा पूरी कर ली गई है। 2011-12 तथा 2012-13 की अवधि के लिए लेखापरीक्षा प्रगति पर है।

**(iv) कोई अन्य पहल**

पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ई-अभिग्रहण तथा ई-संविदा शुरू की गई है।

**11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग के लिए कम्पयूटर प्रोग्रामर की नियुक्ति की गई।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि 4.0 लगाया गया है तथा इस्तेमाल में लाया जाता है। जी एल आर प्रविष्टियों पर अंकीय हस्ताक्षर किए गए हैं। नए नामान्तरों की प्रविष्टि की गई।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

सभी संपत्ति फाइलों, फ्री होल्ड फाइलों, बोर्ड की कार्यवाही पुस्तिकाओं, जन्म तथा मृत्यु रजिस्टरों की स्कैनिंग पूरी कर ली गई है। सर्चेबल पी डी एफ फार्मेट की फाइलों को एल्फ्रेस्को दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली में अपलोड किया गया है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

कर्मचारियों के कम्प्यूटरीकृत वेतन बिल कार्यालय में ही तैयार किए जाते हैं और लागू किए जाते हैं। जन्म तथा मृत्यु पंजीकरण का सॉफ्टवेयर एन आई सी के सहयोग से विकसित किया गया तथा ऑनलाईन पंजीकरण कराए जाने की सुविधा की प्रक्रिया जारी है। अस्पताल सामान प्रबंधन का सॉफ्टवेयर कार्यान्वित कर लिया गया है। सम्पत्ति कर तथा स्थापना सॉफ्टवेयर एपलीकेशन माड्यूल का एन ई सी के सहयोग से कार्यान्वयन किया जा रहा है।

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

रिकॉर्ड रखने के लिए फाइल सूची प्रबंधन प्रणाली लागू की गई है। कार्य पूरा कर लिया गया है और कुल 13400 रिकॉर्डों की सूची बनाई गई है।

**12. बाजार**

छावनी बोर्ड के पास 4 सार्वजनिक बाजार हैं जिनमें कुल 545 स्टाल हैं।

**13. अग्निशमन**

बोर्ड के पास एक अग्निशमन यूनिट है। वर्ष 2014-15 के दौरान आग लगने की 221 आग तथा आपातकालीनकालों कालों पर कार्रवाई की गई।

**14. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 3376 जन्म तथा 988 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# रामगढ़

**1. बोर्ड का गठन**

रामगढ़ छावनी श्रेणी I की छावनी है। इसके बोर्ड में 8 निर्वाचित सदस्यों सहित 16 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर अनिल पांडे** | **01.04.2014** | **से 28.04.2014** |
| | **ब्रिगेडियर पुष्कर हितैषी** | **29.04.2014** | **से 29.12.2014** |
| | **ब्रिगेडियर के.बी.के. केशब** | **30.12.2014** | **से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री वी. के. भाटिया** | **01.04.2014** | **से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान कोई चुनाव नहीं हुए। बोर्ड में 06.06.2014 से एक वर्ष के लिए बदलाव हुआ।

**3. राजस्व**

**(i) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

रामगढ़ छावनी बोर्ड तथा निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरें समान हैं।

**(ii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में संपत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

20%

**4. जलापूर्ति**

छावनी बोर्ड की अपनी स्वतंत्र जलापूर्ति योजना है। बोर्ड ने 286 हैंड पम्प लगाए। प्रति व्यक्ति जल की आपूर्ति 70 लीटर प्रतिदिन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 1,85,90,532/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 64,62,681/- रूपये |
| (ग) | नालियां | 46,59,029/- रूपये |
| (घ) | जलापूर्ति | 31,96,040/- रूपये |
| (च) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 4,47,167/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड 01 मिडल, 05 प्राइमरी तथा 01 हाई स्कूल चलाता है। इन स्कूलों में कुल 2439 छात्र हैं।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

सभी स्कलों के लिए स्कूल प्रबंधन समिति गठित की गई है।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

छावनी बोर्ड द्‌वारा टेलरिंग और वस्त्र बनाने तथा ब्यूटी व हेयर ड्रेसिंग (ब्यूटी कल्चर एवं हेयर ड्रेसिंग) के बेसिक व्यावसायिक प्रशिक्षण कोर्स चलाए गए।

**(iv) शिक्षा का विकास**

छावनी बोर्ड झारखंड राज्य सरकार के सहयोग से स्कूली बच्चों को छात्रवृत्ति, पुस्तकें तथा वर्दी इत्यादि प्रदान करता है।

**(v) शिक्षा के विकास के लिए कोई अन्य पहल**

झारखंड सरकार द्‌वारा दी गई 59 साईकिलें छावनी बोर्ड स्कूलों की छात्राओं में वितरित की गई।

**7. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

सामान्य सफाई संतोषजनक रही।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

छावनी में पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना शुरू की गई है। सिविल और सेना क्षेत्रों में घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित किया जाता है तथा ढके वाहन में कूड़ा ढोया जाता है।

**(iv) वृक्षारोपण**

वर्ष के दौरान 350 पौधे लगाए गए जिनमें से 50 प्रतिशत बचे रहे।

**8. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

बोर्ड 32 बिस्तरों वाला एक छावनी सामान्य अस्पताल चलाता है। वर्ष के दौरान अस्पताल में 43723 रोगियों का इलाज किया गया।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

वरिष्ठ नागरिकों को दवाएं मुफ्त दी जाती हैं तथा अस्पताल में उपलब्ध सभी चिकित्सा सुविधाएं वरिष्ठ नागरिकों को प्रदान की जाती हैं।

**(iii) किशोरी क्लिनिक**

यह योजना दैनिक ओपीडी आधार पर चलाई जाती है।

**(iv) एचआईवी जांच सुविधा**

छावनी क्षेत्र में एचआईवी जांच सुविधा उपलब्ध है।

**(v) चलता फिरता औषधालय**

चलते-फिरते औषधालय की सुविधा उपलब्ध है।

**(vi) विशेष चिकित्सा शिविर**

मोतियाबिन्द आपरेशन शिविर का आयोजन किया गया।

**(vii) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई तथा उन्हें मुफ्त दवाएं दी गई।

**9. सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

नई पेंशन योजना लागू की गई।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

फोन पर प्राप्त शिकायतों को तत्काल जन शिकायत निवारण प्रणाली ''समाधान'' पर ऑनलाइन पंजीकृत किया जाता है और उपयुक्त समय में निपटा दिया जाता है।

**(iii) खातों की लेखापरीक्षा**

09/14 तक के खातों की लेखापरीक्षा की गई।

**10. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

सहायक प्रोग्रामर की भर्ती की प्रक्रिया चल रही है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

बोर्ड द्वारा किसी जीएलआर का रख-रखाव नहीं किया जाता।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

रिकॉर्ड रूम की फाइलों का डिजिटलीकरण किया गया और खोजे जाने वाले पीडीएफ रूप में बदलकर सर्वर पर अपलोड की गई।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

कार्यालय के स्वचलीकरण हेतु प्रत्येक अनुभागों में नए कम्प्यूटर उपलब्ध कराए गए हैं। प्रत्येक अनुभाग को लोकल एरिया नेटवर्क से जोड़ा गया। कंप्यूटर प्रणाली को सर्वर से जोड़ा गया तथा आधुनिक सॉफ्टवेयर के साथ अपलोड किया गया। सीसीटीवी कैमरा भी लगाए गए हैं।

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

कार्यालय रिकॉर्ड के अंकीकरण का 100 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है।

**11. बाजार**

छावनी बोर्ड के 02 शॉपिंग कॉम्प्लेक्स हैं और एक दैनिक सब्जी बाजार है।

**12. अग्निशमन**

छावनी बोर्ड के पास कोई अग्निशमन व्यवस्था नहीं है। आवश्यकता पड़ने पर झारखंड राज्य सरकार की अग्निशमन सेवाएं उपयोग में लाई जाती है।

**13. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 3537 जन्म तथा 379 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# रानीखेत

**1. बोर्ड का गठन**

रानीखेत छावनी श्रेणी II की छावनी है। इसके बोर्ड में 7 निर्वाचित सदस्यों सहित 14 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर के. ए. महाबीर** | **01.04.2014 से 17.02.2015** |
| | **कर्नल नवदीप दहिया** | **18.02.2015 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री प्रमोद कुमार सिंह** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए तथा इनके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए।

**3. राजस्व**

**(i) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

बोर्ड द्वारा जल कर, सफाई कर, व्यवसाय कर, साइकिल कर तथा वाहन प्रवेश शुल्क लगाए जाते हैं जबकि निकटवर्ती नगरपालिका केवल गृह कर लगाती है।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में संपत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

70%

**4. जलापूर्ति**

छावनी बोर्ड द्वारा सिविल आबादी को पानी की आपूर्ति सेना इंजीनियरी सेवा के साथ थोक में पानी की आपूर्ति के लिए किए गए एक करार के अन्तर्गत की जाती है। बोर्ड के पास देवी धुंगा जलापूर्ति योजना एवं प्राकृतिक झरनों से जलापूर्ति की अपनी जलापूर्ति प्रणाली भी है। प्रति व्यक्ति को प्रतिदिन 82 लीटर पानी की आपूर्ति की जाती है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 71,43,753/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 23,44,708/- रूपये |
| (ग) | नालियां | 1,35,830/- रूपये |
| (घ) | जलापूर्ति | 23,84,414/- रूपये |
| (च) | सामान | 54,60,695/- रूपये |
| (छ) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 55,06,301/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

छावनी बोर्ड एक इंटर कॉलेज, एक जूनियर हाई स्कूल तथा चार प्राइमरी स्कूल चलाता है।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

स्कूल प्रबंधन समितियां गठित की गई हैं।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

टेलरिंग, ब्यूटिशियन और कंप्यूटर पाठयक्रमों में व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाता है। वर्ष के दौरान व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र में 131 छात्रों को प्रशिक्षित किया गया।

**(iv) शिक्षा का विकास**

स्कूलों में अँग्रेजी माध्यम की स्मार्ट कक्षाएं और इंटरनेट की कनेक्टिविटी प्रदान की गई। छात्राओं को वर्दियाँ प्रदान की गई और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्रों को राज्य सरकार द्वारा छात्रवृति प्रदान की जाती है।

**7. बच्चों के लिए विशेष उपाय**

**(i) विशेष रूप से अशक्त बच्चे**

छावनी बोर्ड, रानीखेत द्वारा विशेष रूप से अशक्त बच्चों के कल्याण के लिए 'सार्थक' नामक केन्द्र स्थापित किया गया। इस केंद्र द्वारा 37 बच्चों को लाभ पहुंचाया गया। छावनी बोर्ड औषधालय के माध्यम से सभी छात्रों को चिकित्सा सुविधाएं प्रदान की जाती हैं तथा सभी छात्रों को स्वास्थ्य कार्ड और स्वास्थ्य डायरी दी गई। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति व अशक्त बच्चों को उत्तराखंड शिक्षा बोर्ड द्वारा छात्रवृत्ति दी जाती है।

**8. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी बोर्ड की सामान्य सफाई संतोषजनक रही। उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड द्वारा 4 हाईटेक शौचालय भी मंजूर किए गए।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

पॉलीथीन के प्रयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

कूड़े को अलग-अलग किया जा रहा है। प्लास्टिक के कूड़े के बेहतर निपटान के लिए एक वर्टिकल हाइड्रोलिक कम्पैक्टर लगाया गया है।

**(iv) वृक्षारोपण**

बोर्ड लगभग 2534 एकड़ के आरक्षित जंगल का रख-रखाव करता है। 30,000 पौधे लगाए गए। उनमें से लगभग 95 प्रतिशत बचे रहे। बोर्ड द्वारा तीन नर्सरियां भी स्थापित की गई हैं।

**9. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल एवं औषधालय**

बोर्ड के पास एक औषधालय है। 14850 मरीजों का इलाज किया गया तथा उन्हें मुफ्त दवाएं दी गई।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

आरएमओ द्वारा वरिष्ठ नागरिकों की पूरी स्वास्थ्य जांच की गई तथा मुफ्त दवाएं दी गई।

**(iii) विशेष चिकित्सा शिविर**

स्कूली बच्चों की नियमित रूप से दैनिक चिकित्सा जांच की गई।

**(iv) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

छावनी बोर्ड कर्मचारियों के स्वास्थ्य की चरणबद्ध तरीके से वार्षिक चिकित्सा जांच की गई।

**10. सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना**

नई पेंशन योजना शुरु की गई।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

शिकायतों के लिए 'समाधान' का प्रयोग किया जाता है। शिकायतों को समय पर निपटाया जाता है।

**(iii) खातों की लेखापरीक्षा**

वर्ष 2013-14 के खातों की लेखापरीक्षा की गई।

**(iv) जन कल्याण के लिए किए गए उपाय**

सिटिजन चार्टर लागू किया गया है।

**11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

कार्यालय के सभी कर्मचारियों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया गया और सभी अनुभागों को कम्प्यूटर प्रदान किए गए।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि वर्जन 4.0 लगाया गया है।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली सॉफ्टवेयर लगाया गया है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

सभी अनुभागों में इंटरकॉम, सीसीटीवी कैमरे और कम्प्यूटर लगाए गए हैं।

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

अंकीकरण का कार्य पूरा हो चुका है।

**12. बाजार**

बोर्ड के पास 121 दुकानें हैं।

**13. अग्निशमन**

आवश्यकता पड़ने पर राज्य सरकार की अग्निशमन सेवाएं ली जाती हैं।

**14. जन्म एवं मृत्यु**

वर्ष के दौरान 336 जन्म तथा 78 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# रूड़की

**1. बोर्ड का गठन**

रूड़की छावनी श्रेणी II की छावनी है। इसके बोर्ड में 7 निर्वाचित सदस्यों सहित 14 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर डी वी सेतिया** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **डॉ. ममता कांसे** | **01.04.2014 से 15.07.2014** |
| | **श्री सी. दिनेश कुमार रेड्डी** | **16.07.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए तथा इनके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

2014-17 तक की अवधि के लिए मूल्यांकन के संशोधन को अन्तिम रूप दे दिया गया है, जिसके परिणामस्वरूप बोर्ड का कर राजस्व 2,84,094/- रूपये वार्षिक से बढ़कर 3,32,603/- रूपये वार्षिक हो गया। बोर्ड द्वारा वाणिज्यिक वाहनों के लाइसेंस शुल्क की वसूली की नीलामी की गई जिसके परिणामस्वरूप बोर्ड की वार्षिक आय 90,50,100/- रूपये से बढ़कर 1,02,00,000/- रूपये हो गई।

**(ii) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

निकटवर्ती नगरपालिका क्षेत्र में करों की कुल दरें वार्षिक किराया मूल्य का 17 प्रतिशत हैं जबकि छावनी क्षेत्र में यह दर 32.5 प्रतिशत है।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में सम्पत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

83%

**4. जलापूर्ति**

बोर्ड के पास पूरे सिविल क्षेत्र के लिए अपनी स्वतन्त्र जलापूर्ति प्रणाली है तथा प्रति व्यक्ति 160 लीटर प्रतिदिन पानी उपलब्ध कराया जाता है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 2,02,41,739/- रूपये |
| (ग) | सड़क | 79,09,041/- रूपये |

| | | |
|---|---|---|
| (घ) | जलापूर्ति | 7,79,810/- रूपये |
| (च) | विविध सुधार कार्य | 77,54,905/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड के पास एक सीनियर सेकेन्डरी स्कूल है जो केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से सम्बद्ध है। एलकेजी से कक्षा II तक के लिए एक अलग अँग्रेजी माध्यम सेक्शन शुरू किया गया। छावनी बोर्ड, रूड़की को स्कूलों में सुधार के लिए बेहतर कार्य करने के लिए रक्षा मंत्री पुरस्कार दिया गाय।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

स्कूल प्रबंधन समिति गठित की गई है।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

डीजीई एवं टी, श्रम मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली की "कौशल विकास पहल योजना" (एसडीआईएस) के अंतर्गत छावनी बोर्ड स्कूल में वर्ष के दौरान 4 व्यावसायिक प्रशिक्षण पाठयक्रम चलाए गए।

**7. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी में सफाई संतोषजनक रही।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

सार्वजनिक बाजारों को "प्लास्टिक रहित क्षेत्र" बनाया गया है और इसके प्रयोग को दंडनीय अपराध घोषित किया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

बोर्ड ने सिविल क्षेत्र में घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित करने तथा जैविक व अजैविक कूड़े को अलग-अलग करने का कार्य शुरू किया है।

**(iv) वृक्षारोपण**

वर्ष के दौरान 900 पेड़ लगाए गए। उनमें से 50% बचे रहे।

**(v) अन्य पहल**

छावनी क्षेत्र के सभी दुकानदारों को पम्पलेट वितरण के अलावा छावनी में विभिन्न स्थानों पर पर्यावरण संबंधी संदेश देने वाले साइन बोर्ड लगाए गए हैं।

**8. जन स्वास्थ्य**

**(i) छावनी बोर्ड सामान्य अस्पताल**

छावनी बोर्ड के पास 5 बिस्तरों वाला एक छोटा सा अस्पताल है। वर्ष के दौरान 21415 मरीजों का इलाज किया गया।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

आरएमओ द्वारा वरिष्ठ नागरिकों की पूरी वार्षिक स्वास्थ्य जांच की जाती है तथा उन्हें स्वास्थ्य डायरियां जारी की गई हैं। उन्हें 30 दिनों के लिए मुफ्त दवाएं दी जा रही है।

**(iii) किशोरी क्लिनिक**

किशोरी क्लिनिक शुरु किया गया है।

**(iv) विशेष चिकित्सा शिविर**

एनआईवीएच द्वारा छावनी सामान्य अस्पताल में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई।

**(v) छावनी बोर्ड कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

चालू वर्ष के दौरान छावनी बोर्ड के कर्मचारियों की पूरी चिकित्सा जांच की गई।

**9. सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

नई पेंशन योजना लागू की गई है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

जन शिकायत निवारण प्रणाली ''समाधान'' शुरू की गई।

**(iii) खातों की लेखापरीक्षा**

मार्च, 2015 तक के खातों की लेखापरीक्षा की गई।

**10. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

छावनी बोर्ड कर्मचारियों को कम्प्यूटर चलाने का प्रशिक्षण दिया गया। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान रक्षा भूमि में डाटा प्रविष्टियाँ की गई।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि 4.0 लगाया गया है।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

कम्प्यूटर प्रोग्रामर तथा एक जूनियर क्लर्क को दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली का प्रशिक्षण दिलाया गया।

**(vi) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

समाधान, जन शिकायत निवारण प्रणाली तथा सुविधा, कर्मचारी शिकायत निवारण प्रणाली पहले से ही लागू हैं। रिकॉर्ड रूम में फाइल प्रबंधन सॉफ्टवेयर लगाया गया है।

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

फाइलों के सूचीकरण के कार्य का चरण-II पूरा कर लिया गया है।

**11. बाजार**

बोर्ड के पास 12 दुकानों वाला एक शॉपिंग कॉम्पलेक्स है। इसके पास चार दुकानों वाला एक मांस बाजार, एक मोची की दुकान तथा तीन स्टॉल हैं।

**12. अग्निशमन**

बोर्ड के पास अपनी अग्निशमन व्यवस्था नहीं है तथा आवश्यकता पड़ने पर राज्य सरकार की अग्निशमन सेवाएं उपयोग में लाई जाती हैं।

**13. जन्म एवं मृत्यु**

वर्ष के दौरान 426 जन्म तथा 72 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# सागर

**1. बोर्ड का गठन**

सागर छावनी श्रेणी II की छावनी है जिसमें 7 निर्वाचित सदस्यों सहित 14 सदस्य हैं। वर्ष के दौरान बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहेः-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर एच एस चटवाल** | **01.04.2013 से 13.02.2015** |
| | **ब्रिगेडियर रितुराज रैना** | **14.02.2015 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री राहुल आनन्द शर्मा** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए तथा इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए। छावनी बोर्ड चुनावों में पहली बार ईएमवी का प्रयोग किया गया।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

बोर्ड ने छावनी अधिनियम, 2006 की धारा 324 के अंतर्गत कोर्ट ऑफ लॉ के माध्यम से कुछ छावनी निधि बकाया और कर वसूल किए। भवनों के वार्षिक किराया मूल्य (एआरवी) में संशोधन करने हेतु रिहायशी एवं वाणिज्यिक उद्देश्य के लिए उपयोग किए जाने वाले भवनों का सर्वे किया गया। एआरवी का त्रैवार्षिक मूल्यांकन पूर्ण कर वार्षिक किराया मूल्य में 27% की वृद्धि की गई।

**(ii) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों से छावनी कर दरों की तुलना**

छावनी बोर्ड तथा निकटवर्ती नगरपालिका की संपत्ति कर तथा जलकर दरें तुलनीय हैं। बोर्ड द्वारा सफाई कर, विज्ञापन कर तथा वाहन प्रवेश कर लगाए जाते हैं परन्तु निकटवर्ती नगरपालिका द्वारा ये कर नहीं लगाए जाते।

**(iii) कुल मांग की तुलना में संपत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

54.49%

**4. जलापूर्ति**

बोर्ड राजघाट परियोजना सागर से प्रतिदिन 30 लाख गैलन पानी प्राप्त करता है। प्रति व्यक्ति जल की आपूर्ति 133 लीटर प्रतिदिन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 18,58,959/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 60,32,527/- रूपये |
| (ग) | नालियां | 10,31,584/- रूपये |
| (घ) | जलापूर्ति | 14,26,813/- रूपये |
| (च) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 74,21,392/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड एक हायर सेकन्डरी (मिडिल सहित) तथा 4 प्राइमरी स्कूल चलाता है जिनमें 1797 छात्र पढ़ते हैं।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

वर्ष के दौरान स्कूल प्रबंधन समितियों ने 44 बैठकें की।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

ब्यूटी कल्चर एवं बेसिक कम्प्यूटर कोर्स तथा कटिंग, टेलरिंग और कढ़ाई के व्यावसायिक प्रशिक्षण चल रहे हैं। प्रत्येक कोर्स की अवधि 4 मास है और 356 प्रशिक्षणार्थियों को यह प्रशिक्षण दिया गया।

**(iv) शिक्षा का विकास**

विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, पुस्तकें तथा मिड डे मील और पूरी वर्दी दी जाती है। बालिकाओं के मिडिल स्कूल को हाई स्कूल में अपग्रेड किया गया तथा शीर्ष स्थान ग्रहण करने वालों के लिए छात्रवृत्ति शुरू की गई।

**(v) शिक्षा के विकास के लिए कोई अन्य पहल**

समय समय पर छात्रों के स्वास्थ्य की जांच की गई। सभी स्कूलों में कम्प्यूटर शिक्षा दी गई। सभी प्राथमिक स्कूलों में अँग्रेजी माध्यम की पढ़ाई शुरू की गई है।

**7. बच्चों के लिए विशेष उपाय**

**विशेष रूप से अशक्त बच्चे**

विशेष रूप से अशक्त बच्चों की पहचान की गई और उन्हें राज्य सरकार के सहयोग से अलग छात्रवृत्ति दी जाती है।

**8. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

सामान्य सफाई सन्तोषजनक रही।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

सिविल तथा सेना दोनों क्षेत्रों में घर-घर जाकर कूड़ा एकत्र और छंटाई की जाती है। ठोस कूड़े को वर्मी खाद बनाकर संसाधित किया जाता है।

**(iv) वृक्षारोपण**

वर्ष के दौरान 7,922 पेड़ लगाए गए जिनमें से 5,149 बचे रहे।

**(v) अन्य पहल**

ट्रेंचिंग ग्राउंड पर वृक्षारोपण किया गया। ट्रेंचिंग ग्राउंड के लिए राज्य सरकार द्वारा 06 हेक्टेयर भूमि आबंटित की गई। भारत कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां शुरू करने के लिए एक पंचवर्षीय योजना शुरू की गई।

**9. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

बोर्ड के पास 16 बिस्तरों वाला एक अस्पताल है, जहां भोजन उपलब्ध नहीं कराया जाता। वर्ष के दौरान 52,030 बहिरंग तथा 221 अन्तरंग रोगियों का इलाज किया गया। बोर्ड ने योग केंद्र भी शुरू किया है।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

छावनी सामान्य अस्पताल में वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की गई तथा उन्हें मुफ्त दवाएं दी गई।

**(iii) किशोरी क्लिनिक**

छावनी सामान्य अस्पताल में एक किशोरी क्लिनिक चलाया जाता है।

**(iv) जननी सुरक्षा योजना**

जननी सुरक्षा योजना लागू की गई।

**(v) विशेष चिकित्सा शिविर**

जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ वरिष्ठ नागरिक स्वास्थ्य जांच शिविर, फाइलेरिया शिविर, पल्स पोलियो अभियान, छावनी सामान्य अस्पताल में क्षयरोग के डॉट कार्यक्रम, कुपोषण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**(vi) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके परिवारों को जेनेरिक दवाएं दी गई। बोर्ड ने छावनी बोर्ड कर्मचारियों और छावनी क्षेत्र की सामान्य जनता के इलाज के लिए मानदेय आधार पर एक आर्युवेदिक डॉक्टर और एक दन्त चिकित्सक को नियुक्त किया है।

**10. सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयान की स्थिति**

नई पेंशन योजना लागू की गई।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

जन शिकायत निवारण प्रणाली 'समाधान' लागू की गई तथा प्रत्येक वीरवार को 'जन सुनवाई' के रूप में जनता की शिकायतें सुनी जाती हैं और उनका समय पर निपटान किया जाता है।

**(iii) खातों की लेखापरीक्षा**

01.04.2014 से 31.03.2015 की अवधि के खातों की लेखापरीक्षा की गई।

**(iv) जनहित में कोई अन्य पहल**

छावनी में गरीबी रेखा से नीचे का सर्वे किया गया तथा राज्य सरकार की 09 समाज कल्याण योजनाएं छावनी में कार्यान्वित की गई। छावनी में रक्षा भूमि की सीमा और अतिक्रमण का पता लगाने के लिए सर्वे किया गया। पारदर्शिता बनाने हेतु ई-प्रापण और ई-निविदा शुरू की गई। बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली की शुरुआत की गई।

**11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग के लिए एक सहायक प्रोग्रामर की नियुक्ति की गई है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि 4.0 पर भूमि के रिकॉर्ड के कम्प्यूटरीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

वर्ष के दौरान सहायक प्रोग्रामर ने प्रशिक्षण में भाग लिया तथा रिकॉर्ड रूम में फाइल प्रबंधन प्रणाली लगाई गई है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रियाओं के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

कार्यालय प्रक्रियाओं के स्वचलीकरण के सॉफ्टवेयर का विकास किया जा रहा है।

**(v) कार्यालय रिकार्ड का अंकीकरण**

अंकीकरण कार्य का चरण-I पूरा कर लिया गया है। दूसरे चरण का लगभग 24% कार्य पूर्ण हो चुका है।

**12. बाजार**

सदर बाजार क्षेत्र में एक छोटा बाजार है। बोर्ड 17 पक्की दुकानें, 19 स्टॉल तथा 06 खोखों का रख-रखाव करता हैं।

**13. अग्निशमन**

बोर्ड के पास कोई अग्निशमन व्यवस्था नहीं है। आवश्यकता पड़ने पर राज्य सरकार की अग्निशमन सेवाएं ली जाती हैं।

**14. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 887 जन्म तथा 221 मृत्यु पंजीकृत की गई।

# सिकन्दराबाद

1. **बोर्ड का गठन**

सिकन्दराबाद छावनी श्रेणी I की छावनी है। इसके बोर्ड में 8 निर्वाचित सदस्यों सहित 16 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर सुनील बी बोधे** | **01.04.2014 से 11.11.2014** |
| | **ब्रिगेडियर अजय सिंह नेगी** | **12.11.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्रीमती सुजाता गुप्ता** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |

2. **चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए तथा इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए।

3. **राजस्व**

(i) **राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

वर्ष के दौरान नवनिर्मित भवनों के लिए करों का मूल्यांकन किया गया जिससे कुल 30 करोड़ की आय हुई और 12 करोड़ रूपये (लगभग) की अतिरिक्त आय हुई। 2012-2015 की अवधि के मूल्यांकन के त्रैवार्षिक संशोधन का कार्य पूरा हो चुका है।

(ii) **निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

नाली कर को छोड़कर छावनी द्वारा लगाए गए सभी कर निकटवर्ती हैदराबाद नगर निगम द्वारा लगाए गए करों के समान हैं।

(iii) **कुल मांग की तुलना में संपत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

85%

4. **जलापूर्ति**

छावनी बोर्ड हैदराबाद महानगर जलापूर्ति तथा सीवरेज बोर्ड से पानी थोक में प्राप्त करता है। बोर्ड 600 बोरवेलों का रख-रखाव भी करता है। प्रति व्यक्ति जल की आपूर्ति लगभग 80 लीटर प्रतिदिन है।

5. **सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 3,46,05,252/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 9,63,48,587/- रूपये |
| (ग) | नालियां | 2,98,35,845/- रूपये |

| | | |
|---|---|---|
| (घ) | जलापूर्ति | 3,99,99,836/- रूपये |
| (च) | सामान | 19,88,231/- रूपये |
| (छ) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 78,89,424/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड कोई स्कूल नहीं चलाता।

**(ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

वर्ष के दौरान 10 केन्द्रों में रोजगार कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम (एमईपीएमए) के अंतर्गत विभिन्न कोर्सों में प्रशिक्षण दिया जाता है। कम्प्यूटर सहायक (एमएस ऑफिस तथा डाटा एंट्री), वैब डिजाइनिंग, ग्राहक संबंध, सौर तकनीशियन, लेखा सॉफ्टवेयर, प्री-प्राथमिक शिक्षक ट्रेनिंग, टैली, मीडिया एवं जर्नलिज्म, टेलरिंग तथा ब्यूटीशियन के कोर्स चलाए गए।

**(ii) शिक्षा का विकास**

बोर्ड, छावनी बोर्ड के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों के उन बच्चों को नकद पुरस्कार प्रदान करता है जो हाई स्कूल तथा इण्टरमीडिएट स्तर पर सबसे अधिक अंक प्राप्त करते हैं। प्रतिवर्ष 4 छात्रों को 10,000 रू0 (प्रत्येक) की राशि दी जाती है।

**7. बच्चों के लिए विशेष उपाय**

**विशेष रूप से अशक्त बच्चे**

विशेष बच्चों के लिए स्थापित “स्पूर्ति” छावनी बोर्ड स्कूल को बोर्ड द्वारा नवनिर्मित स्थायी भवन में शिफ्ट किया गया है। स्कूल के बच्चों को ‘गहन विकास और विलंब वाणी-सुधार सेवा’ के साथ निःशुल्क फिजियोथेरेपी सेवाएं प्रदान की जाती हैं। आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बनाने के लिए व्यवसाय पूर्व हुनर का निःशुल्क प्रशिक्षण भी दिया जाता है। “स्पूर्ति” स्कूल के बच्चों के लिए चिकित्सा शिविर लगाया गया।

**8. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी में सामान्य सफाई सन्तोषजनक रही।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

छावनी क्षेत्र में पॉलीथीन की थैलियों के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

छावनी बोर्ड, सिकंदराबाद ने निकटवर्ती नगरपालिका (वृहत हैदराबाद नगर निगम) के साथ ठोस अपशिष्ट निपटान का कार्य जवाहर नगर, हैदराबाद स्थित ठोस अपशिष्ट ट्रीटमेंट प्लांट के साथ सांझा किया है।

**(iv) अन्य पहल**

बोर्ड पिकेट, मडफोर्ट, त्रिमूलघेरी तथा बोलारम में चार पार्कों का रख-रखाव करता है। स्वच्छ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत समय-समय पर विभिन्न गतिविधियों और विशेष सफाई अभियान आयोजित करने के लिए एक पंचवर्षीय योजना शुरू की गई है।

**9. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

बोर्ड द्वारा छावनी में विभिन्न स्थानों पर 6 औषधालय चलाए जाते हैं। वर्ष के दौरान 1,11,840 बहिरंग रोगियों का इलाज किया गया। वर्ष के दौरान 30 बिस्तरों वाले एक छावनी सामान्य अस्पताल का कार्य निर्माण पूरा हुआ। एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई है।

**(ii) एचआईवी जांच सुविधा**

छावनी क्षेत्र में फ्रीडम फाउंडेशन केन्द्र द्वारा एचआईवी जांच की गई।

**(iii) विशेष चिकित्सा शिविर**

वर्ष के दौरान छावनी स्टाफ के लिए एक स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।

**(iv) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए मौजूदा 6 छावनी औषधालयों में इलाज के अलावा सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों को भी सूचीबद्ध किया गया है। एक विशेष स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया।

**10. सामान्य प्रशासन**

**(i) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

शिकायतों के निवारण के लिए लोग प्रतिदिन मुख्य अधिशासी अधिकारी से मुलाकात कर सकते हैं। ऑनलाइन शिकायत पोर्टल "समाधान" कार्य कर रहा है। बीएसएनएल के जरिए एक कॉल सेन्टर/शिकायत सेल भी स्थापित किया गया।

**(ii) खातों की लेखापरीक्षा**

31 मार्च, 2015 तक के खातों की लेखापरीक्षा की गई।

**(iii) जनहित में अन्य पहल**

छावनी में रक्षा भूमि की सीमा और अतिक्रमण का पता लगाने के लिए सर्वे किया गया। पारदर्शिता बनाने हेतु ई-प्रापण और ई-निविदा की शुरुआत की गई। बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली शुरू की गई।

**11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग में दो प्रोग्रामरों की नियुक्ति की गई है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि को लागू किया गया है।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

वर्ष के दौरान दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली के कार्यान्वयन का कार्य पूर्ण किया गया। सूचीकरण का कार्य पूरा कर लिया गया है तथा फाइलों का पीडीएफ वर्जन तैयार किया जाता है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

एपी ऑनलाइन के जरिए सिटिजन सेवाएँ कार्यान्वयन के अधीन हैं। विभिन्न सूचना प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग कार्यान्वयन की प्रक्रिया में है।

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

कार्यालय रिकॉर्ड के अंकीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

**12. बाजार**

बोर्ड ने चार बाजारों का पुनरुद्धार/पुनर्निर्माण किया है।

**13. अग्निशमन**

अनुरोध करने पर तेलंगाना राज्य सरकार की अग्निशमन सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं।

**14. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान कुल 4388 जन्म तथा 983 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# शाहजहाँपुर

**1. बोर्ड का गठन**

शाहजहाँपुर छावनी श्रेणी II की छावनी है। इसके बोर्ड में 7 निर्वाचित सदस्यों सहित 14 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर रवि डिमरी** | **01.04.2014 से 30.05.2014** |
| | **ब्रिगेडियर जे.एस. सरन, विसेमे** | **30.05.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री एम पी आर त्रिपाठी** | **01.04.2014 से 17.07.2014** |
| | **श्री ज्योति कुमार** | **18.07.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए तथा इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

01.02.2011 से 31.01.2014 की अवधि की मानक किराया तालिका (एसटीआर) संशोधित की गई।

**(ii) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

बोर्ड द्वारा लगाई गई कर दरें निकटवर्ती नगरपालिका से अधिक हैं।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में संपत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

98.40%

**4. जलापूर्ति**

बोर्ड की अपनी जलापूर्ति है। 44 हैंड पंप भी हैं। प्रति व्यक्ति जल की आपूर्ति 145 लीटर प्रतिदिन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 8,03,715/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 10,60,687/- रूपये |
| (ग) | जलापूर्ति | 1,70,045/- रूपये |
| (घ) | सामान | 71,982/- रूपये |
| (च) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 4,69,194/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड ने छावनी हाई स्कूल को अपग्रेड करके बालिकाओं के लिए कक्षा दसवीं तक का कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कर दिया है।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

स्कूल प्रबंधन समिति गठित की गई है।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

45 बच्चों ने एक मान्यता प्राप्त व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम (वीटीपी) के माध्यम से कटिंग और टेलरिंग कोर्स में 6 माह का व्यावसायिक प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया।

**(iv) शिक्षा का विकास**

अंग्रेजी माध्यम में कक्षा 5वीं तक पढ़ने वाले बच्चों को और कक्षा 10वीं तक पढ़ने वाली सभी लड़कियों को मुफ्त पुस्तकें दी गई हैं।

**(v) शिक्षा के विकास के लिए कोई अन्य पहल**

स्कूल में स्मार्ट कक्षा शुरू की गई।

**7. बच्चों के लिए विशेष उपाय**

**विशेष रूप से अशक्त बच्चे**

विशेष शिक्षक के माध्यम से किए गए सर्वे के द्वारा 26 विशेष रूप से अशक्त बच्चों को पहचाना गया। अगले वित्त वर्ष में विशेष बच्चों के लिए स्कूल खोला जाएगा।

**8. पर्यावरण एवं सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी में सफाई का स्तर संतोषजनक रहा।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

छावनी क्षेत्र में पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

सिविल तथा सेना क्षेत्रों में घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित किया जाता है। ट्रेंचिंग ग्राउंड में ठोस कूड़े को जैविक तथा अजैविक कूड़े में अलग-अलग किया जाता है। जैविक कूड़े को वर्मीकल वाले गड्ढों में डाला जाता है।

**(iv) वृक्षारोपण**

वर्ष के दौरान 1860 पेड़ लगाए गए। उनमें से 72% बचे रहे।

**(v) अन्य पहल**

छावनी में निवासियों द्वारा गंदगी को डालने के लिए विभिन्न स्थानों पर लोहे तथा प्लास्टिक के कूड़ेदान रखे गए।

**9. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल एवं औषधालय**

बोर्ड के पास एक उत्तम उपकरणों युक्त बहिरंग औषधालय है। एक होम्यो और एक स्त्रीरोग विशेषज्ञ को विजिट आधार पर रखा गया है। सभी रोगियों को मुफ्त दवाएं दी जाती हैं।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

वरिष्ठ नागरिकों को छावनी बोर्ड के ओपीडी औषधालय में प्राथमिकता दी जाती है। बोर्ड द्वारा एक ओल्ड ऐज होम भी चलाया जाता है।

**(iii) किशोरी क्लिनिक**

60 छात्राओं की जांच की गई और उन्हें उचित परामर्श और निःशुल्क दवाएं दी गई।

**(iv) विशेष चिकित्सा शिविर**

रक्षा संपदा दिवस पर सिविल क्षेत्र में विशेष चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया और निःशुल्क दवाएं वितरित की गई।

**(v) छावनी बोर्ड के कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

श्रेणी 'घ' के कर्मचारियों की समय-समय पर जांच की जाती है और कर्मचारियों तथा उनके परिवारों को जेनेरिक दवाएं मुफ्त दी जाती हैं।

**10. सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

बोर्ड द्वारा नई पेंशन योजना लागू की गई।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

आम जनता के लिए ''समाधान'' जन शिकायत निवारण प्रणाली और कर्मचारियों के लिए "सुविधा" शिकायत निवारण प्रणाली क्रियाशील हैं।

**(iii) खातों की लेखापरीक्षा**

30.09.2014 तक की लेखापरीक्षा की गई।

**11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

प्रौद्योगिकी अनुभाग में एक कम्प्यूटर प्रोग्रामर रखा गया है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

सभी जीएलआर की प्रविष्टियों का रक्षा भूमि प्रविष्टियों से मिलान, सत्यापन तथा अधि-प्रमाणित किया गया। रक्षा भूमि वर्जन 4.0 लगाया गया है।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली पूर्ण रूप से कार्यान्वित है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

प्राप्ति एवं डिस्पैच, जन्म तथा मृत्यु पंजीकरण, भूमि रिकॉर्ड, वेतन बिल तथा भंडार का कम्प्यूटरीकरण किया गया है।

**(v) कार्यालय रिकार्ड का अंकीकरण**

अंकीकरण तथा स्कैनिंग का कार्य पूरा हो चुका है।

**12. बाजार**

बोर्ड के पास शॉपिंग काम्पलैक्स के तीन ब्लाक हैं जिनमें 45 दुकानें हैं।

**13. अग्निशमन**

अग्निशमन सहायता के लिए बोर्ड जिला अग्निशमन स्टेशन तथा आयुध वस्त्र निर्माणी शाहजहांपुर पर निर्भर है।

**14. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 61 जन्म तथा 43 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# शिलांग

**1. बोर्ड का गठन**

शिलांग छावनी श्रेणी II की छावनी है। इसके बोर्ड में 7 निर्वाचित सदस्यों सहित 14 सदस्य हैं। इसकी स्थापना 1885 में हुई थी। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर ए के उपाध्याय** | **01.04.2014 से 10.04.2014** |
| | **ब्रिगेडियर नवजोत सिंह** | **11.04.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **सुश्री लालरिनपुई हर्शल** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए और इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

छावनी अधिनियम,2006 की धारा 67 के तहत लगाए जाने वाले व्यापार लाईसेंस शुल्क और अन्य शुल्क/प्रभारों में संशोधन किया गया। ब्लॉक वर्ष 2012-15 के लिए त्रैवार्षिक मूल्यांकन को अंतिम रूप दिया गया।

**(ii) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी की कर दरों की तुलना**

शिलांग छावनी बोर्ड द्वारा लगाए गए करों की दरें आम तौर पर निकटवर्ती शिलांग नगरपालिका की दरों के समान हैं। छावनी बोर्ड, शिलांग में कराधान का भार एआरवी का 23.50% है।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में संपत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

93.23%

**4. जलापूर्ति**

शिलांग छावनी बोर्ड के पास जलापूर्ति का अपना कोई स्रोत नहीं है। अतः शिलांग नगरपालिका, एमईएस तथा मेघालय राज्य सरकार के जन स्वास्थ्य विभाग से भुगतान के आधार पर थोक में जल प्राप्त किया जाता है। प्रतिव्यक्ति जल की आपूर्ति लगभग 48 लीटर प्रतिदिन है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान सार्वजनिक निर्माण के निम्नलिखित कार्य किए गए:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 40,44,863.85/- रूपये |
| (ख) | नालियां | 3,14,435/- रूपये |

(ग) सड़कें 9,42,559/- रूपये

(घ) सामान 52,45,150/- रूपये

(च) विविध सार्वजनिक सुधार कार्य 4,37,800/- रूपये

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड कक्षा 8वीं तक का एक स्कूल चलाता है। शैक्षणिक सत्र 2014-15 में छात्रों की कुल संख्या 279 थी।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

स्कूल प्रबंधन समिति पुनर्गठित की गई है तथा वर्ष के दौरान इसकी 3 बैठकें हुई।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

कक्षा 5वीं से 8वीं तक के छात्रों को बेसिक कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया जाता है।

**(iv) शिक्षा के विकास के लिए कोई अन्य पहल**

छात्रों को शैक्षिक व पाठयेत्तर गतिविधियों में भाग लेने के लिए ज्यादा से ज्यादा अवसर दिए जाते हैं जिससे स्कूल और अंतर-स्कूल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए उनके मनोबल को बढ़ावा मिलता है। स्कूल पुस्तकालय के लिए नए विश्वकोश खरीदे गए। स्कूल के शैक्षिक कार्यक्रम में स्मार्ट कक्षाएँ शामिल की गई। छात्रों ने नवंबर, 2015 में बैरकपुर में आयोजित कमान स्तर की सांस्कृतिक प्रतियोगिता में सफलतापूर्वक भाग लिया। स्कूल में बाल श्रम, अवैध बाल व्यापार, बाल शोषण और बाल अधिकार के बारे में एकीकृत विकास सोसायटी (चाइल्ड लाइन) पर 13.03.2014 को एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यापकों ने निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया :

(क) 09.05.2015 से 09.05.2015 तक आपदा तैयारी प्रशिक्षण कार्यक्रम

(ख) शिक्षा की एकीकृत जिला सूचना प्रणाली (यूडीआईएसई), 2014-15 पर प्रशिक्षण/अभिविन्यास कार्यक्रम

(ग) आरंभिक शिक्षा में डिप्लोमा

**7. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

नालियों की नियमित सफाई, पौधे/झाड़ियों की सफाई, सड़कों पर झाड़ू और प्रतिदिन घर घर से कूड़ा एकत्रित किया जाता है। सभी बड़े नालों की गाद निकाली गई तथा सभी सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई की जानकारी दी गई। व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। छावनी बोर्ड के कई क्षेत्रों में बम्बू के कूड़ादान और लटके हुए कूड़ादान लगाए गए।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध (उठाए गए कदमों और अभियोजन इत्यादि का सार दें)**

शिलांग छावनी में पॉलीथीन के प्रयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया गया है। सिविल क्षेत्र में पॉलीथीन के प्रयोग को रोकने के लिए नियमित रूप से जांच की जाती है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

बोर्ड अपशिष्ट के निपटान के लिए शिलांग नगर बोर्ड के ट्रेंचिंग ग्राउंड का प्रयोग कर रहा है। जीरो हिमालयन समूह द्वारा शून्य अपशिष्ट प्रबंधन पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में सैनिटरी इंस्पेक्टर (सफाई निरीक्षक) तथा बोर्ड के कई सदस्यों ने भाग लिया। अपशिष्ट को अलग-अलग करने की प्रक्रिया अभी शुरू की जानी है।

**(iv) वृक्षारोपण**

100 पौधे लगाए गए। उनमें से 78% बचे रहे।

**(v) अन्य पहल**

स्वच्छ भारत अभियान के भाग के रूप में उमशीर्पि नदी को साफ करने का अभियान चलाया गया। स्वच्छ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के लिए एक पंचवर्षीय योजना बनाई गई।

**8. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

बोर्ड के पास एक औषधालय है तथा वर्ष के दौरान इसमें 3736 रोगियों का इलाज किया गया। रोगियों को प्रयोगशाला सुविधाएं प्रदान की गई। ईसीजी, एक्सरे सुविधा भी मुहैया कराई जाती है।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

अस्पताल ने सामान्य स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम चलाया तथा छावनी क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों का पता लगाने के लिए शिविर आयोजित किया। 25.06.2014, 10/12/2014 एवं 18.03.2015 को आयोजित मधुमेह जागरूकता कार्यक्रम में **62** वरिष्ठ नागरिकों ने स्वास्थ्य शिविर में भाग लिया।

**(iii) विशेष चिकित्सा शिविर**

छावनी बोर्ड ने तीन बीएमआई जांच शिविर आयोजित किए। 04 अस्थिमज्जा घनत्व शिविर, मधुमेह जांच शिविर और अनीमिया जांच शिविर आयोजित किए गए।

**(iv) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

सभी कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों की निःशुल्क चिकित्सा देखभाल की जाती है तथा मुफ्त दवाइयां दी जाती हैं।

**9. सामान्य प्रशासन**

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

कर्मचारियों के लिए नई पेंशन योजना लागू की गई है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

ऑन लाइन जन शिकायत निवारण प्रणाली "समाधान" शुरू की गई है।

**(iii) खातों की लेखापरीक्षा**

9/2013 तक के खातों की लेखापरीक्षा की गई।

**(iv) जनहित में कोई अन्य पहल**

झालूपाड़ा सामुदायिक भवन, जिस पर अतिक्रमण किया गया था, बोर्ड ने अपने हाथ में ले लिया है तथा इस परिसर का नवीनीकरण किया गया है। इसका इस्तेमाल बोर्ड द्वारा निर्धारित भुगतान पर किया जाएगा।

**10. भूमि रिकार्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

प्रौद्योगिकी अनुभाग में पहले से ही एक कम्प्यूटर प्रोग्रामर की नियुक्ति की गई है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि वर्जन 4.0 स्थापित किया गया है तथा रक्षा भूमि में नियमित रूप से डाटा को अद्यतन किया जाता है।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली (एल्फ्रेस्को) लगाया गया है। वर्ष के दौरान क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, देहरादून से दो कर्मचारियों को दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली का प्रशिक्षण दिलाया गया है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

जन्म तथा मृत्यु पंजीकरण के आवेदन, कर्मचारियों के वेतन बिल, फाइल प्रबंधन प्रणाली, ई-खरीद और राजस्व वसूली एप्लिकेशन को विकसित किया गया और कार्यान्वित किया गया।

**(v) कार्यालय रिकार्डों का अंकीकरण**

कार्यालय रिकार्डों के अंकीकरण तथा स्कैनिंग के कार्य का चरण-I पूरा कर लिया गया है तथा अंकीकरण और स्कैनिंग का चरण-II प्रगति पर है।

**11. बाजार**

बोर्ड के पास कोई बाजार नहीं है।

**12. अग्निशमन**

छावनी बोर्ड शिलांग के पास अपनी अग्निशमन सेवा नहीं है। इसके लिए यह राज्य सरकार पर निर्भर है।

## 13. जन्म तथा मृत्यु

वर्ष के दौरान **254** जन्म तथा **19** मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# सेंट थॉमस माउंट व पल्लवरम

**1. बोर्ड का गठन**

सेंट थॉमस माउंट व पल्लवरम छावनी श्रेणी II की छावनी है जिसमें 7 निर्वाचित सदस्यों सहित कुल 14 सदस्य हैं। वर्ष के दौरान बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर कुलप्रीत सिंह** | **18.02.2014 से 09.03.2015** |
| | **ब्रिगेडियर के. एस. सेल्वन** | **09.03.2015 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री एस. प्रभाकरन** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए और इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए। इस चुनाव में पहली बार ईएमवी का प्रयोग किया गया।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

विज्ञापन लाईसेंस शुल्क लगाया गया और वसूला गया।

**(ii) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

निकटवर्ती चेन्नई नगर निगम में लगाए गए सभी कर छावनी में लगाए गए हैं।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में संपत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

98%

**4. जलापूर्ति**

बोर्ड वर्तमान में खुले कुओं, पम्प वाले बोरवेल, बोरवेल, हैंड पम्प, टीडब्ल्यूएडी बोर्ड जलापूर्ति और मैट्रो जलापूर्ति के माध्यम से जनता को पानी की आपूर्ति कर रहा है। पानी को उपरोक्त स्रोतों से प्राप्त किया जाता है और निवासियों को 7 (सात) ओवर हैड टैंकों के माध्यम से आपूर्ति की जाती है। सेंट थॉमस माउंट में 4 (चार) ओवर हैड टैंक और पल्लवरम में 3 (तीन) ओवर हैड टैंक स्थित हैं जिनमें से प्रत्येक की क्षमता 40,000 गैलन है। पल्लवरम में 02 जमीनी स्तर के हौज हैं। हाल ही में मानसून की कमी के कारण टीडब्ल्यूएडी बोर्ड से आपूर्ति किए जा रहे पालर पीने के पानी की सप्लाई में कमी कर दी है। छावनी बोर्ड ने चेन्नई मैट्रो जलापूर्ति और सीवेज बोर्ड से पल्लवरम में अतिरिक्त पानी के टेपिंग प्वाइंट देने की सिफ़ारिश की है। यह कार्य प्रगति पर है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 81,62,900/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 1,28,34,098/- रूपये |
| (ग) | नालियां | 39,99,027/- रूपये |
| (घ) | जलापूर्ति | 33,07,062/- रूपये |
| (च) | सामान | 9,99,921/- रूपये |
| (छ) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 28,74,951/- रूपये |
| (ज) | स्कूल | 17,98,196/- रूपये |
| (झ) | अस्पताल | 11,99,089/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड दो प्रारंभिक स्कूल, दो हाई स्कूल तथा दो अंग्रेजी माध्यम मोंटेसरी स्कूल चलाता है। हाई स्कूलों को तमिलनाडु सरकार द्वारा शिक्षण अनुदान के जरिए आर्थिक सहायता दी जाती है। उच्च शिक्षा के लिए छात्रों को छात्रवृत्तियां दी जाती हैं। हाई स्कूलों में कम्प्यूटर लैब की व्यवस्था की गई है।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

स्कूल प्रबंधन समितियां बनाई गई हैं तथा वर्ष के दौरान स्कूल प्रबंधन समितियों की बैठकें हुई।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

छात्राओं को एक महीने की अवधि का कपड़ों की कटाई तथा सिलाई का प्रशिक्षण दिया जाता है। छात्रों को 6 सप्ताह की अवधि का बेसिक कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया जाता है। ड्रम, नृत्य, कंप्यूटर, टेलरिंग और योग के लिए पार्ट टाइम शिक्षक नियुक्त किए गए हैं। दोनों व्यावसायिक विधाएं नियमित पाठ्यक्रम का भी अंग हैं। लगभग 300 छात्राओं तथा 1400 छात्रों ने इस व्यावसायिक प्रशिक्षण से लाभान्वित हुए हैं।

**(iv) शिक्षा का विकास**

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की प्रत्येक छात्रा को राज्य सरकार द्वारा कक्षा 6 में 1000 रूपये का नकद पुरस्कार और कक्षा 9 में प्रत्येक छात्रा को 2000 रूपये का नकद पुरस्कार दिया जाता है। वर्ष के दौरान अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की कुल 130 छात्राओं ने इसका लाभ उठाया। कक्षा 10 के सभी सफल छात्रों को राज्य सरकार द्वारा 2500 रूपये का नकद पुरस्कार दिया गया।

**(v) शिक्षा के विकास के लिए कोई अन्य पहल**

कक्षा 8 तक के सभी छात्रों को मुफ्त वर्दियां दी जाती हैं और कक्षा 10 तक के सभी छात्रों को निःशुल्क कापियां दी जाटी हैं। मोंटेसरी, प्राइमरी तथा आंगनवाड़ी के बच्चों को निःशुल्क बैग और चप्पल दी गई। पुस्तकालय के लिए नई पुस्तकें खरीदी गई। सायंकालीन तथा रात्रिकालीन अध्ययनरत 10वीं कक्षा के छात्रों को शाम का नाश्ता तथा टिफिन दिया जाता है। मिड डे मील योजना भी स्कूल में लागू की जा रही है और अतिरिक्त पोषण के लिए अतिरिक्त मदों की भी व्यवस्था की गई। वार्षिक चिकित्सा जांच तथा नेत्र जांच की गई और यथा आवश्यक मुफ्त चश्मे दिए गए। प्रत्येक कक्षा के लिए विभिन्न विषयों की साप्ताहिक परीक्षा ली जाती है। स्कूलों में खेलकूद, नृत्य, गायन, ड्राईंग आदि अतिरिक्त गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाता है। बोर्ड ने बीपीएल परिवारों और छात्राओं के बीच उच्च शिक्षा प्रोत्साहन को प्रोत्साहित करने के लिए 'माउंट व पल्लवरम छावनी बोर्ड एजुकेशन ट्रस्ट' नामक ट्रस्ट को पंजीकृत किया है। गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों तथा छात्राओं में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए छावनी बोर्ड ने ''सेन्ट थॉमस माउंट व पल्लवरम छावनी बोर्ड शिक्षा न्यास'' नामक एक ट्रस्ट को पंजीकृत किया।

**7. बच्चों के लिए विशेष उपाय**

**विशेष रूप से अशक्त बच्चे**

चेन्नई के दक्षिणी उपनगर में रहने वाले विशेष बच्चों की देखभाल के लिए स्पीच थेरेपिस्ट तथा फिजियोथेरेपिस्ट की सहायता से सेंट थॉमस माउंट में "नेयाम" नामक एक विशेष स्कूल चल रहा है। आरंभ में इस केंद्र में 19 बच्चों का नामांकन हुआ और वर्ष 2014-15 तक 35 छात्रों ने लाभ उठाया। ''सभी बच्चे सीख सकते हैं'' के उद्देश्य के साथ "नेयाम" धर्मार्थ ट्रस्ट के माध्यम से छावनी बोर्ड द्वारा नेयाम का प्रबंधन किया जाता है तथा प्रारंभिक मध्यस्थता, विशेष शिक्षा तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण की सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। सभी सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। केन्द्र के पास तीन योग्यता प्राप्त व अनुभवी शिक्षक/थेरेपिस्ट हैं। तमिलनाडु राज्य सरकार द्वारा इस स्कूल को मान्यता प्रदान की गई है।

**8. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी में सफाई का स्तर सन्तोषजनक रहा।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

छावनी क्षेत्र में पॉलीथीन की थैलियों के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। प्लास्टिक हटाने और कूड़े को अलग-अलग करने के बारे में जागरूकता फैलाने हेतु विश्व पर्यावरण दिवस पर एक जागरूकता रैली निकाली गई।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

सेना क्षेत्र सहित सभी घरों में कूड़े को अलग-अलग करने सहित घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित करने का कार्य किया जाता है। एक विकेन्द्रीकृत इको फ्रेंडली पद्धति से जैविक कूड़े की वर्मी-वानस्पतिक खाद बनाने का कार्य किया जा रहा है। वर्मी-वानस्पतिक खाद को बेचा गया और इससे वर्ष 2014-15 में 67,270 रूपये की राशि प्राप्त की। प्रतिदिन लगभग 1.5 से 2 टन वर्मी-वानस्पतिक खाद तैयार होती है। छावनी आरंभिक स्कूल, पल्लवरम और सेंट थॉमस माउंट हाई स्कूल में दोपहर के भोजन के अपशिष्ट से बॉयो गैस तैयार करने के लिए एक क्यूबिक मीटर क्षमता वाले दो बॉयो-गैस संयत्रों की स्थापना की गई है।

**(iv) वृक्षारोपण**

172 पौधे लगाए गए। हरे भरे ट्रैफिक आइलैण्ड निर्मित किए गए हैं तथा सेंट थॉमस माउंट में इनका रख-रखाव किया जाता है।

**(v) अन्य पहल**

स्वच्छ भारत कार्यक्रम के तहत विविध गतिविधियों को शुरू करने के लिए एक पंचवर्षीय योजना बनाई गई और समय-समय पर विशेष सफाई अभियान चलाए गए।

**9. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

बोर्ड सेंट थॉमस माउंट तथा पल्लवरम में एक-एक औषधालय व प्रसूति अस्पताल चलाता है। दोनों अस्पतालों में सिद्ध और आयुर्वेद बहिरंग रोगी विभाग शुरू किए गए। वर्ष के दौरान सेंट थॉमस माउंट में 33 अंतरंग तथा 2742 बहिरंग रोगियों व पल्लवरम में 28 अंतरंग तथा 26,459 बहिरंग रोगियों का इलाज किया गया।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कार्ड दिए गए हैं। वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क दवाएं दी जाती हैं और लेबोरेट्री जांच में 75 प्रतिशत की रियायत दी जाती है।

**(iii) जननी सुरक्षा योजना**

छावनी क्षेत्र में जननी सुरक्षा योजना लागू की गई है और 61 लोगों ने इस योजना का लाभ उठाया।

**(iv) एचआईवी जांच सुविधा**

छावनी बोर्ड औषधालय में एचआईवी जांच सुविधा उपलब्ध है।

**(v) विशेष चिकित्सा शिविर**

लायन्स क्लब की सहायता से मार्च, 2015 में स्वास्थ्य शिविर और शंकर नेत्रालय द्वारा एक निःशुल्क नेत्र शिविर लगाया गया। 6 महीने से 5 वर्ष तक के बच्चों में अंधता की रोकथाम के लिए विटामिन ए पर राष्ट्रीय कार्यक्रम चलाया गया। कोशिका गणक और अर्ध- स्वचालित विश्लेषक के साथ प्रयोगशाला सेवाओं में सुधार किया गया। नए

उपकरणों के साथ लेबर रूम तैयार किया गया। एक अंशकालिक सोनोलॉजिस्ट के साथ अल्ट्रासाउंड स्कैन क्लिनिक कार्य कर रहा है और इसमें पोर्टेबल मशीन है। डॉट केंद्र में 60 मरीज आर.एन.टी. सी.पी. दवाएं लेते हैं।

**(vi) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

सभी कर्मचारियों को स्वास्थ्य कार्ड दिए गए हैं। उनके आश्रित छावनी बोर्ड अस्पताल से चिकित्सा उपचार तथा दवाईयां प्राप्त करने के पात्र हैं।

## 10. सामान्य प्रशासन

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

नई पेंशन योजना लागू की गई है।

**(ii) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

जनता शिकायत दर्ज करने अथवा किसी भी कार्य दिवस को मुख्य अधिशासी अधिकारी से मुलाकात करने के लिए स्वतंत्र है। इसके अतिरिक्त शिकायतों का निवारण ''समाधान'' (जन शिकायत निवारण प्रणाली) द्वारा किया जाता है और निवारण के बाद एसएमएस द्वारा सूचना दी जाती है।

**(iii) खातों की लेखापरीक्षा**

03/2014 तक के लेखा खातों की लेखापरीक्षा की गई।

**(iv) जनहित में कोई अन्य पहल**

पल्लवरम में कर भुगतान तथा जन्म व मृत्यु प्रमाण-पत्र की स्थिति जानने के लिए जनता की सहायता हेतु टच स्क्रीन लगाए गए हैं जिसे 6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित सेंट थॉमस माउंट के मुख्य कार्यालय के साथ डैडिकेटिड लीज लाइन से जोड़ा गया है।

## 11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग में एक प्रोग्रामर और एक सहायक प्रोग्रामर रखा गया है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि वर्जन 4.0 लागू किया गया है।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

द्वितीय चरण में स्कैनिंग के लिए 10,00 फाइलों का चयन किया गया, जिनमें से 6% को पृष्ठांकित और 25% फाइलों को स्कैन कर दिया गया है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

**(क) छावनी अस्पतालों का कम्प्यूटरीकरण**

दोनों छावनी अस्पतालों में अस्पताल प्रबंधन सॉफ्टवेयर की व्यवस्था की गई है। इसमें बहिरंग रोगी पंजीकरण, डॉक्टरी निदान, फार्मेसी, क्लिनिक लेबोरेटरी तथा सामान की सूची, बोर्ड और राज्य सरकार के एमआईएस के लिए माड्यूल युक्त

है। इस प्रणाली को बार कोड लेबल रोगी पंजीकरण के साथ लागू किया गया है जो पूरी प्रक्रिया कागज रहित बना देता है।

**(ख) रिकॉर्डों का सूचीकरण**

लगभग 3918 फाइलों की वास्तविक स्थिति और पृष्ठ संख्या की सूचना सहित सूची बनाई और अपलोड किया गया।

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

सभी फाइलों पर डिजिटल प्रमाण-पत्र द्वारा हस्ताक्षर किए गए है और लोकल एल्फ्रेस्को पर अपलोड करके केंद्रीय सर्वर पर अपलोड हेतु एयू एवं आरसी को भेज दिया है।

**12. बाजार**

बोर्ड के पास सेंट थॉमस माउंट में 07 दुकानें हैं तथा पल्लवरम में 23 दुकानें व एक साप्ताहिक शुक्र बाजार है।

**13. अग्निशमन**

बोर्ड के पास कोई अग्निशमन सुविधा नहीं है। आवश्यता पड़ने पर राज्य सरकार की अग्निशमन सेवाएं उपयोग में लाई जाती हैं।

**14. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 476 जन्म तथा 358 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# सुबाथू

**1. बोर्ड का गठन**

सुबाथू छावनी श्रेणी III की छावनी है। इसके बोर्ड में 6 निर्वाचित सदस्यों सहित 12 सदस्य हैं। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर ओ.पी. सिंह** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री विकास कुमार** | **01.04.2014 से 06.07.2014** |
| | **डॉ. अनुपम तलवार** | **07.07.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए और इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए। छावनी बोर्ड, सुबाथू के चुनावों में पहली बार ईएमवी का प्रयोग किया गया।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

ब्लॉक वर्ष 2012 से 2015 का त्रैवार्षिक मूल्यांकन संशोधित किया गया जिसमें गत मूल्यांकन की तुलना में 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्शायी गई है। वसूली के लिए अथक प्रयास किए गए जिसके परिणामस्वरूप 99.56% प्रतिशत की कर और गैर-कर राजस्व की वसूली हुई।

**(ii) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

निकटवर्ती नगरपालिका, सोलन की दरें छावनी में कर की दरों के समान हैं।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में सम्पत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

96.06%

**4. जलापूर्ति**

सिविल आबादी को पानी की थोक आपूर्ति के लिए बोर्ड पूरी तरह से एमईएस पर निर्भर है। परन्तु मेकेनिकल अपलिफ्ट प्रणाली द्वारा गहरे बोरों का इस्तेमाल करके इस निर्भरता को कम किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। बोर्ड 60 वाटर स्टेंड पोस्ट और 08 हैंड पम्पों से भी पानी प्रदान कर रहा है। आईएचपी विभाग द्वारा लगाए गए हैंड पम्पों की जरूरत अनुसार मरम्मत की गई। आईएचपी विभाग के माध्यम से वित्त वर्ष के दौरान अधिसूचित सिविल क्षेत्र में एक हैंड पम्प लगाया गया है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन/स्कूल/अस्पताल | 23,91,929/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 14,39,667/- रूपये |
| (ग) | नालियां | 6,07,791/- रूपये |
| (घ) | जलापूर्ति | 69,156/- रूपये |
| (च) | सामान | 6,69,233/- रूपये |
| (छ) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 23,82,596/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड के पास कोई स्कूल नहीं है।

**(ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

05.03.2014 से 04.09.2014 और 06.09.2014 से 15.03.2015 तक एक अवधि की अवधि के लिए कटिंग, टेलरिंग, कढ़ाई तथा मुलायम खिलौने बनाने व कला तथा शिल्प में प्रशिक्षण संबंधी व्यावसायिक प्रशिक्षण शुरू किए गए। व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र में कुल 25 प्रशिक्षणार्थी थे। व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र (वीटीसी) एक नीड़ बैंक की देख-रेख भी करता है।

**(iii) शिक्षा का विकास**

बोर्ड भागीदारों के मध्य बाजार कौशल को बढ़ाने हेतु हर महीने एक पाँच दिवसीय प्रदर्शनी व सेल का आयोजन करता है। ।

**(iv) शिक्षा के विकास के लिए कोई अन्य पहल**

बोर्ड ने गरीब वित्तीय पृष्ठभूमि की दो लड़कियों को 150 रूपये महीना देने की छात्रवृत्ति प्रायोजित की है।

**7. बच्चों के लिए विशेष कदम**

**विशेष रूप से अशक्त बच्चे**

12.11.2014 को विशेष रूप से अशक्त बच्चों के लिए “उल्लास” नामक केंद्र खोला गया। यह केंद्र विशेष शिक्षक द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, फिजियोथेरेपी और गृह दौरों की सुविधा प्रदान करता है। शिक्षण व सीखने संबंधी सामग्री भी प्रदान की जाती है। एक विशेष शिक्षक नियुक्त किया गया।

**8. पर्यावरण एवं सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी में सामान्य सफाई संतोषजनक रही।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

छावनी में पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

बोर्ड स्टाफ द्वारा घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित किया जाता है। जैविक कूड़े का निपटान लैंडफिल पद्धति द्वारा किया जाता है तथा अजैविक कूड़े का निपटान गड्डे भरकर तथा कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों द्वारा किया जाता है। एक कूड़ा भस्मक भी लगाया गया है तथा उसे प्रयोग में लाया जाता है। सलेरिया पार्क में वर्मी-वानस्पतिक खाद बनाने की शुरुआत के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

**(iv) वृक्षारोपण**

रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान 500 पेड़ लगाए गए। उनमें से लगभग 60 प्रतिशत बचे रहे।

**(v) अन्य पहल**

साफ-सफाई में जनता को भागीदार बनाने हेतु छावनी में बैठकों, स्वच्छ भारत निगम का निर्माण और सफाई रैलियों का आयोजन किया गया जिसमें छावनी बोर्ड स्टाफ, वीटीसी प्रशिक्षणार्थी, छात्रों, प्रमुख नागरिकों और सामान्य जनता ने भाग लिया। नालियों के बंद होने को नियंत्रित करने के लिए तंग गलियों के अंदर उठाकर रखे जाने वाले कूड़ेदानों की व्यवस्था की गई। छावनी द्वारा रख-रखाव किए गए पार्कों में नियमित काँट-छांट की गई। घास-फूस को हटाया गया। विभिन्न किस्म के पौधे लगाए गए। छावनी क्षेत्र में सौंदर्यकरण के लिए कीटनाशकों का छिड़काव किया गया तथा सफेदी की गई। पिंजौर स्थित गौशाला में आवारा पशुओं को विधिवत स्थानांतरित करके आवारा घूमने वाले पशुओं की गंभीर समस्या का प्रभावी समाधान किया गया। बोर्ड के पास कोई काँजी-हाउस नहीं है।

**9. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

वर्ष के दौरान छावनी सामान्य अस्पताल में 19136 बहिरंग रोगियों तथा 201 अंतरंग रोगियों का उपचार किया गया। इसके अलावा अस्पताल में पैथोलोजी एवं माइक्रोबायोलॉजी, लैब सेवाएं, ईसीजी सेवाएं, नियमित दन्त क्लिनिक, एक्स-रे सेवाएं, किशोरी क्लिनिक के लिए परामर्शदाता, फिजियोथेरेपिस्ट और एक नियमित जीएनएम की सेवा की व्यवस्था भी की गई। 35 क्लोज्ड रिडक्शन (हड्डियों को सीधा करना), प्लास्टर ऑफ पेरिस लगाना तथा 270 छोटी सर्जरी की गई हैं। अस्पतालों में मल्टीपारा मॉनिटर, बीआईपीएपी मशीन, इंफ्यूजन पम्प, एसडब्ल्यूडी, आईएफटी, वैक्स बाथ, संकर्षण (ट्रक्शन) मेज, अल्ट्रासोनिक मसाज तथा टीईएनएस आदि उपकरणों की व्यवस्था की गई। एक अस्पताल प्रबंधन समिति गठित की गई। सामान्य ओपीडी एवं दन्त क्लिनिक का पुनर्निर्माण किया गया और पीपीपी प्रणाली पर चलाए जा रहे हैं।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

वरिष्ठ नागरिकों की नियमित अंतराल पर नेमी स्वास्थ्य जांच की जाती है। वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क दवाएं दी जाती हैं।

**(iii) किशोरी क्लिनिक**

महिला परामर्शदात्री द्वारा स्कूलों में दौरे किए गए और व्याख्यान दिए गए। नशा-मुक्ति के बारे में परामर्श भी दिया गया।

**(iv) एचआईवी जांच सुविधा**

अस्पताल की में ये सुविधा उपलब्ध है।

**(v) विशेष चिकित्सा शिविर**

विशेषतः वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं को ध्यान में रखते हुए बीएमडी शिविर आयोजित किए गए। वर्ष के दौरान 'अनीमिया-मुक्त' और सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किए गए। जिला स्वास्थ्य प्राधिकारियों के सहयोग से मासिक प्रतिरक्षण/टीकाकरण शिविर आयोजित किए गए।

**(vi) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के स्वास्थ्य की निःशुल्क जांच की जाती है तथा उन्हें दवाईयां तथा अन्य सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

## 10. सामान्य प्रशासन

**(i) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

सामान्य जनता से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाती है। पारदर्शिता को बढ़ाने के लिए सभी बोर्ड बैठकों की कार्यवाही को वेबसाइट पर अपलोड किया जाता है।

**(ii) खातों की लेखापरीक्षा**

सितम्बर, 2014 तक के खातों की लेखापरीक्षा की गई।

**(iii) जनहित मे कोई अन्य पहल**

अस्पताल और बाजार क्षेत्र में वाटर कूलर खरीद कर लगाए गए। वर्षा से बचाव केलिए 03 शैल्टर बना दिए गए हैं और 02 पूर्ण होने वाले हैं। विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर लगाने के लिए बैंचें खरीदी गई हैं। बोर्ड रूम के निर्माण कार्य को पूरा करके इसका उदघाटन कर दिया गया है।

## 11. भूमि रिकार्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण

**(i) सूचना प्रोद्यौगिकी अनुभाग का सृजन**

सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग कार्यरत है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि के आंकडों का पुनर्सत्यापन किया गया है और आंकडों की शुद्धता का प्रमाण-पत्र प्राप्त कर लिया गया है।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

स्कैन किए गए दस्तावेजों को सर्वर पर अपलोड कर दिया गया है और लोकल एरिया नेटवर्क के माध्यम से कार्यालय के किसी भी कंप्यूटर पर जांचा जा सकता है। इसके अलावा फाइल प्रबंधन प्रणाली को नियमित रूप से अद्यतन किया जाता है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

उन्नत ढंग से काम करने और त्रुटियां दूर करने के लिए वेतन बिल सॉफ्टवेर को पुनः डिजाइन किया गया है। इस सॉफ्टवेर के प्रयोग द्वारा एनपीएस, सामान्य भविष्य निधि, आयकर आदि जैसे देय तथा सांविधिक एवं गैर-सांविधिक कटौतियों के रिकॉर्ड का रख-रखाव किया जाता है। कार्यालय में सुचारू और अच्छे ढंग से कार्य के लिए आधुनिक उपकरणों जैसे संरचित लोकल एरिया नेटवर्क, ईपीएबीएक्स और पावर बैकअप को लगाया गया है। कार्यालय में सूचना प्रौद्योगिकी उपकरण लगाने के लिए एक सर्वर रूम बनाया गया है

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

कार्यालय की 1082 फाइलों का अंकीकरण पहले ही किया जा चुका है। कार्यालय में स्कैनिंग और अंकीकरण हेतु लगभग 170 फाइलें छांटी गई हैं। इस उद्देश्य के लिए उच्च गतिवाला एडीएफ स्कैनर तथा ओसीआर के लिए सॉफ्टवेयर खरीदा गया है और स्कैनिंग कार्य प्रगति पर है।

**11. बाजार**

बोर्ड के पास 24 दुकानें/गोदाम और 01 अतिथि-गृह है।

**12. अग्निशमन**

बोर्ड अग्निशमन के लिए राज्य अग्निशमन विभाग पर निर्भर है। अग्नि संबंधी घटनाओं पर नियंत्रण के लिए छावनी बोर्ड, जुतोग से उधार पर लिए गए पानी के एक छोटे टैंकर को प्रयोग में लाया जाता है।

**13. जन्म एवं मृत्यु**

वर्ष के दौरान 10 जन्म तथा 17 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।

# वाराणसी

1. **बोर्ड का गठन**

वाराणसी छावनी श्रेणी II की छावनी है। इसके बोर्ड में 7 निर्वाचित सदस्यों सहित 14 सदस्य हैं। बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर के बिरेन्द्र सिंह** | **01.04.2014** | **से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री जे वी सिंह** | **01.04.2014** | **से 17.07.2014** |
| | **सुश्री प्रोमिला जायसवाल** | **17.07.2014** | **से 31.03.2015** |

2. **चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए और इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए।

3. **राजस्व**

(i) **राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

2015-2018 तक की अवधि के लिए त्रैवार्षिक मूल्यांकन प्रगति पर है और जुलाई, 2015 तक पूर्ण होने की संभावना है।

(ii) **निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी कर दरों की तुलना**

छावनी बोर्ड तथा नगर निगम वाराणसी में कर का ढांचा अलग-अलग है तथा एक समान नहीं है। छावनी बोर्ड में सम्पत्ति के वार्षिक किराया मूल्य पर आधारित गृह कर नगर निगम से ज्यादा है।

(iii) **वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में सम्पत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

81.30%

4. **जलापूर्ति**

सिविल और बंग्लो क्षेत्र में बोर्ड अपने आवश्यक वितरण नेटवर्क के माध्यम से तीन गहरे ट्यूबवेलों तथा 1800 किलोलीटर वाले एक ओवरहेड टैंक के द्वारा जलापूर्ति करता है। प्रति व्यक्ति जल की आपूर्ति 130 लीटर प्रतिदिन है। मूलभूत कार्य के अंतर्गत 43.54 लाख रूपये की लागत से बनने वाले एक नए ट्यूबवैल को मंजूरी दी गए है जिसे उत्तर प्रदेश जल निगम के माध्यम से 30.06.2015 तक पूरा करने की संभावना है।

5. **सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 57,70,043/- रूपये |
| (ख) | सड़कें | 1,74,50,985/- रूपये |

| | | |
|---|---|---|
| (ग) | नालियां | 18,34,107/- रूपये |
| (घ) | जलापूर्ति | 32,65,000/- रूपये |
| (च) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 40,75,616/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड एक अंग्रेजी माध्यम स्कूल ''रूट्स'', दो प्राइमरी स्कूल तथा एक जूनियर हाई स्कूल चलाता है।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

स्कूल प्रबंधन समितियां गठित की गई हैं।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

बोर्ड ने एनजीओ के साथ मिलकर एम्ब्रायडरी, टेलरिंग और कटिंग, ब्यूटिशियन, मेहंदी और हस्तशिल्प/मुलायम खिलौने जैसे व्यावसायिक प्रशिक्षण आयोजित किए। छावनी बोर्ड, वाराणसी ने छावनी तथा आस-पास के क्षेत्रों के नवयुवकों के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने हेतु उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

**(iv) शिक्षा का विकास**

शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए निःशुल्क शिक्षा, मुफ्त पुस्तक वितरण, मिड-डे मील योजना, मेधावी छात्रों को पुरस्कार, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़े वर्ग के छात्रों को उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा छात्रवृत्ति, सभी छात्रों को निःशुल्क वर्दियां, नियमित जूडो-कराटे प्रशिक्षण और जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई।

**7. बच्चों के लिए विशेष उपाय**

**(i) विशेष रूप से अशक्त बच्चे**

विशेष रूप से अशक्त बच्चों के लिए एक ''संकल्प'' स्कूल की 11 बच्चों के साथ शुरूआत की गई है। विशेष शिक्षक को लगाया गया है।

**(ii) गली और प्रवासी श्रमिकों के बच्चे**

प्रवासी श्रमिकों के 70 बच्चों को नियमित कक्षाओं में प्रवेश दिया गया है और सभी बच्चों को निःशुल्क स्कूल किट तथा मिड-डे मील दिया जाता है।

**8. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी में सफाई का स्तर संतोषजनक रहा।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

छावनी में पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

सिविल और सेना क्षेत्र में घर-घर जाकर कूड़ा एकत्र किया जाता है। स्रोत और निपटान स्थल पर कूड़े की छंटाई की जाती है। निपटान के लिए ट्रैंचिंग तरीका अपनाया जाता है।

**(iv) वृक्षारोपण**

1000 पौधे लगाए गए। उनमें से केवल 60 प्रतिशत बचे रहे।

## 9. जन स्वास्थ्य

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

बोर्ड के पास 18 बिस्तरों वाला एक अस्पताल है। महिला रोग चिकित्सक, ऑर्थो सर्जन, ईएनटी विशेषज्ञ, नेत्ररोग विशेषज्ञ, छातीरोग विशेषज्ञ, फिजियोथेरेपिस्ट, त्वचारोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक तथा सर्जन जैसी विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध हैं। सप्ताह में 4 दिन होम्योपेथी डॉक्टर की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाती है।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

नियमित सेवा के अतिरिक्त प्रत्येक वीरवार तथा शुक्रवार को एक विशेषज्ञ द्वारा एक विशेष बहिरंग क्लिनिक भी चलाया जाता है।

**(iii) किशोरी क्लिनिक**

प्रत्येक वीरवार को महिला डॉक्टर द्वारा किशोर अवस्था की लड़कियों की स्वास्थ्य जांच की जाती है। किशोरी क्लिनिक में कुल 280 लड़कियों की जांच की गई तथा उन्हें दवाएं, टीके व परामर्श दिया गया।

**(iv) जननी सुरक्षा योजना**

राज्य सरकार के माध्यम से जननी सुरक्षा योजना लागू की गई है।

**(v) एचआईवी जांच सुविधा**

अस्पताल में एचआईवी किट उपलब्ध है। कुल 30 जांच की गई।

**(vi) विशेष चिकित्सा शिविर**

बोर्ड ने ब्लड शुगर, नेत्र, चर्म रोग, स्त्री रोग, आर्थोपेडिक, दंत चिकित्सा, मधुमेह और यूरिक एसिड (मूत्राम्ल) आदि की जांच के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किए। प्रत्येक तीन महीने में बीएमडी शिविर तथा प्रत्येक महीने दमा जांच शिविर आयोजित किया जाता है।

**(v) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों को सभी स्वास्थ्य सुविधाएं मुफ्त उपलब्ध कराई जाती हैं।

## 10. सामान्य प्रशासन

**(i) जन शिकायत निवारण प्रणाली**

''समाधान'' एक जन शिकायत निवारण प्रणाली लागू की गई है।

**(ii) खातों की लेखापरीक्षा**

सितम्बर, 2014 तक के खातों की लेखापरीक्षा की गई।

**(iii) जनहित में कोई अन्य पहल**

जरूरतमंद नागरिकों को निःशुल्क कपड़े, वर्दी और परिधान देने के लिए छावनी के सिविल क्षेत्र के आस-पास एक नीड बैंक स्थापित किया गया है।

**(iv) नशा-मुक्ति केंद्र**

छावनी सामान्य अस्पताल में परामर्श सुविधा युक्त एक नशा मुक्ति केन्द्र भी स्थापित किया है।

**11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रोद्यौगिकी अनुभाग का सृजन**

सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग के लिए कम्प्यूटर प्रोग्रामर पहले से ही नियुक्त है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि वर्जन 4.0 लगाया गया है।

**(iii) दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली**

4211 फाइलों को सूचीबद्ध करके फाइल प्रबंधन प्रणाली में प्रविष्ट किया गया।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

पूरे कार्यालय में लोकल एरिया नेटवर्क सुविधा प्रदान की गई है।

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

अंकीकरण का कार्य पूरा हो चुका है।

**12. बाजार**

छावनी के पास 13 दुकानों वाले दो सार्वजनिक बाजार हैं।

**13. अग्निशमन**

अग्निशमन सहायता के लिए बोर्ड राज्य सरकार पर निर्भर है।

**14. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान **78 जन्म** तथा **36 मृत्यु** का पंजीकरण किया गया।

# वेलिंगटन

**1. बोर्ड का गठन**

वेलिंगटन छावनी श्रेणी II की छावनी है। इसके बोर्ड में 7 निर्वाचित सदस्यों सहित 14 सदस्य हैं। रिपोर्टाधीन वर्ष के दौरान बोर्ड में निम्नलिखित पदासीन रहे:

| | | |
|---|---|---|
| **अध्यक्ष** | **ब्रिगेडियर एस. सुरेश कुमार विसेमे** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |
| **मुख्य अधिशासी अधिकारी** | **श्री एम. वेंकट नरसिम्हा रेड्डी** | **01.04.2014 से 31.03.2015** |

**2. चुनाव**

छावनी बोर्ड के आम चुनाव 11.01.2015 को हुए और इसके परिणाम 11.02.2015 को अधिसूचित किए गए। छावनी बोर्ड चुनावों में पहली बार ईएमवी का प्रयोग किया गया।

**3. राजस्व**

**(i) राजस्व वृद्धि हेतु किए गए उपाय**

वर्ष 2014-2017 के लिए संपत्ति कर का त्रैवार्षिक मूल्यांकन प्रक्रियाधीन है। संपत्ति कर के लिए नए भवनों के निर्माणों का मूल्यांकन किया गया है। स्टालों के भोगाधिकार सार्वजनिक नीलामी द्वारा आबंटित किए गए। वर्ष 2015-16 के लिए अपेक्षित वार्षिक आय 43,00,000/- रूपये (लगभग) है।

**(ii) निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के साथ छावनी की कर दरों की तुलना**

छावनी क्षेत्र में संपत्ति कर, विद्युत कर और जल कर की दरें निकटवर्ती नगरपालिका की कर दरों के समान हैं जबकि नाली कर, शिक्षा कर और सफाई कर की दरें निकटवर्ती नगरपालिका से ज्यादा हैं। छावनी क्षेत्र में भूमि कर और अचल संपत्ति हस्तांतरण कर की दरें ज्यादा हैं।

**(iii) वर्ष के दौरान कुल मांग की तुलना में संपत्ति कर की उगाही का प्रतिशत**

90%

**4. जलापूर्ति**

पानी की आपूर्ति 40 स्रोतों (गहरे कुएं और जल हौदी) से की जाती है। वेलिंगटन बाजार में पीने के पानी के अलावा उचित मात्रा में पानी की आपूर्ति के लिए प्राकृतिक पानी में वृद्धि हेतु चैक डैम, वाटर टैंक आदि बनाए गए हैं। प्रतिव्यक्ति 95 लीटर प्रतिदिन पानी की आपूर्ति करता है।

**5. सार्वजनिक निर्माण कार्य**

वर्ष 2014-2015 के दौरान निम्नलिखित सार्वजनिक निर्माण कार्य किए गए:

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भवन | 3,17,87,659/- रूपये |
| (ख) | स्कूल | 32,64,252/- रूपये |
| (ग) | अस्पताल | 25,89,509/- रूपये |
| (घ) | सड़कें | 1,22,63,578/- रूपये |
| (च) | नालियां | 22,53,900/- रूपये |
| (छ) | जलापूर्ति | 48,77,599/- रूपये |
| (ज) | विविध सार्वजनिक सुधार कार्य | 79,24,391/- रूपये |

**6. शिक्षा**

**(i) स्कूल**

बोर्ड तमिलनाडु राज्य सरकार के पाठ्यक्रम वाला तमिल माध्यम का एक हाई स्कूल तथा आईसीएसई पाठ्यक्रम का अंगेजी माध्यम का एक प्राइमरी स्कूल चलाता है।

**(ii) स्कूल प्रबंधन समिति**

स्कूल प्रबंधन ने वर्ष के दौरान 12 बैठकें आयोजित की। समिति को स्कूल में छोटे-मोटे कार्य करने, साफ-सफाई का निरीक्षण करने, अध्यापकों का निष्पादन, नई शैक्षिक योजनाएँ शुरू करने आदि की शक्तियाँ प्रदान की गई हैं।

**(iii) व्यावसायिक प्रशिक्षण**

निःशुल्क कम्प्यूटर, टेलरिंग, खिलौने बनाना/एम्ब्रोईड्री और आशुलिपि कक्षाएँ चलाई जाती हैं।

**(iv) शिक्षा का विकास**

बोर्ड ने शैक्षिक वर्ष 2014-2015 के दौरान राज्य सरकार से अल्पसंख्यक कल्याण छात्रवृत्ति प्राप्त की।

**(v) शिक्षा के विकास के लिए कोई अन्य पहल**

बोर्ड ने शैक्षिक वर्ष 2014-2015 के दौरान एक से 10वीं कक्षा तक के छात्रों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें दी। राज्य सरकार द्वारा छावनी क्षेत्र से बाहर रहने वाले छात्रों को शैक्षिक वर्ष 2014-2015 के लिए निःशुल्क बस पास दिए गए। बोर्ड द्वारा छावनी क्षेत्र में रहने वाले छात्रों को निःशुल्क यातायात मुहैया कराया गया। राज्य सरकार की दोपहर के भोजन की योजना उपलब्ध है। बोर्ड वर्ष में दो बार छात्रों की निःशुल्क चिकित्सा जांच की सुविधा देता है। प्राइमरी अनुभाग तथा अपर प्राइमरी अनुभाग दोनों के अध्यापकों के लिए राज्य सरकार प्राधिकारियों द्वारा समय-समय पर सेवाकालीन प्रशिक्षण चलाया गया। सभी अध्यापकों ने ब्लॉक संसाधन केन्द्र, कुनूर द्वारा संचालित 12 दिनों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। सभी छात्रों को निःशुल्क कम्प्यूटर शिक्षा प्रदान की जाती है।

**7. बच्चों के लिए विशेष उपाय**

**(i) विशेष रूप से सक्ष्म (अशक्त) बच्चे**

छावनी बोर्ड ने विशेष रूप से सक्षम (अशक्त) बच्चों के लिए "अभय" नामक केन्द्र स्थापित किया गया है।

**8. पर्यावरण तथा सफाई**

**(i) सामान्य सफाई**

छावनी में सफाई का स्तर सन्तोषजनक पाया गया। इसकी स्थित को सुधारने के लिए स्वच्छ भारत के अंतर्गत एक पंचवर्षीय योजना कार्यान्वित की गई है।

**(ii) पॉलीथीन के प्रयोग पर प्रतिबंध**

बोर्ड ने हर बार गलती करने पर एक संगठित शुल्क लगाने का संकल्प लिया है।

**(iii) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार के लिए किए गए प्रयास**

वेलिंगटन को कूड़ारहित मॉडल छावनी बनाने के लिए मिशन- शून्य कूड़ा शुरू किया गया छावनी बोर्ड द्वारा घर-घर जाकर कूड़ा एकत्रित करना और जैविक तथा अजैविक कूड़े को अलग-अलग करना शुरू किया गया। इस अपशिष्ट से वर्मी-वानस्पतिक खाद बनाने की प्रक्रिया द्वारा प्रयोग में लाया जाता है। पुनरावर्तन उद्योगों को पुनरावर्तन के लिए बेचा जाता है।

**(iv) वृक्षारोपण**

कलेंडर वर्ष 2015 के दौरान लगभग 1000 शोला वृक्ष के पौधे लगाए गए। उनमें से 40 प्रतिशत बचे रहे।

**(v) अन्य पहल**

सभी सार्वजनिक सामूहिक शौचालयों का जलापूर्ति, विद्युत, टाइल लगी फ्लोर इत्यादि से नवीनीकरण किया जा रहा है। समय-समय पर कीटनाशकों का छिड़काव और फोगिंग किया जा रहा है। घास की छटाई के लिए समय-समय पर घास काटने वाली मशीनों का प्रयोग किया जाता है। ई-प्रापण के माध्यम से निविदा आमंत्रित करके प्राथमिकता पर सभी बस शेल्टरों पर जैव उपाचक युक्त ई-शौचालय की व्यवस्था करने पर भी विचार किया गया। बोर्ड के सीवेज टैंकर को गंदगी हटाने के उद्देश्य से तैयार रखा गया है। सीवेज के अंतिम निपटान के लिए ओक्सीडेशन बॉन्ड की व्यवस्था प्रक्रियाधीन है। स्वच्छ भारत कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों को शुरू करने के लिए पंचवर्षीय योजना बनाई गई है तथा समय-समय पर विशेष सफाई अभियान आयोजित किया गया।

**9. जन स्वास्थ्य**

**(i) अस्पताल तथा औषधालय**

बोर्ड 30 बिस्तरों वाला एक अस्पताल चलाता है। आपातकालीन रोगियों का इलाज 24 घंटे किया जाता है। सेमी-ऑटो एनालाइजर, ईसीजी और एक्सरे सुविधा युक्त एक

पूर्णतया सुसज्जित प्रयोगशाला की व्यवस्था की गई है। आईसीयू और प्रसूति कक्षा उपलब्ध हैं। बोर्ड तीन प्रोबअल्ट्रासाउंड मशीन लगाने की प्रक्रिया में है और इसके लिए पीएनडीटी लाइसेंस प्राप्त कर लिया गया है। आई फाउंडेशन, ऊटी की सहायता से सभी सुविधाओं युक्त नेत्र देखभाल केंद्र शुरू किया गया है। एक दन्त देखभाल यूनिट शुरू की गई है।

**(ii) वरिष्ठ नागरिकों के लिए किए गए विशेष उपाय**

84 रोगियों की पहचान कर ली गई है और महीने में एक बार उनके घर जाकर निःशुल्क उपचार किए जाता है। आपातकालीन स्थिति में उनको एम्बुलेंस द्वारा अस्पताल में ले जाया जाता है।

**(iii) किशोरी क्लिनिक**

विजिटिंग स्त्री रोग चिकित्सक द्वारा सभी किशोर लड़कियों को परामर्श दिया जाता है।

**(iv) जननी सुरक्षा योजना**

तमिलनाडु राज्य सरकार छावनी क्षेत्र में सभी मातृत्व मामलों में 12000/- रूपये की वित्तीय सहायता प्रदान करती है। यह सुविधा छावनी क्षेत्र को कवर करने वाली येदापल्ली प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा प्रदान की जाती है।

**(v) एचआईवी जांच सुविधा**

छावनी में यह सुविधा उपलब्ध है।

**(vi) चलता-फिरता औषधालय**

जरूरतमन्द वरिष्ठ नागरिकों को उनके घर पर चलते फिरते औषधालय सेवा की सुविधा दी गई। अत्यंत बीमार रोगियों को घर से अस्पताल लाने के लिए एम्बुलेंस की सुविधा का प्रयोग किया जाता है।

**(vii) विशेष चिकित्सा शिविर**

मधुमेह और हाइपर टेंशन का पता लगाने के लिए एक विशेष शिविर आयोजित किया गया और 136 रोगियों ने इसका लाभ उठाया। छावनी क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा नियमित चिकित्सा शिविर लगाए जाते हैं। वेलिंगटन के वाई'स मैन क्लब और विक्रम ईएनटी अस्पताल, कोयंबटूर की सहायता से एक ईएनटी विशेषज्ञ शिविर आयोजित किया।

**(viii) छावनी बोर्ड कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल उपाय**

अस्पताल में छावनी कर्मचारियों की पूरी वार्षिक स्वास्थ्य जांच की जाती है तथा उनके स्वास्थ्य कार्ड अस्पताल में रखे जाते हैं। छावनी बोर्ड कर्मचारियों के आश्रित अस्पताल में निःशुल्क उपचार पाते हैं।

## 10. सामान्य प्रशासन

**(i) नई पेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्थिति**

नई पेंशन योजना लागू की गई है।

**(ii) खातों की लेखापरीक्षा**

स्थानीय लेखापरीक्षा प्राधिकारी द्वारा 30.09.2014 तक के खातों की लेखापरीक्षा की गई।

**(iii) शिकायत निवारण प्रणाली**

जनता किसी भी कार्य दिवस को शिकायत दर्ज करने या मुख्य अधिशासी अधिकारी से मिलने के लिए स्वतंत्र है।

**(iv) जनहित में कोई अन्य पहल**

रक्षा भूमि की सीमा और अतिक्रमण का पता लगाने के लिए छावनी का सर्वे किया गया। पारदर्शिता बनाने हेतु ई-प्रापण और ई-निविदा शुरू की गई। एक बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली शुरू की गई है।

**11. भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन तथा आधुनिकीकरण**

**(i) सूचना प्रौद्योगिकी अनुभाग का सृजन**

छावनी बोर्ड कार्यालय में एक योग्य स्टाफ युक्त आईटी अनुभाग कार्यशील है।

**(ii) रक्षा भूमि कार्यान्वयन की स्थिति**

रक्षा भूमि सॉफ्टवेयर वर्जन 4.0 लगाया गया है। रक्षा भूमि सॉफ्टवेयर में सभी प्रविष्टियों पर डिजिटल हस्ताक्षर किए गए हैं तथा नियमित रूप से अद्यतन किया की गई।

**(iii) दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली**

एल्फ्रेस्को दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली लागू की गई है। स्कैन्ड फाइलों को एल्फ्रेस्को स्कैनर और एयू एवं आरसी सर्वर पर अपलोड कर दिया गया है।

**(iv) कार्यालय प्रक्रिया के स्वचलीकरण के लिए उठाए गए कदम**

छावनी बोर्ड कार्यालय में लेखा अनुभाग, राजस्व अनुभाग, स्वास्थ्य अनुभाग, इंजीनियरी अनुभाग तथा अस्पताल जैसे सभी अनुभागों को कम्प्यूटरीकृत किया गया है। कार्यालय तथा अस्पताल का लगभग 95 प्रतिशत नेमी कार्य कम्प्यूटरीकृत है और अद्यतन कार्य जरूरत के अनुसार प्रगति पर है।

**(v) कार्यालय रिकॉर्ड का अंकीकरण**

स्कैनिंग का प्रथम चरण पूरा कर लिया गया है और बची हुई फाइलों का दूसरा चरण 30.06.2015 तक पूरा कर लिया जाएगा।

**12. अग्निशमन**

अग्निशमन सहायता के लिए बोर्ड तमिलनाडु राज्य सरकार की अग्निशमन सेवा पर निर्भर है।

**13. जन्म तथा मृत्यु**

वर्ष के दौरान 178 जन्म तथा 98 मृत्यु का पंजीकरण किया गया।




MygkSth Nkouh esa fu%'kqYd u= f'kfoj



*ojyh* fp=dkjh djrs gq, vgenuxj Nkouh ds cPps



jkuh[kr Nkouh e *fe'ku [kcl jr*




tykigkM Nkouh ckM dk cPpk }kjk LoPN Hkkjr vfHk;ku jlyh



cknkehckx Nkouh e o’k 2014 e ck< jkgr o ejEer dk;






dkuiqj Nkouh esa fo”k’k cPpksa gsrq *izsj.kk* Ldwy




vgenuxj Nkouh esa Nkouh ckMZ Ldwy }kjk *ojyh* “kSyh esa fpf=r xkSre cq) tkWfxx ikdZ



f”kykx Nkouh e vk;kftr fpfdRlk f”kfoj




vEckyk Nkouh e ;kx fnol o lkbfdy forj.k




ve`rlj Nkouh esa Nk=ksa dk fy, LokLF; f"kfoj



Qhjkstiqj Nkouh esa O;olkf;d izf"k{k.k dsUnz




j{kk lEink fnol] 2014 d volj ij
y[kuÅ Nkouh ifj'kn d Ldyh cPp lkLÑfrd uR; iLrqr djr g,A




j{kk lEink fnol] 2014 d volj ij
tkyU/kj Nkouh ifj'kn d Ldyh cPp **HkxMk** iLrqr djr g,A




tcyiqj Nkouh ifj'kn dh
**efnrk** Ldwy dh fo"ks'k :i ls l{ke cPpksa }kjk iLrqr uR;A



egkfuns"kd] j{kk lEink ,oa lh-bZ-vks-] fnYyh Nkouh 02 vDrwcj] 2014 dks LoPNrk "kiFk fnykrs gq,A

# परिशिष्ट

# छावनियों के मूल आंकड़े

| Ø- l- | Nkouh dk uke | Nkouh dk LFkkiuk o'k | 2011 dh tux.kuk dh vuqlkj dqy vkcknh | J.kh | 2014&15 esa fn;k x;k lgk;rk vuqnku ¼:i;k esa½ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | आगरा | 1805 | 53137 | I | 77000000 |
| 2 | अहमदाबाद | 1890 | 14345 | II | 0 |
| 3 | अहमदनगर | 1879 | 28986 | II | 63448496 |
| 4 | अजमेर | 1962 | 3530 | III | 0 |
| 5 | इलाहाबाद | 1857 | 39684 | II | 31992450 |
| 6 | अल्मोड़ा | 1815 | 1391 | IV | 11547009 |
| 7 | अम्बाला | 1825 | 55370 | I | 60000000 |
| 8 | अमृतसर | 1856 | 10410 | II | 45000000 |
| 9 | औरंगाबाद | 1890 | 18051 | II | 0 |
| 10 | बबीना | 1959 | 27852 | II | 44335260 |
| 11 | बादामी बाग | 1954 | 22214 | II | 89158038 |
| 12 | बकलोह | 1866 | 1805 | IV | 24405264 |
| 13 | बरेली | 1811 | 30005 | II | 30000000 |
| 14 | बैरकपुर | 1765 | 17322 | II | 60000000 |
| 15 | बेलगाम | 1832 | 19411 | II | 0 |
| 16 | कन्नौर | 1941 | 22577 | II | 94302260 |
| 17 | चकराता | 1938 | 4798 | III | 10129751 |
| 18 | क्लेमेंट टॉउन | 1869 | 5117 | III | 84946367 |
| 19 | दगशाई | 1847 | 2904 | III | 44325536 |
| 20 | डलहौजी | 1867 | 3549 | III | 34160224 |
| 21 | दानापुर | 1765 | 28743 | II | 51200000 |
| 22 | देहरादून | 1913 | 52716 | I | 105000000 |
| 23 | देहु रोड | 1958 | 49861 | II | 0 |
| 24 | दिल्ली | 1914 | 110351 | I | 0 |
| 25 | देवलाली | 1869 | 54027 | I | 76900437 |
| 26 | फैजाबाद | 1856 | 12391 | II | 70502985 |
| 27 | फतेहगढ़ | 1870 | 14793 | II | 15652228 |
| 28 | फिरोजपुर | 1839 | 53199 | I | 87238680 |
| 29 | जबलपुर | 1818 | 72257 | I | 0 |
| 30 | जालन्धर | 1848 | 47845 | II | 113434294 |
| 31 | जलापहाड़ | 1848 | 1711 | IV | 3,89,22,148 |
| 32 | जम्मू | 1954 | 28396 | II | 43710328 |
| 33 | झांसी | 1842 | 28343 | II | 76529728 |
| 34 | जतोग | 1843 | 2062 | IV | 28133800 |
| 35 | कामठी | 1821 | 12457 | II | 0 |
| 36 | कानपुर | 1811 | 108534 | I | 0 |
| 37 | कसौली | 1850 | 3885 | III | 60000000 |
| 38 | खसयोल | 1942 | 12028 | II | 60000000 |
| 39 | किरकी | 1817 | 70399 | I | 0 |
| 40 | लंढ़ौर | 1872 | 3539 | III | 35731120 |
| 41 | लैन्सडोन | 1887 | 11334 | III | 82138490 |
| 42 | लेबांग | 1882 | 1397 | IV | 19680453 |
| 43 | लखनऊ | 1862 | 63003 | I | 184080448 |
| 44 | मथुरा | 1833 | 25603 | II | 5566768 |
| 45 | मेरठ | 1803 | 72194 | I | 191492000 |
| 46 | महू | 1818 | 69281 | I | 0 |
| 47 | मोरार | 1956 | 48464 | II | 0 |

# छावनियों के मूल आंकड़े

| Ø- l- | Nkouh dk uke | Nkouh dk LFkkiuk o'k | 2011 dh tux.kuk dk vuqlkj dqy vkcknh | Js.kh | 2014&15 ea fn;k x;k lgk;rk vuqnku ¼:i;k ea½ |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 48 | नैनीताल | 1878 | 1398 | IV | 14528270 |
| 49 | नसीराबाद | 1818 | 50804 | I | 52305227 |
| 50 | पचमढ़ी | 1872 | 12062 | II | 85451012 |
| 51 | पुणे | 1817 | 71781 | I | 31992450 |
| 52 | रामगढ़ | 1941 | 88781 | I | 16628173 |
| 53 | रानीखेत | 1869 | 18886 | II | 128035974 |
| 54 | रूड़की | 1853 | 14356 | II | 30263766 |
| 55 | सागर | 1835 | 40513 | II | 0 |
| 56 | सिकन्दराबाद | 1806 | 217910 | I | 0 |
| 57 | शाहजहांपुर | 1835 | 18116 | II | 28224674 |
| 58 | शिलांग | 1885 | 11919 | II | 69363000 |
| 59 | सेंट थामस माऊंट | 1774 | 43795 | II | 0 |
| 60 | सुबाथू | 1875 | 3685 | III | 44021988 |
| 61 | वाराणसी | 1811 | 14119 | II | 9300000 |
| 62 | वेलिंगटन | 1853 | 19462 | II | 206700000 |

| छावनी की श्रेणी | सदस्यों की कुल संख्या | | बोर्डो की संख्या |
|---|---|---|---|
| | नामांकित | कुल | |
| | | | |
| I | 8 | 16 | 16 |
| | | | |
| II | 7 | 14 | 31 |
| | | | |
| III | 6 | 12 | 9 |
| | | | |
| IV | 2 | 4 | 6 |

# 2014&15 में आयोजित छावनी परिषदों की बैठक

| क्र.सं. | छावनी का नाम | साधारण | विशेष | क्र.सं. | छावनी का नाम | साधारण | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आगरा | 1 | 5 | 32 | जम्मू | 6 | 2 |
| 2 | अहमदाबाद | 5 | 4 | 33 | झांसी | 7 | 7 |
| 3 | अहमदनगर | 8 | 4 | 34 | जतोग | 5 | 0 |
| 4 | अजमेर | 2 | 8 | 35 | कामठी | 6 | 3 |
| 5 | इलाहाबाद | 9 | 4 | 36 | कानपुर | 3 | 7 |
| 6 | अल्मोड़ा | 4 | 2 | 37 | कसौली | 9 | 7 |
| 7 | अम्बाला | 10 | 4 | 38 | खसयोल | 8 | 3 |
| 8 | अमृतसर | 9 | 3 | 39 | किरकी | 1 | 7 |
| 9 | औरंगाबाद | 5 | 4 | 40 | लंढ़ौर | 11 | 2 |
| 10 | बबीना | 5 | 4 | 41 | लैन्सडोन | 6 | 0 |
| 11 | बादामी बाग | 7 | 2 | 42 | लेबांग | 6 | 0 |
| 12 | बकलोह | 4 | 3 | 43 | लखनऊ | 8 | 4 |
| 13 | बरेली | 11 | 5 | 44 | मथुरा | 12 | 3 |
| 14 | बैरकपुर | 9 | 6 | 45 | मेरठ | 8 | 3 |
| 15 | बेलगाम | 4 | 3 | 46 | महू | 6 | 2 |
| 16 | कन्नौर | 8 | 1 | 47 | मोरार | 4 | 1 |
| 17 | चकराता | 2 | 4 | 48 | नैनीताल | 4 | 2 |
| 18 | क्लेमेंट टॉउन | 14 | 3 | 49 | नसीराबाद | 3 | 6 |
| 19 | दगशाई | 9 | 7 | 50 | पचमढ़ी | 2 | 4 |
| 20 | डलहौजी | 4 | 5 | 51 | पुणे | 5 | 7 |
| 21 | दानापुर | 5 | 4 | 52 | रामगढ़ | 5 | 7 |
| 22 | देहरादून | 10 | 10 | 53 | रानीखेत | 8 | 3 |
| 23 | देहु रोड | 5 | 2 | 54 | रूड़की | 4 | 5 |
| 24 | दिल्ली | 7 | 3 | 55 | सागर | 1 | 8 |
| 25 | देवलाली | 2 | 14 | 56 | सिकन्दराबाद | 3 | 4 |
| 26 | फैजाबाद | 9 | 2 | 57 | शाहजहांपुर | 4 | 4 |
| 27 | फतेहगढ़ | 5 | 6 | 58 | शिलांग | 5 | 3 |
| 28 | फिरोजपुर | 8 | 4 | 59 | सेंट थामस माऊंट | 3 | 2 |
| 29 | जबलपुर | 5 | 3 | 60 | सुबाथू | 6 | 4 |
| 30 | जालन्धर | 8 | 6 | 61 | वाराणसी | 2 | 3 |
| 31 | जलापहाड़ | 3 | 1 | 62 | वेलिंगटन | 10 | 3 |

# o"k 2014&15 dk okf"kd lefdr y[kk & ikflr;k ¼okLrfod½ :i;k esa

| Ø-l- | Nkouh dk uke | nj vkj dj | lok iHkkj | dkth gkml vkj ?kkMk xkMh | lEifr l iklr jktLo | lfud lQkbZ 0;oLFkk | fofo/k | vuqnku ,o vf'knku | v lk/kkj.k ,o _.k | dqy | vkfn 'k"k | dqy ;kx |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | vkxjk | 11989182 | 157238912 | 42680 | 51926522 | 57213838 | 730000 | 77000000 | 10117079 | 366258213 | 88135023 | 454393236 |
| 2 | vgenkckn | 4214660 | 10000000 | 0 | 27442954 | 3353858 | 4195365 | 2372000 | 70506329 | 122085166 | 12812401 | 134897567 |
| 3 | vgenuxj | 41763276 | 10363511 | 149944 | 31799390 | 6946319 | 2014006 | 70735179 | 73625738 | 237397363 | 26596638 | 263994001 |
| 4 | vtej | 330665 | 16000000 | 0 | 4846470 | 1321939 | 37494 | 47409179 | 69275 | 70015022 | 4827751 | 74842773 |
| 5 | bykgkckn | 4263357 | 103889805 | 300 | 23998876 | 30316414 | 489726 | 31992450 | 121110024 | 316060951 | 47899620 | 363960571 |
| 6 | vYeksM+k | 117658 | 774182 | 0 | 4405246 | 3190763 | 142694 | 11547009 | 209211 | 20386763 | 44952649 | 65339412 |
| 7 | vEckyk | 8266384 | 63795472 | 30885 | 26224213 | 66353316 | 1420514 | 66236558 | 12964599 | 245291941 | 140978765 | 386270706 |
| 8 | ver lj | 648804 | 50000000 | 0 | 598777 | 26888884 | 575639 | 45000000 | 680358 | 124392462 | 24279284 | 148671746 |
| 9 | vkjxkckn | 128992705 | 6957411 | 0 | 6716905 | 7040441 | 6961017 | 2750 | 1001472 | 157672701 | 37516981 | 195189682 |
| 10 | cchuk | 2072379 | 130584225 | 1355 | 4000607 | 44191346 | 1425671 | 44335260 | 18145264 | 244756107 | 27179928 | 271936035 |
| 11 | ckn[email protected] ckx | 85600 | 28238042 | 141009 | 14040831 | 57707772 | 176966 | 89212424 | 1741705 | 191344349 | 105281319 | 296625668 |
| 12 | cdykg | 177992 | 1431391 | 3250 | 970678 | 3258454 | 44705 | 24405264 | 247900 | 30539634 | 22079168 | 52618802 |
| 13 | cjyh | 3451307 | 147607564 | 55784 | 6287390 | 54768810 | 14141295 | 30000000 | 25328120 | 281640270 | 7892552 | 289532822 |
| 14 | cjdij | 5029143 | 71088444 | 4200 | 13551772 | 18839742 | 270077 | 89335757 | 213151858 | 411270993 | 4964598 | 416235591 |
| 15 | cyxke | 5639773 | 90624243 | 4532191 | 15915660 | 14132250 | 1087613 | 0 | 144086592 | 276018322 | 7191676 | 283209997 |
| 16 | dUukj | 3514650 | 5460969 | 7950 | 4063803 | 5289065 | 1329284 | 10129751 | 10657382 | 40452854 | 18141098 | 58593952 |
| 17 | pdjkrk | 2060349 | 2047737 | 125 | 5425029 | 4649544 | 343618 | 84946367 | 103932 | 99576701 | 49899095 | 149475796 |
| 18 | DyeV Vkmu | 2797722 | 13973476 | 4250 | 5072844 | 27992113 | 5048072 | 94302260 | 13650757 | 162841494 | 42727349 | 205568843 |
| 19 | nx'kkb | 845609 | 6920626 | 0 | 669490 | 4261353 | 4531836 | 44325536 | 1001675 | 62556125 | 50539355 | 113095480 |
| 20 | Mygkth | 5479086 | 3068016 | 100 | 2119628 | 11624912 | 152446 | 34160224 | 515022 | 57119434 | 28355973 | 85475407 |
| 21 | nkukij | 380549 | 9223579 | 282 | 14642707 | 37942227 | 1052670 | 53002314 | 14497986 | 130742314 | 77963041 | 208705355 |
| 22 | ngjknu | 29588529 | 76024254 | 24660 | 6657724 | 48200000 | 3921592 | 115530845 | 107256987 | 387204591 | 15644707 | 402849298 |
| 23 | ng jkM | 168127525 | 13668302 | 0 | 37229853 | 20134216 | 8876328 | 0 | 62109554 | 310145748 | 27314671 | 337460419 |
| 24 | fnYyh | 109112921 | 325992035 | 164250 | 777617688 | 153097622 | 9332262 | 76417919 | 7678889488 | 9130624185 | 172711560 | 9303335745 |
| 25 | noykyh | 52797999 | 50000000 | 91098 | 29540835 | 23152566 | 1691160 | 121415047 | 271269173 | 549957878 | 128556470 | 678514348 |
| 26 | Qtkckn | 688049 | 12353683 | 54150 | 4035330 | 21264914 | 521937 | 70502985 | 12232600 | 121653648 | 19670792 | 141324440 |
| 27 | Qrgx< | 140804 | 73522690 | 1121 | 1503414 | 19999999 | 333669 | 15652228 | 31901071 | 143054996 | 5327794 | 148382790 |
| 28 | fQjkstij | 55314516 | 65615880 | 34881 | 29566939 | 114612367 | 1960970 | 87238680 | 1948260 | 356292493 | 111720317 | 468012810 |
| 29 | tcyij | 137181950 | 15135285 | 184950 | 27870040 | 109712831 | 5446390 | 260000 | 144993751 | 440785197 | 84012715 | 524797912 |
| 30 | tkyU/kj | 72209962 | 80801198 | 146080 | 8181692 | 47376562 | 13180636 | 113434294 | 3275487 | 338605911 | 88738003 | 427343914 |
| 31 | tykigkM | 76090 | 2145683 | 0 | 147573 | 7775154 | 2553207 | 38922148 | 1600141 | 53219996 | 48933897 | 102153893 |
| 32 | tEe | 571166 | 45051592 | 0 | 7757336 | 37111221 | 802183 | 43710328 | 503400 | 135507226 | 104562840 | 240070066 |
| 33 | >klh | 9207606 | 156963976 | 1295 | 10682428 | 53038124 | 27724751 | 76529728 | 12366405 | 346514313 | 102761900 | 449276213 |
| 34 | trkx | 254079 | 1808378 | 0 | 4262631 | 6259524 | 64181 | 28133800 | 39540 | 40822133 | 37668531 | 78490664 |

# o"k 2014&15 dk okf"kd lefdr ys[kk & ikfLr;k ¼okLrfod½ :i;k e

| Ø-l- | Nkouh dk uke | njs vkj dj | lok iHkkj | dk th gkm l vkj ?kkMk xkMh | lEifr l| ikIr jktLo | lfud lQkbl 0;oLFkk | fofo/k | vuqnku ,o vi'kknu | v lk/kkj.k ,o _.k | dqy | vkfn 'k"k | dqy ;kx |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 35 | dkeBh | 19809333 | 50000000 | 75789 | 14413140 | 7562892 | 6580208 | 19311854 | 6519311 | 124272527 | 91254632 | 215527159 |
| 36 | dkuij | 15671718 | 339566704 | 32302 | 23374068 | 41823850 | 4199461 | 0 | 3660091 | 428328194 | 230208940 | 658537134 |
| 37 | dlkyh | 4202608 | 81120043 | 0 | 12938348 | 5139014 | 5918533 | 60000000 | 4550948 | 173869494 | 82066419 | 255935913 |
| 38 | [kl;ky | 4612320 | 5782995 | 0 | 2467380 | 11865659 | 366936 | 60000000 | 2447640 | 87542930 | 35080909 | 122623839 |
| 39 | fdjdh | 126995880 | 59448751 | 320 | 120383639 | 66810239 | 11191259 | 3837896 | 893195059 | 1281863043 | 47881269 | 1329744312 |
| 40 | y<kj | 1016491 | 3459462 | 0 | 2713549 | 0 | 0 | 35731120 | 145735 | 43066357 | 45534596 | 88600953 |
| 41 | yUlMku | 2275217 | 7220643 | 0 | 7938632 | 6083596 | 1682134 | 85568446 | 12227361 | 122996029 | 39342559 | 162338588 |
| 42 | yckx | 45535 | 1050105 | 0 | 1181339 | 5651652 | 870 | 19680453 | 133783 | 27743737 | 23649330 | 51393066 |
| 43 | y[kuÅ | 21997225 | 138295574 | 306966 | 15082057 | 85107490 | 8014706 | 184080448 | 43666605 | 496551071 | 22046598 | 518597669 |
| 44 | eFkjk | 1635041 | 64576131 | 1200 | 1660834 | 39731890 | 489778 | 5566768 | 27514572 | 141176214 | 4978194 | 146154408 |
| 45 | ejB | 61785369 | 201432000 | 1911 | 22145504 | 54399832 | 4921219 | 213489362 | 7757421 | 565932618 | 48865147 | 614797765 |
| 46 | eg | 122653665 | 57140501 | 37600 | 11756185 | 50765514 | 545684 | 1000 | 136922576 | 379822725 | 15799483 | 395622208 |
| 47 | ekjkj | 2159263 | 10000000 | 1125 | 2363391 | 11010177 | 179605 | 0 | 58564327 | 84277888 | 204426705 | 288704593 |
| 48 | uuhrky | 586045 | 9186952 | 0 | 5289492 | 3797262 | 39747 | 14528270 | 130073 | 33557841 | 89615761 | 123173602 |
| 49 | ulhjkckn | 3312291 | 70000000 | 48616 | 2844362 | 2766283 | 468257 | 52305227 | 10543733 | 142288769 | 18614816 | 160903585 |
| 50 | ipe<h | 15444454 | 16465591 | 1185 | 5996554 | 0 | 436608 | 85451012 | 6073871 | 129869275 | 35763940 | 165633215 |
| 51 | i.k | 451364384 | 10000000 | 10000 | 118631496 | 24154819 | 10418447 | 141699678 | 232510205 | 988789029 | 105759950 | 1094548979 |
| 52 | jkex< | 4326531 | 48421468 | 0 | 9394229 | 32417170 | 3264265 | 333434698 | 32405903 | 463664264 | 25629875 | 489294139 |
| 53 | jkuh[kr | 6115971 | 14679401 | 0 | 22282317 | 21678296 | 1797317 | 141795386 | 69114972 | 277463660 | 22486747 | 299950407 |
| 54 | :Mdh | 252337 | 62710306 | 0 | 12613294 | 34310323 | 299859 | 30263766 | 40381763 | 180831648 | 17874827 | 198706475 |
| 55 | lkxj | 95489027 | 145249343 | 55745 | 20850995 | 17496184 | 914538 | 2600000 | 64834010 | 347489842 | 68392368 | 415882210 |
| 56 | fldUnjkckn | 713223248 | 108513805 | 2662556 | 141438166 | 65941002 | 26993994 | 271812 | 255781221 | 1314825804 | 63413150 | 1378238954 |
| 57 | 'kkgtgkij | 557483 | 28465430 | 2250 | 16652250 | 16415406 | 617614 | 28224674 | 11248308 | 102183415 | 17219033 | 119402448 |
| 58 | f'kykx | 2207983 | 10000000 | 0 | 26077203 | 12020312 | 3856590 | 71849108 | 434511096 | 560522292 | 11471133 | 571993425 |
| 59 | lV Fkkel ekÅV | 91619713 | 10000000 | 0 | 46980509 | 22389142 | 60634166 | 3203451 | 294026121 | 528853102 | 37838469 | 566691572 |
| 60 | lckFk | 863351 | 6349334 | 0 | 10256578 | 5400869 | 2647197 | 44024614 | 898816 | 70440759 | 34190648 | 104631407 |
| 61 | okjk.kl h | 4729264 | 81981885 | 199655 | 19518766 | 9999665 | 1715733 | 9354030 | 67180097 | 194679095 | 30862239 | 225541334 |
| 62 | ofyxVu | 4482196 | 22527411 | 0 | 7792566 | 26732899 | 6786541 | 206700000 | 26787748 | 301809361 | 17939741 | 319749102 |
| | dy | **2646825989** | **3512014396** | **9114010** | **1914810117** | **1830489897** | **287561240** | **3591171357** | **11805531500** | **25597518475** | **3306045940** | **28903564416** |

# o"kZ 2014&15 dk okf"kZd lefdr ys[kk & 0;; ¼okLrfod½ :i;s esa

| Ø-l- | Nkouh dk uke | lkekU; ii'kklu jktLo dh olwyh vkj okil h | ey fuek.k | vuqj{k.k | lkoZtfud lqj{kk | fpfdRlk lok vkj LoPNrk rFkk lU; lQkbZ 0;oLFkk | lkoZtfud vuqn'k | lkekU; ii;ktuk ii'ku rFkk xP;Mh dj fy, vi'knku | vlk/kkj.k _.k | fofo/k | vlk/kkj.k vkj _.k ¼vfxze rFkk tek½ | dqy | vUr 'ks"k | dqy ;ksx |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 1 | vkxjk | 15075930 | 13319200 | 28853328 | 17313411 | 102027306 | 27049564 | 40500000 | 19399757 | 3372762 | 5361404 | 272272662 | 182120574 | 454393236 |
| 2 | vgenkckn | 5028361 | 1806339 | 16050550 | 5500104 | 25788749 | 11624722 | 6373270 | 329434 | 3621485 | 22093102 | 98216116 | 36681451 | 134897567 |
| 3 | vgenuxj | 7473946 | 912506 | 22586587 | 7756894 | 55801094 | 17988493 | 35257852 | 11641692 | 1700682 | 80993611 | 242113357 | 21880644 | 263994001 |
| 4 | vtej | 3432860 | 0 | 478476 | 1263327 | 5079952 | 1837 | 4711839 | 282209 | 464896 | 50124200 | 65839596 | 9003177 | 74842773 |
| 5 | bykgkckn | 9612758 | 5823165 | 53655795 | 11749777 | 66722431 | 19945670 | 45081609 | 0 | 3339541 | 63308624 | 279239370 | 84721201 | 363960571 |
| 6 | vYekMk | 2104906 | 0 | 1093670 | 1481961 | 8376050 | 102495 | 4196927 | 0 | 524005 | 223811 | 18103825 | 47235587 | 65339412 |
| 7 | vEckyk | 13894761 | 0 | 54225846 | 21005427 | 87925492 | 25370505 | 42227950 | 0 | 6541853 | 83574500 | 334766334 | 51504372 | 386270706 |
| 8 | verlj | 6402937 | 0 | 25237743 | 4433307 | 49958107 | 4430353 | 15825532 | 0 | 642409 | 994387 | 107924775 | 40746971 | 148671746 |
| 9 | vkjxkckn | 10526807 | 824630 | 34057428 | 18712608 | 34564795 | 199461 | 10132761 | 30000000 | 4854003 | 5099952 | 148972445 | 46217237 | 195189682 |
| 10 | cchuk | 14051510 | 0 | 30746643 | 6969476 | 71503620 | 11504799 | 14832000 | 5814512 | 1411926 | 2313704 | 159148190 | 112787845 | 271936035 |
| 11 | ckmkeh ckx | 6576842 | 0 | 40375054 | 10391436 | 98964219 | 3363106 | 12650000 | 500000 | 1901499 | 35483068 | 210205224 | 86420444 | 296625668 |
| 12 | cdykg | 3383251 | 0 | 3391622 | 553593 | 11415346 | 2934673 | 8251359 | 70000 | 398054 | 167800 | 30565698 | 22053104 | 52618802 |
| 13 | cjyh | 4802267 | 0 | 23054467 | 27272722 | 111762848 | 23714073 | 24984542 | 450189 | 1312343 | 45194900 | 262548351 | 26984471 | 289532822 |
| 14 | cjdij | 7467789 | NIL | 15344807 | 4838058 | 45426353 | 5702075 | 23402828 | 0 | 6156676 | 276448323 | 384786909 | 31448682 | 416235591 |
| 15 | cyxke | 7840189 | 0 | 22857599 | 7275410 | 35984194 | 15598308 | 25782957 | 6489954 | 2113283 | 136537643 | 260479537 | 22730460 | 283209997 |
| 16 | dUukj | 3939837 | 0 | 4105600 | 1351615 | 10291301 | 7658 | 7202175 | 720989 | 300779 | 21130643 | 49050597 | 9543355 | 58593952 |
| 17 | pdjkrk | 8189477 | 0 | 50586256 | 4305829 | 17112550 | 9872714 | 17424822 | 51400 | 113078 | 152660 | 107808786 | 41667010 | 149475796 |
| 18 | DyeV Vkmu | 5590620 | 0 | 40947387 | 5154138 | 45496200 | 9009447 | 19473000 | 0 | 2105122 | 14521527 | 142297441 | 63271402 | 205568843 |
| 19 | nx'kkb | 4983051 | 434080 | 10631225 | 2812969 | 12258012 | 444450 | 6345572 | 896927 | 952591 | 2470475 | 42229352 | 70866128 | 113095480 |
| 20 | Mygkth | 5480340 | 0 | 3490611 | 3575065 | 18972008 | 954587 | 8336615 | 0 | 1464746 | 415383 | 42689355 | 42786052 | 85475407 |
| 21 | nkukiij | 11879429 | 0 | 2836527 | 5921839 | 41995742 | 331760 | 13070575 | 0 | 2047952 | 2236892 | 80320716 | 128384639 | 208705355 |
| 22 | ngjknu | 19041135 | 0 | 13403531 | 9908305 | 83392669 | 15309218 | 40114000 | 272334 | 1909973 | 101748492 | 285099657 | 117749641 | 402849298 |
| 23 | ng jkM | 27778419 | 442617 | 47117375 | 21306930 | 87418553 | 54350160 | 46868497 | 21576352 | 20280196 | 7925687 | 335064786 | 2395633 | 337460419 |
| 24 | fnYyh | 37463619 | 742424 | 333912697 | 162314566 | 375037279 | 120754395 | 86985966 | 0 | 17313045 | 7818396183 | 8952920174 | 350415571 | 9303335745 |
| 25 | noykyh | 14297205 | 7620795 | 13361559 | 11245269 | 98687944 | 33687005 | 45967199 | 0 | 4081713 | 436994532 | 665943221 | 12571127 | 678514348 |
| 26 | Qtkckn | 4704629 | 0 | 16342324 | 3706337 | 31444638 | 4814124 | 9000000 | 1797171 | 850057 | 3988589 | 76647869 | 64676571 | 141324440 |
| 27 | Qrgx< | 5792921 | 0 | 17054945 | 6181233 | 29607259 | 9796159 | 13621328 | 0 | 739305 | 57255880 | 140049030 | 8333760 | 148382790 |
| 28 | fQjktij | 31888119 | 0 | 48979522 | 17692608 | 115734571 | 24694397 | 63208869 | 0 | 7363011 | 2658582 | 312219679 | 155793131 | 468012810 |
| 29 | tcyij | 21944016 | 0 | 84182248 | 23892112 | 150774995 | 25796358 | 33762977 | 1800000 | 3153627 | 99259666 | 444565999 | 80231913 | 524797912 |
| 30 | tkyU/kj | 43699951 | 0 | 29444541 | 11700503 | 120890751 | 54053421 | 70885891 | 0 | 4339239 | 5495355 | 340509652 | 86834262 | 427343914 |
| 31 | tykigkM | 5110533 | 0 | 17106527 | 4896532 | 13540120 | 1917364 | 4799399 | 287397 | 964093 | 14434845 | 63056811 | 39097082 | 102153893 |
| 32 | tEe | 7489301 | 556866 | 8853707 | 4036401 | 52023111 | 131202 | 12021975 | 0 | 1361036 | 727328 | 87200927 | 152869139 | 240070066 |
| 33 | >klh | 27968856 | 0 | 28525804 | 6906062 | 74721055 | 8839173 | 23856780 | 2804380 | 1407521 | 198249498 | 373279129 | 75997084 | 449276213 |
| 34 | trkx | 2812143 | 0 | 2993747 | 450119 | 8463460 | 4072624 | 5807327 | 75372 | 296115 | 9860 | 24980767 | 53509897 | 78490664 |

# o"k 2014&15 dk okf"kd lefdr y[kk & 0;; ¼okLrfod½ :i;k e

| Ø-l- | Nkouh dk uke | lkekU; iz'kklu jktLo dh olwyh vkj okilh | ey fuek.k | vuqj{k.k | lkoZtfud lqj{kk | fpfdRlk lok vkj LoPNrk rFkk lU; lQkbZ 0;oLFkk | lkoZtfud vuqn'k | lkekU; iz;ktuk iz'ku rFkk xP;wVh dk fy, vf'knku | vlk/kkj.k _.k | fofo/k | vlk/kkj.k vkj _.k ¼vfxze rFkk tek½ | dqy | vUr 'k"k | dqy ;kx |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 35 | dkeBh | 8366495 | 0 | 18231962 | 6001366 | 32563323 | 8252260 | 12464672 | 1108245 | 1059689 | 14937206 | 102985218 | 112541941 | 215527159 |
| 36 | dkuij | 22407824 | 0 | 131212468 | 30188647 | 111842538 | 30219706 | 50215589 | 2911058 | 6949874 | 176901254 | 562848958 | 95688176 | 658537134 |
| 37 | dlkyh | 7880229 | 0 | 11986265 | 4041236 | 21219449 | 3598494 | 18496846 | 941205 | 815198 | 3848252 | 72827174 | 183108739 | 255935913 |
| 38 | [kl;ky | 5544902 | 0 | 6094547 | 2903624 | 21482569 | 13002724 | 22263153 | 100000 | 1097307 | 2094226 | 74583052 | 48040787 | 122623839 |
| 39 | fdjdh | 20009568 | 40626910 | 46176004 | 2906231 | 205683505 | 73201761 | 100103190 | 703000000 | 49946594 | 13160750 | 1254814513 | 74929799 | 1329744312 |
| 40 | y<kj | 2120891 | 0 | 21050623 | 263352 | 5777721 | 0 | 5200000 | 289594 | 4938360 | 20360525 | 60001066 | 28599887 | 88600953 |
| 41 | yUlMku | 6479493 | 43474 | 39498905 | 3074777 | 25971725 | 7947008 | 23393868 | 848396 | 1420780 | 2600405 | 111278831 | 51059757 | 162338588 |
| 42 | yckx | 1979238 | 0 | 10160727 | 2575428 | 8751078 | 1736314 | 4554585 | 0 | 1104171 | 10040930 | 40902471 | 10490596 | 51393066 |
| 43 | y[kuÅ | 19263025 | 0 | 64112952 | 53231637 | 180909594 | 32463688 | 44506204 | 0 | 9968251 | 62754559 | 467209910 | 51387759 | 518597669 |
| 44 | eFkjk | 5366816 | 0 | 24171833 | 8975889 | 48680183 | 5567432 | 17214098 | 959399 | 763980 | 23369851 | 135069481 | 11084927 | 146154408 |
| 45 | ejB | 28513150 | 0 | 63979412 | 49865355 | 258344773 | 46810540 | 73223170 | 599400 | 5440161 | 9237603 | 536013564 | 78784201 | 614797765 |
| 46 | eg | 18998931 | 6359013 | 24221262 | 11742960 | 81104237 | 12598422 | 61147891 | 15112753 | 3386062 | 134497779 | 369169310 | 26452898 | 395622208 |
| 47 | ekjkj | 4533210 | 0 | 23121678 | 3058187 | 33128457 | 1194532 | 5543203 | 0 | 1178591 | 3826683 | 75584541 | 213120052 | 288704593 |
| 48 | uuhrky | 3686733 | 0 | 4077002 | 2355550 | 10430434 | 2019530 | 4525368 | 0 | 573026 | 846479 | 28514122 | 94659480 | 123173602 |
| 49 | ulhjkckn | 9985680 | 0 | 4668070 | 1915476 | 25796600 | 522592 | 30020000 | 40000000 | 14231242 | 1337141 | 128476801 | 32426784 | 160903585 |
| 50 | ipe<h | 5949941 | 0 | 43349435 | 3049789 | 25473979 | 4889745 | 8422099 | 0 | 1798310 | 7136328 | 100069626 | 65563589 | 165633215 |
| 51 | i.k | 26453719 | 2720000 | 153617778 | 71374909 | 221347267 | 101782438 | 126365854 | 0 | 34202241 | 168043614 | 905907820 | 188641159 | 1094548979 |
| 52 | jkex< | 43158303 | 1830070 | 35595738 | 7946999 | 49303417 | 1213087 | 22661015 | 27017449 | 6778877 | 15772093 | 211277048 | 278017091 | 489294139 |
| 53 | jkuh[kr | 17536610 | 0 | 28166128 | 10129064 | 45572658 | 16730073 | 36005785 | 6267417 | 633207 | 124550634 | 285591576 | 14358831 | 299950407 |
| 54 | :Mdh | 7398375 | 0 | 37357352 | 9067562 | 51771469 | 14514122 | 11156840 | 55704082 | 308069 | 0 | 187277871 | 11428604 | 198706475 |
| 55 | lkxj | 20546524 | 0 | 22704034 | 14980204 | 64844467 | 29771196 | 24300000 | 110300528 | 15638486 | 1967463 | 305052902 | 110829308 | 415882210 |
| 56 | fldUnjkckn | 35676995 | 33175244 | 236352604 | 50038115 | 348607263 | 1399559 | 95771744 | 295000000 | 214958240 | 7682473 | 1318662237 | 59576717 | 1378238954 |
| 57 | kkgtgkij | 5797158 | 0 | 2575623 | 2433878 | 22807699 | 3675953 | 12046606 | 0 | 1126253 | 43565355 | 94028525 | 25373923 | 119402448 |
| 58 | f'kykx | 7402687 | 0 | 13178680 | 3806924 | 19707284 | 3434822 | 13686076 | 1039121 | 4203547 | 491063976 | 557523118 | 14470308 | 571993425 |
| 59 | lV Fkkel ekÅV | 11385031 | 0 | 37978203 | 7120150 | 103613218 | 23049762 | 24430488 | 16091888 | 8258918 | 296549999 | 528477659 | 38213913 | 566691572 |
| 60 | lckFk | 5122330 | 360081 | 8268582 | 982602 | 14035186 | 132272 | 6218374 | 793674 | 598032 | 320752 | 36831885 | 67799522 | 104631407 |
| 61 | okjk.klh | 8172152 | 3265000 | 30176509 | 12043450 | 35887976 | 11324812 | 7066292 | 0 | 3732541 | 71547440 | 183216172 | 42325162 | 225541334 |
| 62 | ofyxVu | 10909606 | 0 | 77017580 | 14526664 | 52473346 | 13608429 | 28290303 | 0 | 1715764 | 35510319 | 234052011 | 85697091 | 319749102 |
|  | dy | **778374331** | **120862414** | **2364987703** | **844475968** | **4326294190** | **1013027622** | **1732257706** | **1383344278** | **506224388** | **11339515195** | **24409363797** | **4494200619** | **28903564416** |

## Nkouh ifj"knk }kjk vujf{kr Ldiy] vLirky rFkk vk"k/kky; 2014&15

| Ø-l- | Nkouh dk uke | Ldiy | v'kDr cPpk dk fy, dUnz | vLirky | | vk"k/kky; |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | l[;k | 'k¸;kvk dh l[;k | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | vkxjk | 3 ik-l-] 1 t-gk-l-] 1 gk-l-] 1 Convent | 1 | 1 | 30 | 'kU; |
| 2 | vgenkcknk | 1 ik-l-] 1 v-ek-l-] 1 gk-l- | 'kU; | 'kU; | 'kU; | 1 vk0ih0Mh0 |
| 3 | vgenuxj | 1 ih-ik-l-] 3 ik-l-] 1 gk-l- | 1 | 1 | 36 | nkjk vk/kkfjr py lok |
| 4 | vtej | NIL | 'kU; | 'kU; | 'kU; | cfgjx jkxh vk"k/kky; |
| 5 | bykgkckn | 1 gk-l-] 2 v-ek-l- | 'kU; | 1 | 24 | 3 |
| 6 | vYekMk | NIL | 'kU; | 'kU; | 'kU; | 1 |
| 7 | vEckyk | 2 ]-]l-] 3 ik-l-] 1] i-l- | 1 | 'kU; | 'kU; | 1 |
| 8 | verlj | 1 fe-l- | 'kU; | 'kU; | 'kU; | 1 |
| 9 | vkjxkckn | 1 ih-ik-l- | 1 | 1 | 20 | 1 |
| 10 | cchuk | 1 t-gk-l- | 'kU; | 1 | 8 | 'kU; |
| 11 | cknkeh ckx | 1 ih-ik-l- | 'kU; | 1 | 200 | 1 |
| 12 | cdykg | 1 gk-l-] 2 ik-l- | 1 | 1 | 2 | 'kU; |
| 13 | cjyh | 2 ik-l-]1 t-gk-l-] 1 IC | 'kU; | 1 | 32 | 'kU; |
| 14 | cjdij | 2 ik-l- | 1 | 1 | 25 | 'kU; |
| 15 | cyxke | t-gk-l--1] gk-l--2 | 1 | 1 | 40 | 'kU; |
| 16 | dUukj | 'kU; | 'kU; | 'kU; | 'kU; | 'kU; |
| 17 | pdjkrk | 2 ik-l- & 1 b-dk- | 'kU; | 'kU; | 'kU; | 'kU; |
| 18 | DyeV Vkmu | 1 t-gk-l- | 'kU; | 1 | 14 | 'kU; |
| 19 | nx'kkb | 1 v-ek-ik-l- | 1 | 'kU; | 'kU; | 1 |
| 20 | Mygkth | 1 ik-l- | 1 | 1 | 2 | 'kU; |
| 21 | nkukij | 'kU; | 'kU; | 'kU; | 'kU; | ikyh fDyfud&1 |
| 22 | ngjknu | 1 d-b-dk] 2 t-gk-l-] 1 v-ek-l- | 'kU; | 1 | 18 | 'kU; |
| 23 | ng jkM | 10 ik-l-] 1 gk-l- | 1 | 1 | 50 | 'kU; |
| 24 | fnYyh | 6 lh-l-l- 1 fe-l- | 1 | 'kU; | 'kU; | 'kU; |
| 25 | noykyh | 1 gk-l-] 5 ik-l- | 1 | 1 | 75 | 'kU; |
| 26 | Qtkckn | 1 t-gk-l- | 'kU; | 1 | 7 | 'kU; |
| 27 | Qrgx< | 1 ik-l-] 1 t-gk-l- | 'kU; | 'kU; | 'kU; | 1 |
| 28 | fQjktij | 1 gk-l-] 3 fe-l-] 1] fe-l- | 1 | 1 | 20 | 'kU; |
| 29 | tcyij | 1 gk-l-l-] 1 fe-l-] 1 fe-l-] 1 vk-u-l-] 3 v-ek-l- | 'kU; | 1 | 40 | 2 |
| 30 | tkyU/kj | 2 lh-l-l-] 1 ]-]l-] 4 ik-l- | 1 | 1 | 34 | 'kU; |
| 31 | tykigkM | 1 ik-l- | 'kU; | 'kU; | 'kU; | 1 |
| 32 | tEe | 'kU; | 1 | 1 | 35 | 'kU; |
| 33 | >klh | 3 ik-l-] 1 t-gk-l- | 1 | 1 | 40 | 1 |
| 34 | trkx | 1 fe-l- | 'kU; | 'kU; | 'kU; | 1 |
| 35 | dkeBh | 2 ik-l-] 1 v-ek-l- | 'kU; | 1 | 32 | 'kU; |
| 36 | dkuij | 1 gk-l-] 1 t-gk-l-] 6 ik-l- | 'kU; | 1 | 33 | 'kU; |
| 37 | dlkyh | 1 fe-l- | nx'kkb d lkFk l;Dr | 1 | 19 | 'kU; |

## Nkouh ifj"knk }kjk vuqjf{kr Ldwy] vLirky rFkk vk"k/kky; 2014&15

| Ø-l- | Nkouh dk uke | Ldwy | v'kDr cPpksa dk fy, dUnz | vLirky la[;k | 'k¸;kvksa dh la[;k | vk"k/kky; |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 38 | [kkl;ky | 4 ik-l-] 1 gk-l- | 1 | 1 | 20 | 'kU; |
| 39 | fdjdh | 2 ih-ik-l-] 4 ik-l-] 3 gk-l-] 1 t-dk] 1 v-ek-l- | 1 | 1 | 100 | ,ykifFkd&2 gksfe;kifFkd&2 |
| 40 | y<kj | 'kU; | 'kU; | 'kU; | 'kU; | 'kU; |
| 41 | yUlMkus | 1 ik-l-] 1 gk-l- | 'kU; | 1 | 33 | 'kU; |
| 42 | yckx | 1 ik-l- | 'kU; | 'kU; | 'kU; | 1 |
| 43 | y[kuÅ | 4 ik-l-] 2 t-gk-l-] 1 gk-l-] 1 v-ek-l- | 1 | 1 | 44 | 1 |
| 44 | eFkjk | 2 ik-l- | 'kU; | 'kU; | 'kU; | 1 |
| 45 | ejB | 2 ik-l-] 1 t-gk-l-] 1 v-ek-ik-l-] 1 b-dk- | 'kU; | 1 | 17 | 'kU; |
| 46 | eg | 1 ik-l-] 1fe-l-] 1 gk-l-l- | 'kU; | 'kU; | 'kU; | 1 |
| 47 | ekjkj | 1 v-ek-ik-l- | 'kU; | 1 | 2 | 'kU; |
| 48 | uuhrky | 1 ik-l- | 'kU; | 'kU; | 'kU; | 1 |
| 49 | ulhjkckn | 'kU; | 1 | 'kU; | 'kU; | 'kU; |
| 50 | ipe<h | 1 ik-l- | 'kU; | 'kU; | 'kU; | 1 |
| 51 | i.k | 5 ih-ik-l-]6 ik-l-] 3 gk-l-] 1 JC] 2 v-ek-l- | 1 | 1 | 100 | 3 |
| 52 | jkex< | 6 fe-l-] 1 gk-l- | 'kU; | 1 | 32 | 'kU; |
| 53 | jkuh[kr | 4 ik-l-] 1 t-gk-l-] 1 gk-l- | 1 | 'kU; | 'kU; | 1 |
| 54 | :Mdh | 1 le-l-] 1 v-ek-ik-l- | 'kU; | 1 | 5 | 'kU; |
| 55 | lkxj | 2 ik-l-] 1 fe-l-] 1gk-l-] 1 gk-l- | 'kU; | 1 | 16 | 'kU; |
| 56 | fldUnjkckn | 'kU; | 1 | 1 | 30 | 6 |
| 57 | 'kkgtgkiij | 1 t-gk-l- | 'kU; | 'kU; | 'kU; | 1 |
| 58 | f'kykx | 1 v-ik-l- | 'kU; | 'kU; | 'kU; | 1 |
| 59 | lV Fkkel ekÅV | 2 ik-l-] 2 gk-l-] 2 v-ek-l- | 1 | 2 | 30 | 2 |
| 60 | lckFk | 'kU; | 1 | 1 | 9 | 'kU; |
| 61 | okjk.klh | 2 ik-l-] 1 t-gk-l-] 1 v-ek-l- | 1 | 1 | 18 | 'kU; |
| 62 | ofyxVu | 1 v-ek-fe-l-] 1 r-ek-gk-l- | 1 | 1 | 30 | 1 |

### lf{kIr dh lwph

ih-ik-l- % ih ikbejh Ldy
ik-l- % ikbejh Ldy
fe-l- % Ldy feMy
t-gk-l- % tfu;j gkb Ldy
gk-l- % gkb Ldy
lh-l-l- % flfu;j ld.Mjh Ldy
gk-l-l- % gk;j ld.Mjh Ldy
l-l- % ld.Mjh Ldy
v-ik-l- % vij ikbejh Ldy
,-,l- % ,fyeVh ikbejh Ldy
t-dk- % tfu;j dkyt
b-dk- % b.Vj dkyt
d-b-dk- % dU;k b.Vj dkyt
v-ek-l- % vxth ekUVljh Ldy@vxth ek/;e Ldy
i-l- % ifCyd Ldy
r-ek-gk-l- % rfey ek/;e gkb Ldy
v-ek-ik-l- % vxth ek/;e ikbejh Ldy
vk-u-l- % vkpM uljh Ldy